Thirteenth Loksabha

Session : 9
Date : 30-04-2002

Participants : Chatterjee Shri Somnath ,Pandian Shri P.H. ,Palanimanickam Shri S.S. ,H.D. Deve Gowda Shri ,Chakraborty Shri Ajay ,Atkinson Shri Denzil B. ,Uma Shree Bharati Kum. ,Geete Shri Anant Gangaram ,Fernandes Shri George ,Chaturvedi Shri Satyavrat ,Alvi Shri Rashid ,Yadav Shri Devendra Prasad ,Abdullah Shri Omar ,Inder Singh Capt. ,Varma Shri Ratilal Kalidas ,Advani Shri Lal Krishna ,Yadav Shri Mulayam Singh ,Gandhi Smt. Sonia ,Yerrannaidu Shri Kinjarapu ,Vaiko Shri ,Rashtrapal Shri Praveen ,Mahtab Shri Bhartruhari ,Aiyar Shri Mani Shankar ,Yadav Shri Mulayam Singh ,Chandra Shekhar Shri ,Pawar Shri Sharad Chandra Govindrao ,Banerjee Kum. Mamata ,Pathak Shri Harin ,Singh Dr. Raghuvansh Prasad ,Paswan Shri Ram Vilas ,Banatwalla Shri Gulam Mehmood ,Baxla Shri Joachim ,Owaisi Shri Sultan Salahuddin ,Vajpayee Shri Atal Bihari

g>

12.04 hrs.
Discussion Under Rule-184

Discussion on motion regarding EXPRESSING GRAVE CONCERN OVER FAILURE OF

ADMINISTRATION IN ENSURING SECURITY OF MINORITY COMMUNITY IN VARIOUS PARTS OF THE COUNTRY,

SPECIALLY IN GUJARAT. **(Concluded and motion negatived)**

MR. DEPUTY-SPEAKER: Hon. Members, I have to inform the House that Shri Ramji Lal Suman in whose name the item is listed has requested me to allow Shri Mulayam Singh Yadav to initiate the discussion on his behalf. I have allowed Shri Mulayam Singh to raise the discussion.

Shri Mulayam Singh Yadav.

श्री मुलायम सिंह यादव : उपाध्यक्ष महोदय,, मैं निम्नलिखित प्रस्ताव करता हूं :-

> " कि यह सभा देश के विभिन्न भागों, विशेरूप से गुजरात मे, अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने में प्रशासन की असफलता पर अपनी गंभीर चिन्ता व्यक्त करती है और सरकार से अनुरोध करती है कि वह अल्पसंख्यक समुदायों में विश्वास बहाल करने और उनकी रक्षा करने के लिये प्रभावी कदम उठाए ।"

माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं कि आपने गुजरात ही नहीं, देश की गम्भीर और महत्वपूर्ण स्थिति पर बोलने का मौका दिया।

हम आपको बधाई देते हैं कि आपने नियम 184 के तहत हमारी नोटिस को स्वीकार करते हुए, बहस करने की अनुमति देकर देश के सामने सही स्थिति रखने का अवसर दिया। इसके लिए भी आप बधाई के पात्र हैं कि सरकार तथा मल्होत्रा जी की जिद के कारण संसद के दोनो सदनों का कामकाज ठप था, वह फिर से शुरू हुआ । ...(व्यवधान) हमारे कारण तो चेयर ने फैसला कर दिया कि हम सही थे और सरकार गलत थी । आप इसलिए भी बधाई और धन्यवाद के पात्र है कि पूरा देश देख रहा था कि आखिर लोक सभा क्यों नहीं चल रही है। आखिर सरकार बहस कराने से क्यों कतरा रही है, बहस स्वीकार क्यों नहीं कर रही है। ऐसे वक्त पर पूरा देश ही नहीं, दुनिया इस बात की प्रतीक्षा कर रही थी इस पर आपका क्या निर्णय होगा। आपने नियमानुसार हमारी समाजवादी पार्टी की तरफ से भी और पूरे विपक्ष की भावनाओं और देश की जनता की भा वनाओं का आदर करते हुए यह बहस स्वीकार की। वहीं हमें इस बात का अफसोस है कि देश का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रधान मंत्री जी और सत्ता पक्ष में बैठे कई साथियों ने आपके इस निर्णय पर जो टिप्पणी की, वह अशोभनीय थी और वह इसलिए भी अशोभनीय है कि समय-समय पर कई अवसरों पर आदरणीय प्रधान मंत्री जी कहते हैं कि संसद की मर्यादा भंग हो गई है। लेकिन अपने को कभी नहीं देखते हैं कि कहां-कहां मर्यादा भंग कर रहे हैं। अध्यक्षपीठ से जो भी फैसला होता है उसका सबसे पहले सम्मान सत्तापक्ष को करना चाहिए । देश का प्रतिनिधित्व करने वाले इस सदन के नेता की चेयर के फैसले के संबंध में टिप्पणी अशोभनीय है और मर्यादा को भंग करने वाली है। प्रधानमंत्री जी इसे स्वीकार करेंगे, क्योंकि आप मर्यादा को कायम रखने का बहुत ध्यान रखते हैं। लेकिन जब प्रधानमंत्री जी पर आती है तो पता नहीं क्यों भंग हो जाती है। क्या वजह है, यह भी बता दें कि आखिर क्या कारण था।

उपाध्यक्ष महोदय : मुलायम सिंह जी, प्लीज।

श्री मुलायम सिंह यादव : उपाध्यक्ष महोदय, यह भी बहुत बड़ी बात है ...(व्यवधान) इसका जिक्र यहां नहीं होगा तो कहां होगा। ... (व्यवधान)

SHRI KIRIT SOMAIYA (MUMBAI NORTH EAST): Sir, I am on a point of order. The issue has already been settled. The hon. Prime Minister has already said that he has not said anything of that kind.

उपाध्यक्ष महोदय : वहीं मैं खुद उन्हें बोलने वाला था।

श्री मुलायम सिंह यादव : हम प्रधान मंत्री जी को गुस्सा करना नहीं चाहते। माननीय उपाध्यक्ष जी प्रधानमंत्री जी हो सकता है कि हमारे भााण से नाराज हों पर हम जानबूझकर उन्हें गुस्सा करने के लिये कोई बात नहीं कहेंगें ।

श्री किरीट सोमैया : उपाध्यक्ष महोदय, यह रिकार्ड से निकाल देना चाहिए, Already the issue has been settled. This must be expunged.

डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा (दक्षिण दिल्ली) : मुलायम सिंह जी, आपको चेयर की इज्जत करनी चाहिए।

श्री मुलायम सिंह यादव : हम चेयर को ही देख रहे हैं।...(व्यवधान) आप हमें देखो।

उपाध्यक्ष महोदय : मुलायम सिंह जी, मैं आपसे तथा सबसे विनती करता हूं कि यह बहुत ही सैन्सिटिव इश्यु है, यदि इसमें टोका-टोकी होगी तो हमारा पांच घंटे का आधा टाइम टोका-टोकी में ही चला जायेगा। इसलिए मैं आप सबसे विनम्रतापूर्वक विनती करता हूं कि इसे आप सीरियसली सुनें। यदि आप कुछ आपत्तिजनक समझते हैं तो जब आपकी बारी आयेगी, आप उसका जवाब दीजिए। अब आप शुरू कीजिए।

श्री मुलायम सिंह यादव : उपाध्यक्ष महोदय, 27 फरवरी को गोधरा में जो दंगे की घटना हुई, पता नहीं बार-बार कहा जाता है कि हमने उसकी निन्दा नहीं की। 27 फरवरी को हम राजनीतिक कारणों से लखनऊ में बहुत व्यस्त थे और राज्यपाल को हमने अपनी सरकार बनाने का दावा भी पेश किया था। सुबह जब मीडिया के माध्यम से अखबारों में पढ़ा, सुना और टी.वी. पर देखा तो उसी दिन हमारी पार्टी की बैठक हुई और बैठक में इस घटना की निन्दा का प्रस्ताव पास किया। लेकिन उसके बावजूद भी बार-बार यह कहना कि विपक्ष और विशोकर समाजवादी पार्टी ने निन्दा नहीं की, वह गलत है । और भी कई अवसरों पर निन्दा की गई । लेकिन उसकी निन्दा आज फिर कर रहे हैं कि वह जघन्य अपराध था, कानून को हाथ में लेने का अधिकार किसी को नहीं था, न है। उनको सज़ा मिले जिन्होंने यह जघन्य अपराध किया गोधरा में, लेकिन यह कहना कि वह निर्दोा थे और बाकी गुजरात में जो अहमदाबाद में हुआ, क्या वह दोाी थे? इसलिए आज यह पूरे देश और दुनिया के सामने आ जाना चाहिए कि कौन दोाी है और कौन र्निदोा है। हम गृह मंत्री जी और प्रधान मंत्री जी से पूछना चाहेंगे कि साबरमती एक्सप्रेस में, पूरे फरवरी माह में जब स

वारियाँ भर भर के अयोध्या जा रही थीं तो वे किनके आरक्षण पर जाते थे उसमें रिजर्वेशन क्या सांसदों के पास के माध्यम से था, भूतपूर्व विधायकों या पूर्व सांसदों के माध्यम से था, उनके रेलवे पास का इस्तेमाल तो नहीं हुआ । कितने लोगों का आरक्षण था, उनके क्या नाम हैं ? इसकी जांच होनी चाहिए । क्योंकि यह बात मीडिया में उठी है। फिर जब भर-भरकर गाड़ियां जाती थीं तो यात्रियों के साथ भेदभाव किया जाता था और उनको आरक्षण से भी अलग कर दिया जाता था। यहां तक कि जो हिन्दू लोग थे, उनके पूरे परिवार को एक बर्थ पर ही बैठने हेतु मजबूर किया गया और जितने मुसलमान थे, उनको निकालकर धक्केमार कर उतार दिया। इसकी जांच होनी चाहिए। उसके बाद जिन स्टेशनों से ट्रेन गुजरती थी उन स्टेशनों पर खोमचे और ठेले वालों से यात्रियों को जो कुछ खाने को मिल गया उसे जर्बदस्ती ले लेते थे लेकिन पैसा नहीं देते थे तथा खा जाते थे । ये घटनाएं क्या सही नहीं हैं ? जो छपी हैं और उसके बाद जब गोधरा में पहुंचे तो वही हालत वहां पर यात्रियों ने उत्पन्न की । फिर वहां एक घंटे संघर्ा हुआ, तो उस वक्त गोधरा का जिला प्रशासन या रेलवे पुलिस क्यों मौन थी? क्यों नहीं उनको रोका गया? जब उन छोटे दुकानदारों, खोमचे वालों, ठेके वालों की लूट मचाई तो उसको रोका क्यों नहीं गया? उसके बाद एक घंटा तनाव और संघर्ा रहा तो सरकार की जो भी प्रशासनिक एजेन्सी थी, उसने क्या किया ? वहां के जिला प्रशासन ने क्या किया? क्या उनकी दुकानें बचाने का काम किया? क्या जिन्होंने दुकानदारों पर हमला किया, उनको पकड़ने का काम किया? इसके लिए कौन जिम्मेदार है? यदि प्रशासन सर्तक होता, तथा गुण्डों से निर्दोा स्टेशन की दुकान वालों की हिफाजत की होती तो गोधरा की नृशंस घटना नहीं घटती ।

उपाध्यक्ष महोदय : मुलायम सिंह जी, आप पहले मोशन को औपचारिक रूप से मूव कीजिए।

श्री मुलायम सिंह यादव : मैंने शुरू में ही बोल दिया था।

उपाध्यक्ष महोदय : मेरे ख्याल से नहीं बोला।

श्री मुलायम सिंह यादव : अगर कहीं कोई नुक्ता कमी होगी तो आप चेयर की तरफ से उसको पूरा कर दीजिए।

उपाध्यक्ष महोदय : मेरे ख्याल से आप बोले होंगे मगर रेकार्ड पर नहीं आया, इसलिए मैं कह रहा हूँ। आप एक बार मोशन को पढ़ दीजिए।

…(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूँ :

" कि यह सभा देश के विभिन्न भागों, विशो रूप से गुजरात में, अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने में प्रशासन की असफलता पर अपनी गंभीर चिन्ता व्यक्त करती है और सरकार से अनुरोध करती है कि वह अल्पसंख्यक समुदायों में विश्वास बहाल करने और उनकी रक्षा करने के लिए प्रभावी कदम उठाए।"

उपाध्यक्ष महोदय, हम कहना चाहते हैं कि वह निर्दोा थे तो उसकी प्रतिक्रिया गोधरा में क्यों नहीं हुई, उसकी प्रतिक्रिया अहमदाबाद में क्यों हुई? क्या यह सही नहीं है कि प्रशासन और पुलिस के संरक्षण में गोधरा में जो घायल थे, या जिनकी हत्याएं हुईं, या अधजले हुए लोग थे, उनकी लाशों को लेकर पुलिस के संरक्षण में रास्ते में नारे लगाकर तीन-चार घंटे बाद क्या अहमदाबाद नहीं ले जाया गया? क्या वहां उत्तेजना नहीं फैलाई गई ? यह करने का मौका क्यों दिया गया। ऐसे मौकों पर तो रोका जाता है। समाजवादी कार्यकर्ता की हत्या भी कर दी जाती है और रातोंरात दाह-संस्कार भी कर दिया जाता है। उसके घर वालों को भी नहीं बुलाया जाता है । वहां लाशों को, घायलों को अहमदाबाद तक ले जाने की मंशा क्या थी ? ... (व्यवधान) पूरे रास्ते व शहर में लाशों को प्रर्दशित करने की आवश्यकता क्या थी ?

श्री रतिलाल कालीदास वर्मा (धन्धुका) : वहां उनके रिश्तेदार थे। किसी का भाई था किसी का पुत्र था।...(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : आपके इस प्रकार से बीच-बीच में बोलने से पता चलता है कि गृह मंत्री जी क्या उत्तर देंगे। यह सत्य है कि अन्य स्थानों पर लाशों को बाद में भेजा गया परन्तु ढाई-तीन घंटे के अंदर अहमदाबाद को रवाना हो गए, यह अन्तर है। उसके बाद कोई भी रोकथाम नहीं की गई और न कोई सावधानी अहमदाबाद की पुलिस, गुजरात की सरकार की तरफ से, गुजरात के मुख्य मंत्री की तरफ से बरती गई, क्यों ? जब वहां यह साबित हो गया कि सरकार के पांच मंत्री शामिल हैं, मुख्य मंत्री दोाी पाए जा रहे हैं और इस बात को हम अकेले नहीं कह रहे हैं, बल्कि मानवाधिकार आयोग जिसके अध्यक्ष, उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश हैं, वे कह रहे हैं, अल्पसंख्यक आयोग, महिला आयोग, विभिन्न संगठन, मीडिया और वहां के विपक्षी दल के लोग सब लोग वहां की सरकार को, वहां के मुख्य मंत्री को दोाी पा रही है और आपके सहयोगी दल के राम विलास पासवान ने इस्तीफा दे दिया, हम उन्हें धन्यवाद देते हैं तथा कुछ और लोगों को धन्यवाद देने के इंतजार में हैं। वह तो हमें देना ही है। आप चाहे कितने ही लोगों को बटोरिए, सिद्धान्तहीन व अवसरवादी लोगों के साथ गठबंधन चलने वाला नहीं है। आपने जो गठबंधन बनाया है वह मुलायम सिंह के खिलाफ सिद्धांदहीन और अवसरवादी लोगों का गठबंधन बनाया है। समाज वादियों के खिलाफ आपका यह काम चलने वाला नहीं है। यह महल तो टूटेगा। अवसरवादी, सिद्धान्तहीन लोगों के साथ बनाया महल तो टूटेगा। इसको टूटने से रोका नहीं जा सकता। अब इसकी शुरूआत हो चुकी है। राम विलास जी ने अच्छा किया। आपके इस महल की ईंट उखड़नी शुरू हो गई हैं। दिग्विजय सिंह जी का भी इंतजार है। हालांकि जार्ज साहब ऐसा नहीं करेंगे,

लेकिन पता नहीं, शायद आत्मा की आवाज सुन लें। सबने गुजरात के मुख्य मंत्री और वहां की सरकार का विरोध किया और आपको इस भावना का आदर करना चाहिए, लेकिन पता नहीं क्या जिद है कि आप वहां के मुख्य मंत्री को नहीं हटाएंगे।

प्रधान मंत्री जी, आपको अपने कार्यों को नहीं भूलना चाहिए। आपने इसी सदन में 1974 में जो आचरण किया, उसे आपको नहीं भूलना चाहिए। 1974 में नवनिर्माण समिति ने, गुजरात में जब आंदोलन चला और बहुत व्यापक रूप से आन्दोलन चला, उस समय पूरे गुजरात में हंगामा था । उस समय की गुजरात सरकार के अत्याचार के खिलाफ खड़ा हो गया, तब यहां इसी सदन में मोरारजी भाई देसाई इस सदन में आसन के पास जाकर धरने पर बैठ गए और उस समय उनके आगे-आगे कौन चल रहा था, वर्तमान प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी, आप स्वयं उस धरने में उनके आगे-आगे थे । क्या प्रधान मंत्री जी उस समय आप सदन में आसन के समक्ष नहीं गए ? उस समय की गुजरात की सरकार, उस समय के गुजरात के मुख्य मंत्री को लेकर क्या आप आसन के समक्ष नहीं गए ? उस समय की केन्द्र की सरकार ने गुजरात के निर्वतमान मुख्य मंत्री श्री चिमनभाई पटेल को बर्खास्त किया । और उन्हें बर्खास्त ही नहीं किया, बल्कि जब गुजरात में नए चुनाव भी कराए गए । यह बात आप क्यों भूल जाते हैं और केन्द्र की वर्तमान सरकार अपने इतिहास को क्यों भूल जाती है और जब हम विरोध करते हैं, तो हमारी मांग को उचित नहीं बताया जाता है। आप तो देश के नेता हैं, उस समय भी देश के नेता थे, उस समय आप आसन के समक्ष क्यों गए ? उस समय के गुजरात के मुख्य मंत्री चिमनभाई पटेल को बर्खास्त किया गया था । आज सबसे ज्यादा वहां मानव हत्या हुई हैं । इसके लिये दोाी वहां के वर्तमान मुख्यमंत्री एवं वहां की भाजपा सरकार रही है। आप कह देंगे कि वह राज्य का मामला है। यह राज्य का मामला कैसे है ? हमारे संविधान में स्पट है कि देश के किसी भी हिस्से में अल्पसंख्यक, महिलाओं और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों पर होने वाले अत्याचार और जुल्म से रक्षा की जिम्मेदारी केन्द्र सरकार की भी है। आज वहां इन वर्गों पर जो जुल्म हुआ है, उसके लिए केन्द्र सरकार दोाी है। वहां हम यह नहीं कहते कि किसी एक ही वर्ग का नुकसान हुआ है। यह ठीक है कि 10-15 प्रतिशत हिन्दुओं का भी नुकसान हुआ है, लेकिन 80-85 प्रतिशत मुसलमानों की हत्या किया जाना, उनकी दुकानें जला देना, कारखाने जला देना, महिलाओं के साथ बलात्कार करना, बेटियों के साथ सड़कों पर बलात्कार करना, गर्भवती महिलाओं के पेट फाड़कर बच्चों को निकालकर हत्या कर देना कहां तक न्यायोचित कहा जा सकता है। ...(व्यवधान)

श्रीमती भावनाबेन देवराजभाई चिखलिया (जूनागढ़) : उपाध्यक्ष महोदय, महिला आयोग की रिपोर्ट हमने भी पढ़ी है। यह गलत बता रहे हैं। ... (व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : हमने अपने वेदों को पढ़ा है। भारतीय संस्कृति मिली जुली संस्कृति है। हमारे र्धामिक ग्रन्थों में बताया गया है कि राक्षसों के भी इस प्रकार के कारनामे पढने को नहीं मिलते जिस तरह से गुजरात में हुए हैं या हो रहे हैं। हम मौके पर गये । ...(व्यवधान)

श्री प्रकाश परांजपे (ठाणे) : आप हिन्दुओं की बात नहीं सुनते, मुसलमानों की बात सुनते हैं। … (व्यवधान) काश्मीर में 40 हजार लोग मारे गये, उस समय क्या आप सो रहे थे ? … (व्यवधान)

काश्मीर में हिन्दू महिलाओं पर बलात्कार होता है तब आप कहां होते हैं ? …(व्यवधान) उस समय क्या आप सो रहे होते हैं ? … (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: No running commentary please.

… (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Prakash Paranjpe, please do not interrupt now.

… (*Interruptions*)

श्री प्रकाश परांजपे : उपाध्यक्ष महोदय, यह गलत बोल रहे हैं।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Prakash Paranjpe, what is going on? You should not shout like this. If you continue to do like this, I will have to send you out. It is a very serious matter. If what he is saying is not relishable to you, you refute it when you speak.

श्री मुलायम सिंह यादव : उपाध्यक्ष महोदय, इससे अंदाजा लगा सकते हैं। गुजरात में 28 फरवरी को समाजवादी पार्टी के महासचिव श्री अमरसिंह, मार्क्सवादी पार्टी के नेता श्री सीताराम येचुरी, सांसद श्री राजबब्बर और श्रीमती शबाना आजमी वहां गये। उन्होंने वहां मुख्यमंत्री से फोन पर कहा कि आप हमें अस्पताल तो देख लेने दीजिए। दंगा क्षेत्र में हमारे जाने से वहां सद्भावना पैदा होगी, तो उन्हें कहा गया कि आपकी भावनायें, आपके विचार और आपकी तस्वीर यहां की जनता जानती है। हम आपकी सुरक्षा करने में असमर्थ हैं। यह वहां के मुख्यमंत्री का जवाब है। उसके बाद हम अभी 24 अप्रैल को वहां गये। मैं अकेला नहीं गया था। मेरे साथ भूतपूर्व प्रधान मंत्री श्री एच.डी. देवेगौड़ा, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के श्री हरकिशन सिंह सुरजीत, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के श्री ए.बी. वर्धन, समाजवादी पार्टी के श्री अमरसिंह, आर.एस.पी. के श्री अबनी राय और फारवर्ड ब्लाक के श्री देवव्रत विश्वास भी गये थे। जब हम लोग वहां पहुंचे तो वहां के पुलिस कमिश्नर और डी.एम. कहते हैं कि आप नहीं जा सकते क्योंकि वहां तनाव है। जब आपके अधिकारी, डी.एम. और पुलिस कमिश्नर खुद कहते हैं कि वहां तनाव है और श्री मुलायम सिंह, हरकिशन सिंह सुरजीत और देवेगौड़ा जैसे नेता गुजरात में जाने के लायक नहीं हैं। मैं जानना चाहता हूं कि आप की सरकार क्या कर रही थी ? वहां आग लगी हुई है और हत्या लूटपाट अभी

जारी है। आधी रात में गृह मंत्री के क्षेत्र में फिर से फायरिंग होती है। यह बात सच है या नहीं लेकिन वहां एक की हत्या हो गई है और एक घायल है। कानून मंत्री जी भी वहां के हैं, गृह मंत्री जी भी वहां हैं। इसके अलावा और भी कई मंत्री वहां के हैं। रक्षा मंत्री जी जब-जब वहां जाते हैं तब-तब वहां और ज्यादा दंगे, हत्यायें, आगजनी और फायरिंग होती है। इसकी क्या वजह है ? क्या इस मामले में केन्द्र सरकार अक्षम नहीं है ? क्या सरकार इसके लिए जिम्मेदार नहीं है ? गृह मंत्री जी आप इसके लिए जिम्मेदार नहीं हैं ? प्रधान मंत्री जी क्या आप उसके लिए जिम्मेदार नहीं है ? आप देश के नेता हैं और इस वक्त देश का नेतृत्व कर रहे हैं। आपको तत्काल वहां जाना चाहिए था।

लेकिन एक महीने चार दिन बाद गए और जाकर जब पहले दिन बोले तो हमें भी अच्छा लगा कि भारत के संघीय लोकतांत्रिक देश के प्रधान मंत्री बोले कि यह राट्रीय शर्म की बात है, यहां के मुख्य मंत्री राजधर्म का पालन करें। हमने सोचा अच्छा बयान दे दिया, अब वे वापिस आते ही मुख्य मंत्री को बरखास्त कर देंगे। पूरे देश की निगाहें थीं कि अब प्रधान मंत्री जी बयान के बाद भावुक हो गए, वहां की हिंसा, आगजनी, और जिस तरह जर्मनी में गैस चैम्बर में लोग जलाए गए, एक एक मकान के घेरे में 158 लोग जलाए गये। ।6-7 हजार घरों को पूरा जला दिया । हमने सोचा कि इसे देखकर शायद भावुक हुए हैं । उसके बाद कहा कि हम विदेश में क्या मुंह लेकर जाएंगे। सिंगापुर गए और अपना चेहरा बचा कर आ गए। गुजरात के मुख्य मंत्री को वहां खलनायक ठहरा कर चले आए । अगर अहमदाबाद में गुजरात हत्याकांड राट्रीय शर्म की बात थी, तो गोवा जाकर वह राट्रीय गौरव में क्यों बदल गयी ? वहां ऐसा भााण दिया कि जैसे स्वयंसेवक संघ का सच्चा सदस्य बोल रहा है, प्रधान मंत्री नहीं बोल रहे है। वहां राट्रीय शर्म की बात और राट्रीय गौरव कैसे बन गया। अहमदाबाद, गुजरात गए तो राट्रीय शर्म की बात और गोवा में जाकर राट्रीय गौरव की बात हो गई। वहां मुख्य मंत्री को डांट कर आए और दूसरी जगह मुख्य मंत्री को शाबाशी दी। इस्तीफा वापिस। आखिर क्यों, क्या है मंशा, क्या चाहते हैं? आज दिल्ली की केन्द्र सरकार के रहते देश की एकता को खतरा है। अब देश के सामने यह सवाल है।

यह गंभीर बहस है, यह कोई राजनीतिक बहस नहीं है। गुजरात में जो हो रहा है, वह हमारी जिम्मेदारी है। जब हम लोग वहां गए, माननीय उपाध्यक्ष जी, जो यहां कह रहे हैं कि हिन्दुओं की बात नहीं की, पहले ही कह दिया, 10-15 प्रतिशत हिन्दुओं का भी नुकसान हुआ है। हमारे देश की सभ्यता और संस्कृति का सत्यानाश किया है। मुसलमानों का ज्यादा नुकसान हुआ है, हिन्दुओं का कम नुकसान हुआ है। वहां किसका नुकसान नहीं हुआ। जब हम वहां जाकर महिलाओं से मिलते हैं तो मुस्लिम महिलाएं कहती हैं कि शर्म करने की क्या जरूरत है। अपने कपड़े अलग करके अपने गुप्तांगों तक की चोटे दिखा देती हैं । यहां भााण देने से, दूरदर्शन, टी.वी. या मीडिया से कल्पना नहीं कर सकते । वे अपने पेटीकोट, धोती खोल कर दिखा देती हैं कि चोट कहां है। हम शर्मिंदगी से भागते हैं और कहते हैं कि ढको। कहां चोट है, जांघ के नीचे चोट है, यहां चोट है, यहां चोट है। दस-दस दिन बाद भी चोट ज्यों की त्यों है। किस तरह उनके हाथ, पैर काटे गए।

क्या वे दोाी थे? क्या वे निर्दोा नहीं थीं? क्या केवल गोधरा के लोग ही दोाी थे तो क्या उनको दोाी नहीं कह सकते जिन्होंने ऐसा किया। उनके खिलाफ क्या कार्यवाही की गई? अभी तक कितने गिरफ्तार हुए? दो घटनाएं ऐसी बताई गईं कि जिन आदमियों की दाढ़ी थी, हिन्दू थे, उनको मार दिया गया। पत्रकार जिन्होंने दाढ़ी रखी हुई थी, उनको प्रमाण देना पड़ा कि मैं पत्रकार हूं। गुजरात में यह हालत कर दी है।... (व्यवधान) आज हालत यह हो गई है कि वहां के पत्रकारों को भी अपनी दाढ़ी मुंडाने के लिए मजबूर होना पड़ा । यह हालत वहां हो गई है।... (व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आठवले जी, आप अपना स्थान ग्रहण करें।

श्री मुलायम सिंह यादव : अगर बजरंग दल और विश्व हिन्दू परिाद के लोगों ने दाढी देखकर गलती से मुसलमान समझकर दो हिन्दुओं की हत्या कर दी । रामदास जी आपको भी पांच-छः महीने तक सावधान रहना होगा और बताना होगा कि हम सांसद हैं और हिन्दू हैं। इसलिए वहां आज यह हालत हो गई है कि वहां दाढ़ी रखना भी अपराध हो गया है। जैसे तालिबान के समय में दाढ़ी न रखना अपराध था, वैसे ही गुजरात में दाढ़ी रखना अपराध हो गया है। एक अखबार ने अपने सम्पादकीय में लिखा है कि अगर वहां कोई एक दाढ़ी वाला सुरक्षित है तो वह है वहां का मुख्य मंत्री नरेन्द्र मोदी। दाढ़ी वाला हिन्दू केवल वही वहां सुरक्षित है। यह एक अखबार के सम्पादकीय में लिखा है।

श्री रतिलाल कालिदास वर्मा : आप गम्भीर चर्चा का मजाक बना रहे हैं। वहां सारे साधु-संत दाढ़ी वाले हैं।

श्री मुलायम सिंह यादव : उपाध्यक्ष जी, यह तो मामूली चित्रण है, जो मैं आपके सामने नमूने के तौर पर वर्णन कर रहा हूं। गुजरात की यह हालत इससे कई गुना अधिक बदतर हो गई है । इसलिए मैंने कहा कि देश की एकता खतरे में है। गुजरात में कच्छ इलाके में जहां सैंकड़ों सालों से हिन्दू-मुसलमान भाईचारे के साथ रहते थे, कभी उनमें भेदभाव नहीं था, वह अब खत्म हो गया है।

श्री पी.एस. गढ़वी (कच्छ) : यह ठीक बात नहीं है।

श्री मुलायम सिंह यादव : वहां के एक स्वयं सेवी संगठन ने गुजरात के होमगार्ड के बारे में कहा है कि उनमें से अधिकांश लोग संघ परिवार से जुड़े हुए निठावान लोग हैं और मुस्लिम विरोधी हैं । छः हजार के करीब होमगार्ड के जवान संघ के प्रशिक्षित स्वयं सेवक है। होमगार्ड के कमाडेंट की पूरी निठा संघ में थी। उसने अल्पसंख्यकों के घर लूटने, आगजनी और हत्या करने में विशे भूमिका निभाई है । ऐसा उस स्वयं सेवी संगठन ने लिखा है। कमांडेंट ने पुलिस अधीक्षक की उपेक्षा करके मनमानी की है और आगजनी तथा हिंसा में हिस्सा लिया तथा दंगे कराये । वह पुलिस अधीक्षक उसके खिलाफ कुछ कार्रवाई करना चाहता था, लेकिन उसका ट्रांसफर कर दिया गया।

इसीलिए हमने कहा कि देश की एकता को खतरा है। इसलिए संसद पर एकता बनाए रखने की जिम्मेदारी है। इसीलिए हमने यहां नियम 184 के तहत इस गंभीर विाय पर चर्चा करने की मांग की थी। अब केन्द्र सरकार की जिम्मेदारी है कि वह देश में एकता बनाए रखे। अगर वह यह काम करती है तो हम उसका इस काम में समर्थन करने को तैयार हैं। देश की रक्षा और एकता के लिए जब-जब सरकार ने कोशिश की है, हम तब-तब उसके साथ मजबूती से खडे हुए हैं । हम उसमें पीछे नहीं रहे हैं। इसलिए भविय में भी जब कभी देश की सुरक्षा और एकता का सवाल आएगा, हम लोग, हमारे कार्यकर्ता कभी भी अपनी जान देने में भी पीछे नहीं रहेंगे। कारगिल में हमने यह बता दिया है। हमारे क्षेत्र के युवा दुश्मनों से लड़ते हुए अपनी जान देने में आगे हैं। लेकिन देश की जिम्मेदारी यह सरकार नहीं निभा रही है। यह देश को तोड़ने का काम कर रही है और इस मानसिकता से सरकार चलाई जा रही है। चाहे दिल्ली में हो या गुजरात में, यह बात सामने आ चुकी है। इसी बात पर हमारी आपत्ति है। इसलिए हम लोग यह निंदा का प्रस्ताव लेकर यहां आए हैं। हमने वहां के मुख्य मंत्री का इस्तीफा मांगा था और अब भी यही मांग कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि सरकार देश हित में आगे आए और यहीं पर गुजरात के मुख्य मंत्री को बर्खास्त करने की घोाणा कर दे। हमें अब भी उम्मीद है कि सरकार इस पर फैसला करेगी। लोकतंत्र में दिल्ली की सरकार को, प्रधान मंत्री जी को और गृह मंत्री जी को जो कदम उठाना चाहिए था, जो जिम्मेदारी निभानी चाहिए थी, वह नहीं निभाई गई। उसका नतीजा है कि सरकार के संरक्षण में गुजरात में यह हो रहा है। आप इसको छिपाकर कहां ले जाएंगे।

एक भूतपूर्व सांसद, जो इसी सदन के सदस्य रह चुके हैं, उन्होंने कांग्रेस पार्टी के नेताओं से लेकर सभी अन्य संभव लोगों से फोन पर 3 घंटे संपर्क कर जान बचाने का निवेदन किया परन्तु उन्हें तथा उनके परिवार के बचाने में सरकार नाकाम रही । हमने भी आपको टेलीफोन किया और यह सही है कि हमारी पार्टी के एक नेता बचा लिए गए। हमने प्रधानमंत्री जी को साढ़े दस बजे या ग्यारह बजे के करीब टेलीफोन कर जगह बता दी, आपने कोशिश की और वे बच गए तथा अज्ञात स्थान पर भाग गए। सबेरे 6 बजे टेलीफोन किया तो वह मोबाइल पर मिल गये कि हम जिंदा हैं लेकिन लोक सभा के भूतपूर्व सांसद को, उनके परिवार के साथ जिंदा जला दिया गया । पूरे मोहल्ले को जलाकर और फिर उस भूतपूर्व सांसद और उनके परिवार को काट-काट कर टुकड़े-टुकड़े करके जला दिया। ...(व्यवधान) यह भी आरोप है कि गुजरात के गृह मंत्री के घर में आतातायी लोग, दंगा करने वाले लोग हथियारों से लैस होकर वहां संरक्षण ले रहे थे और उनके आदेश का पालन कर रहे थे। यह बात पूरी गुजरात की जनता को मालूम है और जब हम वहां गये थे तब हमें यह पता लगा है। अब आपसे बात भी हुई। पुलिस कमिश्नर से बात हुई। पुलिस कमिश्नर भूतपूर्व सांसद के घर भी गये थे और सुरक्षा व्यवस्था की बात करके चले आये उसके बाद क्या वजह हुई कि फिर भी उनकी जान क्यों नहीं बच पायी ? वे कौन लोग हैं, किस मानसिकता के लोग हैं? देश को क्या संदेश दे रहे हैं और देश की क्या छवि पूरी दुनिया के सामने बना रहे हैं? दुनिया के सामने भारतीय लोकतंत्र की क्या तस्वीर पेश करना चाहते हैं? आज तालीबान से लेकर चाहे 11 सितम्बर की अमरीका की घटना हो या 13 दिसम्बर को भारत की

संसद पर हमले की घटना हो या 1 अक्तूबर को जम्मू-कश्मीर की असैम्बली पर आतंकवादियों के हमले की घटना हो, सभी देशों ने मिलकर आतंकवाद के खिलाफ मोर्चा बनाया है और वही लोग क्या बोल रहे हैं, अमरीका, इंग्लैड, जर्मनी और कनाडा और यूरोपीय संघ ने गुजरात के हत्याकांड पर क्या कहा है ? इनके दूतावासों ने गुजरात का दौरा किया, उन्होंने रपट तैयार की जिसमें यह साफ कहा गया है कि गुजरात में मुसलमानों को खास तौर से निशाना बनाया जा रहा है । अमेरिका की उपविदेशमंत्री यहां आईं थीं, उन्होने कहा है कि गुजरात के बाद भारत यह कैसे कह सकता है कि वह पाकिस्तान से बेहतर है । इन देशों ने गुजरात की घटनां को साम्प्रदायिक हिंसा न मानकर इसे नर संहार बताया है । अभी 19 मार्च को इंग्लैड के प्रधान मंत्री ने गुजरात में हो रही घटनाओं की निंदा की है और आपसे उम्मीद और अपेक्षा की है कि वहां के मुसलमानों की सुरक्षा की जाये, वहां शांति और व्यवस्था का वातावरण बनाया जाये। सबसे ज्यादा विनिवेश गुजरात में हुआ है और आज अमरीका ने विनिवेश करने वाली कंपनियों को मना कर दिया है कि आप गुजरात में मत जाइए। क्या इंग्लैड के एक नागरिक की हत्या नहीं की गई और आप कहते हैं कि हमारा आन्तरिक मामला है। क्या यह आन्तरिक मामला है? क्या सन् 1949 में भारत ने जेनेवा सम्मेलन मे मानवाधिकारों के लिए दस्तखत नहीं किये है। भारत विश्वभर में पालन किये जाने वाले मानवाधिकारों वाले रक्षा वाले नियम कानूनों के पालन की गारंटी देता है । फिजी में जो हिंदुओं के साथ हुआ, युगांडा में जो हो रहा है, वहां भारतीय मारे गये व वहां से भगाये गये बांगलादेश में हिन्दुओं के माल व जीवन की रक्षा नहीं हो रही है तो भारत अन्तर्राट्रीय समुदाय के सामने मानवाधिकारों के बारे में किस मुंह से रक्षा की गुहार करेगा ? यह आन्तरिक मामला नहीं है। क्या दक्षिण अफ्रीका में भारत लगातार मानवाधिकारों के हनन के खिलाफ नहीं लड़ा है? यह मानवाधिकार का हनन चाहे दुनिया के किसी भी मुल्क में होगा, हमारे देश की विदेश नीति रही है कि इसके लिये भारत ने सदैव आवाज उठाई है, परन्तु आपने बदल दी हो तो अलग बात है । अन्यथा हमारे देश की विदेश नीति रही है कि सारी दुनिया में जहां भी मानवाधिकारों का हनन होगा, भारत उनके साथ खड़ा होगा और आप कह रहे हैं कि यह हमारा आन्तरिक मामला है। इसे आप आन्तरिक मामला नही कह सकते। आपने दुनिया में हमारे लोकतंत्र की, संघीय ढांचे की तस-वीर को धब्बा लगाया है । आपने स्वयं कहा है गुजरात हत्याकांड राट्रीय कलंक है और वह केन्द्र सरकार और गुजरात की सरकार पर कलंक है, हजारों लोगों की मौत का कलंक है, हत्याओं का कलंक है चाहे हत्या हिन्दू की हो या मुसलमान की हो। व्यापार और उद्योग की दृटि से हिन्दुस्तान में गुजरात अग्रणी राज्य था । शांति और खुशहाली के नाम पर गर्व करता था । उसे बरबादी की तरफ लाने का संगठित प्रयास बी जे पी सरकार ने किया । साबरमती आश्रम पर क्या हुआ? एक महिला लीडर के विचारों के साथ आपका मतभेद हो सकता है, मेघा पाटकर के विचारों के साथ बजरंग दल का मतभेद हो सकता है, सबका मतभेद हो सकता है लेकिन इसका मतलब यह तो नहीं है कि अगर शांति के लिए कोई जूलूस निकालेंगे तो आप उन पर हमला करेंगे? मेघापाटकर को धक्का देकर पटक दिया गया तथा उनके बाल खीचें और जब कैमरा वाले चित्र लेने के लिए आए तो उन पत्रकारों और कैमरामैन को àÉÉ मारा पीटा गया । क्या इस तरह का आतंकवाद जर्मनी

के नाज़ीवाद, एवं हिटलरशाही का प्रतिरूप नहीं है ? ये बातें हम आपके सामने इसीलिए रख रहे हैं कि यह कह कर कि यह गोधरा की प्रतिक्रिया है । इन अत्याचारों को छिपाया नहीं जा सकता है और इस कलंक को नहीं छिपाया जा सकता है।

हम आपसे कहना चाहते हैं कि यह प्रतिक्रिया गोधरा की अहमदाबाद में क्यों हुई। वहां बताया जाता है कि अगस्त से बाकायदा तैयारियां थीं। आप भी कह रहे हैं कि कुछ आतंकवादी इंतजार कर रहे थे। गोधरा के बाद आप खुद कह रहे हैं कि इंतजार कर रहे थे, तो इंतजार करने वालों के खिलाफ आपने क्या कार्रवाई की? कितने गिरफ्तार हुए और किस-किस सगंठन से संबंधित लोग गिरफ्तार हुए? आपने कहा है कि 900 से 1000 तक हत्यायें हुई हैं, लेकिन गैर सरकारी सूत्रों का कहना है कि तीन हजार से ज्यादा हत्यायें हो चुकी हैं और 10 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान हो चुका है। हत्यायें अभी तक जारी हैं। यहां बहस हो रही है, वहां आगजनी और हत्यायें तथा फायरिंग निर्दो लोगों पर हो रही हैं, बेगुनाह लोगों पर हो रही हैं। माननीय प्रधान मंत्री जी एक मुख्य मंत्री को बचाने के लिए देश को तोड़ने की साजिश उचित नहीं है। अगर मुख्य मंत्री को उसी दिन हटा दिया होता और आप तत्काल वहां गए होते, तो आपकी पार्टी, आपकी सरकार और माननीय प्रधान मंत्री जी आपकी छवि अच्छी होती। लेकिन आप गुस्सा हो जायेंगे यदि वास्तविकता बतायी जायेगी कि आप पर दबाव है । कहीं-न-कहीं अप्रत्यक्ष रूप से दबाव है, कहीं-न-कहीं लाचारी है, वरना आप बयान देकर उससे मुकरते नहीं । आप कहेंगे कि मैं दबाव में नहीं चल सकता। आप मुलायम सिंह पर नाराज हो सकते हैं। हम जानते हैं कि आप नाराज हो सकते हैं। लेकिन यह स्वीकार करना पड़ेगा कि आप देश के प्रधान मंत्री हो, केवल भारतीय जनता पार्टी या संघ परिवार के नहीं हो। बजरंग दल के प्रधान मंत्री नहीं हो और न प्रधान मंत्री आप विश्व हिन्दू परिाद् के हो। आप देश के प्रधान मंत्री हो। देश को एक बनाए रखने की जिम्मेदारी आपकी पहले है, फिर हमारी है । इसलिए यह संसद इस जिम्मेदारी को निभाना चाहती है। अगर ऐसा नहीं है, तो साफ-साफ कहिए। तीन-चार दिनों से लगातार खबरें आ रही हैं। संघ परिवार के लोग आपसे मिलते हैं और कहते हैं कि गठबंधन की बैठकें करते रहिए, लेकिन एजेंडा हमारा चलेगा। आपने यहां तक कह दिया है, यह अखबारों में आया है, खबरें हैं, पूरे देश के अन्दर कह दिया है कि सहयोगी दल आपकी कृपा पर हैं। ये सहयोगी दल क्या कर सकते हैं। आप संघ परिवार का एजेंडा, कार्यक्रम लागू कीजिए। सहयोगी दल के लोग कुछ भी नहीं है, ये आपकी कृपा पर निर्भर हैं। ... (व्यवधान) अजित सिंह जी, यह संघ परिवार का विचार है। तथा उन्होनें यह नहीं कहा कि सहयोगी दल आपकी कृपा पर हैं ? आप थोड़ा सा रास्ता दिखाते, तो आप किसी की भी कृपा पर नहीं होते। ...(व्यवधान)

श्रीमती जयाबेन बी.ठक्कर (वडोदरा) : चर्चा को राजनीतिक रूप दिया जा रहा है। ...(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : हां, आप राजनीति जरूर कर रहे हैं। ... (व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय, हम आह्वान करते रहेंगे और यह कहते रहेंगे कि संसद के अन्दर जिनको चिन्ता है, जिनके अन्दर देश भक्ति है, वे हमारे इस प्रस्ताव का समर्थन करेंगे, यह हमारी अपील है।

आज सवाल सरकार का नहीं है, देश का है, देशभक्ति का सवाल है। गांधी जी ने जिस देशभक्ति को जन-जन में पैदा किया था, पूरे देश को खड़ा किया था, उस देशभक्ति का सवाल है, देश का सवाल है। मुख्य मंत्री आएगा, जाएगा, कितनी कोशिश करो तब भी वह नहीं रह सकता। एक मुख्य मंत्री के पीछे देश की एकता को खतरे में मत डालिए । इसलिए हमने कहा कि आज संसद में जितने लोग हैं, उन्हें इस प्रस्ताव का समर्थन करना चाहिए। हम आज आपसे इसलिए यह कहना चाहते हैं क्योंकि गुजरात में जो हो रहा है, उसका प्रभाव केवल गुजरात तक ही सीमित नहीं है, महाराट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश में भी छोटा-मोटा तनाव पैदा हुआ है। 500 स्थान ऐसे बताए जाते हैं जो हमने मीडिया के माध्यम से पढ़े हैं कि गृह मंत्रालय ने, 500 ऐसे संवेदनशील स्थान चिन्हित किये हैं कि जहाँ जरा भी चिंगारी लगी तो पूरे देश में आग लग जायेगी । यह हालत देश की है। दूसरी तरफ आप कहते हैं कि हम आतंकवाद के खिलाफ लड़ेंगे। आप आतंकवाद के खिलाफ कैसे लड़ सकते हैं, आप अपने ही लोगों को विश्वास में नहीं ले सकते हैं। आज जो इस तरह की परिस्थिति पैदा हो गई है, हिन्दू कहता है कि हम मुसलमान मोहल्ले में नहीं रहेंगे और मुसलमान कहता है कि हम हिन्दू मोहल्ले में नहीं रहेंगे। ये दूरियां किस ने बढ़ाईं, इन दूरियों का परिणाम क्या होगा। ... (व्यवधान) । ... हमने शुरू में ही कहा था कि मोरारजी भाई ने जब धरना दिया था तो माननीय प्रधानमंत्री जी आगे-आगे चले थे, उस समय से कई गुना भयावह स्थिति इस समय गुजरात की है। विपक्ष के लोग जाएं और अपनी जान देकर वहां जो कुछ कर सकते हैं, करें ।

आपसे विश्वास हट रहा है, अब तो यह बचता है कि हम लोग तय करें कि हम अपनी जान देकर देश को बचा सकें या कुछ कर सकें। आपने देखा होगा कि शांति यात्रा के नाम पर एक महिला के बाल पकड़ कर उसे पटक दिया जाता है। उसका चित्र लिया जाता है तो अखबार वालों को मारा जाता है। यह हो सकता है कि हम लोग भी जान दे सकते हैं। हम लोग जान देकर भी वहां बचाने की कोशिश करेंगे, अभी हम आपका थोड़ा इंतजार कर रहे हैं। इसके बाद अगर कुछ नहीं होगा तो हमें अपनी रणनीति बनानी पड़ेगी, हम सब को चलना पड़ेगा। इसलिए हम इस सवाल को, ये राजनीति सवाल नहीं, सच्चाई हैं, राजनीतिक जोड़-तोड. का काम आप कर रहे हैं, आप चुनाव में हार चुके हैं। आप गठजोड़ करके उत्तर प्रदेश में क्या कर रहे हैं, क्या गठबंधन कर रहे हैं, क्या-क्या सौदेबाजी कर रहे हैं। आगे का चुनाव, आगे के वोट, क्या ये राजनीति नहीं है। तेलुगूदेशम पार्टी ने थोड़ी सी आंखें दिखाई हैं, अब कब तक दिखायेंगे, यह पता नहीं है। बहुत से साथी लम्बे समय तक हमारे साथ रहे, साथ-साथ काम किया। हम लोगों के बहुत अच्छे संबंध भी हैं। येरननायडू कब तक आंखें दिखाएंगे। यहां क्या है, वहां क्या है, अंदर पता नहीं क्या है, लेकिन यह क्या राजनीति नहीं है, बंदोबस्त नहीं किया गया कि 13 एमपीज़ आ जाएं, सरकार ले जाएं। मुख्य मंत्री पद बांट रहे हैं। क्या-क्या बांटोगे- देश को बांटोगे। क्या उत्तर प्रदेश को राजनीति करके

बर्बाद एवं तबाह नहीं कर दिया, 50 साल पीछे नहीं कर दिया और अब तो सौ साल पीछे चला जाएगा। हम जानते हैं वहां क्या होने वाला है, किसी को कोई गलतफहमी नहीं होनी चाहिए। हम अपने सिद्धांतों पर कायम हैं और देश की खातिर काम करते रहेंगे। देश की एकता हमारे लिए स र्वोपरि है। हमारी प्राथमिकता देश है और राजनीति द्वितीय प्राथमिकता है । इसलिए देश की खातिर हम इन बातों को रख रहे हैं। पश्चिमी देशों से हमारे रिश्ते ठीक हुए थे लेकिन उन्हीं को आपने अब नाराज कर लिया। वे आपके बारे में क्या बोल रहे हैं। गुजरात में ये ताकतें पहले से ही लगी हुई थीं, शुरुवात तो पहले से हो चुकी थी। सन् 1980-81 में जब माननीय माधवसिंह सोलंकी ने गरीबों, दलितों और पिछड़े लोगों का एक गठबंधन तैयार किया था और 182 सीटों में से 140 सीटें उनके नेतृत्व में लोग जीत कर आये थे। वहां के जितने गरीब, अल्पसंख्यक और दलित लोग थे उनमें उन्होंने जागृति पैदा कर दी थी और उसी समय एक ाडयंत्र के तहत गरीबों और अल्पसंख्यकों के खिलाफ आंदोलन खड़ा किया गया था और उस समय माननीय सोलंकी जी की कांग्रेस ने भी मदद नहीं की थी वरना यह स्थिति आज गुजरात में नहीं आती। आज भी वही ताकतें गुजरात में आग लगा रही हैं और देश को तोड़ने पर आमदा हैं और दिल्ली की सरकार यहां हाथ-पर-हाथ रखकर बैठी है। यह तो वही बात हुई कि रोम जलता रहा और नीरो बांसुरी बजाता रहा। आज भी हमको नहीं लगता है कि सरकार की गुजरात में शांति लाने के लिए कोई सक्रियता है। सरकार गुजरात में और कितनी लाशें गिराना चाहती है और क्या सरकार पूरे हिंदुस्तान में आग लगाना चाहती है। लेकिन जब क्रिश्चियन्स पर हमले हो रहे थे और आपको प्र ाधान मंत्री जी इटली जाना था, पोप का सामना करना था, उनका विश्वास पाना था तब कैसे क्रिश्चियन्स पर हमले रुक गये थे। वह इसलिए रुक गये थे क्योंकि आपको इटली जाना था और वहां पर आपको सफाई देनी पड़ सकती थी लेकिन आज आप गुजरात में दंगे क्यों नहीं रोक रहे हैं।

उपाध्यक्ष जी, सरकार से बड़ा आतंक किसी का नहीं होता है। हम भी सरकार में रहे हैं। इस तरह के दंगों को हमने भी भोगा है । ... (व्यवधान) अगर दंगे न रुके तो मुख्यमंत्री या प्रधान मंत्री बने रहने का कोई औचित्य नहीं है। मुलायम सिंह मुख्यमंत्री नहीं बने, तो भी कोई चिंता की बात नहीं है लेकिन मस्जिद की हिफाजत करके हमने दिखा दिया था कि देश की एकता सर्वोपरि है। हमने दिखा दिया था कि लाखों लोग एक तरफ थे और पुलिस के थोडे से लोग आतंकवादियों का मुकाबला कर सकते हैं। प्रधान मंत्री जी, सरकार का आतंक बड़ा होता है और आज भी अगर सरकार का आतंक खड़ा हो जाएगा तो एक भी जान नहीं जा सकती है, एक भी दुकान नहीं जल सकती है और एक भी मौत नहीं हो सकती है।... (व्यवधान)

उपाध्यक्ष जी, मुजफ्फरनगर की बात करने वाले कोर्ट की अवमानना करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मेरे पक्ष में फैसला दे दिया है, इसलिए मैंने कहा कि कुछ लोग ऐसे होते हैं जिनको लोकतंत्र और न्यायालयों पर भरोसा नहीं है। मुजफ्फरनगर की घटना पर उच्चतम न्यायालय ने हमारे पक्ष में, जिला प्रशासन के पक्ष में स्ट्रक्चर पास किया है और कहा है कि बलात्कार का मामला झूठा था।

जितना रुपया मिल गया तो मिल गया लेकिन अब रुपया नहीं दिया जाएगा। ... (व्यवधान) क्या आप सच पर पर्दा डालेंगे। हम तो हमेशा इनकी बातें चुपचाप सुनते रहते हैं। हम सुप्रीम-कोर्ट को बधाई देना चाहते हैं कि उसने सच को बेनकाब कर दिया। और बता दिया कि दोाी कौन लोग थे जिन्होंने ाडयंत्र किया था। क्या आपने नहीं पढ़ा। मैंने पहले कभी इस बारे में जवाब नहीं दिया लेकिन आप न्यायपालिका के निर्णय की धज्जियां उड़ा रहे हो।... (व्यवधान) उसकी अवमानना कर रहे हैं ।... (व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : मुलायम सिंह जी, आप और कितना टाइम लेंगे?

श्री मुलायम सिंह यादव : उपाध्यक्ष जी, माननीय प्रधानमंत्री जी ने घोाणा की थी कि मकान बनाने के लिये प्रति परिवार 40-50 हजार रुपया देंगे, ऐसा मैंने सुना और अखबारों में पढ़ा भी है। अब आप देखिये कि छोटे या बड़े मकान वालों को, दुकानदारों, फैक्ट्रियों वालों को क्या दे रहे हैं। यह पहला चैक 800 रुपये का है, दूसरा 1000 रुपये का है,और तीसरा चैक 1350 रुपये का है। ये कितना क्रूर मजाक कर रहे हैं? ये सहायता दे रहे हैं या जले पर नमक डाल रहे हैं? मैं इन चैकों की फोटो कापी दिखा रहा हूं। इनमें रुपये 700 का अगला चैक है, यह 850 रुपये का है, फिर 1000 रुपये का है और फिर 800 रुपये का चैक है।

श्रीमती जयाबेन बी.ठक्कर : उपाध्यक्ष महोदय, लेकिन मैं आपकी जानकारी में लाना चाहती हूं कि 651 लोगों को 15 लाख 82 हजार का पैमेंट हो गया है। मुलायम सिंह जी गलत बयानी कर रहे हैं।

श्री मुलायम सिंह यादव : मैं इसे सभा पटल पर रखता हूं। आप देखिये, क्या हो रहा है? मैंने अभी एक-दो नमूने दिये हैं। प्रधानमंत्री जी, आप इसकी जांच कराइये। गृह मंत्री जी आप भी इसे देखिये। वी.एच.पी. के श्री प्रवीन टोगाड़िया ‘ संदेश ’ अखबार में कह रहे हैं कि अगर गोधरा जैसी घटना घटेगी तो पूरे गुजरात में इस जैसा दंगा प्रभावी रूप से रहेगा। वह यह क्या कह रहे हैं? उन्होंने यह भी बतलाया कि गुजरात में जो कुछ हो रहा है उससे देश की तस्वीर खराब हो रही है, यह गलत है। उनका आगे कहना है कि पीरों की कभी बदनामी नहीं होती है। मैं आपको बतलाता हूं कि वहां क्या हो रहा है - आगजनी, महिलाओं के साथ बलात्कार, हत्या और उन्हें जलती हुई आग में फेंक देना। 10 दिन का बच्चा हो या 20 महीने का हो, उसे काटकर फेंक देते हैं। तभी मैं कहता हूं कि ऐसा तो वेदों में भी नहीं बताया गया कि राक्षसों का कभी इतना आतंक रहा था, ये लोग जो काम कर रहे हैं। उन्होंने जो कहा है, उससे मानवता कराह रही है। आज गुजरात सरकार मानवता को समाप्त करने की अपराधी है, वहां के मुख्यमंत्री अपराधी हैं ...(व्यवधान).

13.00 hrs.

श्री रतिलाल कालीदास वर्मा : मुलायम सिंह जी, आप सीनियर लीडर हैं। जो चैक्स हमने दिये हैं वे कैशडोल्स के हैं। यह पहले पांच रुपये मिलता था, अब यह 15 रुपये दिया गया है। पूरे देश के मुकाबले गुजरात में सबसे ज्यादा दिया है। परसों तक 38123 लोगों को 60.57 लाख रुपये बांटे गये हैं।... (व्यवधान)

श्रीमती भावनाबेन देवराजभाई चिखलिया (जूनागढ़) : आप जो चैक्स दिखा रहे हैं वे कैशडोल्स के हैं ये आवास के नहीं हैं। गुजरात में कैशडोल्स पहले के मुकाबले इस बार सबसे ज्यादा दिया गया है।... (व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : बहन जी, आप समय ले लीजिए उसके बाद मेरे बारे में खूब बोलिये। महोदय, मैं यह बात बड़ी गंभीरता से रखना चाहता हूं कि आर.एस.एस. के सुप्रीमो क्या कहते हैं - हमलावरों के समान खून-खराबा करो, प्रत्येक मोर्चे पर विजयी बनाने की जिम्मेदारी हम आर.एस.एस. वालों की है। ... (व्यवधान) यह क्या बोल रहे हैं, यह आपके आर.एस.एस. के सुप्र ीमो बोल रहे हैं। यह मेरे पास अखबार है, आप इसे देख लें, अखबार का नाम भी है। वी.एच.पी. के एक अग्रणी नेता है। जो ऐसा बोल रहे हैं ।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : मुलायम सिंह जी, अब आप समाप्त कीजिए। मुझे लंच ऑवर के लिए ब्रेक करने के बारे में हाउस का सुझाव लेना है।

श्री मुलायम सिंह यादव : मैं पांच मिनट में खत्म कर रहा हूं। हम बाधा नहीं डालेंगे, हम आपकी आज्ञा का पालन करेंगे। हमारे भााण के बाद आप लंच कर दीजिए। मैं पांच मिनट से पहले समाप्त कर रहा हूं।

उपाध्यक्ष महोदय : मुझे अमैन्डमैन्ट्स भी मूव करने हैं।

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI (RAIGANJ): Sir, we have already decided in the Business Advisory Committee that there will be no lunch hour today.

MR. DEPUTY-SPEAKER: All right. As decided in the Business Advisory Committee, there will be no lunch hour today. There is no lunch hour, but you can have lunch one by one.

श्री मुलायम सिंह यादव : उपाध्यक्ष महोदय, मैं खत्म कर रहा हूं। वी.एच.पी. के और तमाम इस तरह के नेता हैं, हम कहां तक पढ़ें। ये बाकायदा वी.एच.पी. और आर.एस.एस. के नेताओं के बयान हैं। वह हत्या, आगजनी, महिलाओं के साथ बलात्कार, पुलिस संरक्षण में पिटाई यह सब

दिल्ली में बैठी केन्द्र सरकार की जानकारी में हुआ और गुजरात की सरकार को खुलकर संरक्षण और समर्थन दिया गया। इसलिए हम कहना चाहते हैं कि गुजरात की सरकार इन मानव हत्याओं की अपराधी है। वहां के मुख्य मंत्री इसके लिए दोाी हैं। इसलिए वहां के मुख्य मंत्री को तत्काल बर्खास्त किया जाए और वहां लोगों के पुनर्वास की व्यवस्था की जाए। चाहे वह हिन्दू हो, मुसलमान हो, उनमें ऐसी भावना पैदा की जाए कि उनमें अलग-अलग रहने की भावना खत्म हो। आपसी सद्भाव वहां मजबूत हो। वहां साम्प्रदायिक सद्भाव को बनाये रखने की जिम्मेदारी दिल्ली में बैठी केन्द्र सरकार की है। गुजरात सरकार से अब कोई उम्मीद नहीं की जा सकती। इसलिए प्र ाधान मंत्री जी जब आप भााण दें तो उसी वक्त वहां के मुख्य मंत्री का इस्तीफा लें। अगर वह इस्तीफा न दें तो उन्हें बर्खास्त किया जाए। सच्चाई यह है कि इसमें वहां के मुख्य मंत्री दोाी और अपराधी साबित हो रहे हैं। इसलिए हम केन्द्र सरकार से कहना चाहते हैं कि दिल्ली में बैठी केन्द्र सरकार भी इसमें अक्षम और दोाी है। संविधान में कहा गया है कि इन वर्गों की सुरक्षा करने का दायित्व केन्द्र सरकार का था, जिसे वह निभा नहीं पाई है। इसलिए हम केन्द्र सरकार तथा गुजरात सरकार की इस सदन के माध्यम से घोर निन्दा करते हैं।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Motion moved:

> "That this House expresses its grave concern over the failure of the administration in ensuring the security of minority community in various parts of the country, specially in Gujarat, and urges upon the Government to take effective steps to restore confidence of the minority communities and to protect them."

MR. DEPUTY-SPEAKER: Hon. Members, I have received notices of amendments from Shri G.M. Banatwalla, Shri Rupchand Pal, Dr. Raghuvansh Prasad Singh, Shri Somnath Chatterjee, Shri Basu Deb Acharia, Shri Prabodh Panda, Shri Ajoy Chakraborty and Shri Priya Ranjan Dasmunsi. The amendments have already been circulated.

The amendments given by Shri Rupchand Pal, Dr. Raghuvansh Prasad Singh, Shri Somnath Chatterjee, Shri Basu Deb Acharia, Shri Prabodh Panda and Shri Ajoy Chakraborty are identical.

Shri G.M. Banatwalla has indicated that he would move his amendment No. 2. He may move his amendment if he so desires.

SHRI G.M. BANATWALLA (PONNANI): Sir, I beg to move:

That in the motion,--

after the words "effective steps",

insert "and, in case of Gujarat, to advise the President to take action under Article 356,"

(2)

Sir, should I make a speech also?

MR. DEPUTY-SPEAKER: No. You are just required to move your amendment.

SHRI RUPCHAND PAL (HOOGLY): Sir, I beg to move:

That in the motion,--

for the words "in ensuring the security of minority community in various parts of the country, specially in Gujarat",

substitute "in preventing large scale killings, loot and arson of innocent citizens, particularly of the minority community, in the State of Gujarat, which are still continuing unabated, and the total failure of the Government to provide adequate protection, relief and rehabilitation of the victims."

(3)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : Sir, I beg to move:

That in the motion,--

for the words "in ensuring the security of minority community in various parts of the country, specially in Gujarat",

substitute "in preventing large scale killings, loot and arson of innocent citizens, particularly of the minority community, in the State of Gujarat, which are still continuing unabated, and the total failure of the Union and the State Governments to provide adequate protection, relief and rehabilitation of the victims."

कुमारी उमा भारती (भोपाल) : उपाध्यक्ष महोदय, आज नियम 184 के अंतर्गत जिस प्रस्ताव को आपने स्वीकार करके चर्चा की अनुमति दी है, मैं कहना चाहती हूं कि यह बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति में चर्चा हो रही है। इस चर्चा में ऐसा कुछ भी नहीं है जिसमें किसी को खुशी हो। इस चर्चा का जो मूल प्रसंग है गुजरात और देश के अन्य हिस्से, जहां पर अत्याचार होते हैं, वह बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएँ हैं। यह किसी के लिए भी आनन्द का विाय नहीं है।

जब हमारे प्रधान मंत्री जी गुजरात विज़िट पर गए थे, संयोग से मैं भी उनके साथ थी। जिस तरह से वह गुजरात की स्थिति को देखकर विचलित हुए और जिस तरह से उन्होंने कहा कि गुजरात की घटनाओं के कारण मेरा माथा शर्म से झुक गया है और जिस तरह से उन्होंने व्यथित होकर कहा कि हम दुनिया के सामने मुंह दिखाने के लायक नहीं रहे, जब प्रधान मंत्री जी ने ये उद्गार कहे, उस समय मैं उनके पीछे खड़ी थी। जिस तरह से वह व्यथित थे, जिस तरह से उनकी आंखों में आंसू भरे हुए थे, क्योंकि गुजरात की घटना ऐसे समय पर घटी है जबकि पूरे संसार में भारत के बारे में एक ऐसी राय बन रही थी, भारत तरक्की कर रहा था, भारत का सम्मान बढ़ रहा था और हमारे पड़ोसी देश आतंकवादियों को शह देने वाला देश प्रमाणित होने की स्थिति में आता जा रहा था, पूरी दुनिया उसको कॉर्नर करती जा रही थी, उस समय गुजरात की दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी।

सबसे पहले मैं यह बता दूं कि गुजरात की घटना, गोधरा से लेकर आज इस घड़ी तक जो कुछ भी वहां घट रहा है, वह किसी के लिए भी प्रसन्नता या गर्व की बात नहीं है। लेकिन नियम 184 के अंतर्गत आपने जब इस चर्चा के लिए स्वीकृति दी और उसके लिए स्वीकृति देते समय आपने अपनी तरफ से जो आदेश दिया, उसको मैं यहां पर थोड़ा सा सदन को याद दिलाने के लिए पढ़ रही हूँ, यद्यपि उसमें कुछ अमेन्डमेंट भी आ गए हैं।

> "That this House expresses its grave concern over the failure of the administration in ensuring security of minority community in various parts of the country, specially in Gujarat, and urges upon the Government to take effective steps to restore confidence of the minority communities and to protect them."

<u>13.10 hrs.</u> (डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह <u>पीठासीन</u> हुए)

सर, इसका मतलब यह है कि इस चर्चा को स्वीकार करते हुए आपने जो चिन्ता व्यक्त की है वह गुजरात की घटनाओं पर विशो रूप से और इन जनरल देश भर में और अन्य राज्यों में भी जो इस प्रकार की घटनाएं होती हैं, उनके बारे में भी हम यहां पर चर्चा कर सकते हैं।

इसके साथ-साथ मैं एक निवेदन और करना चाहती हूं सदन से क्योंकि आज मेरी पार्टी ने और आपने मुझे इस विाय पर बोलने का अवसर दिया है। इसलिए मैं आज भारतीय जनता पार्टी की एक कार्यकर्ता की तरह नहीं बोलना चाहती हूं। जिनसे मैंने सन्यास की दीक्षा ली है, वे मेरे गुरू कर्नाटक के हैं, उडीपी के। उनको सभी लोग गुरु-तुल्य मानते हैं। जाफर शरीफ जी, आस्कर फर्नान्डीज जी, माननीय अटल बिहारी जी, सब उन्हें गुरू-तुल्य मानते हैं और उस मठ की परम्परा में, दलितों और पिछड़ों को सैकड़ों वाे पहले ही मंदिरों में पूजा करने का अधिकार हमारी गुरू परम्परा में दिया गया है। इसलिए मैं आज इस अवसर को बहुत अच्छा मौका मानती हूं।

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : सभापति जी, दलितों को मंदिर में प्रवेश मिलना चाहिए और यदि आप यह कहती हैं तो हम आपका अभिनन्दन करते हैं।

सभापति महोदय : श्री रामदास आठवले, कृपया आसन ग्रहण कीजिए।

कुमारी उमा भारती : सर, मैं इसको एक बहुत अच्छा अवसर मानती हूं इस बात के लिए कि हम समस्या की जड़ में जाएं। और यह इसलिए कि यह सदन सर्वोच्च सदन है और सभी दलों के लोग इस घटना को लेकर चिन्तित हैं और जब सभी लोग इन घटनाओं को लेकर चिन्तित हैं, तो हो सकता है कि आज शाम होते-होते हम एक निश्कर्ा पर पहुंच जाएं कि हम इन समस्याओं को हमारे देश से ज़ड़ से उखाड़कर कैसे फेंका जा सकता है। इसलिए मेरा आपके माध्यम से सदन से पूरे सदन से निवेदन है कि आज की चर्चा में किसने कितने मारे, तब किस की सरकार थी, इसमें हम न जाएं, तो बहुत अच्छा होगा बल्कि इन हत्याओं और अत्याचारों को रोका कैसे जाए इसमें जाएं, तो अच्छा होगा और इसकी जड़ में जाएं कि यह कैसे रोकी जा सके, तो बेहतर होगा।

सर, सबसे पहले तो जिस तरह से 184 की डिबेट के लिए हमारे सामने बैठे प्रतिपक्ष के लोगों ने संसद में गतिरोध पैदा किया, यह तो इनके चरित्र का हिस्सा है। जब-जब ये सरकार में नहीं होते हैं, ये दूसरों को सदन में सुख से बैठने नहीं देते। बिना पावर के इनकी आत्मा इतनी बेचैन हो जाती है कि पावर प्राप्त करने के लिए तिलमिला उठते हैं। आप शुरू से स्मरण कीजिए। ये बिना कुर्सी के रह नहीं सकते। महोदय, 1977 में जब जनता पार्टी की सरकार बनी, चौ. चरण सिंह को समर्थन देकर आपने थोड़े समय के लिए प्रधान मंत्री बनाया। फिर ये ऐसे छटपटाए, ऐसे भूखे मरे, बिना कुर्सी के। अन्त में जोड़-तोड़ कर के, तिकड़म कर के, ये वापस लौट आए। इसके बाद में, जब चन्द्र शेखर जी प्रधान मंत्री बने और देश की समस्याओं के निदान के लिए वे जब बहुत अच्छे निर्णय कर रहे थे, उसी समय अचानक इनमें बेचैनी फैली। वी.पी.सिंह जी के बाद जब चन्द्र शेखर जी प्रधान मंत्री बने तब भी इन्होंने अस्थिरता पैदा की और गतिरोध पैदा किया।

इसलिए सबसे पहली चीज तो यह है कि अगर यह गुजरात की घटना नहीं हुई होती, तब भी कांग्रेस को अपने चरित्र के मुताबिक, कुछ न कुछ गतिरोध, कुछ न कुछ अस्थिरता सदन में पैदा करनी ही थी क्योंकि ये तो बिना सरकार के, बिना कुर्सी के भूखों मरने की स्थिति में आ जाते हैं। इसलिए इनकी ऐसी बेचैन आत्मा हो जाती है और तब तक इनको शांति नहीं मिलती जब तक कि ये कुर्सी पर वापस न बैठ जाएं। आप देख लीजिए, जब से एन.डी.ए. की सरकार बनी है, तब से इनकी तो पात्रता भी नहीं है कि ये 184 के अन्तर्गत रखने के लिए कोई बात कह सकें। जब से एन.डी.ए. की सरकार बनी है, तब से आप याद करिए, कुछ न कुछ, हर महीने, हर हफ्ते, जब भी सदन चला, ये करते रहे। अन्त में तो ऐसी स्थिति आ गई 1999 में कि देश का प्यार है हमारे प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के प्रति, नहीं, तो हमारी नेता प्रतिपक्ष आदरणीय सोनिया गांधी जी, एक उल्टा-सीधा कागज, झूठे-सच्चे आंकड़ों का लेकर, राट्रपति जी के पास पहुंच गई थीं कि मैं तो प्रधान मंत्री बनना चाहती हूं। मैया मैं तो चान्द खिलौना लेहूं। उस समय तो ये पहुंच गई थीं की मुझे चान्द चाहिए। उसके बाद, इनकी बेचैनी के कारण देश को जबर्दस्ती इलैक्शन फेस करना पड़ा। इसलिए जब 184 के अन्तर्गत डिबेट हो रही हो, तो जैसा मैंने सबसे पहले कहा कि हम इस डिबेट में कोई राजनीति न करें, लेकिन कांग्रेस की इस डिबेट में पार्टीसिपेशन की

जो पात्रता है, उसको जरूर चुनौती देना चाहूंगी कि इनकी क्या पात्रता है। उसके बाद मैं गुजरात की तरफ लौटूंगी।

सबसे पहले, तो मैं बड़े भाई साहब, मुलायम सिंह जी के भााण से बहुत आश्चर्यचकित हूं।

रेस्ट हाउस में मायावती के बाल खिंचवाकर अपमानित करने वाला मुलायम सिंह ...(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : यह सब गलत है। आप गलत मत बोलिये। कोर्ट में यह मुद्दा चला गया है। उसमें हम बरी हुए हैं। दूसरे कोर्ट में उस पर स्टे है। ... (व्यवधान) यह ाडयंत्र है, गलत है। ... (व्यवधान) न्यायाधीश ने पूछा कि कहां चोट लगी है, कहां फटे कपड़े हैं। ...(व्यवधान)

हमें पूरा का पूरा बरी कर दिया है। दूसरे कोर्ट में उस पर स्टे है। ... (व्यवधान)

कुमारी उमा भारती : अगर आप कोर्ट का इतना सम्मान करते हैं तो गोधरा और गुजरात की घटना के बारे में, अगर मैं गलत कोट नहीं कर रही हूं तो कर्नाटक के चीफ जस्टिस ... (व्यवधान) मैं आपके माध्यम से इनको बोल रही हूं कि कर्नाटक के चीफ जस्टिस श्री त्रिवातिया और उनके नेतृत्व में श्री जे.सी. बत्रा, श्री किशन सिंह अरिया, श्री जवाहर लाल पाल और प्रो. बी. के कोठारिया गुजरात गये थे। यह हाई कोर्ट के किसी चीफ जस्टिस की गुजरात और गोधरा पर रिपोर्ट है। वैसे तो यह रिपोर्ट बहुत लम्बी है लेकिन उन्होंने जो कन्कलूजन निकाले हैं, उसकी दो-तीन लाइनें मैं आपकी अनुमति से यहां पढ़कर सुना रही हूं। मैं आपके माध्यम से पूछ रही हूं कि अगर श्री मुलायम सिंह जी, कांग्रेस के नेतागण और अन्य सभी लोग कोर्ट का आदर करते हैं तो इन लाइनों को अपने सिर-माथे पर रखकर स्वीकार करें। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस की रिपोर्ट है जिसके नेतृत्व में वे लोग गये थे जो किसी राजनीतिक दल से संबंधित नहीं हैं। ...(व्यवधान)

मैंने पहले स्वीकार किया है। ...(व्यवधान) मैंने पहले ही कहा है कि इस रिपोर्ट में क्लीयर नहीं है कि वे कहां के चीफ जस्टिस हैं। मैंने पहले ही कहा था, मैं इस गलती को स्वीकार करती हूं क्योंकि इस रिपोर्ट में कोई मैंशन नहीं है कि वे कहां के हैं। ... (व्यवधान) राज्य की गलती हो सकती है। ... (व्यवधान) इस करेक्शन को मैं स्वीकार करती हूं। उस रिपोर्ट में कहा गया है कि

Godhra And After: A Field Study

The Study Team concludes by saying:

"Burning of 58 Hindu pilgrims at Godhra on 27.02.2002 was an act of international terrorism carried out with the evil objective of pushing the country into a communal poison. The plan was to burn

> the entire train with more than 2000 passengers in the wee hours of 27.02.2002. "

श्री मुलायम सिंह जी आप क्या बात करते हैं ? आप कह रहे हैं कि उन लोगों ने दंगों को इन्वाइट किया। आप कह रहे हैं कि ट्रेन के अंदर जो बेकसूर महिलाएं और बच्चे बैठे हुए थे, उन्होंने उपद्रव किया इसलिए दंगे हो गये। आप कह रहे हैं कि खोमचे वालों को लूटा गया। ...(व्यवधान) आप कह रहे हं कि हिन्दुओं ने दंगे किये इसलिए ये दंगे हुए। ... (व्यवधान)

कुंवर अखिलेश सिंह (महाराजगंज, उ.प्र.) : उपाध्यक्ष महोदय, यह कभी नहीं कहा। ... (व्यवधान)

आप गलत बयानी कर रही हैं। ...(व्यवधान)

कुमारी उमा भारती : यह रिपोर्ट क्या कह रही है ? ... (व्यवधान)

कुंवर अखिलेश सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, जिस दिन गोधरा की घटना हुई थी, उसी दिन हमने और श्री रामजी लाल सुमन ने कार्य स्थगन का प्रस्ताव दिया था और उस घटना की निंदा की थी।

कुमारी उमा भारती : मैं निंदा और प्रशंसा की बात नहीं कर रही हूं। मैं मानती हूं कि आपने निंदा की। अभी-अभी श्री मुलायम सिंह जी ने भी निंदा की। किन्तु, परन्तु और लेकिन लगाकर निंदा की । मैं उसे स्वीकार करती हूं। मैं आपकी अनुमति से रिपोर्ट की कुछ और लाइनें पढ़ रही हूं। उसमें आगे लिखा है :

> "The plan was to burn the entire train with more than 2000 passengers in the wee hours of 27.02.2002. It was a terrorist action plan "

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI (RAIGANJ): Mr. Chairman, Sir, we would like to know whose report is she quoting… (*Interruptions*)

KUMARI UMA BHARATI: Sir, I am not yielding… (*Interruptions*)…I will not yield… (*Interruptions*)

Sir, the report further says:

> "It was a terrorist action plan that partly says that perpetrators of terrorist acts had received support from *Jehadi* elements operating from Godhra. These include some Congress members of Nagar Palika. "

… (*Interruptions*)

उपाध्यक्ष महोदय, यह रिपोर्ट मैं सदन के पटल पर रखती हूं। *… (व्यवधान)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : Mr. Chariman, Sir, the Report which she is quoting should be placed on the Table of the House.… (*Interruptions*)…The Home Minister should reply about the link of terrorism in this incident… (*Interruptions*)…But a Report is being quoted by a Cabinet Minister of the Government. That should be authenticated… (*Interruptions*)

Let the report quoted by the Cabinet Minister, a responsible member of the Council of Ministers, be authenticated and placed on the Table of the House; and

*Laid on the Table of the House.

the hon. Home Minister should justify the international connection of terrorism, in the light of the report which has been quoted by the member of the Council of Ministers. … (*Interruptions*)

कुमारी उमा भारती : मैं सदन के पटल पर सी.डी. कैसेट रख रही हूं जो साबित कर रही है कि यह रिपोर्ट और सी.डी. कैसेट… (व्यवधान) सभापति महोदय, आप इनसे पूछिए कि ये किस रूल के अन्तर्गत खड़े हुए हैं।… (व्यवधान) जब मुलायम सिंह जी बोल रहे थे तो हमारे किसी भी सदस्य ने गतिरोध पैदा नहीं किया।… (व्यवधान) जब भी कोई माननीय सदस्य खड़े हो तो आप यह पूछिए कि वे किस रूल के तहत खड़े हुए हैं।… (व्यवधान)

श्री सोमनाथ चटर्जी (बोलपुर) : उमा जी, तारीख बताइए।

… (*Interruptions*)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : Sir, I want your observation on this. She is a Minister and she is speaking on behalf of the Government. The report must be authenticated and placed on the Table of the House.

The reaction of the Government must be made by the hon. Home Minister. … (*Interruptions*)

कुमारी उमा भारती : किस प्रकार गुजरात के कांग्रेस के नेता नगरपालिका, गोधरा के काउंसलर का अभिनन्दन कर रहे हैं, जो लोग ट्रेन को जलाने के लिए अगुवाई कर रहे थे।…(व्यवधान) यह सी.डी. कैसेट… (व्यवधान)

सभापति महोदय : क्या रिपोर्ट है, उसे सदन के पटल पर रखिए।

… (*Interruptions*)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI (RAIGANJ): Sir, I demand that it should be placed on the Table of the House and the Cabinet Minister should take full responsibility for this. … (*Interruptions*) The document quoted by the Cabinet Minister, as having said by the Chief Justice of the High Court must be authenticated and placed on the Table of the House, along with the date when he said it. … (*Interruptions*)

श्री लाल मुनी चौबे : अगर हम भी ऐसा करेंगे तो ये लोग बोल नहीं पाएंगे।… (व्यवधान)

सभापति महोदय : यह ठीक नहीं है। कृपा करके आसन ग्रहण कीजिए।

…(व्यवधान)

श्री लाल मुनी चौबे (बक्सर) : क्या ये सुनने के लिए तैयार हैं?… (व्यवधान)

सभापति महोदय : श्री चौबे, कृपा करके आसन ग्रहण कीजिए। शान्ति रखिए।

…(व्यवधान)

कुमारी उमा भारती : सभापति महोदय, मैं सदन के पटल पर यह रिपोर्ट और सी.डी. कैसेट रख रही हूं। यदि मैं गलत साबित होऊं तो सदन जो दंड देगा, मैं उसे स्वीकार करूंगी। अगर इस कैसेट को अभी देखना है तो मैं आपके सामने इसे रख रही हूं। आप दासमुंशी जी को अपने कमरे में बिठा दीजिए और वहां सी.डी. कैसेट लगवा दीजिए। …(व्यवधान)

श्री चन्द्रशेखर (बलिया, उ.प्र.) : सभापति महोदय, मैं आपसे निवेदन करूंगा कि इस जोश में ऐसी परम्परा नहीं डालनी चाहिए जो परम्परा सदन की मर्यादा के अनुरूप न हो। …(व्यवधान) यहां

अखबारों को उद्धृत करने की परम्परा है, वह होता है लेकिन अखबार सदन के पटल पर नहीं रखे जाते। अगर कोई रिपोर्ट है, जो सरकारी नहीं है, कोई अधिकृत पार्लियामैंट से पेश रिपोर्ट नहीं है, तो उमा भारती जी यदि उसे कोट करती हैं, कोट करने दीजिए लेकिन सदन के पटल पर उसे रखने और अधिकृत ...(व्यवधान) मुलायम सिंह जी ने किया हो चाहे आपने किया हो। आप कृपा करके इसे सदन के पटल पर रखने की अनुमति मत दीजिए। वे जो भााण करती हैं, उसे आप सुनिए।... (व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : मैंने अधिकारी और अखबार को कोट किया है।... (व्यवधान)

कुमारी उमा भारती : जैसे को तैसे का आचरण तो करना ही पड़ता है। इसलिए मैंने सदन के पटल पर रखने की बात कही।

सभापति महोदय : लेकिन शीलम् परम भूाणम्।

कुमारी उमा भारती : महोदय, आप भी सम्भलकर बोलिएगा, क्योंकि आपके भी दाढ़ी है। मुलायम सिंह जी ने अभी दाढ़ी की बात कही थी। पता नहीं वहां दाढ़ी को लेकर कोई प्राब्लम है या नहीं, लेकिन यहां आ सकती है।

मैं मुलायम सिंह जी को बताना चाहती हूं कि मेरे पास पूरी रिपोर्ट है। मैं यहां रख रही हूं। मुझे पढ़कर नहीं सुनाना चाहिए, क्योंकि बहुत लम्बी रिपोर्ट है।

जिस प्रकार से वहां पर घायलों को, विकलांगों को और मृतकों को सम्भाला गया, यह गुजरात के इतिहास में पहली बार हुआ है। गुजरात के इतिहास में तो 1410 से दंगे हो रहे हैं। जो रिकार्ड मौजूद है, उसके मुताबिक गुजरात में पहला दंगा 1410 में हुआ था। उसके बाद लगातार दंगों का इतिहास गुजरात में रहा है। सबसे भयानक दंगा 1969 में वहां हुआ था। उस समय वहां हितेन्द्र देसाई की सरकार थी। उस समय एक हजार लोग उस दंगे में मरे थे। दो महीने तक आर्मी नहीं बुलाई गई थी। छः महीने तक दंगा चला था। उन दंगों की रिपोर्ट यह बताती है कि कांग्रेस के आपसी झगड़े के कारण वे दंगे भी इस दंगे की तरह कांग्रेस के लोगों ने ही शुरू कराए थे। ... (व्यवधान) उसके बाद 1985 में दंगा हुआ, जिसमें सैंकड़ों लोग मरे। उसके बाद 1989 में जो दंगा हुआ, उसमें भी सैंकड़ों लोग मरे। उसके बाद 1992 में और 1993 में गुजरात में दंगे हुए और सैंकड़ों लोग मरे।

अभी जब गोधरा में घटना घटी। जब वह घटना याद आती है, मुझे सबसे ज्यादा दुख इस बात का होता है कि इस देश का हिन्दू क्या सोचता होगा कि जब उसकी हत्या की भर्त्सना भी कोई करता है तो किंतु और परंतु लगाकर करता है। जिससे इस देश का हिन्दू यह सोचने के लिए मजबूर हो जाए कि चूंकि मैं हिन्दू हूं, अगर मैं जिंदा जला दिया जाऊं तो उसमें किंतु या परंतु

लगेगा, सीधे-सीधे उसकी निंदा नहीं होगी। …(व्यवधान) 16 घंटे के अंदर गुजरात में आर्मी बुला ली गई। आजादी के इतिहास में पहली बार ऐसा दंगा हुआ, जिसमें तीन दिन के अंदर 100 लोग पुलिस फायरिंग से मारे गए। कल रात तक के जो मुझे आंकड़े उपलब्ध कराए गए हैं, उसके अनुसार 846 लोगों में से 179 लोग अकेले पुलिस फायरिंग से मरे। जिस प्रकार से तत्काल आर्मी बुलाई गई पूरे गुजरात के 18,000 गांवों में से केवल 40 जगह दंगा प्रभावित हुईं। जिस प्रकार से तुरंत रिलीफ आपरेशन शुरू हुआ, सिक्योरिटी अलर्ट की गई, पुलिस को लगाया गया, रैपिड एक्शन फोर्सेज को लगाया गया, उसके बारे में भी हमें देखना चाहिए। मैं यह जरूर मानती हूं कि दंगे की विभीाकिा भयंकर थी। गुजरात की घटना का जो प्रभाव लोगों के मन में था, वह भीाण था। उसका एक और विशो कारण था, जिसने दिलों को चीरकर रख दिया। वह विशो कारण यह था कि जब माननीय प्रधान मंत्री गोधरा में गए, मैं भी उनके साथ थी। वहां जो जांच चल रही है, उस जांच से सम्बन्धित एक अधिकारी वहां मौजूद था। मैंने उनसे पूछा कि क्या यह सत्य बात है कि फायर ब्रिगेड जब बोगी में लगी हुई आग को बुझाने के लिए गई, तो उसका रास्ता रोका गया। इस पर उन्होंने कहा कि करीब सात-आठ मिनट तक फायर ब्रिगेड का रास्ता रोका गया। मैं निवेदन करना चाहती हूं, जैसा मैंने पहले कहा था कि हम कोई कम्पैरिजन नहीं करना चाहते। यहां पर कोई यह दावा नहीं कर सकता कि हम रक्षक हैं और तुम भक्षक हो या तुम भक्षक हो और हम रक्षक हैं। ऐसा दावा आज यहां होना भी नहीं चाहिए। आज इस डिबेट को एक अवसर के रूप में मानना चाहिए कि हम एक निर्का पर पहुंच जाएं कि इस समस्या का जड़ से निदान हो।

13.29 hrs. (उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए)

लेकिन मैं याद दिलाना चाहती हूं कि जब उड़ीसा में घटना घटी थी और ग्राहम स्टेंस और उसके दो बच्चों को दरिंदगी से जिस प्रकार जलती हुई जीप में जिंदा जला दिया गया, महीनों तक उसकी चर्चा हुई। लेकिन जिस तरह से गोधरा में उस बोगी में एक मां अपने बच्चे को सीने से चिपकाए थी, जब आग लगातार उस बोगी में फैल रही थी तो उस मां को लगा कि शायद आग बुझाने के लिए कोई आ जाएगा, तब तक मैं अपने बच्चे को बचा लूं। इस पर मां ने बच्चे को नीचे रखा और खुद उस पर लेट गई। यह देखिए उस जली हुई अवस्था में भी मां उस बच्चे के साथ चिपके हुई है। बच्चा नीचे पड़ा हुआ है और वह उसके ऊपर लेटी हुई है। इस आशा से लेटी है कि शायद कोई इस आग को बुझाने के लिए आ जाएगा। आग को बुझाने के लिए जो फायर ब्रिगेड आ रही थी, कुछ पिशाच, कुछ राक्षस उस फायर ब्रिगेड का रास्ता रोक रहे थे।

उस फायर ब्रिगेड का रास्ता रोकने वालों में कांग्रेस के काउंसिलर भी थे। …(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: If there is any unparliamentary or indecent expression which has to be expunged, that will be taken care of. But for heaven's sake, please hear.

… (*Interruptions*)

SHRI SONTOSH MOHAN DEV (SILCHAR): Sir, whenever any allegation is made, it must be substantiated. She cannot speak like this. We have also read newspapers… (*Interruptions*). She is making an allegation. … (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: What is the allegation?

… (*Interruptions*)

कुमारी उमा भारती : मेरे पास सी.डी. है। जो मैं कह रही हूं अगर वह इस सी.डी. में न निकले तो पूरा सदन जो दंड देगा, वह मैं स्वीकार करने के लिए तैयार हूं।…(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, from your side, when you speak, you can refute it. You can refute it in your speech.

… (*Interruptions*)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : Sir, a Commission of Inquiry has been announced by the Government of Gujarat to go into the episode of Godhra. The Home Minister himself has said that the Gujarat Government has appointed an Inquiry so let us not interfere. Now, how can the lady Member of the Government accuse that there is a direct involvement of the Congress Councillor? … (*Interruptions*) Sir, the Commission is yet to report. If she accuses like this, then she will be responsible for the breach of privilege of the House and not myself… (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: You have a remedy. You can move a privilege motion on this. If anybody is accusing or misleading, there is a remedy. Let us go according to rules, whether it is this side or that side. I am only appealing to you if she goes on record on something, you can also refute it in your speech. Let us have a peaceful hearing.

कुमारी उमा भारती : हिन्दू और मुसलमान दोनों ने एक दूसरे को बचाया है। …(व्यवधान) सत्य सुनने को ही नहीं देखने को भी मिलेगा और बेकार में प्रियरंजन दास मुंशी जी, …(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Again, you are standing up. We are discussing a serious matter.

… (*Interruptions*)

कुमारी उमा भारती : जिस तरह से वहां की दोनों कम्युनिटीज के लोग एक-दूसरे के बचाव के लिए आगे आये हैं, उसने एक अलग ही उदाहरण दिया है।…(व्यवधान) वहां की मुस्लिम कम्युनिटी के जो अपने स्टेटमेंट्स थे कि "Today, we are alive because of our Hindu neighbours." जिस तरह से मुस्लिम समाज अपने हिन्दू पड़ौसी को बचाने के लिए आगे आया क्योंकि मैं यह निवेदन करना चाहती हूं कि मैं दंगों पर कोई फिगर्स कोट नही करना चाहती हूं क्योंकि जो मरे हैं, वे इंसान हैं और जिन्होंने मारे हैं, वे हैवान हैं, राक्षस हैं, उनका कोई धर्म नहीं है। मरने वालों का धर्म है कि वह मनुय हैं लेकिन मारने वालों का एक ही नाम है कि वे राक्षस हैं। इसलिए मैं कोट नहीं कर रही हूं लेकिन बहुत बड़ी संख्या में वहां दलित समाज मारा गया है और उनके बचाव के लिए अगर कोई आगे आया तो वह मुस्लिम समाज आगे आया और मुस्लिम समाज के बचाव लिए अगर कोई आगे आया तो वह हिन्दू समाज आगे आया। लेकिन जब दिल्ली की हवाओं में तैरती हुई मैंने एक घटना सुनी और आज तक जिसका कोई सबूत नहीं मिला है कि एक गर्भवती महिला का पेट फाड़ा गया, उसमें से बच्चा निकाला और उसे भाले पर लटकाया और उसका जूलूस निकाला गया। दिल्ली में इस घटना का बड़ा हल्ला था और जब मैं माननीय प्र ाधान मंत्री जी के साथ वहां गुजरात में गई तो वहां पर भी एक-दो जगह पर इसका जिक्र हुआ था। मैंने रात को मुख्य

मंत्री जी से पूछा, मैंने वहां के अधिकारियों से पूछा और कहा कि पता लगाओ कि वह महिला कौन थी? वह बच्चा कौन था और वह क्या घटना थी लेकिन आज तक उसका कोई पता नहीं है।… (व्यवधान) शुरूआत में ही प्रिवेंटिव एक्शन के तौर पर जो 36000 लोग गिरफ्तार किये गये थे, उनमें से 29000 हिन्दू समुदाय के लोग थे। मैं यहां इसिलए बोल रही हूं ताकि यह गलतफहमी पैदा न की जाये जो की गई कि पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया।

गुजरात में जैसा पुलिस ने एक्शन लिया है, वैसा शायद आजादी से लेकर आजतक किसी भी दंगा प्रभावित राज्य में नहीं लिया गया है। …(व्यवधान) महोदय, अभी तक दो रेप केसेज दर्ज हुए हैं। इसके अलावा कई समाज सेवी संगठनों के लोग यह कहते हैं कि ऐसा हुआ और वैसा हुआ। एक भी समाज सेवी संगठन के महिला या पुरुा, इन दो केसेज के अलावा, पुलिस के पास यह कहने के लिए नहीं गए कि उनके साथ इस प्रकार की घटना घटी है और यह आरोप दर्ज किया जाए। महिला का पेट फाड़कर बच्चे को निकाल कर भाले पर घुमाने की घटना का आज तक कोई सबूत नहीं दे पाये हैं कि कहां की महिला थी, कौन महिला थी, कहां घटना घटी - आज तक कोई नहीं बता पाया है। यहां एक संगठन का मैं नाम नहीं लूंगी, क्योंकि उसके सदस्य यहां पर

मौजूद नहीं है। उस संगठन ने एक रिपोर्ट बनाई है। मैं आज इस सदन से यह निवेदन करती हूं, इस तरह की रिपोर्ट बनाकर उसका इन्टरनेशनल स्तर पर प्रचार करवाया गया। मेरा आपके माध्यम से आग्रह है, गुजरात की सरकार से भी मैं निवेदन करूंगी, इस डिवेट में यह बात शामिल हो जाए, इसलिए मैं कह रही हूं, उस संस्था का नाम ' सहमत' है। उस रिपोर्ट में आए फैक्ट की जांच कराई जाए। अगर वह फैक्ट सही है, तो दोयियों को न छोड़ा जाए। अगर वह फैक्ट सही है तो दोयियों का बचाव करने वालों को न छोड़ा जाए। अगर वह फैक्ट सही है, तो उन फैक्ट छुपाने वालों को न छोड़ा जाए, लेकिन अगर वह फैक्ट गलत है, तो इस संस्था के लोगों को नहीं छोड़ा जाना चाहिए, जिन्होने इस प्रकार से भारत को बदनाम किया है, इन्टरनेशनल स्तर पर बदनाम किया है। इंटरनेशनल लैवल पर हमारी छवि खराब हुई है। हिन्दू और मुसलमानों के संबंध जो खराब किए है और अन्तरराट्रीय स्तर पर जो भारत की बदनामी हुई है, उसमें उनका बड़ा भारी योगदान है। ...(व्यवधान)

श्री रूपचन्द पाल : इसकी जांच हो जाए। ...(व्यवधान)

कुमारी उमा भारती : महोदय, गुजरात में नार्मेल्सी आ रही है। 18 हजार गांवों में से 40 जगहें, जो दंगा प्रभावित रहे हैं, इसके बाद गुजरात में पंचायत के चुनाव हो गए। छः हजार के करीब हाजी हज करके लौट आए, जिनका गांवों में हिन्दू और मुसलमानों ने मिलकर स्वागत किया। टाकोरजी का दर्शन करने के लिए डेढ़ लाख लोग गए। 96 से 98 प्रतिशत, दो फेसिज़ में 10वी और 12वीं कक्षाओं के के एग्जाम हुए, जिनमें बच्चे परीक्षाओं में भाग लेने के लिए गए। कांग्रेस के दो पदाधिकारियों ने एग्जामिनेशन्स का विरोध किया, लेकिन अच्छी बात यह है कि वहां मेरे बड़े भाई कमल नाथ जी उपस्थित थे, उन्होंने इस बात की निन्दा की और उन लोगों को डांटा। मेरा आपके माध्यम से सोनिया जी से निवेदन है कि गुजरात में नार्मेल्सी लाने के लिए नरेन्द्र मोदी जी की सरकार प्रयत्नशील है। आप थोड़ा अपनी पार्टी के लोगों को समझाइए कि इस प्रकार की हरकतें करके, जिस प्रकार का व्यवधान वे वहां खड़ा कर रहे हैं, वह व्यवधान न खड़ा करें। गुजरात में नार्मेल्सी आती जा रही है, आ चुकी है। जो छुट-पुट घटनायें हैं, उनके कुछ कारण हैं और उन घटनाओं पीछे के कुछ निहित स्वार्थ हैं, उन निहित स्वार्थों के प्रति सबको सावधान रहना चाहिए। सभी राजनीतिक दलों के लोगों को सावधान रहना चाहिए। निहित स्वार्थ यह चाहते हैं कि दुनिया के स्तर पर देश की छवि खराब हो। कई जगह मैंने एडिटोरियल पढ़े हैं कि युगोस्लाविया के मिलोचविच, सज्जन हैं या दुर्जन हैं या कौन है, उनके साथ जिस प्रकार का बर्ताव हुआ है, वैसा हो। ऐसा कभी हुआ है, जिसको जैनोसाइड कह रहे हैं, तीन दिन के अन्दर दंगों को रोकने के लिए पुलिस की फायरिंग से 100 लोग मार डाले गए हों। फिर भी उसको जैनोसाड कहा जा रहा है। ... (व्यवधान)

SHRI RUPCHAND PAL : We are demanding an inquiry by a Supreme Court Judge.

कुमारी उमा भारती : सभी दलों से निवेदन है किजरात में शांति कायम हो, अमन-चैन कायम हो, उसका रास्ता यह नहीं है कि नरेन्द्र मोदी की हटा दिया जाए और गुजरात की सरकार को भंग कर दिया जाए। उसका रास्ता यह है कि समस्या की जड़ में जाया जाए। यह देश जिसमें बहुसंख्यक हिन्दू हैं, मैं तो कहूंगी कि हिन्दू जैसा पड़ोसी किसी को नहीं मिल सकता है। हिन्दुस्तान जैसा देश दुनिया में कहीं नहीं मिल सकता है। हिन्दू पड़ोसी जैसा कोई हो नहीं सकता है। भारत का जब बंटवारा हुआ, उस समय जो लोग भारत छोड़कर गए, उनका विश्वास जीतने की बहुत कोशिश हुई। मैं आपसे निवेदन करूंगी, जिनको विश्वास नहीं करना है, वे नहीं करेंगे। आप नरेन्द्र मोदी जी की बात छोड़ दीजिए, जिनको विश्वास नहीं करना है, उन्होंने तो गांधी जी का भी विश्वास नहीं किया, उन्होंने तो नेहरु जी का भी नहीं किया, उन्होंने तो मौलाना अबुल कलाम आज़ाद का भी नहीं किया, केवल जिन्ना का भरोसा किया। जिन्होंने यह फैसला लिया कि हम भारत को छोड़कर जाना चाहते हैं, 1947 में जब बंटवारे की विभीाकिा हुई, उस समय बहुत बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग हिन्दू पड़ोसी के भरोसे रह गए। उसने एक बात साबित कर दी कि पाकिस्तान के मुसलमानों की जगह वह भारत के हिन्दू का ज्यादा भरोसा कर सकता है।

भारत के अपने हिन्दू पड़ौसी की गारंटी पर वह यहां रह गया, जिसे अंग्रेजी में सेक्युलरिज़्म कहते हैं। अभी डिबेट सेक्युलरिज़्म के लिए नहीं हो रही है, इसलिए मैं इस पर चर्चा नहीं करूंगी, क्योंकि हम सब इससे सहमत हैं। इसका सबूत है कि 1976 में जब संविधान में संशोधन किया गया था, संशोधन करते समय यह बिन्दु जोड़ा गया था, संविधान में इसीलिए संशोधन किया गया था। मैं आपके माध्यम से नेता प्रतिपक्ष से पूछना चाहूंगी कि देश को बचाने के लिए जब पोटा आया तो आप बिलकुल ठन गई थी कि हम इसे नहीं आने देंगे - चाहे कुछ भी हो जाए। कुर्सी को बचाने के लिए जब मीसा आया तो आप सब ने उसका साथ दिया और देश को बचाने के लिए पोटा आया तो उस समय जो गतिरोध पैदा हुआ, उसे भूलाया नहीं जा सकता। मैं आपको उस समय की याद दिलाती हूं, 1976 में जब संविधान में संशोधन किया गया। For the words "sovereign democratic republic", the words "sovereign socialist secular democratic republic" shall be substituted. इसका मतलब यह नहीं समझना चाहिए, कोई इस मुगालवे में न रहे कि 1976 के बाद भारत सेक्युलर हुआ है, जब से इस देश में हिन्दू था और जब तक वह रहेगा तब तक भारत सेक्युलर रहेगा, क्योंकि हिन्दू का चरित्र सर्व-धर्म-समभाव को मानता है। सभी धर्मों का वह आदर करता है। हिन्दू का चरित्र ऐसा है कि वह प्रार्थना करता है - सर्वे भवंतु सुखिना, सर्वे संतु निरामया। हिन्दू का चरित्र है कि वह धरती से लेकर आकाश तक सब की पूजा करता है। वह नदी को, गाय को मां कहता है। धरती से लेकर आकाश तक सब की वह पूजा करता है। मैं तो उल्टा कहूंगी कि जब हमें अपने कांस्टीट्यूशन में यह जोड़ना पड़ा, जब मैं यह कह रही हूं कि हिन्दू का चरित्र ऐसा है तो मेरा कांग्रेस सज्जनों से नि वेदन है कि आप हमारे एलायंस की तरफ देख कर अपना मंथरा वाला चरित्र यहां मत दिखाएं। आपका जो फूट डालो और राज करो वाला मामला है, उसे यहां मत दिखाएं। जैसे आप वहां

आंखों से इशारेबाजी कर रहे हैं, हम मानते हैं कि इस्लामी ब्रदरहुड का एक सिद्धांत है, हम उसे मान्यता देते हैं। बहुत सारे क्रिश्चयन लोगों ने सामंजस्य बनाने की कोशिश की, हम उन्हें भी मान्यता देते हैं, लेकिन कुछ ऐसे भी लोग हैं जिन्होंने झगड़े डालने की कोशिश की।

महोदय, पहले हमारे देश में डालडा नहीं था, शुद्ध घी होता था, इसलिए शुद्ध घी का प्रयोग होता था, क्योंकि बनावटी घी नहीं होता था। जब बनावटी घी आने लगा तब घी के साथ एडजैक्टिव लगाना पड़ा- शुद्ध घी। हमारे यहां पहले सेक्युलरिज्म प्योर था, इसलिए हमें उसके लिए कांस्टीट्यूशन में कुछ जोड़ना नहीं पड़ा, क्योंकि करेक्टर में सेक्युलरिज्म था। जब करेक्टर में सेक्युलरिज्म था तो हमें कांस्टीट्यूशन में सेक्युलरिज्म नहीं जोड़ना पड़ा, लेकिन जब कुछ सूडो सेक्युलरिस्ट पैदा हो गए तब हमें मजबूरी में इसे जोड़ना पड़ा। जब मार्केट में डालडा घी आ गया तब शुद्ध घी, ऐसा बोलना पड़ा। जब शुद्ध घी हुआ करता था तब नहीं जोड़ना पड़ा।

इस देश की अपनी संस्कृति और परम्परा है। महोदय, आप कभी मेरे गुरू जी के स्थान पर जाएं, वहां हिन्दू, मुसलमान, पिछड़े, दलित, सब मंदिर में जाते हैं। आप कभी अजमेर की दरगाह शरीफ में जाएं, वहां बहुत बड़ी संख्या में हिन्दू भी जाते हैं। मजारों पर बहुत बड़ी संख्या में हिन्दू जाते हैं। मैं आपको अपनी हकीकत बताती हूं। मुझे भोपाल में एक बंगला अलाट हुआ, क्योंकि मैं वहां से मेम्बर ऑफ पार्लियामेंट हूं, मुझे वहां घर दिया गया। आप आश्चर्य करेंगे कि मेरे घर के पीछे मजार है। जब मुझे घर अलाट हुआ तो वहां अलाट करने वाली एजेंसी ने मुझ से कहा कि वहां मजार है, आपको कोई दिक्कत तो नहीं है। मैंने कहा कि मुझे कोई दिक्कत नहीं है, क्योंकि मैं हिन्दू हूं, मेरे दिल में 33 करोड़ देवी-देवता बसते हैं, ये वहां एडजस्ट हो जाएंगे, मुझे कोई दिक्कत नहीं है लेकिन वहां जिन पीर बाबा की मजार है, उनसे कोई पूछने का यदि तरीका हो तो उनसे पूछ लें कि उन्हें तो कोई दिक्कत नहीं है, मैं तो उन्हें सरमाथे पर बिठाऊंगी। महोदय, आप विश्वास करें, मुझे इतनी खुशी हुई, जब मैं उस घर में गई, मैंने माना कि यह भव्य विभूति इस घर में है, जो यह हमारी रक्षा करेगी, अच्छी बात है, हमें इसमें कोई कट नहीं है। हिन्दू का दिल बहुत बड़ा होता है, लेकिन कभी-कभी ऐसे कैसे हो जाता है - जैसे कि श्रीलंका में घटा। जब हम महात्मा बुद्ध का नाम याद करते हैं तो हमें अहिंसा और करूणा की याद आती है। अहिंसा और करूणा के प्रतीक महात्मा बूद्ध, अहिंसा और करूणा पर चलने वाले बौद्ध भिक्षु, जब एक प्रधान मंत्री की तरफ हाथ में घातक हथियार लेकर उनकी हत्या करने के लिए दौड़ पड़े तो ऐसा क्या हो गया कि जिस हिन्दू के दिल में 33 करोड़ देवी-देवता बसते हों, धरती से लेकर आकाश तक, जो सब को पूजता हो, उसकी यह स्थिति क्यों बनी, हमें इसकी जड़ में जाना चाहिए। जिसने पारसियों को अपने देश में स्थान दिया, उनका आदर किया, उनकी मान्यताओं की रक्षा की, जिसने ईरान से आए हुए लोगों की मान्यताओं का सम्मान किया, उनकी रक्षा की।

जिसने एकम सद विप्रा बहुधा वदंति को माना कि सत्य एक और अनेक प्रकार से बोला जाता है और उसका आदर किया। आज ऐसे कैसे इस स्थिति का निर्माण हो गया कि हमारे देश के बारे में

पूरी दुनिया में यह जिक्र हुआ है कि हमारे देश में अल्पसंख्यक असुरक्षित हैं और उनकी रक्षा की जानी चाहिए। हमारे देश के एक राज्य के जो मुख्यमंत्री हैं उनको किसी विदेशी कोर्ट में घसीटा जाना चाहिए क्योंकि इस देश में अल्पसंख्यक खतरे में पड़ गये हैं।

उपाध्यक्ष जी, मैं आपसे निवेदन करना चाहती हूं कि हमारी जो परम्परा, संस्कृति और चरित्र रहा है वह किसी एक नेता या किन्हीं नेताओं की बदौलत नहीं रहा है बल्कि वह भारत की संस्कृति का अंश रहा है। अगर हम कुछ असामाजिक तत्वों को छोड़ दें तो उस संस्कृति की मर्यादा का सभी ने पालन किया है। मैं निवेदन करना चाहूंगी कि हमें उस जड़ में जाना चाहिए कि ऐसा क्यों हुआ, ऐसी स्थिति क्यों आई कि 33 करोड़ देवी-देवताओं को अपने दिल में बिठाने वालों के बारे में यह शंका क्यों खड़ी हो गयी कि तुम्हारे देश में रहने वाले अल्पसंख्यक, तुम्हारे पड़ौस में रहने वाले अल्पसंख्यक असुरक्षा की भावना के बोध से पीड़ित हैं। यह प्रश्न कैसे उसके ऊपर खड़ा कर दिया गया। मैं याद दिलाना चाहती हूं कि सन 1857 में जब भारत की आजादी की शपथ ली गयी थी तो आप सब जो पढ़े-लिखे लोग यहां मौजूद हैं आपको याद आ जाएगा कि उस समय रोटी और कमल दो प्रतीक चिह्न बनाये गये थे और बहादुर शाह जफर का नेतृत्व तांत्या टोपे, नाना साहब और महारानी लक्ष्मीबाई ने स्वीकार किया था। उस समय किसी के ध्यान में नहीं आया था कि बहादुर साहब जफर मुसलमान हैं और उनका नेतृत्व स्वीकार किया था। रोटी और कमल को लड़ाई का प्रतीक माना गया था और जब आजादी की लड़ाई की शपथ लेते थे तो रोटी के टुकड़े किये जाते थे और कमल सामने रखा जाता था और कसम ली जाती थी कि आजादी को पाने के लिए अपने प्राण तक दे देंगे। लेकिन उसी समय ब्रिटिश लोगों ने फूट डालो और राज करो की नीति शुरु की। यद्यपि पहले भी कई दंगे हुए लेकिन मैं 1890 में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ब्रिटिश लोगों द्वारा भड़काए गये दंगे का उल्लेख करुंगी। लेकिन उसके बाद भी आजादी की लड़ाई के लिए हिंदू-मुसलमान एकजुट रहे और आजादी की लड़ाई के लिए उनकी प्रतिबद्धता बनी रही। सन् 1920 में जब तुर्की के लोगों ने खलीफा के खिलाफ मूवमेंट चलाया, वही समय था जब इस देश में एक टर्निंग प्वाइंट आया। जब कांग्रेस के नेता यह सोचने लगे कि अगर हमें कुछ लोगों को साथ लेकर चलना है तो हमारा निर्णय क्या होना चाहिए। मैं मानती हूं कि उसी समय वह टर्निंग प्वाइंट आया जब कट्टरपंथियों का साथ दिया गया। तुर्की के लोग खलीफा के खिलाफ मूवमेंट में थे और भारत के लोगों ने, कांग्रेस के लोगों ने उल्टी चाल एडोप्ट की। सर, वहां से यह शुरुआत हुई। वह स्थिति बन गयी जब इस देश के मुस्लिम समुदाय के नेता मौलाना अब्दुल क्लाम आजाद नहीं ...(व्यवधान)

श्री प्रियरंजन दासमुंशी : आप हमें इतिहास सिखाना चाहती हैं।... (व्यवधान) खिलाफत मूवमेंट महात्मा गांधी जी ने शुरु किया। ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आपकी पार्टी के लिए एक घंटा चालीस मिनट का समय है और आपकी पार्टी के सात स्पीकर्स हैं।

कुमारी उमा भारती : सर, आप जो टाइम-लिमिट बता रहे हैं वह मुझे पता है। सन् 1937 के आते-आते वह स्थिति बनी कि इस देश के अल्पसंख्यकों के नेता मौलाना अब्दुल क्लाम आजाद जोकि उनके स्वभाविक उदारवादी नेता होने चाहिए थे, उनकी जगह पर मौहम्मद अली जिन्ना, इस देश के कट्टरपंथी अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को अपने नेता लगने लगे। तब विभाजन की स्थिति आई। विभाजन की स्थिति आते-आते बंदे-मातरम पर समझौता होने की स्थिति आ गयी तथा और भी कई बातों पर समझौता होने की स्थिति आती गयी। लेकिन जब देश आजाद हुआ और जो मुसलमान इस देश में रह गये, उन्होंने यह साबित कर दिया है कि हम भारत-माता को अपनी माता मानते हैं और हमें पाकिस्तान की बजाए अपनी भारत-माता की गोदी ज्यादा प्यारी है। इसलिए 1947 के बाद जो मुस्लिम समुदाय यहां पर रह गया, अपनी माता की गोदी का भरोसा करके यहां पर रह गया, उसकी देशभक्ति पर किसी को शंका करने का अधिकार नहीं है।

जितना भारत माता की गोदी का अधिकार मेरा है, उतना ही अधिकार उस मुसलिम का है जो 1947 के बाद मुसलमानों का भरोसा करने की बजाय अपने हिन्दू पड़ोसी पर भरोसा करके भारतमाता की गोदी मे रह गया। उसकी देशभक्ति पर शंका करने का अधिकार नहीं है। लेकिन उसके बाद जो घटनाचक्र बना और ब्रिटिश लोगों ने ' फूट डालो और राज करो ' की नीति अपनाई, वह कांग्रेस की तुटीकरण की राजनीति में बदल गई। जिस तरह मुस्लिम समुदाय को डरा-धमकाकर वोट बैंक की पालिसी कांग्रेस ने बनाई ... (व्यवधान) कांग्रेस का चरित्र समय समय पर इस तुटीकरण की नीति को रिफ्लैक्ट करता रहा है।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपको स्मरण दिलाना चाहूंगी कि 1987-88 में जब शाह बानो के मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला हुआ, उस समय मुस्लिम महिला विधेयक लाने का काम किस ने किया। उस समय एक कांग्रेस के नेता, जिनका मैं नाम नहीं लूंगी, उन्होंने इस बिल का विरोध किया। परिणामस्वरूप उन्हें कांग्रेस पार्टी से बाहर निकाल दिया गया। उसके बाद एक और नेता जो बाद में प्रधानमंत्री हुये, ने इलाहाबाद से चुनाव लड़ा। उस समय उदारवादी मुसलमान नेताओं ने इसका विरोध किया। उसे खुले आम कहा गया कि तुम होटल के अंदर रहो, बाहर न निकलो, नहीं तो अल्पसंख्यकों के वोट नहीं मिलेंगे। इसके बाद अन्य नेताओं को बुलाकर कहा गया कि मान जाओ। इस प्रकार यह क्रम लगातार चलता रहा। अभी मुलायम सिंह जी कह रहे थे कि हमारे अलाइज़ हमारी कृपा पर निर्भर हैं। मैं उन्हें याद दिलाना चाहूंगी कि 1989 में वे हमारी कृपा पर थे और जो चुनाव हुये, उसमें हमारे समर्थन से जीते। हमारे सामने जो लाल कलर वाले लोग बैठे हुये हैं, उन्हें भी याद होगा कि तब लाल कलर और भगवा कलर एक साथ चुनाव लड़े थे,सब ने मिलकर 1989 के चुनाव में पार्टिसिपेट किया था।

श्री मुलायम सिंह यादव : हमने उस समय विधान सभा में कहा था कि यह समझौता नहीं हुआ है। ऐसी गलत बात न करें।

कुमारी उमा भारती : उपाध्यक्ष महोदय, जो लोग यहां बड़े-बड़े भााण कर रहे हैं, ये वही लोग थे जो 1989 में हमारे साथ चुनाव लड़े थे और हमारी कृपा श्री मुलायम सिंह पर थी। आप इस प्रकार की भाा का प्रयोग करके हमारे एलाइज़ का अपमान मत करें। मैं निवेदन करूंगी कि हम इस सब की तह में जायें, जड़ में जायें। इस वोट बैंक की राजनीति से मुक्ति पाने का संकल्प सभी राजनैतिक दलों को करना पड़ेगा। जिन जिन लोगों ने यह पाप किया है, यह उसी का परिणाम निकला है। इसलिये दंगों को इस प्रकार से इंटरनैशनल लैवल पर हाईलाइट करना कि संघ इसके लिये दोाी है, बी.जे.पी. दोाी है या नरेन्द्र मोदी दोाी है, ठीक नहीं। यहां निन्दा तो इस बात की होनी चाहिये कि वोट बैंक की राजनीति नहीं होनी चाहिये। इस बात की निन्दा होनी चाहिये कि जो वोट की राजनीति करते आये है, वे इस स्थिति को यहां तक ले आये हैं। जबकि सारा संसार जानता है कि भारत में सर्व धर्म समभाव की नीति चलती आयी है। भारत ही ऐसा ही देश है जो इस सिद्धानं में आस्था रखता है। सवेरे और शाम तक हम सुख-शान्ति की कामना करते हैं। आज वोट बैंक की राजनीति निर्मित की गई है। मैं निवेदन करती हूं कि जब हम हत्याओं को गिनते हैं, तो इस बात को तय कर लें कि इसकी जड़ में कौन पार्टी है और तत्काल समस्या का निराकरण हो। क्या आरोप-प्रत्यारोप से कुछ नहीं होने वाला है।

उपाध्यक्ष महोदय, ग्राहम स्टेन की हत्या हुई और दारा सिह को उसका दोाी पाया गया। उसे आर.एस.एस., बजरंग दल और बी.जे.पी. का आदमी कहा गया लेकिन वह उसमें से किसी एक पार्टी का नहीं निकला। झाबुआ में ईसाइयों पर दुराचार किया गया, उनकी हत्या की गई। उसमें आधे लोग क्रिश्चियन और आधे लोग कांग्रेसी निकले जो दोाी थे। जब गुजरात के डांग जिले में घटना हुई तो सारे देश में हंगामा किया गया। केरल और कर्नाटक के एक इस्लामी संगठन के लोग इस घटना के लिये पकड़े गये। उनके पम्फलैट पकड़े गये और यह साबित हो गया कि यह सब आई.एस.आई. के इशारे पर हो रहा था।

उपाध्यक्ष जी, जब इस प्रकार की कोई घटना घटती है बजाय इसका राजनैतिक लाभ उठाने के हम उस बात की तह में जाना चाहिये और आज गुजरात में हुई घटना पर चर्चा करते हुये यह संकल्प लेना चाहिये।

उसका निराकरण किया जाए और उसके लिए जो भी दोाी हों, सब मिलकर उसकी निन्दा करें। मैं एक निवेदन और करके अपनी बात खत्म करूंगी।

महोदय, आपने जो प्रस्ताव स्वीकृत किया है, उस प्रस्ताव में देश के अन्य राज्यों और जगहों की स्थिति का भी मूल्यांकन किया जाए। मेरा निवेदन है कि हम लोग थोड़ा पीछे जाकर देखें। 1984 में जिस प्रकार से बेकसूर हजारों सिखों की कांग्रेस के अनसोशल एलीमैन्ट्स ने घरों से निकलकर हत्याएं की थीं, उनकी भी निन्दा यहां होनी चाहिए। उस जैनोसाइड को भी स्वीकार करना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष उस समय प्रधान मंत्री जी के घर में बैठी हुई थीं, अगर वह चाहती तो इसे रोक

सकती थीं। उस मामले में अगर देश से बाहर किसी कोर्ट में मुकदमा चलाने की बात हो तो उसके लिए कौन लोग दोाी थे, यह पूरी तरह से सामने आना चाहिए। उस समय कितने घंटे के अंदर मिलिट्री बुलाई गई थी, उस समय पुलिस फायरिंग में कितने लोग मरे थे, इसकी भी चर्चा होनी चाहिए।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपको मुखातिब करके एक शेर कहूंगी।

इनकी तारीफ क्या पूछते हो, उम्र सारी गुनाहों में गुजरी,

अब पारसा बन रहे हैं ऐसे, जैसे गंगा नहाये हुए हों।

आज यहां वोट बैंक की राजनीति की निन्दा होनी चाहिए। नरेन्द्र मोदी को हटाना इसका समाधान नहीं है, गुजरात की सरकार की निन्दा करना इसका समाधान नहीं है, इस देश को अंतर्राट्रीय स्तर पर बदनाम करना इसका समाधान नहीं है, बल्कि वोट बैंक की राजनीति, सत्तालोलुपता से कैसे बचा जाए, कुर्सी के लालच मे, जो डिवीजन हिन्दू और मुसलमान के बीच में किया जाता है, हमारे प्रतिपक्ष में बैठे हुए कांग्रेस के नेता जिसकी अगुवाई करते हैं, उससे कैसे बचा जाए। उसके लिए हर राजनीतिक दल यह संकल्प ले कि जो उदारवादी मुस्लिम नेता हैं, जो उदारवादी मुस्लिम हैं, उनके हाथ में मुस्लिम समुदाय का नेतृत्व दिया जाए। उनकी अगुवाई उन लोगों के हाथ में दी जाए, न कि कट्टरपंथियों को दी जाए। जो भूल सौ साल से होती रही है, जो भूल 1920 से होती रही है, मैं आज इस सदन में भाजपा की एक कार्यकर्ता की हैसियत से नहीं बल्कि एक संत की हैसियत प्रस्ताव करती हूं कि जो भूल 1920 से लेकर आज तक हुई है, उस भूल का निराकरण यही है कि वोट बैंक की राजनीति की निन्दा करते हुए उदारवादी नेतृत्व को अल्पसंख्यक समुदाय की अगुवाई करने के लिए हर प्रकार का प्रोत्साहन और हर प्रकार का संरक्षण दिया जाए।

उपाध्यक्ष महोदय, इसके साथ-साथ धर्मान्तरण के लिए जिस प्रकार के छल-कपट के आयोजन किये जाते हैं, यहां उनकी घोर निन्दा की जाए, क्योंकि वे भी साम्प्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने का एक कारण बनते हैं। मैं यहां एक बात कहूंगी कि पश्चिम बंगाल के लोग गांधी जी को मानते हैं, स्वामी विवेकानन्द जी को मानते हैं, लेकिन अगर मैं स्वामी विवेकानन्द जी की एक उक्ति कहूंगी तो ये लोग एकदम हल्ला कर देंगे। स्वामी विवेकानन्द ने अपने हाथ से रामकृण मिशन का संविधान लिखा है। चूंकि वह संविधान यहां मौजूद नहीं है, लेकिन मैं आपको वचन देती हूं कि तीन दिन के अंदर मैं वह संविधान सदन के पटल पर रखूंगी और अगर वह गलत निकला तो जो सजा आप मुझे देंगे वह मैं स्वीकार करूंगी। स्वामी विवेकानन्द ने रामकृण मिशन के संविधान को अपने हाथ से लिखा है। उसमें उन्होंने लिखा है कि हिन्दुस्तान में जब एक व्यक्ति अपना धर्म बदलता है तो वह धर्म नहीं बदलता है, बल्कि देश का एक दुश्मन तैयार हो जाता है। इसलिए छल-कपट के द्वारा किये जाने वाले धर्मान्तरण के ऊपर रोक लगे। वोट बैंक की राजनीति की यहां

निन्दा हो। उदारवादी मुस्लिम नेतृत्व को राजनीतिक दल हर तरह से प्रोत्साहन दें। इसी तरह से यदि कोई स्वेच्छा से धर्म बदले तो बदल ले, लेकिन छल-कपट के द्वारा रोटी और नौकरी के लालच में जो धर्मान्तरण होते हैं, उनकी यहां निन्दा हो और उनकी रोकथाम हो। आप लोगों ने मुस्लिम नेतृत्व को ऐसा बनाकर रखा है, जैसे सर्कस में जो शेर रखते हैं, उसे इतना खिलाते हैं कि वह मर न जाए। लेकिन इतना नहीं खिलाते कि वह झपट पड़े। उसे चाबुक के इशारे पर उठाते-बैठाते रहते हैं। आपने इनकी यही हालत कर दी। यहां बैठा है 32 साल की उम्र का हमारा कैबिनेट मिनिस्टर, यह है भारतीय जनता पार्टी का असली चरित्र।

उपाध्यक्ष महोदय, अंत में मैं इस प्रस्ताव का विरोध करती हूं और कहना चाहती हूं कि असली समस्या की जड़ में जाया जाए और उसका निदान करने का संकल्प हम सभी लें। गुजरात की सरकार अर्थक्वेक को फेस कर रही थी, अब वह दंगे को फेस कर रही है। गुजरात सरकार ने बहुत एक्सीलैन्ट काम किया है। जिस प्रकार से तमाम जगहों पर उन्होंने कार्रवाई की उसकी यहां प्रशंसा करनी चाहिए और इस अवसर का लाभ उठाकर समस्या की जड़ का निदान करना चाहिए।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं संस्कृत की दो पंक्तियों की प्रार्थना बोलते हुए अपनी बात खत्म करती हूँ।

" सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः

सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चित् दुःख भाग्भवेत्।"

सभी को सुख मिले, सभी आनन्दमय रहें, सभी को शांति मिले, सभी को संरक्षण मिले, सभी को न्याय मिले।

14.00 hrs

SHRIMATI SONIA GANDHI (AMETHI): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I thank you for allowing this substantive Motion under Rule 184.

Gujarat's tragedy is a national calamity. It is a challenge to our collective conscience. It has called into question the commitment of the ruling political establishment in Delhi and Gandhi Nagar to the letter and spirit of the Constitution. It has had profound implications for the international image of our country. We wanted this discussion because this is a moral issue of paramount importance for us. … (*Interruptions*) Secularism,

which is the very foundation of Indian nationhood, is at stake. India's composite heritage is under attack. This is a defining moment for all of us in public life.

Sir, Gujarat burns and bleeds. It continues to burn and bleed. Contrary to claims being made, violence continues unabated. Governance has collapsed in the State and the State Government stands severely indicted by statutory bodies like the National Human Rights Commission, National Minorities Commission as well as by a number of citizens' groups, citizens' organisations and fact-finding teams. Both the Commissions have concluded that the State Government was guilty not only of incompetence, but of deliberate connivance.

The Human Rights Commission recommended inquiries by the C.B.I. The Minorities Commission recommended an inquiry by a sitting Supreme Court Judge. Both these recommendations have been contemptuously dismissed by the State Government and the Central Government. Instead, the Chief Minister is using an inquiry by a handpicked retired judge to block all investigations into the vicious violations of human rights in the State. This brazen defiance of all constitutional norms was what prompted us to recommend, to demand the removal of the Chief Minister, a demand that has been supported not just by us here in the Opposition, but also by some coalition partners of the N.D.A. itself as well as by large segments of those who have been supporting it. Perhaps, some of them have been misled so far by the mask worn by the B.J.P. leadership. It seems, however, that some of them have suddenly seen the light yesterday.

Sir, ordinary citizens belonging to all communities continue to live in fear, terror and insecurity. Business and trade have come to a standstill. The unorganised sector, which provides the bulk of the employment, has been badly affected. Confidence in the civil and police administration has been completely destroyed.

A delegation of women living from in camps Ahmedabad, Gandhi Nagar and Mehsana had just met me on Saturday. I believe they met many of our colleagues in the Opposition as well as the President.

They related to me the horrors they experienced as well as the most miserable condition in the camps, the continuing neglect and the all-pervasive fear that engulfs them.

The six-member women's fact-finding team that went to Gujarat has met many of us. I listened in horror to what they had to say about large-scale rape and molestation. Many of the victims have been killed, have been burnt after being raped. Nothing can be more heart-rending than the words of Medina Mustafa, mother of one of the victims who witnessed her daughter being raped and dismembered. I quote from *The Hindustan Times* of 18th April where that mother recounts her experience:

> "On Sunday afternoon, March 3, the hut we were hiding in was attacked. We ran in different directions and hid in the field. But the mob found some of us…"
>
> Here the mother speaks:
>
> "I could hear my family shouting for mercy as they were attacked. I recognised two people from my village – Gano Baria and Sunil – pulling away my daughter Shabana. She screamed, telling the men to get off her… The screams and cries of Ruqaiya, Suhana, Shabana, begging for their *izzat* could clearly be heard. My mind was seething with fear and fury. I could do nothing to help my daughter from being assaulted sexually and tortured to death…
>
> My daughter was like a flower, still to experience life. Why did they have to do this to her? What kind of men are these? The monsters tore my beloved daughter to pieces. After a while, the mob was saying, "Cut them to pieces, leave no evidence." I saw fires being lit…"

… (*Interruptions*)

श्री दिलीप संघाणी (अमरेली) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरा पाइंट ऑफ आर्डर है कि माननीय नेता प्र ातिपक्ष सदन में अखबार नहीं पढ़ सकती हैं।… (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: She is quoting from a newspaper.

… (*Interruptions*)

SHRIMATI SONIA GANDHI : Yet, to this very day, I am told, there is only one FIR lodged in all of Gujarat on a complaint of rape. … (*Interruptions*)

Here we have another report carried in a very prominent daily, *The Times of India* of 19^{th} April. In this news, we have the story of a brave and courageous woman, a woman whose actions epitomised all the noble values we cherish. At least we all here cherish. It is the story of Geetaben who was killed mercilessly by *Sangh Parivar* mobs in Ahmedabad on 25^{th} March for saving her Muslim friend. Her murder was meant to convey a message – a message of segregation, a message of separatism.

How long must the agony of Gujarat continue? The people of Gujarat want a return to peace. They want to return to amity and understanding. Gujarat, as we all know, is a society that has seen the intermingling of different religions. Gujarat has produced great social reformers and political leaders. How can we ever forget that Gujarat is the land of Mahatma? Gujarat has produced India's most high-minded civic groups. For long, Gujarat has shown the way to the rest of India. We want to see that glorious Gujarat again. We want to see Gujarat moving forward again with dignity, pride and in harmony. But the tragic events of the past two months have cast a long shadow.

The Government in Delhi has looked on as a passive spectator while a blatantly partisan Chief Minister besmirched the fair name of Gujarat. Even the sacred *dharti* of Sabarmati Ashram was not spared. A peaceful meeting was disrupted by *Sangh Parivar* activists and by some members of the police. Media persons too were brutally attacked.

Mr. Deputy-Speaker, Sir, I am grateful to you for your observation on behalf of the entire House expressing shock and anguish at this incident in Sabarmati Ashtram. The clinching evidence of the State Government's partisan policies came in the form of large scale transfer of police and civil

administration officers who have tried to fulfil their constitutional duties in a professional and impartial way.

All the time when the efforts of the Government should have been focused exclusively on law and order and on relief and rehabilitation, we heard the Central and State Governments threaten to dissolve the *Vidhan Sabha* and hold elections. This threat was an insult to our democracy and to our Constitution. It was a cynical move at a time when people were being killed. Let not the BJP think for a single moment that we are afraid of election. We are not. We will face the election whenever it is held with a clear conscience, confident that the people of Gujarat will send a resounding message to those who are trying to destroy our secular legacy.

Sir, the Prime Minister's shifting statements have shocked us all. One day he offers sympathy. The next day he condemns the whole community. One day he pleads for tolerance. The next day he plays on divisive prejudices. When the Prime Minister himself engages in such doublespeak, what can the nation expect of this Government? In Gujarat, the Prime Minister, at the Shah-e-alam camp said: "My only message to the Chief Minister is to follow r*ajdharma*. This word has a great meaning. A ruler should not discriminate among his subjects on the basis of religion or community." Wonderful words. The victims of the violence might have perhaps felt reassured by such words coming from the Prime Minister.

But just a few days later, in Goa, the Prime Minister has said:

> " जहां-जहां मुसलमान हैं, वे मिलकर नहीं रहना चाहते, उनके साथ घुलना-मिलना नहीं चाहते और शांतिपूर्ण ढंग से अपना प्रचार करने की बजाय आतंक से, भय से और डरा-धमका कर अपने मत का प्रचार करना चाहते हैं। "

Need anything more be added to these words?

Sir, we must consider ourselves fortunate that in recent weeks, the disturbances were confined to Gujarat only. That is because an overwhelming number of people are secular and that is because an overwhelming number of people reject the politics of hate and communal divide.

Sir, I think, it is now time to look ahead. It is now time to rebuild Gujarat, to rediscover and regenerate its well-springs of tolerance and accommodation.

There are a large number of people in Gujarat who have stood out in recent weeks. When actually the Government has collapsed, it is they who have mobilised relief and provided help to the victims. That gave us a great deal of hope. Civil society in Gujarat must be encouraged and pro-actively supported in its effort to restore normalcy.

NGOs, Citizen and Social Action Groups, Womens' Organizations and Gandhian Associations must all be mobilized systematically to bring Gujarat back on the path of harmony. This, of course, also needs the support of the State.

Last year when a different tragedy struck Gujarat, the whole nation responded generously. Indeed assistance came, not just from the whole nation, it came from all over the world. This time too, I believe, it is still not too late for all of us to mount a national effort to collect relief for the victims.

Sir, the nation cannot forget what has been perpetrated in Gujarat, what has been engineered in Gujarat. We must now, at least, ensure that the catastrophe that overtook us will not take place again either in Gujarat or elsewhere in our country. Let us not look at Gujarat from the point of view of this community or that community, from the point of view of this faith or that faith. We have to look at the carnage in Godhra, the carnage in Ahmedabad, Vadodara, Sabarkantha, Mehsana, Rajkot and other parts of the State as an assault on human freedom, as an attack on fundamental human values, as a subversion of the very essence of our culture and as a rejection of the very character of our civilization.

Mr. Deputy-Speaker, Sir, let us, once and for all, put an end to this propaganda that the barbarous Godhra incident was not condemned forcefully on time. Shri Mulayam Singh Yadav also referred to the same issue. I was the first one to condemn the terrible Godhra tragedy in the strongest possible terms on the very day it happened on the evening of the

27^{th}. This technique, which is a deliberate technique, of repeating a falsehood so that it eventually passes off as a truth is a favourite tactic of the RSS, of the *Sangh Parivar* reminiscent of obnoxious times in Germany.

Even the Prime Minister, I have to say, has recently remarked:

> "The incidents in Gujarat could have been pre-empted had Parliament condemned the Godhra carnage. "

Now I wonder what prevented the Prime Minister as the Leader of the country, the Leader of this House from taking the lead in this matter. It is regrettable that the Prime Minister should project this failure of his as Parliament's dereliction.

India's image has been tarnished the world over. We have never had to face such an embarrassment before. But our democracy is strong and resilient. Our institutions are committed to the Constitution. Our media is vigilant. I am confident that the basic human rights of all individuals and communities will continue to be zealously safeguarded from the assaults of the type we have witnessed in Gujarat. We must now move from polarisation to reconciliation. We must move from discord to dialogue. We must move from a bigoted interpretation of our past to realising our shared future.

Sir, the State Government has betrayed the people of Gujarat. The Central Government has failed the people of India. The State Government, aided and abetted by its patrons in Delhi, has destroyed the very fabric of Gujarat society. It has grievously, but grievously wounded the very soul of Gujarat.

Today, we condemn them. In doing so, we uphold the ideals of our founding fathers. In doing so, we affirm our commitment to preserve and protect our secular heritage. In doing so, we express our resolve to confront and combat those who mock at the Constitution and trample on all values that we hold dear.

Mr. Deputy Speaker, Sir, today, I appeal to the nobler instincts of the Prime Minister. I appeal to him to rise above his party affiliation and respond to his responsibilities and obligations to the people of India, irrespective of religion and faith. It is still not too late. The situation could still be redeemed. Put the Gujarat Government on notice under article 355 of the Constitution for having failed to control internal disturbance and for having failed to ensure that the Government is carried on in accordance with the provisions of the Constitution. Bring the guilty to book immediately and quickly. Restore law and order firmly. Ensure that full relief and rehabilitation measures are extended to all the affected families without delay, Remove the Chief Minister, who, by deliberate design, is failing to fulfil his constitutional duties. Appoint a sitting Supreme Court Judge to ascertain the whole truth within the next three months and implement all the recommendations of the National Human Rights Commission immediately. Until these steps are taken, we will continue to present to people through Parliament and directly, with all the emphasis at our command, the insidious agenda of the BJP and its Governments and the grave threat such an agenda poses to our nation.

Today, from this House, we send a message to the people of Gujarat. The nation has looked to you, the people of Gujarat, for leadership in the past. Show us the way once again so that we are all able to once again hold our heads high and re-assert our natural claim to being a beacon of respecting and celebrating diversity.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE (BOLPUR): Mr. Deputy-Speaker, Sir, when I was listening to the speech of the hon. Member who first spoke on behalf of the BJP, I was wondering whether I was sitting in the Parliament of India because of the way poison was spread here.

Naturally, one would ask the question whether this NDA combination has finally given up even the pretence of a commitment to secularism. I must protest against the misuse of this great hall where the Parliament of India sits and the ugly manifestation of the real intentions of the Hindutva brigade that we found has clearly shown what the real agenda of this Government is. I appeal to everybody and all sections of this House. Is this the way the country should proceed? Maybe, there is a temporary majority

in favour of the ruling alliance. I hope, some of the allies would think it over now. Whether you like it or not, you have to answer to history.

I wanted to begin my submissions by complimenting Shri Ram Vilas Paswan on his severance of ties with this weird combination of opportunistic elements.

He has shown his commitment to the basic values of Indian democracy and secularism. I wish him a long career in the service of the country in the true spirit of our Constitution.

> "A paper or document to be laid on the Table shall be duly authenticated by the member presenting it. "

अभी वह पढ़ रहे हैं, उसके बाद वह दस्तखत करके जमा कर देंगे।

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल (कानपुर) : यह ऑथेन्टीकेट करने के लिए तैयार हैं, लेकिन कौन शंकराचार्य जी फ्रॉड हैं, रीता वर्मा जी से पूछ लीजिए, वह जरा सदन में नाम तो बतायें। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप आसन ग्रहण कीजिए। अभी केवल एक सदस्य खड़े हों। बाकी बैठ जाएं।

श्री विजय गोयल : सदन की मर्यादा के लिए जैसा उन्होंने ऑथेन्टीकेट करने के लिए कहा, वह डॉकूमैन्ट पढ़ चुके हैं, जिसे उन्होंने सीक्रेट डॉकूमैन्ट कहा, जिसे आपने कहा कि पढ़ने के बाद वह ऑथेन्टीकेट कर देंगे। अब उन्होंने पढ़ लिया है। अब उसे ऑथेन्टीकेट करवा दीजिए।

सभापति महोदय : ऑथेन्टीकेट का मतलब यह नहीं है, हम भााण को बीच में रोककर सदन में नहीं रखवा सकते। क्या ऐसा कभी हुआ है। आप नई परिपाटी शुरू करना चाहते हैं। अगर कोई सदस्य सदन में रेफरेन्स देता है, वह आदमी अभी खड़ा है।

श्री प्रमोद महाजन : आप बाद में ऑथेन्टीकेट करा दीजिए।

SHRI PRAVIN RASHTRAPAL : Mr. Chairman, Sir, the Union Home Minister is elected from Gujarat. The Union Minister of Law and Justice is a Member of Rajya Sabha from Gujarat.

I want to invite their attention to article 21, article 25, article 26, article 29, article 40, article 355 and the Preamble to the Indian Constitution. I am prepared to authenticate it. According to me, the BJP Government in Gujarat and the BJP Government in the country have violated all the articles quoted by me. As a result, I demand that action should be taken against all those who have killed innocent people, those who have raped innocent women, those who have looted the properties of Muslims, those who have raped pregnant women and those who have killed mothers in the presence of their daughters… (*Interruptions*)

श्री अनंत गंगाराम गीते : सभापति जी, जो डॉक्यूमेंट इन्होंने पढ़ा, उसको ऑथेन्टिकेट करने के लिए कहें।

सभापति महोदय : संविधान को ऑथेन्टिकेट करने की ज़रूरत नहीं है। संविधान तो इतिहास से ही ऑथेन्टिकेटेड है।

राट्रपाल जी, अब आप समाप्त कीजिए।

SHRI PRAVIN RASHTRAPAL : Sir, right now 1,50,000 people are residing in various camps. Let me talk about my constituency. In my own constituency, the villagers from village Chanesna have gone to another village. The villagers from village Unjha have gone to another place. The villagers from village Maktupur have gone to another place. Two months are over.

The Chief Minister of Andhra Pradesh has offered 300 acres of land. Yes, it came in the newspapers. He has offered this land for rehabilitation.

सभापति महोदय : श्री राट्रपाल, अब आप कनक्लूड करें।

SHRI PRAVIN RASHTRAPAL : It has come in the newspapers.

SHRI K. YERRANNAIDU : Sir, I want to clarify. The newspapers reported like that, but we never offered and we have not discussed anything like that. It came in the newspapers. That is correct.

SHRI PRAVIN RASHTRAPAL : I allow it to withdraw. It is all right. But day before yesterday, the hon. Prime Minister had sent a cheque of Rs.2 crore to the Indian Red Cross Society and not to the Government of Gujarat. It means the Prime Minister has no faith in the Government of Gujarat. What is paid in the camp is only Rs.12 and 47 paise. All the people who stay in the relief camps are treated as people below the poverty line and relief is not being given. I want to know from the hon. Home Minister when these 1,50,000 people will be rehabilitated.

सभापति महोदय : अब आप समाप्त कीजिए।

SHRI PRAVIN RASHTRAPAL : Let there be a time-table. I want that they should be rehabilitated before monsoon starts. The rehabilitation should be completed before monsoon.

About election, a survey was conducted by the present Chief Minister with *Sangh Parivar,* as to whether it will be advisable to go in for election or not. A survey was conducted. After collecting it from Gujarat, I will produce that form which was circulated by the Party. A survey was conducted. They want to utilise this opportunity.

It proves that it is not the NDA's agenda in Gujarat, but it is the *Sangh Parivar's* agenda under which Gujarat is suffering. I am a Member of Parliament from Gujarat. I demand that the State Government should be

removed under article 356 and President Rule should be imposed in Gujarat.

रक्षा मंत्री (श्री जार्ज फर्नान्डीज़) : सभापति जी, इस प्रस्ताव कुछ बोलने से पहले, हमारे माननीय सदस्य और मित्र, भूतपूर्व प्रधान मंत्री चंद्रशेखर जी ने यहां पर रोशनी को लेकर जो बातें कहीं, उनके बारे में कुछ सफाई देना ज़रूरी है।

सभापति जी, 28 तारीख को शांति यात्रा जहां समाप्त हुई, वहां हम कुछ लोग एक मंच से बोल रहे थे। तब वहां मैंने यह बात जो लोग जमे हुए बैठे थे और काफी लोग थे, उनको संबोधित करते हुए कही कि यह वह गुजरात है जहां कुछ दशक पहले नौजवानों ने एक आन्दोलन चलाया। उस आन्दोलन के बारे में बाबू जयप्रकाश नारायण देश भर में बार-बार कहते रहे कि मैं अंधेरे में था, गुजरात के नौजवानों ने मुझे रोशनी दिखाई। जो नौजवान उस जमाने में नौजवान थे, वे अब मध्यम वय के हो गए हैं, लेकिन जो नौजवान आज यहां बैठे हैं या खड़े हैं, उन सबसे मेरी यह प्र ार्थना है कि जो स्थिति आज गुजरात में है, उसमें सुधार लाने के लिए आप लोग अपना योगदान दीजिए और जो वयस्क या मध्यम आयु के भी हो गए हैं, उनसे भी मेरी यही प्रार्थना है कि वे भी अपना योगदान दें। इस प्रकार जो रोशनी की बात थी, वह यहां समाप्त हो गई। इससे आगे वह नहीं गई थी, लेकिन आपने जो कहा, अखबारों में जो आया, शायद उसके आधार पर कहा। इसलिए हमारे शब्द कहां तक पहुंचा दिए गए, इसे आप, सदन और सारा देश समझता है।

सभापति महोदय, मैं दूसरी सफाई देना चाहता हूं उनके बारे में जो हमारे बहुत ही घनिठ मित्र हैं, इस सदन के वरिठ माननीय सदस्य हैं, वे हैं शरद पवार जी। उनके द्वारा कही हुई एक बात है उसकी सफाई करना चाहता हूं। आपने कहा चिमनभाई पटेल बहुत मजबूत मुख्य मंत्री थे। बात सही है। वे इतने मजबूत थे कि जब आगे इमर्जेंसी आई और हम गुजरात में भूमिगत होकर रहे थे, ते वे हमें अपनी गाड़ी पर घुमाते थे। वे इतने मजबूत थे। शायद साधारण आदमी भी इतनी हिम्मत नहीं करता कांग्रेस के रहते हुए। आपने यह कहा कि उस समय गुजरात में भारी दंगा-फसाद हुआ था और इंदिरा गांधी ने चिमनभाई पटेल को हटा दिया। मैं बताना चाहता हूं कि हकीकत कुछ और है। मैंने जो पहली बात कही, चन्द्रशेखर जी द्वारा कही गई बात को लेकर कि वह आन्दोलन चल रहा था। वहां सरकार गोलियां चला रही थी और वह आन्दोलन भ्रटाचार के खिलाफ था, युवजनों की जो समस्याएं थीं, स्कूल और कॉलेज में पढ़ने वाले की जो समस्याएं थीं, उनके बारे में उनका आंदोलन चल रहा था और 100 से ज्यादा और 200 से कम युवाओं की जाने उस आन्दोलन में गईं। मुझे आंकड़ा भी इस समय ठीक से याद नहीं है। …(व्यवधान) हां, आपने ठीक बताया 120 नौजवान सड़कों, स्कूल, कॉलेजों के आंगन में, रेलवे की पटरी पर, कांग्रेस सरकार की पुलिस की गोली खाकर मर चुके थे। तब मोरारजी देसाई ने दिल्ली में आमरण अनशन शुरू कर दिया और

एक ऐसा समय आया जब हम लोगों को लगा कि अब मोरारजीभाई देसाई जा रहे हैं और यह बात जब श्रीमती इंदिरा गांधी को स्पट हो गई, तब चिमनभाई पटेल को हटाने का काम इंदिरा गांधी ने किया था। वह दंगा नहीं था जिसके बारे में आपने इशारा किया।

सभापति महोदय, मैं तीसरी बात कहना चाहता हूं अपने पुराने कॉमरेड़ राट्रपाल जी से। मैं इतना ही कहना चाहता हूं। ... (व्यवधान)

श्री कांतिलाल भूरिया : सभापति महोदय, माननीय मंत्री जी, पुरानी बातों का जवाब दे रहे हैं। गुजरात अभी भी जल रहा है। ... (व्यवधान)

सभापति महोदय : आप आसन ग्रहण करें। यह ठीक नहीं है।

...(व्यवधान)

सरदार बूटा सिंह : सभापति जी, जॉर्ज साहब ने जो कहा, वह सही नहीं है। मैं यह कहना चाहता हूं कि मोरारजी भाई का अनशन गुजरात सरकार को गिराकर इलैक्शन कराने का था। ... (व्यवधान)

सरदार बूटा सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, यह सारी बातें गलत बोल रहे हैं। हाउस को मिसलीड कर रहे हैं। मोरारजी भाई ने इलेक्शन करवाने के लिए ऐसा किया था। ...(व्यवधान) मोरारजी भाई को जनता पार्टी में किसने लिया था ? ... (व्यवधान)

सभापति महोदय : आप अपने भााण में बोलिये।

...(व्यवधान)

श्री जार्ज फर्नान्डीज : अभी कामरेड राट्रपाल ने हमसे एक सवाल पूछा कि गुजरात में जब आप रक्षा मंत्री की हैसियत से गये तब आपको किसी ने पत्थर मारा था। उन्होंने हमें रेल हड्ताल के बारे में भी याद दिलाया। मेरा पूरा विश्वास है कि रेल हड़ताल के दिनों में उन्होंने भी पत्थर खाये होंगे क्योंकि बहुत लोगों को पत्थर खाने पड़े थे बल्कि बहुत कुछ खाना पड़ा था। हमने अपने जीवन में बहुत ही पत्थर खाये हैं। केवल पत्थर ही नहीं खाये बल्कि लाठियां भी खाई हैं। इन हाथों में हथकड़ियां भी रही हैं और जंजीर से बांधकर हमको ले जाने का काम भी किया गया है। हम तो अनेक अनुभवों से गुजरे हुए आदमी हैं। इसलिए हमें यह जो अनुभव गुजरात या अहमदाबाद में हुआ है, उसे हम हमेशा की तरह जीवन के अनुभव के आधार पर मानते हैं। इससे हमको किसी तरह की कोई परेशानी नहीं है। कामरेड राट्रपाल ने अपने भााण के दौरान एक बात और कही कि

मंडल कमीशन की रिपोर्ट नहीं बल्कि प्रमोशन आदि को लेकर जो पिछड़े वर्ग के लोग हैं ... (व्यवधान)

SHRI MADHUSUDAN MISTRY : Under what rule is he clarifying?

SHRI GEORGE FERNANDES: I am clarifying because statements have been made here. … (*Interruptions*)

श्री जार्ज फर्नान्डीज : आप इतनी गुलामी मत कीजिए। आप बैठ जाइये।

सभापति महोदय : आप उनको भााण करने दीजिए।

...(व्यवधान)

श्री जार्ज फर्नान्डीज : सब लोग हमारा जवाब लेकर रहोगे। अगर यहां पर कोई बोलकर जाता है तो उसके बाद बोलते हुए हम उस संबंध में जरूर सफाई देंगे। उन्हें चिंता थी कि गुजरात में जो हरिजन हैं, बैकवड्र्स हैं, उनके लिए जो न्याय मिलना चाहिए, वह नहीं मिलता था।

श्री मधुसूदन मिस्त्री : आज भी नहीं मिलता है। ... (व्यवधान) मेरी कांस्टीट्एंसी में आज भी ऐसा है। ... (व्यवधान)

श्री जार्ज फर्नाडीज : ठीक है। हमने मान लिया। हम उसे नकारते नहीं हैं। ...(व्यवधान)

आप क्यों चिल्ला रहे हो ? हम इसे नकारते नहीं हैं। ... (व्यवधान) हम उनको इतना ही बताना चाहते हैं कि काका कालेलकर कमीशन की रिपोर्ट 25 साल तक धूल खाती रही। उसको बाहर नहीं लाया गया। आप इस बात को याद रखिये। ...(व्यवधान) पंडित नेहरू द्वारा काका कालेलकर कमीशन बनाया गया जो पिछड़ों को न्याय देने के लिए बना था, उसकी रिपोर्ट कांग्रेस की सरकार के जमाने में धूल खाती रही। ... (व्यवधान) बहुत महत्वपूर्ण है, इसको आप नहीं समझ पायेंगी। आपकी समझ में नहीं आयेगा इसलिए आप क्यों परेशान होती हैं। ...(व्यवधान)

श्री प्रवीण राट्रपाल : बी.जे.पी. सरकार ने साबित कर दिया है। ... (व्यवधान)

सभापति महोदय : आप आसन ग्रहण कीजिए।

...(व्यवधान)

श्री कांतिलाल भूरिया : उपाध्यक्ष महोदय, आज तक वहां दंगे भड़क रहे हैं। वहां मार-काट जारी है। ...(व्यवधान) आप गुजरात के बारे में तो कुछ बोलिये। ... (व्यवधान)

श्री जार्ज फर्नान्डीज : आप ख्वाहमख्वाह बोलते हो। हमको चिल्लाकर आप डरा नहीं सकते। आप सब लोग यहां पर गुजरात पर बोल चुके हैं। बहुत सारे भााण गुजरात के इश्यू पर हो चुके हैं। ... (व्यवधान)

सभापति महोदय : आप आसन ग्रहण कीजिए।

...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप टोका-टाकी मत करिये।

...(व्यवधान)

श्री जार्ज फर्नान्डीज : हम तो पूरी दुनिया को देखना जानते हैं। आप क्या बात करते हैं ? ... (व्यवधान) सभापति जी, हमको यहां पर अपनी बात कहने के लिए संरक्षण मिलना चाहिए। ... (व्यवधान)

श्री कांतिलाल भूरिया : उपाध्यक्ष महोदय, यह क्या तमाशा है ? ... (व्यवधान)

हम यहां गुजरात पर चर्चा के लिए बैठे हैं या पुराने इतिहास को दोहराने के लिए बैठे हैं ?...(व्यवधान)

गुजरात के हालात पर चर्चा होनी चाहिए। ... (व्यवधान)

श्री नरेश पुगलिया (चन्द्रपुर) : आप लोग 25 साल पहले की बात कर रहे हैं। गुजरात पर बोलिए। ...(व्यवधान)

श्री कांतिलाल भूरिया : जिस विाय पर चर्चा हो रही है, उस विाय को नकारा जा रहा है। ...(व्यवधान) जब-जब श्री फर्नान्डीज गुजरात गए, वहां दंगा हुआ है।... (व्यवधान)

सभापति महोदय : आप आसन ग्रहण कीजिए। ...(व्यवधान)

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल : तीन-चार केन्द्रीय मंत्री गए।... (व्यवधान) वहां 300 आदमियों की मीटिंग थी।... (व्यवधान)

सभापति महोदय : बीच में बाधा डालना उचित नहीं है।

... (व्यवधान)

श्री कांतिलाल भूरिया : वहां लोगों के मकान फूंके गए और उनको पत्थरों से मारा गया। ...(व्यवधान)

श्री जार्ज फर्नान्डीज़ : सभापति महोदय, आप मुझे संरक्षण दीजिए या मुझे कहिए तो मैं बैठ जाऊं।...(व्यवधान)

श्री कांतिलाल भूरिया : वहां लोगों के हाथ बांध कर काटे गए।... (व्यवधान)

सभापति महोदय : आप बार-बार बाधा खड़ी कर रहे हैं।

... (व्यवधान)

सभापति महोदय : भूरिया जी, आसन ग्रहण कीजिए।

... (व्यवधान)

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल : सभापति महोदय, आप प्रधान मंत्री जी से कहिए कि तहलका के दोि-ायों से कोई क्लैरीफिकेशन न दिलवाएं, किसी और मंत्री से दिलवाएं।... (व्यवधान)

सभापति महोदय : श्री जार्ज फर्नान्डीज़ के अलावा किसी और सदस्य की बात रिकार्ड में नहीं जाएगी।

...(व्यवधान)... *

सभापति महोदय : आप भााण कर चुके हैं। राट्रपाल जी, आप आसन ग्रहण कीजिए।

... (व्यवधान)

श्री जार्ज फर्नान्डीज़ : सभापति जी, मेरी आपसे प्रार्थना है कि जो सदन के नियम हैं, उनके मुताबिक सदन को चलाने की कृपा करें। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : बैठिए। टोका-टाकी मत कीजिए।

... (व्यवधान)

श्री जार्ज फर्नान्डीज़ : मैं सारा भ्रटाचार खोलना जानता हूं, हरेक का भ्रटाचार खोलना जानता हूं। …(व्यवधान) सभापति जी, मुझे बोलने का मौका मिलेगा या नहीं मिलेगा। सदन में नियम रहेंगे या नहीं रहेंगे।… (व्यवधान) मैं इस प्रस्ताव का विरोध करने के लिए यहां खड़ा हुआ हूं। …(व्यवधान) जब वोट होगा तो आपको मालूम हो जाएगा। मैं इसलिए इसका विरोध कर रहा हूं क्योंकि जिस समस्या पर आज यहां बहस हो रही है, उससे इस प्रस्ताव का कोई मतलब नहीं है। मेरी मान्यता है कि अगर केन्द्र और राज्य सरकारों ने, चूंकि प्रस्ताव में केवल गुजरात सरकार की बात नहीं है बल्कि देशभर के प्रदेशों की सरकारों की भी चर्चा है, अगर केन्द्र और राज्य सरकारों में मिल कर यह क्षमता होती कि जहां कहीं दंगा होता है, चाहे वह साम्प्रदायिक हो या अन्य किसी किस्म का हो, उसे रोकने की, उसे न होने देने की अगर उनमें क्षमता होती तो पिछले पचास सालों में भारत में जो लगभग 15,000 इस प्रकार के फसाद और दंगे हुए हैं, वे नहीं होते।

*Not Recorded.

(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN (DR. RAGHUVANSH PRASAD SINGH): The hon. Minister is not yielding.

… (*Interruptions*)

सभापति महोदय : कृपया आसन ग्रहण करें।

… (व्यवधान)

SHRI MADHUSUDAN MISTRY : You are trying to shield him. …(*Interruptions*) Sir, he has no right to speak like that. … (*Interruptions*)

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल : सभापति जी, प्रधान जी से कहें कि किसी दूसरे मंत्री से स्पटीकरण दिलाएं। …(व्यवधान)

सभापति महोदय : मंत्री जी की बात के अलावा और कुछ रिकार्ड में नहीं जाएगा।

…(व्यवधान).. *

श्री जार्ज फर्नांडीज : आज का काम पूरा हो गया। आज की तनख्वाह पूरी हो गई, अब बैठ जाओ। सभापति जी, कितनी गम्भीरता है इस विाय पर, यह स्पट हो रहा है।… (व्यवधान)

सभापति महोदय : भााण के बीच में टोका-टाकी नहीं होनी चाहिए।

श्री जार्ज फर्नांडीज : इसलिए मैंने कहा को जो बहस हम यहां कर रहे हैं, जिस तरह से यह बहस चल रही है, इससे किसी प्रकार का कोई नतीजा निकल सकता है, जो समस्या को लेकर हम यहां बैठे हैं, मुझे उस पर विश्वास नहीं है। यह जो सारा रोना रोया जा रहा है एक-एक कहानी बताकर, जैसे यह कहानी पहली बार देश में हो रही है कि कहां मां को मारकर पेट से बच्चे को निकाला, कहां मां के सामने उसकी बेटी के साथ बलात्कार हुआ, किसको आग में जलाया गया। क्या यह सब पहली बार हो रहा है ? क्या 1984 में दिल्ली की सड़कों पर ऐसा नहीं हुआ था ? … (व्यवधान)

सभापति महोदय : कृपया शांति बनाए रखें।

… (व्यवधान)

*Not Recorded.

सभापति महोदय : कोई बात प्रोसिडिंग में नहीं जाएगी।

. ..(व्यवधान) *

कुमारी उमा भारती : आप में से भी फिर एक भी नहीं बोल पाएगा।… (व्यवधान)

सभापति महोदय : कृपया अपना-अपना स्थान ग्रहण करें। अभी 25 से ज्यादा सदस्य बोलने के लिए बाकी हैं और सदन की कार्यवाही में बैठे-बैठे अथवा खड़े होकर अन्य माननीय सदस्य बाधा डाल रहे हैं और बिना नियम के खड़े हो जाते हैं। कृपया बैठ जाइए। अपना आसन ग्रहण कीजिए।

… (व्यवधान)

श्री सुन्दर लाल तिवारी (रीवा) : मेरा एक निवेदन है। सभापति जी, सरकार की तरफ से जितने वक्तव्य आये हैं, सबमें अतीत की बातें की जा रही हैं। …(व्यवधान) जो कुछ गुजरात में हो रहा है, उसके बारे में नहीं बोल रहे हैं।… (व्यवधान)

सभापति महोदय : कोई बात प्रोसीडिंग में नही जाएगी।

…(व्यवधान)… *

सरदार बूटा सिंह : यह बलात्कारों और कत्लों की वकालत कर रहे हैं। जिन लोगों ने कत्ल किया, उनकी कहानियां कह रहे हैं। ये असत्य बोल रहे हैं। ...(व्यवधान) ऐसी असत्य बातें यहां पर नहीं होंगी। इनको रिकार्ड से कृपया बाहर निकाला जाये। ...(व्यवधान) गुजरात में जाते हैं तो वहां की शांति भंग करते हैं।... (व्यवधान)

सभापति महोदय : कोई बात प्रोसीडिंग में नहीं जाएगी।

. ..(व्यवधान). *

20.00 hrs.

... (व्यवधान)

सभापति महोदय (डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह): आसन ग्रहण कीजिए।

... (व्यवधान)

*Not Recorded.

श्री जार्ज फर्नान्डीज़ : सभापति जी, लगभग सभी वक्ताओं ने एक प्रश्न उठाया कि गुजरात में क्या हो रहा है। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप आसन ग्रहण कीजिए।

... (व्यवधान)

श्री जार्ज फर्नान्डीज़ : सभापति जी, जितने भी वक्ता बोले हैं, यह प्रश्न बार-बार उठाया गया कि गुजरात में क्या हो रहा है। ... (व्यवधान)

सभापति महोदय : किसी की कोई बात प्रोसीडिंग्स में नहीं जा रही है।

... (व्यवधान)

सभापति महोदय : आप अपनी-अपनी जगहों पर जाइए। कोई भी बात प्रोसीडिंग्स में नहीं जा रही है।

… (व्यवधान)

सभापति महोदय : प्रोसीडिग्स में कोई बात नहीं जा रही है। यह उचित नहीं है। श्री सुन्दर लाल तिवारी आसन ग्रहण करें। श्री भूरिया आसन ग्रहण करें। सदन की कार्यवाही को नियमानुसार चलने दें।

… (व्यवधान)

SHRI VAIKO : Sir, you tell Shri Dasmunsi also to resume his seat… (*Interruptions*)

सभापति महोदय : आप कृपया आसन ग्रहण कीजिए। सभी माननीय सदस्यगण कृपा कर आसन ग्रहण कीजिए। सदन की कार्यवाही में बाधा उचित नहीं है, सदन की कार्यवाही नियमानुसार चलने दें।

…(व्यवधान)

श्री प्रभुनाथ सिंह : सभापति महोदय, आप पहले इन्हें बैठाइए।

सभापति महोदय : कृपया आप सब अपना-अपना आसन ग्रहण कीजिए, अपनी-अपनी सीटों पर जाइए।

…(व्यवधान)

सभापति महोदय : कृपा कर सभी माननीय सदस्यगण अपना-अपना आसन ग्रहण करें।

… (व्यवधान)

सभापति महोदय : कृपा कर ऐसे सब माननीय सदस्य खड़े मत होइए, अपना-अपना स्थान ग्रहण कीजिए।

…(व्यवधान)

श्री जार्ज फर्नान्डीज़ : सभापति महोदय, मैं बहुत अफसोस के साथ एक बात कहना चाहता हूं, नेता विरोधी दल यहां बैठ कर यह जो सारा खेल करवा रही हैं, …(व्यवधान)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : sir, we strongly object this… (*Interruptions*) I strongly object to this remark… (*Interruptions*) The Minister should withdraw his remark… (*Interruptions*) I strongly object to this remark… (*Interruptions*) I strongly object to this remark of the Minister… (*Interruptions*)

सभापति महोदय : कृपा कर आप सब शांत हो जाइए और अपना-अपना आसन ग्रहण करिए।

20.08 hrs. (उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please resume your seats.

…(*Interruptions*)

श्री अनंत गंगाराम गीते : महोदय, इन्होंने सदन को मजाक बना कर रखा है।… (व्यवधान)

श्री प्रभुनाथ सिंह : महोदय, हमें एक आवश्यक सूचना देनी है।… (व्यवधान)

श्री अनंत गंगाराम गीते : महोदय, गुजरात पर चर्चा हो रही है और इन्हें गुजरात की चिन्ता नहीं है।

MR. DEPUTY-SPEAKER: I will hear you. Please resume your seat.

… (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, let him continue. Please resume your seats.

… (*Interruptions*)

श्री कांतिलाल भूरिया : ये विपक्ष के नेता पर आरोप लगा रहे हैं।… (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: One by one, please. Let me hear him.

… (*Interruptions*)

श्री प्रभुनाथ सिंह : उपाध्यक्ष जी, हमको एक सूचना देनी है। अभी-अभी न्यायालय ने सुब्रमण्यम स्वामी के मुकदमें पर एक भ्रटाचार का नोटिस विपक्ष की नेता माननीय सोनिया गांधी पर दिया है। … (व्यवधान) *

हम आपसे यह जानना चाहते हैं कि …(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : मिस्टर प्रभुनाथ जी, हमारे पास कुछ कागज नहीं है, मैं कैसे नोटिस लूं। …(व्यवधान)

श्री प्रभुनाथ सिंह : * ...

*Expunged as ordered by the Chair.

हम ये मांग करते हैं। …(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Let me hear what his submission is.

… (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: I heard him. Let me also hear the other side.

… (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: I heard Shri Prabhunath Singh. Let me also hear the other side.

… (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Prof. Vijay Kumar Malhotra, I heard him. Let me hear others also.

… (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: If you do not cooperate, I will adjourn the House. There is a limit!

… (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: He raised a matter concerning Shrimati Sonia Gandhi. The other Member wants to say something. Can I not hear him?

… (*Interruptions*)

श्री रघुनाथ झा : हम पहले जार्ज फर्नान्डीज जी को सुनेंगे, बाद में किसी को सुनेंगे। …(व्यवधान) सोनिया जी, सिखा-सिखा कर अपने लोगों को बुलवा रही हैं।… (व्यवधान)

श्री कीर्ति झा आज़ाद : यह तो संसद का मजाक हो रहा है। … (व्यवधान) हम पहले जार्ज फर्नान्डीज जी को सुनेंगे। पहले वे बोलेंगे, बाद में हम किसी को सुनेंगे।… (व्यवधान)

श्री जार्ज फर्नान्डीज़ : उपाध्यक्ष जी, सदन की एक गरिमा होती है और सदन में बीड़ी-सिगरेट-पान आदि नहीं खाये जाते हैं। यहां तो च्यूइंगम खाई जा रही है। यह तो सदन की गरिमा को गिराना है।

…(व्यवधान) उपाध्यक्ष महोदय, ये लोग सदन की गिरावट को दुनिया को दिखाना चाहते हैं …(व्यवधान) उपाध्यक्ष महोदय, आप और हम एक साथ इस सदन में आये थे, क्या ऐसा सदन चलता था या क्या इस तरह इस सदन को चलाया जाता था … (व्यवधान)

SHRI SHIVRAJ V. PATIL (LATUR): Sir, we want discussion on the motion.… (*Interruptions*)

We want voting. We do not want anything else to be discussed.… (*Interruptions*)

20.18 hrs. (डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह पीठासीन हुए)

श्री जॉर्ज फर्नान्डीज : सभापति महोदय, जब आप चेयर में थे, मै बोल रहा था… (व्यवधान)

मुझे आपका संरक्षण चाहिये। …(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप लोग सदन की कार्यवाही चलने दीजिये। आप सब लोग अपना अपना आसन ग्रहण कीजिये। सदन की कार्यवाही में बाधा उत्पन्न न की जाये।

श्री कांतिलाल भूरिया : सभापति महोदय, इन्होंने अभी आपत्तिजनक बातें कहीं हैं … (व्यवधान)

सभापति महोदय : यह आसन को अधिकार है कि आपत्तिजनक बातों को देख लिया जायेगा और उसे निकाल देंगे।

... (व्यवधान)

श्री जॉर्ज फर्नांडीज : सभापति जी, आप मुझे संरक्षण दीजिए।... (व्यवधान)

सभापति महोदय : आप लोग क्यों खड़ें हैं, आप लोग शांति रखिये।... (व्यवधान)

श्री कांतिलाल भूरिया : सर, यह इतने सीनियर मैम्बर हैं और इस तरह की बात करते हैं। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : कृपा करके आप आसन ग्रहण कीजिए। सदन की कार्रवाई में बाधा उचित नहीं है। ...(व्यवधान)

श्री सईदुज्जमा (मुजफ्फ़रनगर) : यह बात गैर-मुनासिब है... (व्यवधान)

श्री जॉर्ज फर्नांडीज : सर, मैं कह रहा था...(व्यवधान) सुबह से यहां जो चर्चा चल रही है, बार-बार यह प्रश्न पूछा जा रहा है कि गुजरात में क्या हुआ। गुजरात में वही हुआ जो पिछले लगभग 54 र्वा से चलता रहा है। पिछले 46 साल तक जब कांग्रेस पार्टी देश में राज कर रही थी और देश के अनेक प्रदेशों में राज कर रही थी, उस समय सारे देश में जो चलता रहा, वही आज गुजरात में चल रहा है, उससे भिन्न वहां कुछ नहीं चल रहा है। चूंकि एक नहीं अनेकों... (व्यवधान)

सभापति महोदय : कृपा करके आसन ग्रहण कीजिए।

श्री सुन्दर लाल तिवारी : सभापति जी, ऐसे नहीं चलेगा, मैं एक बात कहना चाहता हूं ...(व्यवधान)

श्री नरेश पुगलिया : ट्रेजरी बैंचिज से ऐसी अपेक्षा नहीं है...(व्यवधान)

श्री जॉर्ज फर्नांडीज : सभापति जी, अगर आपका संरक्षण मिले तो हम आगे बोलें।... (व्यवधान)

सभापति महोदय : आप लोग कृपा करके आसन ग्रहण कीजिए।

श्री नरेश पुगलिया : आपने जो कहा है पहले आप उसे वापस लीजिए... (व्यवधान)

श्री जॉर्ज फर्नांडीज : सभापति महोदय, मैं आपका संरक्षण चाहता हूं।

सभापति महोदय : कृपा करके आसन ग्रहण कीजिए। सदन की कार्रवाई में बाधा उचित नहीं है। …(व्यवधान)

श्री कांतिलाल भूरिया : इन्होंने सदन में प्रतिपक्ष की नेता पर आरोप लगाया है… (व्यवधान)

सभापति महोदय : आपत्तिजनक बात को रिकार्ड से निकाल दिया जायेगा। आसन पर टिप्पणी नहीं की जा सकती, आसन का ध्यान आकृट किया जा सकता है। इस पर निर्णय हुआ है कि आपत्तिजनक बात को ट्रेस करके रिकार्ड से हटा दिया जायेगा, आसन को इसका अधिकार है। आप लोग आसन ग्रहण करिये और सदन की कार्रवाई को चलने दीजिए।

सभापति महोदय : आप लोग शांत हो जाएं। अपना आसन ग्रहण करें।

…(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप आसन को कहिये, उधर नहीं कहिये। कोई एक माननीय सदस्य बोल सकते हैं, सभी सदस्य एक साथ न बोलें। कोई एक माननीय सदस्य अपनी बात कह सकते हैं। आप आसन का ध्यान आकृट कर सकते हैं। बाकी माननीय सदस्य अपना स्थान ग्रहण करें।

…(व्यवधान)

श्री प्रभुनाथ सिंह : आप मूर्ति को वापस मंगवाइए। वह देश की संपत्ति है। … (व्यवधान)

KUMARI UMA BHARATI: Sir, I am on a point of order under Rule 349.

Sir, Rule 349 (ix) says:

> " A Member shall not obstruct proceedings, hiss or interrupt and shall avoid making running commentaries when (another Member is speaking;) "

यह व्यवस्था का सवाल मैं उठा रही हूँ। इसलिए आप इनको बैठाइए और मुझे बोलने की अनुमति दीजिए। सभापति जी, क्या आप मेरे व्यवस्था के सवाल को एडमिट करते हैं? … (व्यवधान) आप बैठ जाइए, बहुत बुद्धिमान मत बनिए। …(व्यवधान) आप इसको पढ़िये। रूल 349 के तहत मैं व्य वस्था का प्रश्न उठा रही हूँ और उसको फिर पढ़ रही हूं।

> " A Member shall not obstruct proceedings, hiss or interrupt and shall avoid making running commentaries when (another Member is speaking;) "

सभापति महोदय : रूल यह है कि सभी सदस्य नियमों का पालन करेंगे।

कुमारी उमा भारती : सभापति जी, यह भारत का सर्वोच्च सदन है और नेता प्रतिपक्ष का जो बर्ताव है, वह सदन की गरिमा के प्रतिकूल है। *...

... (व्यवधान)

...(व्यवधान)

सभापति महोदय : कोई बात कार्यवाही में नहीं जा रही है इसलिए ऐसे खड़े होकर बोलना उचित नहीं है। नियम का पालन होना चाहिए। सभी माननीय सदस्यगण अपना आसन ग्रहण करें। शांतिपूर्वक ढंग से बहस चलाई जानी चाहिए। सदन की कार्यवाही में बाधा उचित नहीं है इसलिए सभी माननीय सदस्यगण सदन की कार्यवाही में बाधा न खड़ी करें। नियम और परिपाटी यह नहीं है। सब अपना-अपना आसन ग्रहण कीजिए। किसी की भी कोई बात प्रोसीडिंग्स में नहीं जा रही है इसलिए अनावश्यक परेशान होने की कोई आवश्यकता नहीं है। सब अपना-अपना आसन ग्रहण करें।

...(व्यवधान). **

*Expunged as ordered by the Chair.

**Not Recorded.

...(व्यवधान)

सभापति महोदय : ठीक है। कृपा करके आसन पर जाइए।

...(व्यवधान)

सभापति महोदय : श्रीमती रेणुका चौधरी जी, कृपा करके अपनी सीट पर जाएं।

...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप लोग अपनी सीट पर जाइए।

…(व्यवधान)

20.38 hrs. (Mr. Deputy speaker in the Chair)

उपाध्यक्ष महोदय : शान्त रहिए।

…(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Order, please.

… (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: I had a bit of discussion with our leaders here. We have to conclude this debate by 10.30 p.m. latest today and not tomorrow. Tomorrow is 1st May, which is Labours Day.

We have also discussed that whatever has gone on record which is irrelevant, which is not conducive to remain on record, will be reviewed and expunged.

Now, Shri George Fernandes to continue.

… (*Interruptions*)

… (व्यवधान)

श्री प्रभुनाथ सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, अभी आपने इनको बोलने के लिए बुलाया, तो ये फिर व्य वधान कर रहे हैं।

उपाध्यक्ष महोदय : प्रभुनाथ जी, आप बैठें।

SHRI SHIVRAJ V. PATIL : Mr. Deputy-Speaker Sir, we will abide by your ruling. Anything which is not relevant to the debate, anything which has been alleged against us should not go on record, if you think that it cannot go on record.

The second point that I would humbly like to submit is that this debate relates to Gujarat. This debate does not relate to many other things. If

references are made to other things – of course, references will be made to some other things also – this debate will become infructuous and pointless. Therefore, may I request that the debate should relate to only Gujarat and not to the past history?… (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: We have to finish the debate by 10.30 p.m.

श्री जार्ज फर्नांडीज : उपाध्यक्ष जी, मैं अपनी बातों को शुरू करने से पहले दो बातें कहना चाहता हूं। पहली बात यह है कि मैं इस सदन में आपके साथ आया था। हम दोनों 1967 में यहां आए थे। तब से लेकर आज तक अनेकों वाद-विवाद इस सदन में हुए हैं। लम्बे वाद-विवाद भी हुए हैं, सदन स्थगित भी हुआ है, लोग निकलकर चले गए हैं, लेकिन आज जिस प्रकार का माहौल बना है, मैंने अपने जीवन में ऐसा नहीं देखा है। मुझे विश्वास है कि आपने भी नहीं देखा होगा।... (व्यवधान) अगर हम बोल नहीं पाएंगे, अपने मन की पीड़ा व्यक्त नहीं कर पाएंगे तो सदन की गरिमा को कौन बनाए रखेगा...(व्यवधान) सदन की गरिमा को बनाए रखना सभी सदस्यों का काम है। अगर कुछ लोग ऐसा व्यवहार करेंगे तो हम कहां जाएंगे, कौन हमें इन्साफ देगा, यह सदन कैसे चलेगा ? दूसरी बात मुझे यह कहनी है कि आपने अभी जैसा आदेश दिया कि केवल इस बहस से सम्बन्धित चीजें ही कार्यवाही में रहेंगी और कोई चीज नहीं रहेगी, वे निकाल दी जाएंगी। मैं उसका अर्थ नहीं समझा, यानी कौन सी चीजें इस बहस से सम्बन्धित हैं और कौन सी नहीं। आज हमारे देश में इस प्रकार की स्थित है, जो बहस हो रही है... (व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप रनिंग कमेंट्स बंद करें।

श्री जे.एस. बराड़ : ये हम सबको पढ़ा रहे हैं।

उपाध्यक्ष महोदय : मैंने सिर्फ आपके लिए नहीं, पूरे सदन के लिए कहा है।

श्री जार्ज फर्नांडीज : मैं यह बात कह रहा था कि सदन के अनेक माननीय सदस्यों ने अपनी बात को कहा। आमतौर पर अनेकों ने यह भी पूछा कि गुजरात में क्या हो रहा है। मैं यह कह रहा था कि गुजरात में वही हो रहा है, जो पिछले 54 साल से इस देश में होता रहा है, कोई नई चीज नहीं हो रही है। इन 54 सालों में से 46 साल कांग्रेस पार्टी का राज इस देश में रहा है। तब न ही किसी प्रधान मंत्री को हटाने के बारे में कहा गया, न ही किसी मुख्य मंत्री को हटाने के लिए कहा गया।

मगर इस देश ने पिछले 54 सालों में यह अनुभव किया और अगर यह बात किसी को परेशान करती हो तो मेरे पास उसके लिए दवाई नहीं है। ...(व्यवधान) सैयद शहाबुद्दीन जी हमारे मित्र हैं और आपके भी मित्र हैं और वह इस सदन के भी सांसद रहे हैं। उन्होंने एक किताब लिखी है :

'Communal Riots in Post-Independence India' edited by Shri Azghar Ali Engineer. इसका पहला एडीशन 1984 का है और दूसरा 1991 का है। एक अध्याय इस किताब में लिखा है और 1984 में लिखा हुआ है। वह यह कहते हैं :

> "The Muslim community today suffers from a complex arising out of the cumulative impact of real, exaggerated and imaginary grievances. Frustration arises out of this inability to obtain a due share of the fruits of development, equitable access to Government employment, higher education, bank credit, foreign trade, licences, industrial licences, etc. It describes this to persistent communal prejudice and a pattern of discrimination."

... (व्यवधान) मैंने कहा कि जो हम देख रहे हैं, यह वही है जो 54 सालों से चलता आया है। अगर सैयद शहाबुद्दीन जो बात बता रहे हैं और इस किताब में अनेक लोगों ने इन चीजों का जिक्र किया तथा और भी कई चीजें हैं तो किसने उनको रोजगार देने से रोक दिया? ... (व्यवधान) आज़ादी 1947 को मिली और उसके बाद के 46 साल बीच में कुछ समय छोड़कर इनका राज चला तो जो मुसलमानों को रोजगार मिलना चाहिए था, जो उनको मान-सम्मान देना चाहिए, किसने उनको मिलने से रोक दिया? ... (व्यवधान) सरकार इनकी थी, प्रधान मंत्री इनके थे और केवल इनके नहीं, परिवार के ही होते रहे हैं। ...(व्यवधान) इसलिए समस्याओं के निदान की बात जो सदन के जरिए करना चाहते हैं, ...(व्यवधान) यह प्रश्न हम लोगों को सदन के सामने रखना होगा।... (व्यवधान) जो सदन के सामने नहीं रखना चाहता, इसका अभिप्राय यह है कि आज जो स्थिति है, उस स्थिति में वह सुधार नहीं चाहता। ...(व्यवधान) मुसलमान की समस्या रोजगार की समस्या है, उसकी समस्या मान-सम्मान की समस्या है। किसने उसको रोजगार मिलने से रोका ? ...(व्यवधान) सैकुलर फैबरिक की बात हो गई।... (व्यवधान) सैकुलरिज्म को बनाये रखेंगे, उसकी बात हो गई। ...(व्यवधान) मैंने कांग्रेस के सैकुलरिज्म को खूब देखा है।... (व्यवधान) क्या हमने नहीं देखा कि मिजोरम में ईसाई सरकार बनाने के लिए जो किया गया, वह सैकुलरिज्म ही था कि हमारे हाथ में सरकार दे दो, ईसाई राज बनाएंगे और तुम्हें कहां-कहां पहुंचा देंगे। क्या यह कांग्रेस का घोाणा-पत्र नहीं था ?...(व्यवधान)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : Let Shri George Fernandes say as to when did we say that we will implement *Isai Raj*.... (*Interruptions*) Let him quote from the manifesto. I challenge him to quote our manifesto..... (*Interruptions*) He cannot speak out like a demagogue and bully the whole thing.

श्री जार्ज फर्नान्डीज़ : उपाध्यक्ष महोदय, इनका सैक्युलरिज्म 1984 में कहां गया था।....(व्यवधान) कहां हैं सैक्युलरिज्म और किस क्षेत्र में इन्होंने सैक्युलरिज्म दिखाया है। मैं आज से नहीं, बार-बार इस देश को कह चुका हूं, बंगलादेश के लिए जब लड़ाई हुई थी, तब से लोगों को कह रहा हूं कि कैसे गृह मंत्रालय ने सारे देश में, हर स्तर पर, पब्लिक सैक्टर अंडरटेकिंग्स में, प्राइवेट सैक्टर अंडरटेकिंग्स में पत्र गए कि मुसलमानों को मुख्य जगहों पर नहीं रखना है।

... (व्यवधान) क्या यह नहीं हुआ था? खूब सैक्युलरिज्म चलाया। हम लोगों ने उस समय कहा था कि यह हाथ बीज बोने वाला है। इस बीज बोने वाले हाथ को काट दो। ... (व्यवधान) उसको खत्म करने में कामयाब होंगे। अगर यह बीच नहीं बोया जाएगा, तो फसल नहीं आएगी। फसल नहीं आई है, तो फिर समस्या कहां है। यह इनका व्यवहार है। इन लोगों को सुनना नही है, क्योंकि इन लोगों को कोई मतलब नहीं रहा है।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri George Fernandes, are you yielding to Shri Saleem I. Shervani?

श्री जार्ज फर्नान्डीज़ : सलीम भाई, आज मुझे माफ कर दो।

महोदय, कुमारी उमा भारती जी ने जो बातें कही थीं, उनकी एक बात पर टिप्पणी करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि जब देश का बंटवारा हुआ, तो उस समय अनेक मुसलमानों ने यहां पर रहना इसलिए पसन्द किया कि उनको हिन्दुओं पर ज्यादा विश्वास था और पाकिस्तान की तरफ नहीं था। यह बात उन्होंने यहां पर कही। लेकिन मैं इसमें एक संशोधन करना चाहता हूं और वह संशोधन यह है कि उस समय जिनकी राट्रभक्ति स्पट थी, जिन लोगों ने किसी भी प्रकार से राट्र को मजहब के आधार पर देखना नहीं चाहा, सारे देश का जो मुसलमान समाज था, वह न केवल देश के साथ रहा, बल्कि देश की आजादी के आन्दोलन में उनका योगदान किसी से कम नहीं था। यह बात हम लोगों को स्वीकार करनी चाहिए। मैं महापुरुों के नाम नहीं लेना चाहूंगा, क्योंकि समय काफी हो गया है और अब रात के नौ बज रहे हैं। मैं सदन का ज्यादा समय नहीं लेना चाहता हूं, लेकिन मैं यह जरूर बताना चाहता हूं कि खान अब्दुल गफ्फार खां और उनके बड़े भाई डा. खां हों तथा अबुल कलाम आजाद हों या किदवई हों और ऐसे अनेक लोग... (व्यवधान) हां, इतिहास को सुनना जरूरी है। इतिहास व्यक्ति का नहीं होता है,.देश का इतिहास होता है। यहां पर देश को कैपसूल में डूबो देने का प्रयास हुआ था,, लेकिन हमने उसको बाहर निकलवाया। इसलिए इस बात को हमेशा ख्याल में रखना होगा कि इस देश में जो भी पैदा हुआ है, इस देश के साथ अपनी राट्रभक्ति लेकर वह रहा है। इस बात में हम लोगों को कहीं पर भी सन्देह करने की गुंजाइश नहीं है। यह बात सही है, जैसा कि अनेक सदस्यों ने कहा है कि दुनिया में हमारी छवि गिरी है। लेकिन छवि हम लोगों को पहली बार नहीं गिरी है। दिल्ली में जो उस समय हुआ था, तब हमारी छवि बहुत ऊंची गई थी।

जब सिखों का कत्लेआम हो रहा था, क्या तब हमारी छवि बहुत ऊपर गई थी। 1996 में उसी गुजरात में, जिस गुजरात की हम लोग यहां चर्चा कर रहे हैं, वहां जब एक महीने सम्पूर्ण कर्फ्यू रहा, क्या तब हम लोगों की छवि दुनिया में बहुत ऊंची गई थी। ...(व्यवधान) इसलिए छवि के बारे में हम लोगों को यहां पर परेशान नहीं होना चाहिए। ...(व्यवधान) ये लोग जिस तरह देश की छवि बढ़ा रहे हैं, देश की खूब छवि बढ़ा रहे हैं। ... (व्यवधान) ये किस छवि की बात कर रहे हैं।... (व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय, मुझे बहुत अफसोस है, अगर यह संकल्प कांग्रेस पार्टी का है कि हमें बोलने नहीं देना है तो हम इस सदन में सुबह होने तक खड़े रहने के लिए तैयार हैं, लेकिन उसके पहले प्रधानमंत्री जी को बोलना चाहिए। मगर हम इस बात को नहीं चलने देंगे, हम इसे बहुत स्पट कहना चाहते हैं। सदन के साथ जितना आपका रिश्ता रहा है, उतना ही मेरा रिश्ता है। ... (व्यवधान) लेकिन जिनका रिश्ता है वे इस तरह से यहां व्यवहार नहीं करें, जो यहां पर चल रहा है। ... (व्यवधान) जो भी यहां इस तरह से करें, उनके बारे में प्रश्न पूछना ही होगा। ...(व्यवधान) हमने क्या-क्या किया था, उसे दुनिया जानती है, आप क्यों परेशान होते हैं। ये सब लोग हमें बाहर बोलते हैं कि हम क्या करें, हमें अंदर हल्ला करना ही पड़ता है। यहां हल्ला करते रहते हैं और बाहर हमें बोलते हैं कि इसके बारे में परवाह मत करो, दरअसल यही होता है। इनके कहने से चिल्लाओ, लेकिन कुछ तो सीमाएं रखो। ... (व्यवधान) हम तैयार हैं, इस सदन में हम कितनी ही लड़ाइयां लड़े हैं, लेकिन उन लड़ाइयों में बातें होती थीं, बोलने से रोका नहीं जाता था। आप ठीक चिल्ला रहे हैं, आपको भी मालूम है। बूटा सिंह जी, संतोा जी, आप सब जानते हैं, हम लोग इस सदन में खूब लड़े हैं, लेकिन बातें करने पर रोक लगा कर नहीं, बात करके देखा जाए। अगर इतिहास से आप लोगों को मतलब ही नहीं है तो बात अलग है, वरना यहां पर लाइब्रेरी है। ...(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : आप तर्क देकर ही बोलिए, आप इधर-उधर क्यों जाएं। ये तर्क नहीं दे रहे हैं तो क्या आप भी नहीं देंगे। आप तर्क दीजिए। ...(व्यवधान)

श्री जार्ज फर्नान्डीज़ : उपाध्यक्ष महोदय, मैं ज्यादा समय न लेते हुए दो-तीन बातें कह कर समाप्त करूंगा। जब गुजरात में यह परेशानी निर्मित हो गई, तब सेना को वहां पर बुलाया गया और वहां सेना को भेजने में बहुत देरी हो गई, सेना के इस्तेमाल में बहुत देरी हो गई। इसका देश भर में खूब प्रचार हुआ। ...(व्यवधान) मैं आपको बताना चाहता हूं, क्योंकि कई लोगों का एक मानस बना है, सेना के मनोबल को तोड़ने का. मैं जिम्मेदारी के साथ इस बात को कह रहा हूं, क्योंकि करगिल की लड़ाई के समय भी हमने इस बात को देखा था और जिस भी मकसद से इन लोगों ने कहा हो, हो सकता है कि मुख्य मंत्री को, सरकार को, रक्षा मंत्रालय या रक्षा मंत्री को बदनाम करने के लिए वहां हो, वहां पर सेना समय पर नहीं पहुंची, यह बात बार-बार कही गई।

21.00 hrs.

28 फरवरी की शाम को 6 बजे हमें सूचना मिली और हम देखते हैं कि हमारे पास न बड़ोदरा में, न अहमदाबाद में, न किसी और केन्द्र में हमारी सेना तैनात है। सेना हमारी तैनात है रन ऑफ कच्छ में जहां हम खतरा महसूस करते हैं।

श्री मधुसूदन मिस्त्री : किसलिए तैनात है?

श्री जार्ज फर्नान्डीज़ : अगर यह भी आपको मालूम नहीं है तो आप यहां बैठने के काबिल नहीं हैं। ...(व्यवधान)

श्री अनंत गंगाराम गीते : इनको देश की सुरक्षा की भी परवाह नहीं है।... (व्यवधान)

श्री जार्ज फर्नान्डीज : उपाध्यक्ष जी, हमें सेना सेंटर से निकालनी पड़ी। मैं सेंटर का नाम नहीं बताऊंगा, जहां वह दुश्मन की सेना का सामना करने के लिए तैयार खड़ी थी। जैसे ही एयर-फोर्स के जहाज से उसको निकालने का इंतजाम हो गया तो हम रात को 12 बजे निकले और एक बजे रात को सेना का स्वागत करने के लिए पहुंच गये। सुबह तीन बजे तक सेना आती रही। सुबह पूरा इंतजाम मुख्यमंत्री के साथ बैठकर किया कि मजिस्ट्रेटों को किस जगह पर ड्यूटी पर लगाया जाए, सड़क दिखाने वालों को कैसे जगाया जाए। यह सब विचार-विमर्श मुख्यमंत्री के साथ किया और सुबह 11 बजे सेना उतरी थी। कभी इस देश में पहले ऐसा नहीं हुआ था कि सुबह 6 बजे हमें सूचना मिली हो और हम सुबह 11 बजे सेना को तैनात कर दें।... (व्यवधान) इसी दिल्ली शहर में मैं आपको 1984 की याद दिलाऊं। इस शहर में लोग रोते रहे, चिल्लाते रहे कि सेना को बुलाओ लेकिन सेना नहीं बुलाई गयी, जबकि सेना दिल्ली में ही थी।

श्री पवन कुमार बंसल : उस बात की यहां क्यों याद दिलाते हो।

श्री जार्ज फर्नान्डीज़ : उसकी सूचना देना जरुरी है।

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल (कानपुर) : आप यह क्यों भूल जाते हो कि सन 1984 में माननीया इंदिरा जी ने सीने में गोली खाई थी और वे इस देश के लिए शहीद हुई थीं।

श्री जार्ज फर्नान्डीज़ : हमारे सामने अभी-अभी एक समस्या आई थी... (व्यवधान) उपाध्यक्ष जी, आज दोपहर को माननीय प्रधान मंत्री जी के पास अहमदाबाद से एक फैक्स आया था Nazirbagh Dilshahi Bagh, Ahmedabad, the residence of Sajjada Nasheem Khandhan Aliya Chisti of the world renown sufi saint, Khwaja Moinuddin Chisti of Ajmer. His disciples are spread all across the world. People of

different religions have great faith in this saint. In Nazirbagh, there is a shrine of sufi saint, a big mosque of great architectural importance. Followers from all over the world are contacting us regarding the safety of this holy place.

> " We have learnt that news has appeared in *Gujarat Samachar* and *Gujarat Today*, both dated April 28, 2002 that an attempt was made yesterday to damage the Shahi Mosque, the shrine and to burn people alive. If any such attempt is made again, it is obvious that the feelings of millions of followers would be greatly hurt. We feel it is the Government of India’s direct responsibility to safeguard this holy place."

This fax had reached the Prime Minister and from the Prime Minister’s Office it came to my possession. At noon today we have made all the arrangements to protect this holy place. It was sought to be attacked not once, but it was sought to be attacked three times. The police, the paramilitary forces and then the Army in turn repulsed all the attempts on this mosque and now we have kept a permanent paramilitary watch there along with an Army unit which will keep patrolling that area. So, I want to reassure everybody, because this message would have gone to a whole lot of people, that the mosque and the entire facility is safe. It will remain safe and nobody will be allowed to harm this monument.

उपाध्यक्ष जी, मैं अपनी बात खत्म करने से पहले दो बातें आपके सामने और रखना चाहूंगा। पहली बात तो यह है कि हमारे मित्र और टीकाकार श्री सोमनाथ बाबू ने हमारी शान्ति यात्रा के बारे में सही बातें कहीं। यह शान्ति यात्रा हमारी पार्टी ने नहीं की थी।

SHRI VAIKO : He called it a *tamasha*.

श्री जार्ज फर्नान्डीज़ : इसकी तैयारी वहां के नागरिक लोग स्थिति में सुधार लाने के लिये करना चाहते थे। इसमें पहल चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री कल्याण शाह ने की। उनसे मेरी पहली मुलाकात हुई। मैं उनसे पहले कभी नहीं मिला था परन्तु आप उन्हें जानते हैं। इस शान्ति यात्रा में शामिल होने वाले लोगों की संख्या 54 रही। इसमें हिन्दू सम्प्रदाय के नेता या सदस्य थे, दस मुसलमान थे। यह चार दिन में तैयारी का कार्यक्रम हुआ और अच्छा कार्यक्रम रहा। कुछ लोगों ने इसका मजाक किया, कई लोगों ने इसे तमाशा कहा और कई लोगों ने इसे जोक कहा। इस बारे

में कई किस्म की बातें कही गईं। मैं एक बात यह भी बता दूं कि इसके लिये तैयारी समिति के अध्यक्ष हमारे आग्रह पर महानगर के मेयर बने। उनकी अध्यक्षता में यह मीटिंग चलाई। वे कांग्रेस पार्टी के थे। सभी से अपील किया कि इस यात्रा में सब लोग शामिल हों। उसके लिये कोई लिखित रूप से नहीं दिया गया। केवल सार्वजनिक अपील की गई थी। बड़ी संख्या में लोग आये थे। कुछ लोगों का पार्टिसिपेशन था जिसके लिये आपको चिन्ता है। आपने कहा कि उसमें पुलिस, मिलिट्री वाले लोग थे। नहीं, ऐसा नहीं था। उसमें स्वामी नारायँण सैक्ट के अध्यक्ष, जैन समाज के तीन स्वामी रहे, 20 मौलवी शिया और सुन्नी सम्प्रदाय से रहे, ज़ोराट्रीयन के प्रीस्ट रहे, राधा स्वामी सैक्ट के सदस्य, गुरुद्वारा के मुखिया, वैणव धर्म के लीडर रहे और वैणव टैम्पल के मुखिया उसमें रहे।

कांग्रेस के मेयर उसमें रहे। कांग्रेस के एम.एल.ए. फारूख शेख, नरहरि अमीन, सिद्धार्थ पटेल - ये लोग उसमें हाजिर रहे। कांग्रेस की भूतपूर्व मंत्री सुश्री उर्मिला बेन पटेल उसमें हाजिर रहीं। जनलोक शक्ति, श्री रामविलास पासवान जिसके अध्यक्ष हैं, उसके कई सदस्य उसमें शामिल हुए। हमारे मित्र देवेगौड़ा जी यहां मौजूद हैं। उनके जनता दल (सेक्युलर) प्रदेश के अध्यक्ष और लोक शक्ति के प्रदेश अध्यक्ष भी उसमें अपने सदस्यों को लेकर शामिल हुए। बी.एस.पी. के नेता उसमें हाजिर रहे। समाजवादी पार्टी के एक्स. जनरल सैक्रेटरी श्री हंसमुख ठक्कर उसमें हाजिर रहे। गुजरात कांग्रेस के जनरल सैक्रेटरी छबील दास मेहता उसमें शामिल हुए। ...(व्यवधान) अगर मेरी गलती हुई हो तो मुझे क्षमा करियेगा। कुंदन लाल ढोलकिया जो गांधीयन हैं, एक्स. स्पीकर हैं, वह उसमें हाजिर रहे। मनोहर लाल शुक्ला, जिनकी उम्र 90 साल हैं और जो गांधीयन हैं, उन्होंने पूरे तीन किलोमीटर उसमें चलने का प्रयास किया। गुजरात विद्यापीठ के डीन उसमें शामिल हुए। एक्स.वाइस चांसलर, भावनगर यूनिवर्सिटी उसमें शामिल हुए। श्रेनिक लाल भाई उसमें शामिल हुए। मौलवी उस्मान गनी बापू भी उसमें मौजूद रहे। सुलेमान संगार, हैड ऑफ दि ऑल मस्जिद कमेटी ऑफ गुजरात उसमें हाजिर रहे। खोराकीवाला, चेयरमैन अकबर अली उसमें शामिल हुए। बोरा सैक्ट के सैदना ने वहां अपना एक प्रतिनिधि भेजा, जिसने वहां बहुत अच्छा भााण किया। अन्य पार्टियों के राजनीतिक दलों के लोग भी रहे। एन.सी.सी. के सौ कैडेट भी वहां रहे। उसी दिन एन.सी.सी. के कैडेट्स ने चार अन्य शहरों में अपना कार्यक्रम चलाया और लोगों को साथ लाने का प्रयास किया। यह कोई नौटंकी नहीं थी जैसा कई लोगों ने कहा, यह कोई नाटक नहीं था, यह कोई तमाशा नहीं था ... (व्यवधान)

श्री सोमनाथ चटर्जी : मुख्य मंत्री का नाम नहीं लिया।...(व्यवधान)

श्री कमलनाथ (छिन्दवाड़ा) : आप जो बात कह रहे हैं, वह पूरी तरह से सत्य नहीं है। जिन कांग्रेस सदस्यों का आप नाम ले रहे हैं, वे वहां पांच मिनट के लिए गये और जब उन्होंने देखा कि रात को दंगा करने वाले दिन में पीस मार्च कर रहे हैं तो वे वहां से हट गये। ... (व्यवधान)

श्री मधुसूदन मिस्त्री : आपने मुख्य मंत्री का नाम नहीं लिया... (व्यवधान)

श्री जॉर्ज फर्नांडीज : उपाध्यक्ष जी, अलग-अलग लोगों का अलग-अलग नजरिया है। सबकी सोच अलग-अलग होगी। अखबारों में छपा कि फ्यू हंड्रैड पार्टिसिपेटिड। टेलीविजन में दिखाया गया कि कितने हजार लोग थे, लेकिन एक अखबार की हैडलाइन थी - फ्यू हंड्रैड पार्टिसिपेटिड। एक अखबार ने कहा कि पीस रैली मार्चेज ओवर डैडबॉडीज। इस मार्च को लेकर ये हैडलाइंस थीं। ऑल आर्मी नो पीप्ल - यह एक और अखबार की हैडलाइन थीं। अगर आप टेलीविजन की रील लाकर देखें तो आप पायेंगे कि उसमें आर्मी नहीं कैडेट्स थे, जिनकी राट्रभक्ति इतनी श्रेठ है, जिसके बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता।... (व्यवधान) उन लोगों ने पहले दिन से उन इलाकों में जो काम किया, उन्हें जितनी शाबासी दें, वह कम है। एक ने कहा -

"Modi walked side-by-side Fernandes." Shri Modi did not walk side-by-side with me. I was not even aware that 'Modi' was in the procession. चूंकि वह जुलूस में सबसे पीछे चल रहे थे, यह हंसने लायक बात नहीं है। ...(व्यवधान) जब जुलूस का मंच पर आने का वक्त हो गया तब हम लोग उनसे मिले थे और वे मंच पर आये थे। उन्होंने वहां बहुत ही अच्छा भााण दिया था। ... (व्यवधान) यही हैं समस्याओं को निपटाने वाले, ये समस्याओं को निपटाने की बात कर रहे हैं।

इन लोगों के हाथों से क्या समस्याएं दूर होंगी? पिछले चार दशकों में इनसे कुछ नहीं हुआ। एक बात लिखी कि 'Peace march does not douse fire.' और अलग-अलग लोगों ने अपनी-अपनी बातें कहीं। हमें उनके बारे में कुछ नहीं कहना है। लेकिन इतना ही कहना है कि यह जो नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन की रिपोर्ट है, उसमें उन्होंने कहा है कि :

> "The Commission is of the view that there is need for all concerned to reflect further on possible guidelines that the media should adopt, on a 'self-policing' basis, to govern its conduct in volatile situations, including those of inter-communal violence, with a view to ensuring that passions are not inflamed and further violence perpetrated. It has to be noted that the right under Article 19(1)(a) is subject to reasonable restrictions under Article 19(2) of the Constitution. "

It further says:

> "Provocative statements made by persons to the electronic or print media should be examined and acted upon, and the burden of proof shifted to such persons to explain or contradict their statements. "

तो मुझे खुशी है कि इस नेशनल कमीशन ऑन ह्यूमन राइट्स ने भी इसमें दखल दिया है और हम आशा करते हैं कि ऐसी कोई भी घटनाएं नहीं होंगी जिससे लोगों को उत्तेजित करके उनको लड़ाने का जो प्रयास चला है, फूट डालने का जो काम चला है, हिन्दू-मुस्लिम जो बच्चे थे, उनके बारे में अखबरों में गलत बातें जो छापी गईं, वह न हो। … (व्यवधान) एक अखबार एशियन एज में छपा कि :

> "Despite efforts by the Muslim Congress leaders to persuade the children not to go to the examination hall, they went to the examination hall."

यह बात उसमें छपी। … (*Interruptions*)

SHRI KAMAL NATH : There was an all-party meeting. … (*Interruptions*) I deny this. This is absolutely false. … (*Interruptions*)

श्री जार्ज फर्नान्डीज़ : इसलिए मेरी प्रार्थना है कि जहां लोगों को मिलाना है, वहां उनको मिलाने के काम में सभी लोग लगें और ऐसी परिस्थिति जो है, मेरी मान्यता है कि उससे हम तभी निपट सकते हैं अगर गलत प्रचार न हो, अगर सच्चाई लोगों के सामने आए। 95 प्रतिशत अहमदाबाद अपने काम में लगा है, 5 प्रतिशत गुंडागर्दी वाला है, उसको रोकना आवश्यक है। सारे गुजरात में 90 प्रतिशत गुजरात में किसी प्रकार की हरकतें नहीं है, कुछ ही जगहों पर हर हरकतें हैं और इन्हें काबू में लाना हमारा काम है और उस काम में सबका सहयोग मिले, इन्हीं शब्दों के साथ मैं इस प्रस्ताव का विरोध करता हूँ।

SHRI H.D. DEVE GOWDA : Mr. Deputy-Speaker, Sir, after I heard the speech of the hon. Defence Minister, I remember the days of Shri Morarji Desai. … (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Order please. Any Member who wants to go out may go out quietly.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : Mr. Deputy-Speaker, Sir, please put the House to order.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Hon. Members who want to go out may quietly go out.

SHRI H.D. DEVE GOWDA : I am unable to compete with Shri George Fernandes, the Defence Minister and probably, the would be Prime Minister.

I was sitting in the Speaker's gallery. When he made a speech, Shri Morarji Desai had gone. I do not want to elaborate beyond that. Shri Chandra Shekhar, then President of the Party, was in this House. I do not want to hurt the feeling of anybody else.

We raised this issue under Rule 184 not to destabilise the Government. Let me be very plain and frank. There is no question of destabilising this Government. I signed this Motion not with that intention.

I have fought both the Congress and the BJP and I came here. There is no mercy of anybody. If at all I have got the mercy, it is the mercy of 25 lakh people, voters of my constituency. It is one of the biggest constituencies in the country. They sent me after a lapse of two-and-a-half years.

Mr. Deputy-Speaker, Sir, our Prime Minister is the senior-most parliamentarian. We have got high regards for him. Let me honestly speak on this issue.

Mr. Prime Minister, when you went to Gujarat, after seeing all the things, with agony and anguish, you expressed your anger about the State administration. You have visited only two relief camps—one is a Hindu relief camp and another is a Muslim relief camp. I do not want to quote all those things. But what happened? After you preached *rajdharma* , is there any improvement? Is there any normalcy in Gujarat? That is all what we want to know.

I do not want to quote all those speeches where the hon. Prime Minister tried to clarify some of the points. I believed that Shri Narendra Modi would follow *rajdharma* you have preached. You have described what is *rajdharma*. Has he followed it? Before you go to Gujarat, the Chief Minister had come to Delhi on your direction to see you. He met both you and the Home Minister. After hearing the whole events, you advised him to go back to Gujarat and win the confidence of the people. This is the advice you have given to the Chief Minister. Has he followed your advice? Has he followed your *rajdharma*? We want to know this. He has not visited even a single relief camp. I did not go with the official delegation led by Shri Pramod Mahajan, your Cabinet colleague. I purposely sent my Party colleague, Shri C.M. Ibrahim. I went there on 11th and 12 th. I was there for two days. I visited 13 camps. I do not want to narrate the sorry state of affairs.

Shri George Fernandes, the hon. Defence Minister, has quoted a portion of the Human Rights Commission's Report. I do not want to take up the Human Rights Commission's Report and quote the several other findings of the Human Rights Commission's Report. I do not want to waste the time of the House.

गुजरात हिंदुस्तान का औद्योगिक और व्यापारिक रुप से एक समृद्ध समाज है और उसकी एक लम्बी परम्परा है। पिछले र्वा लगभग 49 हजार 500 करोड़ रुपये के विभिन्न उत्पादों का निर्यात करने वाले प्रदेश में आज दंगों के कारण लगभग 5 हजार करोड़ की राजस्व की हानि उत्पाद और बिक्री कर के रूप में हो चुकी है। राज्य सरकार को 250 करोड़ रुपये बिक्री कर का और केन्द्र सरकार को लगभग 800 करोड़ रुपये, प्रतिदिन के हिसाब से, उत्पाद शुल्क वसूली का नुकसान हो रहा है। सीमा-शुल्क का करीब 500 करोड़ रुपये का प्रतिदिन नुकसान हो रहा है। करीब 1150 ट्रक जलाकर राख कर दिये गये और उद्योगों को प्रतिदिन लगभग 250 करोड़ रुपयों का नुकसान हो रहा है। सात सौ करोड़ रुपये का टैक्सटाइल उद्योग तबाह हो चुका है और 400 कपास की इकाइयां पूरी तरह से जला दी गयीं, जिससे 4 करोड़ रुपये प्रतिदिन का नुकसान हो रहा है। रसायन उद्योग में 150 करोड़ रुपये के नुकसान का आंकलन किया गया है और गुजरात के अंदर निवेश करने का जो वातावरण था उसका दूरगामी प्रभाव यह होने वाला है कि वहां र्वाों तक नि वेश करने में लोगों को घबराहट होगी।

माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैंने अपने जीवन में, आज तक, किसी एक विाय पर, इस देश के मीडिया को इतना अधिक एक राय होते नहीं देखा। पिछले दो महीने के अंदर फ्रंट पेज पर, एडीटोरियल में, अग्र लेखों में उन्होंने गुजरात की कहानी का रत्ती-रत्ती बयान किया है। मानव अधिकार आयोग ने, राट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने अपनी रिपोर्ट दी है। अंतर्राट्रीय दूतावासों ने जो अपनी रिपोर्ट दी है उससे मैं सहमत नहीं हूं। यह बड़े शर्म की बात है कि विदेशी लोग हमारे घर की बातों को कहें। लेकिन सच्चाई से मुंह कैसे मोड़ा जा सकता है? एडीटर गिल्ड ने अपनी बात कही। यहां मैं भारतीय जनता पार्टी और उनके सहयोगी दलों के साथियों को सुन रहा था। लगता

है कि आज इस देश में अगर कोई सच्चाई बोलने वाला रह गया है तो वह भारतीय जनता पार्टी है और उनके अलावा अल्पसंख्यक आयोग और राट्रीय आयोग असत्य हैं।

इसके अलावा पूरा मीडिया झूठा है, हर आदमी और विरोध पक्ष का आदमी झूठा है और केवल सच बोलने वाले ये ही लोग हैं। हर चीज का बिलकुल आंख मूदंकर खंडन करते जा रहे हैं। भाजपा सरकार गुजरात और केन्द्र में बैठी हुई है। जब सारे देश में यह माहौल बना हुआ है तो स्वाभाविक तौर पर देश की निगाहें प्रधानमंत्री और उसके नेताओं की तरफ है, इस अपेक्षा के साथ कि देश का प्रधानमंत्री क्या कदम उठाता है, कौन सी नीति अपनाता है। इस बिगड़ती हुई हालत पर काबू पाने के लिये कौन कैसे नियंत्रित करता है? इतिहास साक्षी है कि जब संकट की घड़ी होती है, वह प्रधानमंत्री की परीक्षा की घड़ी होती है। सामान्य स्थिति में प्रधानमंत्रित्व और मुख्यमंत्रित्व सब कर लेते हैं लेकिन जब देश पर संकट आता है, उस संकट में से देश को कैसे निकालना है जिससे देश के हितों का संरक्षण हो सके, तभी प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सही परीक्षा होती है।

उपाध्यक्ष महोदय, सबसे पहली बात यह है कि न जाने प्रधानमंत्री जी को क्या हुआ कि वह जो वक्तव्य देते हैं, दूसरे दिन ही प्रधानमंत्री कार्यालय से उसका खंडन और स्पटीकरण छप जाता है। अमरीका में उन्होंने स्वयं सेवक होने का वक्तव्य दे दिया था। बाद में प्रधानमंत्री कार्यालय से उसका स्पटीकरण निकलता है। जब अयोध्या में बाबरी मस्जिद टूटी, उन्होंने यह कहा कि यह राट्र पर कलंक है, दुर्भाग्यपूर्ण है। उसके बाद फिर 6 दिसम्बर, 2000 को वही प्रधानमंत्री जी कहते हैं कि यह तो राट्रीय भावना का प्रकटीकरण हुआ है। उसके औचित्य को वहे प्रतिपादित करते हैं। पिछली बार इसी सदन में गुजरात की घटनाओं पर उन्होंने इसे कलंक बताया था। उसके बाद नैनीताल पहुंचने पर उन्होंने पत्रकारों के सामने एक कविता पढ़ी :

"गीत नहीं गाता हूं, बेनकाब चेहरे हैं, दाग बडे गहरे हैं,

आज सब से भय खाता हूं, गीत नहीं गाता हूं।"

यह प्रधानमंत्री जी की मनोभावना है, उनके मनोद्गार प्रकट होते हैं। नैनीताल से गोआ पहुंचते पहुंचते, भगवान जाने कौन सा ह्वदय परिवर्तन होता है कि वहां पहुंचने के बाद उनकी कविता का रूप देखिये. कैसे बदल जाता है। गोवा में कही गई उनकी कविता की कुछ पंक्तियां बताना चाहूंगा :

"क्या हार में, क्या जीत में, किंचित नहीं भयभीत हूं,

संघर्ा पथ पर जो भी मिला, यह भी सही, वह भी सही।"

प्रधानमंत्री जी में यह कैसा ह्वदय परिवर्तन? प्रश्न बार बार यह उठता है कि आखिर प्रधानमंत्री के

साथ ऐसा क्यों हो रहा है?

रामदास आठवले (पंढरपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि..

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record.

*(Interruptions)**

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Ramdas Athawale, please resume your seat. जिस प्रकार से आपको चांस मिलने वाला है, वह नहीं मिलेगा।

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी : उपाध्यक्ष महोदय, गोवा जाने से पहले प्रधानमंत्री जी गुजरात पहुंचे। उन्होंने शाह आलम कैम्प की दशा देखी। उसका उल्लेख हो चुका है। उन्होंने वहां बहुत कुछ कहा होगा लेकिन मैं दो वाक्य कोट कर रहा हूं :

" मुख्यमंत्री को मेरा यह संदेश है कि वे राजधर्म का पालन करें

वे शब्द बहुत अर्थपूर्ण हैं क्योंकि एक शासक को जाति, धर्म और सम्प्रदाय के आधार पर प्रजा के साथ भेदभाव नहीं करना चाहिये।" इसका मतलब है कि प्रधानमंत्री जी ने गुजरात में पाया कि भेदभाव हो रहा है और जाति, धर्म और राजधर्म का निर्वाह वहां के मुख्यमंत्री नहीं कर रहे हैं। इसलिये उन्होंने यह सीख दी और जाते-जाते शर्म के मारे यह कह गये कि गुजरात के इन दंगों के बाद कौन सा चेहरा लेकर विदेश जाऊं?

यह प्रधान मंत्री जी गुजरात में बोलते हैं और विदेश भ्रमण के बाद जब वह गोवा पहुंचते हैं तो आप प्रधान

*Not Recorded.

मंत्री जी के वक्तव्य पर गौर करें, प्रधान मंत्री जी ने उसमें मोदी को पार कर दिया। विश्वास कीजिए प्रधान मंत्री जी के सामने नरेन्द्र मोदी नितान्त फीके पड़ गये, उनके वक्तव्य फीके पड़ गये। जो नरेन्द्र मोदी कभी कहने की हिम्मत नहीं कर पाये, प्रधान मंत्री जी ने सारी सीमाएं लांघ करके कहा कि "साबरमती एक्सप्रैस के निर्दोा लोगों को जिंदा जलाने का ाड्यंत्र नहीं किया होता तो गुजरात की त्रासदी टाली जा सकती थी." ....(व्यवधान) और अगले वाक्य में बोलते हैं, " पर आग लगाई किसने।" फिर उसके बाद कहा कि अभी खुद सरकार इस बात की जांच कर रही है, यानी जांच में अभी तक यह सिद्ध नहीं हो सका है कि यह आग किसने लगाई। इसके बाद उनका

वाक्य केवल अल्पसंख्यकों की ओर इशारा करता है और फिर वह वहां पहुंच जाते हैं, जहां कोई नहीं गया। "जहां-जहां मुस्लिम हैं, वे घुलना-मिलना नहीं चाहते। शांतिपूर्ण ढंग से रहने के बजाय डरा-धमकाकर अपने धर्म का प्रचार करते हैं।" इसके आगे वह कहते हैं कि " इस्लाम दो तरह का है - एक सहिणु, सच्चाई से चलने वाला संवेदनशील और दया दिखाने वाला, लेकिन आजकल जिस इस्लाम को लेकर चला जा रहा है," अब जो इस्लाम है, यह कभी किसी जमाने का इस्लाम रहा होगा, पता नहीं कब की चर्चा कर रहे हैं। "लेकिन आजकल जिस इस्लाम को लेकर चला जा रहा है वह सहिणु नहीं, जेहाद को लेकर चलता है" और जिसमें मदरसों में केवल तलवार के बल पर केवल अपने धर्म का प्रचार करना सिखाया जाता है। यह प्रधान मंत्री जी का वाक्य है।... (व्यवधान) मुझे आश्चर्य है इस देश का प्रधान मंत्री ऐसा कहे, जिसके एक-एक वाक्य का अर्थ बहुत गहरा हो सकता है, जिसके परिणाम बहुत गहरे हो सकते हैं, सामाजिक और राजनीतिक इम्पलीकेशंस बहुत गहरे हो सकते हैं। क्या कारण हैं और प्रधान मंत्री ऐसा वक्तव्य क्यों देते हैं जिसका रोज-रोज खंडन प्रकाशित करना पड़े, रोज-रोज स्पटीकरण देना पड़े। वह खुद अपने वक्तव्यों में आज और कल एक ही विाय पर भिन्न ध्रुवों के ऊपर बात करते दिखाई पड़े। इसकी तीन संभावनाएं हैं। प्रथम यह है कि पूरे हिन्दुस्तान का मीडिया पूरी तरह दुराग्रहवश, विद्वोवश प्रधान मंत्री जी की इमेज को तोड़ने, उन्हें बदनाम करने, उन्हें कलंकित करने का प्रयास कर रहा है। यह वही मीडिया है जो अभी कुछ महीनों पहले तक प्रधान मंत्री जी की तारीफ करते थकता नहीं था।

दूसरी संभावना यह है कि शारीरिक और मानसिक रूप से प्रधान मंत्री जी इतना थक चुके हैं कि अब ठंडे दिमाग से फैसला करना, सोचना-विचारना और कहने की क्षमता अब उनके हाथ से फिसल चुकी है। ...(व्यवधान) तीसरी संभावना यह है कि दरअसल अभी तक वह जो कुछ कहते थे वह एक राजनीतिक रणनीति का हिस्सा था, उनका उदारवाद एक पाखंड था, दिखावा था, एक छलावा था। सच्चाई यह है कि अब उनका असली चेहरा उजागर हो गया है। उनकी असली भावनाएं अभिव्यक्त होने लग गई हैं। यह तीसरी संभावना है। इन तीनों में से एक संभावना हो सकती है। हालात यह है और अब साफ जाहिर है कि संभावना कौन सी सही है, इस पर निर्णय करना मैं लोगों पर छोड़ता हूं।... (व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय, संयुक्त अधिवेशन में हमारी नेता सोनिया जी ने प्रधान मंत्री जी से मात्र इतना कहा कि शायद आप प्रधान मंत्री के रूप में स्वतंत्र होकर निर्णय नहीं कर पा रहे हैं. आप दबाव में निर्णय ले रहे हैं। प्रधान मंत्री की हैसियत से आपको स्वतंत्र निर्णय लेना चाहिए, उन्होंने इतना भर कहा कि प्रधान मंत्री जी भड़क गये, तिलमिला गये, नाराज हो गये, आक्रोश और आवेश में आ गये और कहने लगे कि मैं 40 साल से राजनीति कर रहा हूं, आपने कितने दिन से राजनीति की है वगैरह, वगैरह।

हमारी कृपा से थोड़े ही कोई प्रधान मंत्री बनता है। अगर हमारी कृपा करने लायक होती तो हम खुद अपना प्रधान मंत्री बनाते, यह तो सभी जानते हैं। सवाल यह था कि जो सोनिया जी ने उस दिन कहा था, वह शत प्रतिशत अब सिद्ध हो चुका है क्योंकि आज का अखबार उठाकर देख लीजिए जिस तरह से पिछले तीन दिन से राट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रधान मंत्री के निवास पर कब्ज़ा जमाकर बैठा है और जिस तरह से अपनी टर्म्स को डिक्टेट कर रहा है, उससे साफ ज़ाहिर है कि प्रधान मंत्री स्वतंत्र रूप से कोई फैसला करने के अधिकारी नहीं रह गए हैं, क्षमता भी नहीं रह गई है, अधिकार भी नहीं रह गया है, ताकत भी नहीं रह गई है। सच बात यह है कि जब यह सरकार बनानी थी तो 24 दलों को इकट्ठा करना जरूरी था और उसमें ऐसे बहुत सारे दल हैं और थे जो सोचते थे कि हम धर्मनिरपेक्षता छोड़ नहीं सकते। उनके अपने कारण थे और इसलिए अगर यह सरकार बनानी थी तो भारतीय जनता पार्टी के लिए यह एक अनिवार्य शर्त थी कि वह उदारवादी दिखने का कम से कम प्रयास जरूर करे लेकिन उसका असली चेहरा अब उजागर हुआ है, जब गुजरात के दृश्य हम देख रहे हैं और प्रधान मंत्री जी और नरेन्द्र मोदी का रवैया देख रहे हैं। नरेन्द्र मोदी की बात तो मैं करना भी नहीं चाहता, वह इस योग्य नहीं। उनसे जो अपेक्षा हम सामान्य तौर पर रखते थे, जिस स्तर के वे व्यक्ति हैं, वही कर रहे हैं। मगर हमें अफसोस है और हम प्रधान मंत्री से जरूर अपेक्षा रखते थे। इस देश के प्रधान मंत्री का पिछले 40 सालों का इतिहास और उन सारी चीजों को लेकर, चाहे झूठी ही सही, पर एक आशा थी कि शायद कम से कम राजनेता के कद से ऊपर उठकर जननायक की भूमिका निभाने में इस ऐतिहासिक घड़ी में वह काम आएंगे, मगर अफसोस कि ऐसा नहीं हुआ। मैं असली बात पर भी आता हूँ कि यह सब कुछ क्यों हुआ गुजरात में। यह सब एक लंबी योजना का हिस्सा है।

उपाध्यक्ष महोदय, अगर 13 दिन की उस सरकार का हिस्सा छोड़ दें तो प्रधान मंत्री के रूप में भारतीय जनता पार्टी और अटल बिहारी वाजपेयी को लगभग साढ़े चार र्वा इस देश में सत्ता संभाले हो गए। इन साढ़े चार र्वाों में तीन बार विभिन्न प्रदेशों के अंदर विधान सभाओं के राजनैतिक चुनाव हुए हैं। अनेक जगहों पर स्थानीय निकायों के चुनाव हुए। जब ये सत्ता में आए थे तो इस देश में लगभग एक दर्जन राज्यों में या तो भारतीय जनता पार्टी या भारतीय जनता पार्टी के सहयोगी दलों की मिली जुली सरकारें थीं। लेकिन आज अगर भारतीय जनता पार्टी की अपने बूते कोई सरकार कही जा सकती है तो वह केवल गुजरात में रह गई है, हिमाचल प्रदेश और झारखंड में भी इनके सहयोगी दलों की सहायता से इनकी सरकार कायम है। मात्र तीन प्रांतों में सिमटकर ये रह गए हैं। उत्तर प्रदेश में जो कुछ हुआ है, उसका परिणाम सामने है। भारतीय जनता पार्टी के जितने सहयोगी दल थे, एक टीडीपी को छोड़कर, अपवादस्वरूप और दूसरा उड़ीसा को छोड़कर, सारे इनके सहयोगी दलों की भी सत्ता जहां जहां प्रांतों में थी, सब सत्ता से हटा दिये गये। जनता का यह फैसला हुआ। दिल्ली में कार्पोरेशन के चुनावों में सूपड़ा साफ हो गया। शिमला में कल चुनाव हुए और दो-तिहाई बहुमत से शिमला में कांग्रेस पार्टी आई जहां इन का मुख्य मंत्री बैठा हुआ है। कल मेघालय के भी परिणाम देखेंगे। लेकिन सच यह है कि भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगी दलों की जमीन उसके पांव के नीचे से सरकती दिख रही थी

और भाजपा के लोग आर.एस.एस. के दबाव में आ गए कि हिन्दुत्व की ओर वापस नहीं लौटे तो तुम्हारा अस्तित्व ही समाप्त होने वाला है। यही उस भाजपा की संघीय योजना का हिस्सा था कि यहां से नरेन्द्र मोदी को वहां भेजा गया और उसके बाद जो कुछ वहां हुआ है, उसके इतने प्रमाण यहां दिन भर में दे दिये गये हैं कि मैं उनको बार-बार दोहराना नहीं चाहता, लेकिन पूरी साजिश के तहत, पूरी जानकारी में, पूरे इरादे के साथ गुजरात की सरकार के संरक्षण में यह सारा घटनाक्रम हुआ, नरसंहार हुआ, नृशंसता हुई, जघन्यता के साथ वहां अपराध किये गये हैं और आज वहां पर ये चुनाव कराना चाहते हैं।

23.00 hrs.

इससे ज्यादा बेशर्मी और बेहयाई की बात और क्या हो सकती है ? इनको लोगों के राहत की पर वाह नहीं, बच्चों के इम्तहान की परवाह नहीं, वहां सुरक्षा देने की कोई परवाह नहीं है। अगर इस पार्टी को परवाह है तो केवल एक चीज की है कि वहां इलेक्शन हो जाये। … (व्यवधान) इसलिए गोवा में इनके चुनाव कराने की बात घोाति करते ही यह बात उजागर हो गयी, आईने की तरह साफ हो गयी कि इनका असली मकसद क्या है और उस मकसद को पाने के लिए इन्होंने क्या-क्या करवाया है, यह सारा उसका परिणाम है। अगर आप एक मिनट के लिए फर्ज करें कि कल वहां चुनाव हो जायें। वैसे आप इस भ्रम में मत रहिये कि वहां चुनाव होने वाले नहीं हैं लेकिन एक मिनट के लिए आप फर्ज करिये कि अगर वहां चुनाव हो जायें और ध्रुवीकरण के आधार पर वहां भाजपा सत्ता में आ जाये तो मैं देश और सदन के सारे सदस्यों से पूछना चाहता हूं कि अगर ऐसा हुआ तो इसका परिणाम क्या होगा ? यह प्रयोगशाला जो कल केवल गुजरात में खुली थी, इसके बाद वह मध्य प्रदेश, महाराट्र, तमिलनाडु, बंगाल, बिहार और राजस्थान आदि सारे देश के अंदर यह आग फैलाई जायेगी तब सारे देश को फिर से इस आग से बचाना कैसे मुमकिन हो पायेगा। … (व्यवधान)

एक सवाल बहुत बार उठाया गया। प्रधान मंत्री जी ने और भाजपा नेताओं ने अपने सहयोगी दलों को फटकार लगा दी कि आप चुप रहो। यह हमारा अंदरूनी मामला है। भाजपा का अंदरूनी मामला है, गुजरात का अंदरूनी मामला है। कश्मीर में स्वायत्ता का प्रस्ताव आता है तो क्या कश्मीर का अंदरूनी मामला मानकर उसे छोड़ दिया जाये। कश्मीर में आतंकवाद फैलता है तो उसे केवल कश्मीर का मामला समझ कर छोड़ दें। असेम्बली में हमला होता है तो हम कोई चिन्ता व्यक्त न करें। गुजरात में भूकम्प आता है तो सारा देश सहायता करने के लिए जुट जाता है तब अंदरूनी मामला नहीं होता। तब वह सारे देश का मामला है। आज अयोध्या में मंदिर का विवाद हो जाये तो कहते हैं कि उत्तर प्रदेश में अंदरूनी मामला है और बाकी देश को उस बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। पंजाब में आतंकवाद फैला तब सारे देश के लोगों ने इकट्ठे होकर और पंजाब के बहादुर लोगों ने इकट्ठे होकर उसका मुकाबला किया। लेकिन क्या वह पंजाब का अंदरूनी मामला समझकर छोड़ दिया जाये तो क्या उस समस्या का हल या समाधान

होता ? पश्चिम बंगाल में अगर कोई विवाद हो जाये तो केन्द्र सरकार यहां से मंत्रियों को वहां जांच के लिए भेजती है। क्या वह पश्चिम बंगाल का अंदरूनी मामला नहीं है ? वह अंदरूनी मामला नहीं है तो गुजरात का अंदरूनी मामला कैसे हो गया ? बिहार में कानून और व्यवस्था की स्थिति को लेकर बहुत शोर किया गया। दो बार यह कोशिश की गई वहां सरकार धारा 356 के तहत गिरा दी जाये तब अंदरूनी मामला बिहार में नहीं था। गुजरात में आपका अंदरूनी मामला हो गया। गुजरात का अंदरूनी मामला है तो क्या भारतीय जनता पार्टी या नरेन्द्र मोदी की वह पैतृक सम्पत्ति है ? क्या उनका अंदरूनी मामला है। ... (व्यवधान)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI TAPAN SIKDAR): Mr. Deputy-Speaker, Sir, he has just said पैतृक सम्पत्ति है। What is this? You please expunge this.

MR. DEPUTY-SPEAKER: I will see the record if there is anything objectionable.

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मुझे भाजपा से न अपेक्षा थी और न उनसे मुझे अपेक्षा रखने की जरूरत है। मुझे अफसोस है कि भारतीय जनता पार्टी के साथ ऐसे कुछ दल हैं जो स्वयं को धर्मनिरपेक्ष कहते हैं। मैं उनको धर्मनिरपेक्ष मानने के लिए तैयार हूं। मेरे मन में कोई संशय नहीं है। उनकी सदाशयता पर कोई प्रश्नचिह्न नहीं लगान चाहता। निश्चित रूप से उनकी धर्मनिरपेक्षता में विश्वास होगा। एक उदाहरण हमें कल देखने को आया। भाई पासवान जी ने अपने जमीर की आवाज को मर जाने से बेहतर यह समझा कि इस मंत्री पद को उठाकर फेंक दिया जाये और वह उन्होंने किया जो कि एक उदाहरण है। लेकिन कुर्सी से चिपककर बैठे हुए हैं, सिद्धांतों से समझौता कर रहे हैं लेकिन एक आदमी है जिसने इस देश को मार्ग दिखाया।

माननीय उपाध्यक्ष महोदय, सुना है कि श्री उमर अबदुल्ला ने अपनी तरफ से इस्तीफा देने की पेशकश की है। यह सच है या नहीं, यह तो गृह मंत्री जी ही जानते हैं।

मैं मुखातिब होना चाहता हूं उन सहयोगी दलों की तरफ जो भाजपा के साथ आज राट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में हैं। आप धर्मनिर्पेक्ष हैं, आपको बधाई। गुजरात में पुलिस और सरकारी कर्मचारियों को संघ की शाखाओं में जाने की छूट का आदेश दिया, तब भी आप धर्मनिर्पेक्ष थे। जब एन.सी.ई.आर.टी. के माध्यम से शिक्षा का भगवाकरण करने की पूरी कोशिश की गई, आप फिर भी धर्मनिर्पेक्ष थे। इतिहास का हिन्दुत्वकरण करने की पूरी साजिश चली जिस पर अन्ततः सुप्र ीम कोर्ट ने रोक लगाई वर्ना वह काम हो चुका था, आप तब भी धर्मनिर्पेक्ष थे। विश्व हिन्दू परिाद द्वारा अयोध्या के मंदिर में जबरन प्रवेश करने का प्रयास किया गया, आप फिर भी धर्मनिर्पेक्ष थे। देशभर में मंदिर आन्दोलन को लेकर यात्राएं चलाई गईं, आप धर्मनिर्पेक्ष थे। पुलिस और विधान सभा पर विश्व हिन्दू परिाद, बजरंग दल ने हमला किया, आप फिर भी धर्मनिर्पेक्ष थे। न्यायालय के

आदेश की अवहेलना करके मंदिर में शिलान्यास का प्रयास किया, आप फिर भी धर्मनिर्पेक्ष रहे। गुजरात में लूट और नरसंहार हो रहा है, आप फिर भी धर्मनिर्पेक्ष थे। हे भगवान, मैं आपकी धर्मनिर्पेक्षता को प्रणाम करता हूं। अगर यही धर्मनिर्पेक्षता है तो वह आपको मुबारक हो, हम इस धर्मनिर्पेक्षता में विश्वास नहीं करते।... (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record except the speech of Shri

Satyavrat Chaturvedi.

*(Interruptions)**

*Not Recorded.

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी : अंत में मुझे केवल चार चीजें कहनी हैं। हम सब कुछ कह चुके। अभी भी वक्त है, इस देश के प्रधान मंत्री और सरकार दलीय चश्मे से देखना बंद करें और राट्रीय चश्मे से देखने की कोशिश करें। मेरी मांग है कि श्री नरेन्द्र मोदी को तत्काल बरखास्त किया जाना चाहिए। दूसरी मांग है, सर्वोच्च न्यायालय के कार्यरत न्यायाधीश को वहां की जांच का काम ...(व्यवधान) जाना चाहिए। तीसरी चीज, वहां विश्वास और सुरक्षा का वातावरण, अल्पसंख्यकों और सभी समुदाय के बीच बनाया जाना चाहिए। जहां पुनर्वास और सहायता के काम के लिए टैंट लगे हुए हैं, वे पूरी तरह, सुचारू रूप से और ठीक ढंग से चलाए जाने चाहिए। इन चार बातों की मैं मांग करता हूं। आपने मुझे बोलने का समय दिया, उसके लिए मैं आपका आभारी हूं। (23.08)

रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पाद और पूर्ति विभाग में राज्य मंत्री (श्री हरिन पाठक) : धन्यवाद उपाध्यक्ष महोदय, मैं सदन का ज्यादा समय नहीं लेना चाहता। काफी चर्चा हुई है। इसी सदन में 11 मार्च को इसी विाय पर चर्चा हुई थी। ...(व्यवधान) 11 मार्च को 8 घंटे 15 मिनट तक इस सदन में चर्चा हुई और 25 माननीय सदस्यों ने इस पर अपने विचार व्यक्त किए। चंद्र शेखर जी, मैं देख रहा हूं कि आप भी इस पूरी चर्चा को सुबह से बैठे हुए देख रहे हैं, सुन रहे हैं। मैं अपनी बात अपने ही दो वाक्यों से शुरू करता हूं। मैंने 11 मार्च को चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा था कि गुजरात में जो घटनाएं घटीं, अगर कोई उन घटनाओं की जड़ में जाएगा, उन घटनाओं को दुबारा रोकने के बारे में अगर कोई सोचेगा, तब मुझे लगता है कि हम संसद में जो चिन्ता व्यक्त करते हैं, उसका कोई हल निकलेगा, उसके कोई मायने होंगे। मैं प्रतिपक्ष की नेता सोनिया जी का भा-

ाण सुन रहा था। मुझे खुशी हुई जब उन्होंने अपनी पूरी बात कही। मैं उस पूरी बात से सहमत हूं न हूं, वह अलग बात है, मेरे उनसे विचारों के मतभेद हो सकते हैं, मगर उनकी अंतिम बात से मेरे कोई मतभेद नहीं हैं।

मुझे ममता जी की बात से मतभेद नहीं है। सोनिया जी ने अपनी बात को समाप्त करते हुए कहा --

> "I appeal to the hon. Prime Minister to rise above the party affiliation and show us the way once again. "

मैं उनका अभिवादन करता हूं कि प्रधान मंत्री जी को उन्होंने अपील की कि आप पार्टी से ऊपर उठ जाएं। मैं सदन से पूछना चाहता हूं, उन सभी महानुभावों से पूछना चाहता हूं कि गुजरात में जो दंगे होते हैं और हो रहे हैं, उसका निराकरण क्या किसी पार्टी विशो से जुड़ा है, क्या सिर्फ प्र ाधान मंत्री को ही ऊंचा उठना है, बाकी लोगों की जिम्मेदारी नहीं है, क्या सदन में बैठे हुए लोगों की जिम्मेदारी नहीं है, बाकी पक्षों और प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी नहीं है ? यह कोई राजकीय मसला नहीं है, यह सामाजिक समस्या है, बड़ी दर्दनाक समस्या है। इस समस्या ने पिछले चालीस सालों में हजारों परिवारों को तबाह किया है। इस समस्या ने इस देश में अपनी बनाई हुई बिन साम्प्र ादायिक परिभााा के कारण हजारों लोगों को मारा है। मैंने उस दिन अपने भााण में कहा था कि इसकी जड में जाना चाहिए। सुबह उमा जी ने भी वही कहा मगर फिर वही राजनीति की बातें, फिर हम पर आराप लगाते हैं और जब हम कुछ कहते हैं तो कहते हैं कि आप क्यों राजनीतिक बातें करते हैं। जब आप हम पर इतना बड़ा आरोप लगाओगे, जेनोसाइड. नरसंहार हुआ गुजरात में, तो हमें भी जवाब देना पड़ेगा। उस दिन मैंने कहा था कि गुजरात की स्थिति को समझना पड़ेगा। जार्ज फर्नांडीज जी ने अपने प्रवचन में कहा कि आजादी के बाद इस पूरे देश में एक ऐसी मानसिकता बन गई, आजादी की पहली रात को भी बनी थी, क्या हम यह सच्चाई नहीं जानते कि उस वक्त 14 अगस्त की रात को देश में कितना बड़ा कत्लेआम हुआ था। देश में ऐसा कौन सा प्रदेश है जहां 55 साल में कभी कोई दंगा न हुआ हो। दंगे होते रहते हैं, कारण है कि प्रजा के बीच ऐसी शक्तियां है जो उसको गुमराह करने की कोशिश करती हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, मैंने उस दिन कहा था कि इसकी जड़ में जाना होगा। गुजरात के दंगे की चर्चा हुई, इतने लोग मारे गए, इतने दिन कर्फ्यू लगा, इतने दिन बाद भी स्थिति कंट्रोल में क्यों नहीं आ रही है, दो महीने हो गए हैं। जब यह सवाल आपने हमसे किया तो हमारे मन में भी यह आएगा कि 1985 में आपके शासन में साढ़े चार महीने तक दंगा चला था। आप कहते हैं कि नरेन्द्र मोदी के शासन में 800 मुसलमानों को मारा गया, तो मैं आपसे सवाल करता हूं कि 1969 में पांच हजार मुसलमान अहमदाबाद में क्यों मारे गए थे ?

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी : हमने सोलंकी को बदला था।

श्री हरिन पाठक : छः महीने के बाद बदला था। इसलिए मैंने अपने भााण में कहा था, मुझे आज भी स्कोर नहीं करना है। मैंने कहा था कि मैं नहीं बोलूंगा। मैं हरिन पाठक के नाते बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। लेकिन इस सदन में बोलने के लिए संसद सदस्य होना जरूरी है इसलिए मेरे नाम के बाद सांसद शब्द जुड़ा है। मुझे पार्टी ने मंत्रिमंडल में मंत्री पद दिया है इसलिए मैं मंत्री के नाते यहां बैठता हूं।

मैंने गुजरात को करीब से देखा है। मैंने उस शहर की गलियों को देखा है, हर गांव को देखा है। शायद ही किसी ने इतने करीब से देखा होगा। 1985 में दंगे के बाद राजस्थान के जस्टिस दवे की अध्यक्षता में एक कमीशन नियुक्त किया गया। कांग्रेस के शासन में यह नियुक्ति हुई थी। प्रतिपक्ष की नेता से मैं कहूंगा, हमने यह नहीं कहा, जो अंग्रेजी में " हैंडपिक्ड" होता है। अब किसी न्यायमूर्ति के बारे में जिसने अपना काम शुरू कर दिया है, उसके बारे में आप यह कह सकते हैं ? इस देश की प्रतिपक्ष की नेता संसद में एक न्यायमूर्ति के खिलाफ टिप्पणी करती हैं कि वह " हैंडपिक्ड" हैं। अभी से उसके खिलाफ हो गए।

श्री पवन कुमार बंसल : आप उनकी क्या बैकग्राउंड जानते हो ?

श्री हरिन पाठक : हां, मैं जानता हूं कि बैकग्राउंड किसकी क्या होती है। आपने जो भी पत्रिकाएं पढ़ी हैं, क्या वे सच हैं। आपने जो भी कहा क्या, वह सच है। अब यह जो दवे कमीशन की रिपोर्ट आई है, बहुत बड़ी रिपोर्ट है। 1985 के दंगों के बाद उन्होंने उसके प्रकरण 6 में जो कि गुजराती में है पूरी रिपोर्ट है । मैं उसकी हिन्दी करता जाऊंगा। " गुजरात के दंगे और आंदोलनों का इतिहास " उनका पहला वाक्य मैं पढ़ता हूं। मुझे तुरंत इसकी हिन्दी करनी है। प्रकरण 6 का पहला वाक्य यह है कि जो मैं कहता हूं कि गुजरात में बार-बार दंगे होते हैं, जो दवे कमीशन ने भी कहा है। 'गुजरात में पुनरावृत्तिक दंगों के कारणों को समझना अगर हो तो गुजरात राज्य के दंगों और आंदोलनों के इतिहास को समझना पड़ेगा।' चाहे वह 2002 का दंगा हो, चाहे 1985 का दंगा हो मगर समझना पड़ेगा कि वहां दंगे बार-बार क्यों होते हैं? दंगे नियंत्रण में क्यों नहीं आते? क्या नरेन्द्र मोदी को बदलने से दंगे कंट्रोल में आ जाएंगे ? एक व्यक्ति खड़ा होकर कह दे कि मैं गारंटी लेता हूं कि यदि नरेन्द्र मोदी को बदल देंगे तो दंगे बंद हो जाएंगे।... (व्यवधान) इसका मतलब यह है कि आप इन दंगाइयों से मिले हुए हैं।...(व्यवधान) आपको मालूम है कि दंगे कौन करते हैं। इसलिए आप कहते हैं कि नरेन्द्र मोदी हट जाएंगे तो दंगे बंद हो जाएंगे। ... (व्यवधान) दंगे के कारणों में जस्टिस दवे साहब अपनी रिपोर्ट में क्या लिखते हैं कि पुलिस शहर में सफल क्यों नहीं होती, वह लिखते हैं कि यह जो शहरी कोर्ट का विस्तार है, मैं आपको अहमदाबाद की जॉग्रफी भी बता दूं क्योंकि कई प्रतिनिधि मंडल गये हैं। वे वहां एयरपोर्ट से सीधे कैम्प और कैम्प से सीधे सर्किट हाउस और फिर मीटिंग और फिर वापसी। पचास लाख की आबादी का शहर है। पुराने शहर का नाम कर्णावती था। उसके बाद वह अहमदाबाद बना। आज

उसकी पचास लाख की आबादी है। शहर तीन हिस्सों में बंटा है। एक पूर्व का विस्तार जिसमें गरीब मजदूर लोग रहते हैं, जिसे मैं रिप्रेजेंट करता हूं। बीच वाला शहरी विस्तार जिसे कोर्ट विस्तार कहते हैं और नदी के पश्चिम छोर का विस्तार जरा समृद्ध विस्तार है, वह पश्चिमी अहमदाबाद में है । सारे मोहल्ले कोट के विस्तार में है। दंगा आजकल कहां होता है? आपने टी.वी. पर पांच नाम सुने होंगे। अहमदाबाद शहर में जो विस्तार है, उसमें से पांच नाम रोज टी.वी. पर सुनते होंगे। एक है कालुपुर, दूसरा है दरियापुर, तीसरा है जमालपुर और चौथा जुहापुरा है और पांचवा गोमती पर राजपुर है। ये पांच विस्तार हैं जहां हिन्दू मुसलमानों की बस्ती है। कभी-कभी कुछ इलाकों में कालूपुर में अगर 80 प्रतिशत मुसलमान हैं तो उनके बीच दो मोहल्ले हिन्दुओं के हैं। जुहापुरा जहां 90 प्रतिशत मुसलमान हैं तो उसकी एक कि.मी. की दूरी पर कोई हिन्दू सोसायटी की बस्ती है। जमालपुर जो पूरा विस्तार मुसलमानों का है, वहां शायद कोई एक-दो मोहल्ला बचा होगा जो दलितों का है और 400-500 लोगों की आबादी बसती होगी।

जो कोट विस्तार है, जब दंगे भड़कते जाते हैं तब दवे कमीशन लिखते हैं कि इस शहर की ज्योग्राफी कैसी है। हमारे यहां जिसे पोल कहते हैं, यानी स्ट्रीट, ये पूरा विस्तार - कायदानि संस्थासाये रक्षणपुरू पाडे छे; - यानी कानून का पालन करने में कितनी कठिनाइयां होती हैं, उस पर दवे कमीशन ने लिखा है कि पुलिस क्यों सफल नहीं होती, दंगे क्यों नहीं रुकते। वे कहते हैं कि कोट विस्तार अजोड़ है। पोल में पोल, गली में गली में और वह छोटी संकड़ी सी गली, जहां दो व्यक्ति एक साथ नहीं जा सकते, उसमें नानी पोल और गलियों के दरवाजे मजबूत हैं, जिससे तूफान के दरम्यान पुलिस को व्यवस्था कायम करने के लिए बहुत तकलीफ होती है। जब दंगे होते हैं तब बड़ी संख्या में चोरी-छिपे, अलग-अलग गलियों के रास्ते से सैंकड़ों-हजारों की संख्या में इस तरफ लोग मुख्य रास्ते पर उमड़ आते हैं, पुलिस का घेराव किया जाता है। पुलिस आए, उससे पहले तूफान करके उन्हीं गलियों में से लोग भाग जाते हैं, जिससे पुलिस को उन्हें पकड़ने में भी तकलीफ होती है। ऐसी स्थिति इस शहर की है।

महोदय, मैंने अपने भााण में उस दिन भी कहा था कि हम इसकी जड़ में जाएंगे, लेकिन आज मुझे इस बात का दुख है, मैं कब से सुन रहा हूं और करीब 27 माननीय सदस्यों ने भााण कियास, मैं किसी पर आरोप नहीं करने वाला हूं, मुझे थोड़ा सा समय दीजिए। आपने जो बात कही है वह सही है। मैंने उस दिन भी कहा था कि नियम 193 के अंतर्गत 11 मार्च को हमने जो चर्चा की तो उस चर्चा में से क्या निकलना चाहिए था, जैसा ममता जी ने कहा कि कोई ऐसा सुर निकले, जिससे ये दंगे रुकें, दोबारा न हों। आपने मुख्य मंत्री को 1985 में हटा दिया, लेकिन फिर 1991-92-95 और 2000 में दंगे हुए और फिर कभी भी हो सकते हैं, क्या संसद की जिम्मेदारी नहीं है। यहां कितने महानुभाव बैठे हैं, जिनका मैं आदर एवं सम्मान करता हूं, जिनके चरण स्पर्श करना मैं अपना अधिकार समझता हूं। क्या हम सब की कोई जिम्मेदारी नहीं थी कि इसके बारे में हम सोचें। मगर यह नहीं सोचा जाता है। यह सोचा जाता है कि इसका कैसे राजकीय लाभ उठाया जाए। चन्द्रशेखर जी, 11 तारीख को हमने सवा आठ घंटे चर्चा की। इन सारे दंगों को मैं दो हिस्सों में

बांटता हूं । मैं उसका प्रमाण भी थोड़ी देर के बाद रखूंगा। एक 27 तारीख की घटना है। चतुर्वेदी जी, आपने जो कहा, उसे सुन कर मुझे बड़ा दुख हुआ। आपके प्रति मुझे बड़ी श्रद्धा है। वैसे तो सभी मेरे मित्र हैं, लेकिन आपने यह साबित करने की कोशिश की कि वहां भाजपा ने ाडयंत्र किया कि आने वाला चुनाव गुजरात में कैसे जीता जाए, इसीलिए सब कुछ हुआ। इसका मतलब यह हुआ कि 27 तारीख को भी गोधरा कांड भाजपा ने कराया। यह कहा गया कि हमने ट्रेनें जलाई, हिन्दुओं के बच्चे हमने जलाए, ताकि चुनाव जीत जाएं। अगर यह आपकी मानसिकता है तो मुझे दुख होता है कि संसद में चर्चा का स्तर कहां तक जाता है। प्रधानमंत्री जी पर आरोप लगाए जाते हैं कि आपने ऐसा क्यों कहा। मैंने उस दिन ईमानदारी के साथ कहा था, जब प्रतिपक्ष की नेता आदरणीय सोनिया जी ने कहा कि हम पार्टी से ऊपर उठ कर सोचें तो मैं सबसे कहूंगा कि आप अपने हृदय पर हाथ रखकर देखिए, अपनी आत्मा से पूछिए कि अगर 27 तारीख की खौफनाक घटना गोधरा में न होती तो क्या आज गुजरात की ऐसी स्थिति होती।

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी : जी हां, होती।

श्री हरिन पाठक : नहीं होती, क्यों होती।... (व्यवधान)

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी : मैं आरोप लगाता हूं और जिम्मेदारी के साथ लगाता हूं।... (व्यवधान)

श्री हरिन पाठक : उपाध्यक्ष महोदय, प्रधान मंत्री जी पर टिप्पणी कर दी। जिनके जीवन के बारे में आपने सोचा तक नहीं, पढ़ा तक नहीं। पढ़ा भी है तो आपको अपने पर इतना अभिमान हो गया कि आप सीधे प्रधान मंत्री जी पर टिप्पणी करने लगे। मैंने पढ़ा था 1984 के सभी अखबारों में रात के ढाई बजे एक साठ साल का आदमी लूंगी पहनकर के 6 रायसीना रोड से, अपने घर से दौड़ता हुआ निकला जब उसने निर्दोा सिखों की मरने की चीखें सुनीं। जो टोली सिखों को मार रही थी उनके सामने खड़ा हो गया और कहा कि तुम्हें मेरी लाश पर से होकर गुजरना होगा तब तुम इनको हाथ लगा सकते हो। वह आदमी और कोई नहीं था वह विराट कद का आदमी आज के प्र
ाधान मंत्री माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी हैं।

हम जब किसी की मृत्यु में जाते हैं तो उनके संबंधियों को आश्वासन देने के लिए सफेद कपड़े पहनकर जाते हैं। चाहे आदमी जैसा भी हो, कहते हैं कि जो हुआ है वह ठीक नहीं हुआ है। वहां जाकर उनकी वेदना को, उनके घाव को मरहम लगाते हैं। अगर प्रधान मंत्री जी ने उनके घावों पर मरहम लगाने की कोशिश की तो क्या कोई गलत बात की। अगर 27 तारीख की घटना निंदनीय है तो जैसा मैंने कहा कि मैं इन घटनाओं को दो हिस्सों में रखना चाहता हूं। सत्ताईस, अठ्ठाइस, उन्नतीस, एक और दो तारीख की घटनाएं। सुबह से 25 लोगों ने जो भी चर्चाएं कीं वे सारी घटनाएं 11 मार्च की चर्चा में आ चुकी। 11 मार्च से पहले ये सारी घटनाएं हो चुकी। गोधरा का हत्याकांड 27 तारीख को हुआ। नरौड़ा की दर्दनाक घटना 28 तारीख को हो गयी जिसमें 90 लोगों को जलाया गया। उसी दिन दोपहर को एहसान जाफरी और उनके परिवार को ...(व्य

वधान) मुझे सच्चाई कहने से कोई रोक नहीं सकता है। जो चार बड़ी-बड़ी शर्मनाक, खौफनाक, दर्दनाक घटनाएं हुईं और जिनकी निंदा हर व्यक्ति को करनी चाहिए, वे थीं गोधरा, नरौड़ा के लोगों और गुलमर्ग के लोगों को जलाया जाना, महसाणा-साबरकाठा के सरदार पुरा में लोगों को जलाया जाना। पांच तारीख के बाद छुट-पुट घटनाएं होती रहीं। आज सुबह 12 बजे से अब तक सारी घटनाओं पर बातचीत हो गयी। लेकिन उसके बाद क्या हुआ? 11 तारीख से पहले इन सारे दंगों का मानवीय हल निकालने के बजाए उनको राजनैतिक रूप दे दिया गया। फिर ये घटनाएं जारी रहीं। सुबह से सभी ने यहां पर अखबार पढ़े हैं। माननीय उपाध्यक्ष जी, मैंने आपके लिए एक कागज लिखकर रखा है। अगर आप कहें तो मैं उसे आपको दे दूं क्योंकि यहां कहा गया कि अखबार पढ़े जाएंगे या नहीं पढ़े जाएंगे। फिर सोनिया जी ने भी तीन-चार अखबार यहां पढ़े।

सब लोगों ने अखबार पढ़े। मेरे पास 5 मार्च से लेकर आज तक गुजरात के सभी सात दैनिक अखबारों की कटिंग्स हैं। हमारी पार्टी का इन अखबारों से कोई लेना-देना नहीं। ये समाचार पत्र हैं - ' गुजरात समाचार ' ' संदेश ' ' जनसत्ता ' ' लोकसत्ता ' ' समभाव ' ' जय हिन्द ' और ' जन्म-भूमि' । इन अखबारों की 50 लाख प्रतियां गांव-गांव तक जाती हैं। इन अखबारों की एक महीने तक क्या क्या हैडलाइन्स रहीं, वह पढ़कर अपना वक्तव्य समाप्त करूंगा। हम सब मानते हैं कि अखबारों में मोटी-मोटी तीन तरह की बातें छपती हैं। हम राजनैतिक नेताओं का निवेदन कि हम ने संसद में यह कहा, नहीं कहा तो भी वह अखबारों में छप जाता है। दूसरा, बड़े विद्वान- जैसे मणिशंकर जी या बड़े-बड़े लोगों के आर्टिकल छपते हैं। तीसरी बात यह है कि न सिर्फ आर्टिकल छपता है, न सिर्फ निवेदन छपता है, मगर वो छपता है यानी अखबार जो वे लिखते हैं अपनी रिपोर्टिंग । अखबारों ने जो देखा, उसकी तस्वीर ली जमीनी सच्चाई को जाना और जो पत्रकार होते हैं उनकी जान पर हमला होता है तो भी जाकर सच्चाई लाते हैं, वो छपता है । मैं इनकी हैडिंग पढ़ने जा रहा हूं …(व्यवधान) मैं यह क्यों पढ़ने जा रहा हूं? सच्चाई कड़वी होती है सबसे पहले अखबार वालों ने हम लोगों पर ताना मारा है - *

SHRI R.L. JALAPPA (CHIKABALLAPUR): What is the time limit, Sir?

MR. DEPUTY-SPEAKER: We have extended the time till the Motion under Rule 184 is disposed of.

श्री हरिन पाठक : उन्होंने यह आर्टिकल लिखा है- ' गुजरात के सांसद चुप-चुप बैठे हैं संसद में, गुजरात से बाहर के आलिया-मालिया गुजरात की माता का वस्त्र हरण करके चले जा रहे हैं। हम गुजरात के संसाद होकर गुजरात की दुखभरी स्थिति को क्यों नहीं बताते हैं । ' 26 तारीख को यह अखबारो में छापा है। मेरा कर्तव्य बन जाता है। इसलिये मैने कहा कि मैंने सात अखबारों के नाम लिये हैं।

SHRI MADHUSUDAN MISTRY : This is too much. They have never said like that. This is not expected from you. … (*Interruptions*)

SHRI PRAVIN RASHTRAPAL : Do you admit that you are a ..*

*.*Expunged as ordered by the Chair.*

SHRI HARIN PATHAK: I do not agree. However, I agree that I must tell the truth to the nation. … (*Interruptions*)

SHRI MADHUSUDAN MISTRY : We do not expect this from you. … (*Interruptions*)

SHRI HARIN PATHAK: It is my duty to tell the truth to the Parliament; it is my duty to tell the truth to the people of the country. … (*Interruptions*)

SHRI MADHUSUDAN MISTRY : I can cite an example from Gujarat. Are you going to cite an example from Gujarat?

11 मार्च के पहले कच्छ और भुज में शांति थी। वॉयलेन्स की एक भी घटना सौराट्र के कच्छ और भुज में नहीं हुई। गुजरात समाचार, 3 मार्च, 2002, अंजार में हनुमान मूर्ति का खंडन और दंगो की शुरूआत। 3 मार्च, अहमदाबाद में शांति। गृह मंत्री जी अगर भााण करेंगे तो उसमें कहेंगे कि किस-किस दिन कर्फ्यू था। गांधी रोड पर चंद्रविलास होटल के पास 37 दुकानें आग से भस्मीभूत।

श्री मधुसूदन मिस्त्री : आपकी 11 मार्च की चर्चा में आ गया।

श्री हरिन पाठक : किसी ने नहीं कहा । आपके हर सवाल का जवाब इसमें आ गया है। आप कहेंगे कि फिर आप रोकते क्यों नहीं हो। अगर ऐसे तत्व हैं तो आप उन्हें रोकते क्यों नहीं हो, उसका जवाब इसी में है। आपके मन की हर दुविधा का इसमें समाधान है। 4 मार्च - मेन रिलीफ रोड पर एस.आर.पी. तम्बू चौकी पर महिलाओं का हमला। ये महिलाएं अल्पसंख्यकों के कुछ कट्टरवादी तत्वों की रिश्तेदार थीं। 4 मार्च -सूरत, नैनीनाथ मंदिर पर सशस्त्र भीड़ का हमला। कालूपुर, ढाई हजार महिलाओं ने पुलिस थाने को घेर लिया। 9 मार्च - शंकर सिंह जी आपको मालूम है, आप इसके साक्षी हैं कि कालूपुर में क्या स्थिति है। अहमदाबाद में कालूपुर, जुहापुरा, जमालपुर ऐसे क्षेत्र हैं, जहां आठ पुलिस चौकियों में पुलिस जाने से डरती है। वहां जाने की पुलिस की हिम्मत नहीं है। यह घेराव करने की बात आज की नहीं है। 1992 में एक एन्टी-सोशल कट्टर वादी, जिसका नाम अब्दुल लतीफ था, उसने पांच जगह से 1991 में कारपोरेशन का चुनाव लड़ा

था और वह पांचों जगहों से चुनाव जीत गया। उसके खिलाफ आर.डी.एक्स से लेकर हजारों खून करने का इल्जाम था। उसे पकड़ने के लिए एक दिन पुलिस गई। उसके समर्थकों ने 1992 में कालूपुर पुलिस स्टेशन को घेरा। उसके बाद मुझे मालूम है कि शंकर सिंह जी जब मुख्य मंत्री थे, तब उन्होंने लतीफ को पकड़ा था, लेकिन वह कूदकर कहीं भाग रहा था, तब पुलिस ने उसे मार दिया था। ... (व्यवधान) पार्टी कौन सी होती है, बी.जे.पी. को छोड़कर, उसके सभी पार्टियों से रिश्ते थे। प्रेम दरवाजा, बागड़ीवास वहां के 600 दलित, पीड़ित नागरिक भगवान के भरोसे थे। संदेश - 22 मार्च - नंगी तलवारों के साथ दौड़ते हुए हिंसक टोले ने शहर में अफरा-तफरी मचाई। 22 मार्च - इसकी तरफ मैं संसद का ध्यान जरूर दिलाना चाहूंगा कि कौन शुरू करता है। शंकर सिंह जी आपको इसका जवाब चाहिए कि दंगा 11 मार्च के बाद भी क्यों चालू रहा। 22 मार्च को पूरे शहर में शांति थी। विधान सभा चालू थी, संसद भी चालू थी। शुक्रवार था, ढाई बजे अचानक एक जगह कालुपुर से हजारों लोग निकल पड़े और खेडी बाजार, सिंधी बाजार में 150 दुकानें खाक हो गईं। पुलिस पर गोलियां दागीं और पेट्रोल बम मारे गये। 21 मार्च - समभाव। दूसरा अखबार - जैसे गोधरा में हुआ, हूबहू मोड़ासा में एक हजार के टोले ने एल.आई.सी. बिल्डिंग को घेर लिया। अगर पुलिस समय पर नहीं पहुंचती तो उस बिल्डिंग में जितने लोग थे, सब मारे जाते।

वडोदरा के पुलिस कमिश्नर टुटेजा पर एसिड से हमला हुआ, यह 2 अप्रैल की बात है। अभी-अभी कालूपुरा में विदेशी राकेट लांचरों से हमला किया जाता है। मैं ज्यादा नहीं पढ़ूंगा क्योंकि आपको अच्छा नहीं लगता है। आप बता रहे थे कि परसों तीन लोग दंगों में मारे गए। वे कौन लोग थे जो मारे गए? वे दंगों में नहीं मारे गए बल्कि मंसूरीवाड़ कालूपुरा में रात के साढ़े तीन बजे वे बम बनाते थे। ...(व्यवधान)

श्री शिवराज वी.पाटील : आपकी ही तो सरकार वहां पर है।

श्री हरिन पाठक : इसलिए मैं कहता हूँ कि टोली आती है। ... (व्यवधान)

श्री शिवराज वी.पाटील : जिम्मेदारी किसकी है?

श्री हरिन पाठक : जिम्मेदारी सबकी है। इनको कौन भड़काता है, कौन शरण देता है यही तो स वाल है। ...(व्यवधान) शरणार्थियों की बात की जाती है। देवेगौड़ा जी ने भी चिन्ता व्यक्त की, 1969 में दंगे हुए, लेकिन कोई शरणार्थी कैम्प नहीं खोला गया, 1985 में दंगे हुए, लेकिन कोई शरणार्थी कैम्प नहीं खोला गया। 1995 में दंगे हुए लेकिन कोई शरणार्थी कैम्प नहीं खोला गया, हमारी सरकार के समय में हुआ तो हमारी सरकार ने एन.जी.ओ. के साथ मिलकर सारे कैम्प खोले और उन्हें सारी सुविधाएं दीं। क्या हमने कोई गुनाह कर दिया? ...(व्यवधान) मैं अपनी बात खत्म करूंगा। मैं कहना चाहता हूँ कि संसद को सोचना होगा कि सांप्रदायिक दंगों को राजनैतिक रूप देकर हम समाज का भला नहीं करेंगे। इस्तीफों से यह समस्या हल होने वाली नहीं है। समाज

बंट चुका है, यह सच्चाई है। ... (व्यवधान) मेरे कहने का अर्थ यह नहीं कि मैं किसी पर आरोप लगा रहा हूँ, मगर इसलिए सदन से कहना चाहता हूँ कि सिर्फ पिछले एक महीने से ... (व्यवधान) मैं इसीलिए यह बात सदन में रखना चाहता हूँ। मेरी भावना कोई दूसरी नहीं है मगर पिछले दो महीने से ऐसी हवा चली है देश भर में और आप नियम 184 का नोटिस भी देखिये, सिर्फ उसमें यह कहा गया है नायडू जी कि जैसे सिर्फ अल्पसंख्यकों पर हमले होते हैं, बहुसंख्यकों पर कुछ नहीं हुआ। 36 दलितों को मारा गया। 22 तारीख को मैं और जार्ज साहब जब चैम्बर ऑफ कामर्स में बैठे थे, शहर में शांति थी। ढाई बजे एक पुलिस वाले को खींचकर तलवार से उसके तीन टुकड़े कर दिये गये। सिर्फ अल्पसंख्यकों पर नहीं होता है। बहुसंख्यकों पर भी पिछले डेढ़ महीने से गुजरात और अहमदाबाद में दलित, शोाति, पीड़ित, बहुसंख्यक, सभी कौम के लोगों पर इन आततताइयों का आतंक मचा है। इसलिए मैं कहता हूँ कि इस पर हमें गहराई से सोचना चाहिए। सोनिया जी ने ठीक कहा कि पार्टी से ऊपर उठकर हमें सोचना चाहिए। आप भी ऊपर उठिये, मुलायम जी आप भी ऊपर उठिये। प्रधान मंत्री जी तो जब से राजनीति में आए हैं, उससे पहले से उनका सारा जीवन राट्र और समाज को समर्पित है, आप क्या उनको पार्टियों में बांधेंगे।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं क्षमा चाहता हूं अगर मेरी इन बातों से किसी को दुख हुआ हो मगर यह बताना जरूरी था। यह जमीनी सच्चाई है कि गुजरात में हमारा समाज बंट चुका है। गुजरात में सबका मन बंटा है, उनका दिल बंटा है, उनकी आत्मायें बंटी हैं। कम से कम नियम 184 के अन्तर्गत आज आप उनको और संसद को बांटने का काम मत करिये। यहां से गुजरात में क्या मैसेज जायेगा ? यही मैसेज जायेगा कि कुछ लोग उसकी तरफदारी करते हैं और कुछ लोग इसकी तरफदारी करते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि क्या गुजरात में यह सही मैसेज जायेगा ? मेरी प्रार्थना है कि इस समाज को बांटने से रोकने का काम करना चाहिए। उस दिन, 11 तारीख को भी प्रार्थना की थी कि हम सब इस राजनीति से ऊपर उठकर जैसा अभी कहा गया कि ऐसी बात यहां से गुजरात में भेजें, ममता दीदी ने कहा कि सब मिलकर शांति के लिए कोशिश करेंगे तो मुझे लगता है कि सही अर्थ में गुजरात में शांति स्थापित होगी।

" दुनिया में अंधेरा है, एक चिराग जला दो,

सोते हुए भारत को उठो फिर से उठा दो,

आपस में लड़े हैं, खून भी बहुत बहा है,

जो कुछ भी हुआ है, अच्छा है. उसे भूला दो,

न हिन्दू, न मुसलमान, न सिख न ईसाई,

शौदा है वतन हम दुनिया को दिखा दें।"

आओ, हम सब आगे आकर भारत के संविधान में आस्था व्यक्त करें। भारत की बिन साम्प्रदायिकता किसी पार्टी की देन नहीं है। हमारी बिन साम्प्रदायिकता हमारी संस्कृति में है। जब से धरती पैदा हुई, जब से इंसान पैदा हुआ तब से इस भारत में बसने वाला हिन्दू भी बिन साम्प्रदायिक है। उसे किसी पार्टी के सर्टीफिकेट की जरूरत नहीं है। हमारे यहां वेदों की ऋचायें लिखी हैं। हर कमरे में वेदों की ऋचायें लिखी हैं। उपनिाद् के श्लोक लिखे हैं। आपकी कुर्सी पर सत्यमेव जयते लिखा है। क्या यह साम्प्रदायिक सूत्र है ? आओ, हम मिलकर गुजरात में शांति स्थापित करने के लिए एक आवाज में बात करें।

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : Sir, at what time we will have voting? Will the Debate go on throughout the night?

MR. DEPUTY-SPEAKER: It will not go on throughout the night.

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : If the time of the voting is fixed, that will be better. The hon. Home Minister has to speak, and the hon. Prime Minister has also to reply.… (*Interruptions*)…The time for voting should be fixed… (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: There are some smaller parties which have, so far, not been given a chance to contribute in the discussion. I will give chance to them to speak briefly. We will finish the debate as early as possible.

… (*Interruptions*)

SHRI SONTOSH MOHAN DEV (SILCHAR): Sir, there is no arrangement about tea or snacks for Members or staff. This is not fair.… (*Interruptions*)

श्री तरित बरण तोपदार (बैरकपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, क्या सबको एक-एक घंटा बोलने के लिए

मिलेगा ?

उपाध्यक्ष महोदय : सबको पांच-पांच मिनट ही मिलेंगे।

कुंवर अखिलेश सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, कल पहली मई है और पहली मई को मजदूर दिवस है। मेरा आपसे विनम्रतापूर्वक आग्रह है कि 12 बजे तक बहस कराई जाये और बाकी बहस को दूसरे दिन यानी 2 मई में ले जाया जाये।

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : Sir, May 1 is a holiday. How can we conduct the business on a holiday?… (*Interruptions*)

श्री पवन कुमार बंसल : उपाध्यक्ष महोदय, खाने का कोई इंतजाम नहीं है। … (व्यवधान)

स्टॉफ के लिए भी खाने का कोई इंतजाम नहीं है।

… (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: 1st May is a holiday technically. After 12 o'clock, it is 1st May. What should we do? It is a difficulty. … (*Interruptions*)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : 1st May is declared as a holiday by the Government. … (*Interruptions*)

श्री अनंत गंगाराम गीते : गुजरात में जो घटना घटी है, उस पर यहां चिन्ता जताई जा रही है, उस पर यहां चर्चा हो रही है। इस सदन के लिए क्या महत्वपूर्ण है - गुजरात पर हुई चर्चा या एक मई की छुट्टी, यह पहले तय कर लें। …(व्यवधान)

कुंवर अखिलेश सिंह : एक मई मजदूर दिवस है।… (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: The only alternative left is to request the Prime Minister to give his reply and then, go for voting. If the House agrees, we can do it.

… (*Interruptions*)

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes. … (*Interruptions*)

SHRI SHIVRAJ V. PATIL : We leave it to you. … (*Interruptions*)

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : हम 11 बजे से सबका भााण सुन रहे हैं, हमारा क्या होगा।... (व्यवधान) यह क्या फैसला हो रहा है। दो मई को करें, वह हमें मंजूर है लेकिन क्या वैसे ही वोटिंग हो जाएगी। हम 12 बजे से एक मिनट के लिए ऐबसैंट नहीं हुए, नाश्ता, भोजन सब साफ है। ...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: There are as many as 18 hon. Members to speak. We may allow the Members of the parties not represented so far to speak now. There may be four or five parties. Even then, we will cross 12 o'clock. I will be guided by the leaders as to how we have to proceed now. Otherwise, even if we request the hon. Leader of the House to give his reply and then if we go for voting, then also, we will cross 12 o'clock. Therefore, technically, we will not be able to complete it now.

… (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Jha, please allow me to speak. You are not allowing the Chair even to make an observation.

… (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Prabhunath Singh, will you please resume your seat?

… (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: I would like to be guided by the leaders as to whether we have to adjourn the House to take it up on the 2nd May or to continue now.

SEVERAL HON. MEMBERS: We can continue now.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Okay. We will continue.

Please do not interrupt. Every hon. Member will take only 10 minutes only.

श्री रघुनाथ झा (गोपालगंज) : यह क्या हो रहा है। ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप क्या करते हैं।

…(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Bangarappa, it is the sense of the House. What can I do? Every hon. Member will take five minutes each.

श्री मुलायम सिंह यादव : सदन की भावना है, आप चलाएं, लेकिन कम से कम आपकी कृपा हो जाए कि कौन कितना बोलेगा तो ठीक रहेगा, नहीं तो कल 12 बजे तक हाउस चलता रहेगा।

उपाध्यक्ष महोदय : कल का तो पता नहीं, लेकिन आज 12 बज गए हैं।

श्री मुलायम सिंह यादव : कहीं न कहीं कोई स्टेंड लेना पड़ेगा।

उपाध्यक्ष महोदय : इसलिए तो निर्णय लिया है।

श्री मुलायम सिंह यादव : ठीक है चलाइए, लेकिन ऐसा कब तक चलेगा, कहीं न कहीं तो स्टेंड लेना पड़ेगा।

उपाध्यक्ष महोदय : अनरिप्रजेंटिड पार्टियों के लिए पांच-पांच मिनट तय किए हैं।

श्री मुलायम सिंह यादव : कोई निर्णय तो लें कि दो बजे तक चलेगा या ढाई बजे तक चलेगा।

उपाध्यक्ष महोदय : दो बजे तक।

… (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: We have wasted more time like this than in deliberations.

… (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, five minutes each would be given to the parties which have not been given time so far.

श्री रघुनाथ झा : सबको पांच-पांच मिनट का समय दे दें।… (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: What is this happening? Hon. Members, either you take your seats or you may go out.

… (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Let there be order in the House. Again, you are wasting the time of the House.

… (*Interruptions*)

श्री सलीम आई. शरेवानी (बदायूं) : हम लोग यहां 542 सदस्य हैं। इस सदन में हिन्दुस्तान के कोने-कोने से आते हैं। हर बिरादरी और मजहब के लोगों की हम नुमाइंदगी करते हैं। जो गोधरा में हुआ, उसकी एक लफ्ज से पूरे सदन को निंदा करनी चाहिए, वह गलत हुआ, नहीं होना चाहिए। उसके बाद जो गुजरात में हुआ, उसकी भी एक आवाज से हमें निंदा करनी चाहिए।

उपाध्यक्ष महोदय : सुबह 12 बजे से यही हो रहा है और अब रात के 12 बजने वाले हैं। Your suggestion ought to have come 12 hours earlier. You could have benefited us.

श्री सलीम आई. शेरवानी : मैं सुझाव दे रहा हूं कि यह हिन्दू-मुसलमान की बात नहीं है, यह इन्सानियत का खून हो रहा है, बेगुनाहों का खून हो रहा है। अगर एक आवाज से हम इसकी निंदा नहीं करेंगे तो हमारे मुल्क में ये दंगे खत्म नहीं होंगे। हम लोगों का यह फर्ज बनता है कि बेगुनाहों के खून को हम रोकें। इसलिए मैं पूरे हाउस से अपील करना चाहता हूं कि हम एक लफ्ज से इसकी निंदा करें।

उपाध्यक्ष महोदय :अब यहां से शुरूआत करते हैं। मैं मि. राशिद अलवी को बोलने के लिए पुकार रहा हूं।

1. <u>hrs.</u>

श्री राशिद अलवी (अमरोहा) : डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपका शुक्रगुजार हूं कि रात के ठीक 12 बजे बहुजन समाज पार्टी, जो काफी बड़ी पार्टी है, जिसके 13 सदस्य हैं, उसे आपने पांच मिनट बोलने का समय दिया। हमारी पार्टी संसद में सातवीं सबसे बड़ी पार्टी है, लेकिन करीब 20वें या 25वें नम्बर पर आप मुझे बुला रहे हैं, फिर भी मैं धन्यवाद पेश करता हूं।

सुबह से गुजरात के इस इश्यू पर तमाम राजनीतिक दलों के नेताओं के भााण मैं सुन रहा हूं। आरोप और काउंटर एलीगेशन एक-दूसरे पर इस हाउस में लगाए जा रहे हैं। पिछले 54 साल का

इतिहास गुजरात के अंदर जो कुछ हुआ, वह बार-बार यहां पर रिपीट किया गया। एक राजनीतिक दल दूसरे राजनीतिक दलों पर इल्जाम लगाता है कि जब आप सरकार में थे तो हिन्दुस्तान के अक्लियतों का खून इस तरह बहा था। दूसरा राजनीतिक दल दूसरे राजनीतिक दल पर यह इल्जाम लगा रहा है कि जब आप सरकार में हैं तो अक्लियतों का खून इस मुल्क के अंदर इस तरह बहा। मैं अक्लियतों की तरफ से पूछना चाहता हूं कि मैं किससे सवाल करूं, मैं किसके आगे हाथ फैलाऊं कि जो खून इस मुल्क में बह रहा है, उसके लिए कौन जिम्मेदार है ?

मैंने जार्ज फर्नांडीज साहब का भााण सुना। जार्ज साहब मेरे लिए बहुत काबिलेएहतराम हैं। जब मैं स्कूल में पढ़ता था तो जार्ज साहब की तकरीरें सुनता था। मैं खुदा से दुआ मांगता था कि मैं भी ऐसी तकरीरें करने लगूं, जैसी वे करते हैं। लेकिन आज जार्ज साहब ने जो आर्ग्युमेंट दिए, उसका मुझे अफसोस है। 1984 के अंदर जो दंगा दिल्ली में हुआ, मेरे पास अल्फाज नहीं हैं, जिनसे मैं उसकी निंदा कर सकूं। एक बदतरीन वाक्या हुआ था। लेकिन यह दलील नहीं दी जा सकती कि 1984 में आपकी सरकार में ऐसा हुआ था इसलिए दूसरी सरकार में ऐसा हो रहा है। पाठक साहब कह रहे थे। मुझे उनकी एक बात बहुत अच्छी लगी। उन्होंने कहा कि 1984 के अंदर एक इन्सान सड़कों पर खड़ा हो गया, उसने तूफान को, उस बदतमीजों को रोकने की कोशिश की। मैं बैठे-बैठे सोच रहा था, काश गुजरात के अंदर भी ऐसा एक इन्सान आ जाता और खड़ा हो जाता तो शायद गुजरात में ऐसा वाक्या नहीं होता। गुजरात के अंदर जो कुछ हुआ, वह हिन्दू और मुसलमान का सवाल नहीं है। गोधरा के अंदर जो कुछ हुआ, उसकी निंदा करने के लिए मेरे पास अल्फाज नहीं हैं। नियम 193 के तहत जब इस हाउस में बहस हुई थी, तो मैंने शिद्दत के साथ उसकी निंदा की थी। लेकिन दुनिया का कोई ईमानदार आदमी, दुनिया का कोई सियासतदां यह नहीं कह सकता कि गोधरा में ऐसा हुआ था इसलिए बाद में गुजरात में जो वाक्यात हुए, वे सही हैं।

मेरे पास वजीरे-आजम का बयान है। जैसा आपने कहा कि गोधरा के वाक्यात की निंदा करनी चाहिए, उसके बाद भी जो वाक्यात हुए, उनकी भी निंदा करनी चाहिए। मैं इसको एप्रिशिएट करता हूं, लेकिन गुजरात में दो महीने से लगातार वाक्यात हो रहे हैं, उससे न सिर्फ मुल्क में, दुनिया के अंदर हमारा सिर शर्म से झुक जाता है। हमारे पास उसको डिफेंड करने के लिए कोई अल्फाज नहीं हैं। मुझे तकलीफ इस बात की है कि इस हाउस के अंदर एक-दूसरे पर आरोप लगाए जा रहे हैं। हम यह नहीं सोच रहे कि गुजरात के वाक्यात को किस तरह से हम ठीक कर सकते हैं। कैसे वहां की समस्या का समाधान कर सकते हैं। जब तक ईमानदारी से बैठकर यह फैसला नहीं होगा कि गुजरात जैसे वाक्यात इस मुल्क के अंदर दोबारा न हो, ऐसे वाक्यात को रोका नहीं जा सकता। मैं सरकार से कहना चाहता हूं, वे तमाम लोग जो इस आग के अंदर तेल छिड़कने का काम कर रहे हैं, मैं किसी पार्टी का नाम नहीं लेना चाहता हूं।

<u>00.05 hrs</u>. (Dr. Laxminarayan Pandey in the Chair)

लेकिन मेरे पास अखबार के बहुत सारे इंटरव्यूज हैं। मीडिया के अंदर बहुत सारे बयानात मैंने पढ़े हैं जिसके अंदर कहा गया है कि डा. परवीन दुगाड़िया ने कहा कि

"What is wrong in Gujarat becoming lab of Hindutva? "

आगे कहा कि : Muslims can have laboratories Madarsas to terrorise Bharat. इस तरीके की जुबान गुजरात के दंगों को खत्म नहीं कर सकती। इस तरीके की घटनाएं आग को भड़काने का काम कर सकती हैं। मैं कहना चाहता हूं कि तलवार की तरफ एक धार होती है। जब तलवार चलाई जाती है तो इंसान के जिस्म में जख्म पैदा करती है लेकिन फिरकापरस्ती की तलवार दो धार की होती है जो इंसान को भी मारती है और मुल्क को भी मारती है। ऐसी किसी तलवार का जो भी कोई आदमी साथ देगा, सरकार की जिम्मेदारी होती है कि उसके खिलाफ कार्रवाई की जाये। आज इस पार्लियामेंट के अंदर हम एक-दूसरे के ऊपर कीचड़ उछाल सकते हैं। लेकिन आने वाला इतिहास ईमानदारी के साथ लिख देगा कि कौन सही था और कौन गलत था। हमें इतिहास से सबक लेना चाहिए कि आज चार सौ साल के बाद भी पूरी दुनिया अकबर-ए-आजम को मानती है कि वह सैकुलर आदमी था। आज चार सौ साल के बाद भी जहांगीर को माना जाता है कि वह इंसाफ का सबसे बड़ा नंबरदार था। आज सैकड़ों साल के बाद भी नादिर शाह को याद किया जाता है कि दिल्ली के अंदर जब वह दाखिल हुआ था तो चांदनी चौक के अंदर इंसानों की लाशें बह गई थीं। चांदनी चौक के दोनों तरफ बनी हुई गंदी नालियों के अंदर इंसानों का खून बहा था। इतिहास कभी किसी को माफ नहीं करता है। इस मुल्क के अंदर अगर अकलियत रह गई है और 1947 की अकलियतों ने इस मुल्क के अंदर रहना तय किया तो यह उनका अपना फैसला था और यह फैसला उनका इसलिए था कि वे इस मुल्क को अपना मुल्क मानती थीं। मैं तारीख के पन्नों को पलटना नहीं चाहता हूं लेकिन तारीख के पन्ने पलट-पलटकर मैं यह साबित कर सकता हूं कि हिन्दुस्तान की आज़ादी की लड़ाई में अकलियतों ने कितना खून बहाया था। मौलाना अबुल-कलाम आज़ाद, अहमदनगर की जेल के अंदर थे। वे जेल की दीवारें आज भी इस बात की गवाह हैं कि मौलाना आज़ाद की बीबी और बहन बाहर दम तोड़ती रहीं लेकिन मौलाना आज़ाद जेल से बाहर नहीं निकले। पंडित जवाहर लाल नेहरू जब मौलाना आज़ाद के पास सरकारी हुकुम लेकर गये कि आपकी बीबी बीमार है। आपको जेल से बाहर जाने की इजाजत मिल सकती है, आप चले जाइए। तब मौलाना आज़ाद ने कहा था कि मुझे हिन्दुस्तान की आज़ादी अपनी बीबी और बहन की जान से ज्यादा अजीज़ है। जिन मदरसों का जिक्र चल रहा था- मौलाना हुसैन अहमद-मदनी, मौलाना उबेदुल्लाह सिन्धी, मौलाना शेखुल-हिन्द महमूदल हसन, मौलाना बरकतउल्ला साहब, एक लम्बी फेहरिस्त मैं हाउस को बता सकता हूं। रेशमी रुमाल की तारीख आज भी तारीख के पन्नों के अंदर है कि इस मुल्क को आज़ाद कराने के लिए किस तरह से लड़ाई लड़ी थी। माल्टा के अंदर जेलों के अंदर बंद रहे। इस मुल्क की आज़ादी के लिए बंद रहे। लेकिन आज वो सारे बुजुर्ग और उस वक्त जब यह लड़ाई लड़ी थी तो न कोई हिन्दू था और न कोई मुसलमान था। ऊधमसिंह भी वह लड़ाई लड़ रहे थे, चन्द्रशेखर आज़ाद भी वह लड़ाई लड़

रहे थे, बिस्मिल भी लड़ाई लड़ रहे थे और अशफाकउल्ला भी लड़ाई लड़ रहे थे लेकिन उन्होंने वह सपना नहीं देखा था कि आज़ाद हिन्दुस्तान के अंदर हिन्दू और मुसलमान बन जाये। यह सपना नहीं देखा था कि धर्म के नाम के अंदर इस मुल्क के अंदर लड़ाई होगी और एक-दूसरे का गिरेबान एक-दूसरे के हाथों में होगा। एस. राधाकृणनन जी मुल्क के सबसे ज्यादा काबिले-एतराम शख्शियत माने जाते हैं। उन्होंने दिसम्बर 1946 में कांस्टीट्यूट असैम्बली में कहा कि :

> "Whether they are Hindus or Muslims, Princess or prisoners, they belong to this country. It is not possible for us to think that we belong to a separate identity. "

वही बात मौलाना आज़ाद ने जामा मस्जिद के अंदर तकरीर कर दी जब मुसलमानों ने अपने बोरिया-बिस्तर बांध दिये थे और पाकिस्तान जाने की बात कर रहे थे। तब मौलाना आज़ाद ने जामा मस्जिद के अंदर मुसलमानों को बुलाकर तकरीर की थी। वह तारीख-ए-तकरीर जिसमें मौलाना ने कहा था कि हिन्दुस्तान के मुसलमानों, यह मस्जिद के अजीमो-शान-मीनारें तुमसे स वाल करती हैं।

तुम इन मीनारों को छोड़ कर पाकिस्तान जाओगे तो इन मीनारों के साए के अंदर कौन नमाज़ पढ़ेगा। मस्ज़िद के हौज का पानी तुमसे ये सवाल करता है, इसे पीछे छोड़ कर तुम अगर पाकिस्तान चले जाओगे तो इस हौज के किनारे बैठ कर कौन वज़ु करेगा। मैंने जब भी जुबान खोली, तुमने मेरे होठों को बंद कर दिया। मैंने जब भी तुम्हे रास्ता दिखाने का काम किया, तुम दूसरे रास्ते पर चल पड़े। यह दौर वह दौर था, जब मुस्लिम लीग अपने शवाब पर थी, लेकिन इस कौम के रहनुमा वे लोग थे, जिन्होंने हिन्दुस्तान के अंदर सेक्युलरिज़्म की ज्योति जलाई थी और उसके लिए लड़ाई लड़ रहे थे। आज अगर उन सब को यह एहसास हो कि इस मुल्क में किस तरीके के वाक्यात हो रहे हैं तो शायद उनका सिर शर्म से झुक जाए। ढाई हजार साल पहले महात्मा बुद्ध ने कहा था कि भारत की संस्कृति और परम्परा के अंदर अहिंसा और सत्य ही एक रास्ता है। भगवान महावीर ने कहा था कि अहिंसा और सत्य ही एक रास्ता है। महात्मा बुद्ध ने कहा था कि तमाम प्राणियों पर दया करना हर प्राणी का फर्ज है। सिर्फ इंसान की बात नहीं है, जानवरों तक के लिए उन्होंने यही कहा था। जैन धर्म के अंदर मुंह पर कपड़ा इसलिए बांधा जाता है ताकि कोई जीव मुंह में न चला जाए और वह गुनाहगार न बन जाए।

महोदय, रामायण के अंदर भरत ने जब राम से पूछा कि सबसे बड़ा धर्म क्या है तो भगवान राम ने कहा - परहित सरिस धर्म नहीं भाई, पर पीड़ा सम नहीं अधमाई - दूसरे का भला करने के बराबर दुनिया में कोई दूसरा धर्म नहीं है। इससे बड़ा मजहब नहीं है कि दूसरे का भला किया जाए और दूसरे को दुख देने के बराबर कोई पाप नहीं है - यह भगवान राम ने कहा था। गीता के अंदर भग वान कृण ने कहा था - ईश्वर: सर्व भूतानाम ह्रदय से अर्जन तिठती। हे अर्जुन, खुदा सभी प्राणियों

के दिल के अंदर मौजूद है। गीता के अंदर यह नहीं कहा कि सिर्फ हिन्दुओ के अंदर मौजूद है, मुसलमानों के अंदर नहीं या मुसलमानों के अंदर मौजूद है, हिन्दू के अंदर नहीं।... (व्यवधान)

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : जा सुराज प्रिय प्रजा दुखारी, ते नृप होही नरक अधिकारी।

श्री राशिद अल्वी : महोदय, गीता के चेप्टर दस, श्लोक 20 में भगवान ने कहा है - "I am the soul of all the creations." चेप्टर 13, श्लोक 13 और 17 में कहा है कि संसार के कण-कण के अंदर मैं मौजूद हूं। शिकागो के अंदर विवेकानंद जी ने कहा है - "For my Master, every religion is part and parcel of the same eternal religion."

महोदय, गीता के अंदर आगे कहा गया है कि जो भी मेरी पूजा जिस तरह करता है - चाहे वह मंदिर या मस्ज़िद में जाकर करे, मैं उसे स्वीकार करता हूं। यही बात कुरान के अंदर है - लकुम दीनाकुम वलायदी - मेरा दीन मेरे लिए और तुम्हारा दीन तुम्हारे लिए। जिस दीन पर तुम चलना चाहते हो उस पर चलो। इससे बड़ी सेक्युलरिज़्म की कोई दूसरी परिभााा नहीं हो सकती। मैं अदब के साथ कहना चाहता हूं।... (व्यवधान) मैं आपसे यही दरख्वास्त कर रहा हूं कि इसमें राजनीति मत कीजिए। तीन को ओथ होनी है या तीन को नहीं होनी है, मैं आपको एक बात कहना चाहता हूं कि अगर आप सेक्युलरिज़्म के इतने बड़े अलम्बरदार हैं तो आपको कहना चाहिए कि मायावती जी आगे बढ़िए, हम आपकी सरकार बनाएंगे। आपने एक बार भी नहीं कहा - क्या यही आपका सेक्युलरिज़्म है और आप चाहते हैं कि यूपी के चीफ मिनिस्टरशिप के लिए कांग्रेस आपको सपोर्ट करे। आप रोज कांग्रेस को गालियां दे रहे हैं, क्योंकि वे आपको सपोर्ट करने को तैयार नहीं हैं, लेकिन कल जब वह प्रधानमंत्री जी बनना चाहते थे तो आपने भी सपोर्ट नहीं किया था - यह कोई सेक्युलरिज्म नहीं है।...(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : आप जो चाहेंगे, बोलेंगे और गलत बोलेंगे।... (व्यवधान)

श्री राशिद अल्वी : कल सोनिया गांधी जब कांग्रेस की प्रधान मंत्री बन सकती थी, तब समाजवादी पार्टी ने सपोर्ट नहीं दी ।

श्री मुलायम सिंह यादव : यह असत्य बोल रहे हैं। इनका बोलना बंद कीजिए, वरना इसका जवाब करारा मिलेगा। ... (व्यवधान) ...* ये किस तरह की बातें बोल रहे हैं।

श्री राशिद अल्वी : ये असंसदीय भााा का प्रयोग कर रहे हैं। ये असंसदीय शब्द हैं लेकिन जो कुछ मैं कह रहा हूं पूरी शिद्दत के साथ कह रहा हूं। मैं अपने अल्फाज़ वापस नहीं ले रहा हूं।... (व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : यह असंसदीय भााा नहीं है।

सभापति महोदय (डॉ लक्ष्मीनारायण पाण्डेय) : असंसदीय शब्द कार्यवाही से निकाल दिये जाएंगे।

नागर विमानन मंत्री (श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन) : यह असंसदीय भाषा है इसे कार्यवाही से निकाल दिया जाए।

श्री राशिद अल्वी : अगर यह भाषा संसदीय भाषा है तो मैं कुछ नहीं कहना चाहता हूं।

सभापति महोदय : रिकार्ड देखकर अगर कोई असंसदीय शब्द होंगे तो वे निकाल दिये जाएंगे।

श्री राशिद अल्वी : सर, सवाल यह नहीं है। अगर मुलायम सिंह जी जैसे बड़े नेता इस जुबान का इस्तेमाल संसद में करेंगे तो संसद की कोई गरिमा नहीं रह जाएगी। …(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : आप क्या पार्लियामेंट के अंदर असत्य बोलोगे। क्या एमपी वैसे ही बनकर आये हो, राजनीति करके नहीं आये हो। क्या सदन के अंदर इतना असत्य बोलोगे। बोलने का मौका मिलता है तो आप राजनीति करते हो। …(व्यवधान)

सभापति महोदय : हमारे पास समय की वैसे ही कमी है, आप अब समाप्त कीजिए।

श्री राशिद अल्वी : सर, जो बात मैं कह रहा हूं वह मैं फिर दोहरा रहा हूं और अपने अल्फाज को वापस नहीं ले रहा हूं। गुजरात पर मैं बोल रहा था लेकिन सुमन जी ने कहा इसलिए मुझे बोलना पड़ा। ऐसा नहीं

**Expunged as ordered by the Chair.*

है कि इस संसद के अंदर जितने लोग बोले या मुलायम सिंह जी की पूरी तकरीर गुजरात के ऊपर ही है, इधर-उधर की बातें उन्होंने नहीं की है। मैं आखिर में इतना ही कहना चाहता हूं कि …(व्यवधान)

सभापति महोदय : मुलायम सिंह जी, आप बैठ जाइये।… (व्यवधान)

श्री राशिद अल्वी : सर, जो 184 का मोशन है उसे मैं पढ़ना चाहता हूं :-

> "That this House expresses its grave concern over the failure of the administration in ensuing the security of minority community in

various parts of the country, specially in Gujarat…"

सर, यह कोई ऐसा मोशन नहीं है जिसे आंखें बंद करके बना दिया गया है। इसमें सिर्फ गुजरात की बात नहीं है। मोशन के अंदर " वेरियस पार्ट्स ऑफ द कंट्री" हैं। जहां कांग्रेस की सरकारें हैं तथा वे वेरियस पार्ट्स भी जहां लैफ्टिस्ट्स की सरकार है। मैं माननीय सोमनाथ चटर्जी की बहुत इज्जत करता हूं लेकिन सीपीएम को अमेंडमेंट लाना पड़ा क्योंकि वेरियस पार्ट्स पर उन्हें एतराज है।

कांग्रेस को अमेंडमेंट लाना पड़ेगा, अगर वेरीयस पार्ट्स शब्दों पर ऐतराज है। यह मोशन डैलीब्रेटली लाया गया है, फिक्स करने के लिये लाया गया है। मैं यही कहना चाहता हूं कि लाशों पर राजनीति नहीं की जा सकती। यह मुमकिन नहीं कि लाशों पर राजनीति की जाये। मैं बहुत ही अदब के साथ कहना चाहता हूं कि जब बिजनौर में दंगे हुए थे, उस समय जनता दल की सरकार थी। मेरे पास वे फोटोग्राफ्स रखे हैं जिसमें एक इनसान गन्ने के खेत के अंदर पड़ा हुआ है और उसे सूअर सूंघने का काम कर रहा है। यह उस समय की सरकार का काम था। मेरी तवज्जह को इधर-उधर कर दिया गया। जो भी गुजरात में वाकयात हुआ, उसकी अलफाज में निन्दा नहीं की जा सकती। मेरे पास गुजरात के बारे में पूरी एलबम मौजूद है। कोई भी इनसान इन फोटो को देखने के बाद खाना नहीं खा सकता और कोई इनसान ऐसा नहीं जिसके आंसू न झड़ जायें। वहां जिन्दा इनसानों को जलाया गया, ये उसकी फोटो है। कोई भी इन्सानियत, कोई मज़हब या धर्म इजाजत नहीं देता कि इस तरह के वाकयात पेश करे।

मैं सरकार से मतालबा करता हूं कि सरकार सोसायटी के टूटने के बजाये सोसायटी के अंदर जो वहां के हिन्दू-मुसलमान इख्तलाफात हो गये हैं, सार्वजनिक रूप से डिवाइड हो गये हैं, उसे खत्म करे। लॉ एंड ऑर्डर स्टिक करे। गोधरा के अंदर जिन लोगों ने इन्सानों को जलाया है और उसके बाद दूसरे वाकयात के लिये जो जिम्मेदार हैं, अगर सरकार उन जिम्मेदार लोगों को कनॉट प्लेस के अंदर खड़ा करके गोली मारने का काम करेगी, हर एक इस देश में उसकी हिमायत करेगा, उसकी मुखालिफत नहीं करेगा। साथ ही मैं सरकार से अपील करूंगा कि सी.बी.आई. को इंस्ट्रक्शन्स दी जायें कि हर मामले में 60 या 90 दिन के अंदर चार्जशीट फाइल की जाये ताकि वे लोग आसानी से ज़मानत पर न छूट सकें। मैं सरकार से यह भी मतालबा करूंगा कि बड़ा दिल करके जितना रिलीफ दे सकें, इनको देना चाहिये। जो लोग बेघर हो गये हैं, सरकार की जिम्मेदारी है कि पूरे तरीके से उन्हें मकानात देने चाहिये। जो मारे गये हैं, उन्हें पूरी तरह से कम्पनसेशन देना चाहिये। इसके साथ यह भी कहना चाहूंगा कि जो बच्चे इम्तिहान देने नहीं जा सके, जैसा सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया है, उन बच्चों को दूसरी बार, तीसरी बार मौका मिलना चाहिये ताकि वे इम्तिहान दे सके और उनका वक्त न खराब हो। अब मैं एक शेर के साथ अपनी बात समाप्त करूंगा :

खून फिर खून है टपकेगा तो जम जायगा,

खून फिर खून सौ शक्ल बदल सकता है,

ऐसी शक्लें कि मिटाओ तो मिटाये न बने,

ऐसा नारा कि दबाओ तो दबाये न बने,

ऐसे शोले कि बुझाओ तो बुझाये न बने।

At last, the leadership of the *Bahujan Samaj* Party has decided to oppose the Motion.

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Mr. Chairman, Sir, already 12 hours have passed since we have been discussing this Motion. Within that, some hours have been disrupted. I have a sore throat.

I would appreciate If I am not interrupted while expressing myself on behalf of my party. I hope, I would be allowed.

As a benevolent participant of NDA, BJD has been supporting all the moves that the NDA has taken and is taking under the able leadership of Shri Atal Bihari Vajpayee. On 17^{th} of April, in the General Body meeting - before lakhs of people – at Bhubaneswar, a resolution was passed confirming our commitment towards secularism. At the same time, the founder President of our party and the Chief Minister of Orissa has categorically stated that BJD will remain with NDA as long as NDA is there to serve this country.

Whatever I am going to say here relates to the opinion of my party. That opinion is, within the last 12-1/2 hours, we have been discussing about the symptoms of the disease that has affected our body politic, that has affected our nation. Accusations and counter-accusations have been made and obstructions have also been created repeatedly. A remedy can only be

found if the disease is to be identified. In some quarters on this side, to a greater extent, something has been expressed by the Convenor of NDA, Shri Fernandes. The disease is this. What attempt has been made within the last 55 years to remove the ill will that has been created for many long years? It has been stated in this House that 'divide and rule' was the policy of the British Government. But I would like to humbly state in this House that the Britishers only implemented, that was this disease in our society, for many hundred years ago.

Before the Britishers arrived, there were tensions within the society. There were clashes in the society. There were communal flare-ups in the society not only between Muslims and Hindus but also between different communities of Hindu society. At one point of time, some thousand years ago, the Buddhist monasteries were destroyed. Jain pilgrimages were destroyed. There were different opinions within our society. Orissa is a State where many years ago a confluence took place between the Aryan race and the Dravidian race.

About a thousand years ago, there was a great emperor Chola Gangadeva. He brought all the sects together. He brought the presiding deity from the tribals and named Him the Supreme Being - Lord Jagannath

who is the lord of the universe.

It is a place where all sects meet, where all belief merges, and all faith is one. And for the last thousand years or more, we believe in that. We believe in respecting all religions; not only tolerance but also we respect all religions. The disease within our Indian society is intolerance. What have we done? I think, many of us will remember and understand the word `*malechcha*'. *Malechcha* is a word which has been repeatedly used in different granthas. … (*Interruptions*) What I was mentioning is that *malechcha* word has been used and we have to understand the psychology because there has been a psychology of minority, specially within the Muslim community of separtism, which has been because of the Hindu society, is exclusivism not only very recently but that has been there for more than thousand years. That has led to separatism in that society, in that community. If the Hindus feel that they are exclusive, it gives rise to

another community to always remain as separatist. Number of attempts has been made by a number of saints of this land, irrespective of their belief or faith that different communities should come together.

We have a *pooja* and that has been there not only in Bengal or in Orissa or in Bihar but also in a number of villages in Uttar Pradesh. We call it *Satyanarayan Pooja* and I find that here in Delhi market when I go round to do my shopping, *Satyanarayana Path* is done in Hindi also. What is this pooja? … (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : Your party's time is only six minutes.

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB : Sir, my predicament is that whenever I stand on behalf of my party, you are in the Chair and you have been very unkind to me.

I do not have many things to say. Leave aside *Satyanarayana Pooja Path* and I would come to this point. Why is this hostility still there? Shri Rashid Alvi has rightly stated about Abul Kalam Azad. He was a moderate. He has rightly stated what Abul Kalam Azad had stated before Jama Masjid. But did the society accept him as their leader? A large number of people went away and they were in support of Pakistan. But I am reminded of another thing. I do not think that any Member has stated this. But many people from Gujarat know where was Mohammad Ali Jinnah born. We call it a land of Gandhi but where was Mohammad Ali Jinnah born.

What was his opinion in 1925? What was his opinion later on? Khilafat Movement was also criticized here in this House. I have a different opinion on that. But where was Mohammad Ali Jinnah born? He was born in the same land in Gujarat where Gandhi was born. That land also gave birth to Jinnah. We should also remember that. We should also remember that a large section of people, who stayed back in India, did not think of leaving this land. What were those people who left for good pastures called then? What are they called today? They are Muhajirs. They do not get the respect. They do not command that respect. They are not getting the respect in that country they chose. But repeatedly there has been a word

that has been used here in this House is Sadyantra, conspiracy. They repeatedly do this. My hunch is and I would like to reiterate that in Godhra, there was a great design. The design was when the whole country was turning into a cauldron, just a spark was needed, and Godhra did that spark.

I was told by one of my elders today that we carry matchbox in our pockets. It is a safety matchbox. We light the *chulha* to cook our food. We light the lantern to give us light. But there are times when someone just lights it and drops it on the ground and does not care douse the fire. The fire slowly spreads. But this fellow says that he did not light up all the villages, If the fire spread, it is the wind which carried the fire. I had just dropped the matchstick here. That is the problem which we all should remember. Who lighted the matchstick? How has the situation created in Gujarat?

When the Motion is that we will be discussing situations in the country, specially, in Gujarat, I would commend the attempt and the commitment by the NDA Government. Immediately after Godhra incident instructions were sent to different States. Be it Congress-ruled States or non-Congress-ruled States, be it supporters of NDA or they are opposed to NDA, immediately instructions were sent. The State machinery in different States were alerted. Is it not a credit of this Government and also of those State Governments which ensured that communal conflagration has been confined only to certain pockets of Gujarat? It has not spread throughout the country. Had this happened 55 years ago? Should not we commend this Government that they have tried their best to create a feeling of belonging among those who have felt neglected? But I would like to come to another point that it is education and economic development which basically the Muslim society and the minorities are not getting. They have not got that much of support within the last 55 years. They are not developing as others are doing. More importance should be given to those sections.

I was pained to see that for more than six days, the House was adjourned. We come from a State which is poor. Every day the State Government has to manage finance. It has to draw overdraft to manage the State machinery and we are unable to speak about that here. We are unable to speak about

the poor people in this House. The whole Parliament was stalled for six days only on this issue. And today we are discussing it.

What is the problem that affects large sections of people in this country? Is it secularism or non-secularism? Or, is it poverty and affluence? Or, is it the nagging threat at our borders with Pakistan where Pakistan is indulging in cross-border terrorism? Or, is it not the fact that China, on the other hand, is competing with us on the economic front which is more important ?

My only point here is based on what I have learnt during my little career in politics and in public life. Why is the communal frenzy continuing in Gujarat for two months? What happened in 1969 that for six months communal tension prevailed and killings were committed? When there is no fear of law, it breeds crime. When there is a lack of fear of punishment, the fall out of the prolonged legal process results in increased communal frenzy and crime. I was told that 36,000 people have been booked but has the State Government identified the ringleaders, as was mentioned by the hon. Minister Shri Harin Pathak, one of whom was killed some ten years ago. Have the ringleaders been identified from either community? It is required to be done now. … (*Interruptions*)

कुंवर अखिलेश सिंह : सभापति महोदय, इस हिसाब से तो सुबह हो जाएगी।… (व्यवधान)

श्री प्रियरंजन दासमुंशी : कांग्रेस के लिए आपका टाइम होता है लेकिन बाकी लोगों के लिए आपका कोई टाइम नहीं है। ..(व्यवधान)

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB : When two thousand years ago a child was born in Bethlehem, thousands of children were killed just because somebody apprehended that the Son of God was getting born. Similarly, during the rule of Kamsa in Mathura, when Devaki's *ashtama garva* was born, lakhs of children were killed. As was mentioned by Shri Vaiko, children were killed in Nellie in 1983. So also, in 2002, children have been killed in Gujarat. Have we progressed ? There is a necessity to educate ourselves but the world phenomenon today is that the more we educate ourselves and the more economically developed we are, there is more communal frenzy and more inhuman activity going on.

I think, India has to show the light. Under the able leadership of Shri Atal Bihari Vajpayee, that light would, I think, be shown to the world that within this diversity our unity lies. We can survive this. We have survived the 1992 happenings. We have survived the 1947 events. Those were dark chapters of history. So, we will overcome this dark chapter also. As Indians, we will overcome this black chapter and remove this black spot from the minds of all the affected persons.

On behalf of my party, I oppose the Motion.

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : सभापति महोदय, हम संक्षेप में बोलेंगे।

सभापति महोदय : आप समय की सीमा को स्वयं जानते हैं। ध्यान रखिए।

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : सभापति महोदय, सबसे पहली प्रार्थना आसन से यह है कि समाचार - भाग 2 (संसदीय तथा अन्य मामलों संबंधी सामान्य जानकारी) का जो बुलेटिन प्रकाशित हुआ है, उसमें नियम 189 के अधीन गृहीत प्रस्ताव में हम लोगों का नाम भी लिखा हुआ है। लेकिन हमने जो प्रस्ताव दिया था, वह नहीं है दूसरा है। इसलिए इसे सुधार कर बुलेटिन फिर से वितरण कराया जाए।

इसीलिए अमेंडमेंट देना पड़ा। हम लोगों का प्रस्ताव ही इसमें नहीं है लेकिन जिस प्रस्ताव पर बहस हो रही है और इसके भी खिलाफ लोग जा रहे हैं। यह भााण में या वोट मे कह रहे हैं कि हम खिलाफ करेंगे। हमें इससे पता लगता है कि कुंए में साम्प्रदायिकता की भांग घोली गई है। मतलब इसमें कौन सी बात है जिस पर लोग इतने आतुर हैं कि खिलाफ में वोट करने को तैयार हैं। गुजरात में अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने में प्रशासन की विफलता पर गहरी चिंता व्यक्त करते हैं। शेरवानी सीधे आदमी हैं। कह रहे थे कि केवल निंदा कर दी जाये। चिंता व्यक्त करने में तो लोग खिलाफ कर रहे हैं और कहते हैं कि सर्व-सम्मत निंदा कर दी जाये। क्या मतलब है कि इन्होंने प्रस्ताव पढ़ा भी है या नहीं पढ़ा है। दो महीने चार दिन हो गये हैं, इससे बढ़कर क्या विफलता होगी और उस पर चिंता व्यक्त करने के लिए कहते हैं कि हम खिलाफ करेंगे।

श्री ब्रह्मानन्द मंडल (मुंगेर) : चिंता में भी राजनीति है जिसके लिए यह हो रहा है।... (व्यवधान)

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : आप अड़े रहे हैं। राम विलास पासवान अभी आये हैं। ...(व्यवधान)

उसके बाद खंड दो है कि 'यह सभा सरकार से आग्रह करती है कि वह अल्पसंख्यक समुदायों में विश्वास बहाल करने और उन्हें सुरक्षा देने के लिए प्रभावशाली कदम उठाये। ' इसमें भी राजनीति कर रहे हैं कि यह सभा सरकार को यह न कहे कि अल्पसंख्यक की सुरक्षा करिए, उन्हें विश्वास में लीजिए। भााण में तो सब लोग उपदेश कर रहे हैं। इस प्रस्ताव के लोग क्यों खिलाफ जा रहे हैं? ये लोग चाहते हैं कि दंगे हों और अल्पसंख्यक को खत्म कर दिया जाये अथवा ये कहते हैं कि 63 दिनों तक दंगा चूंकि नहीं रुका, मारकाट जारी है और जार्ज साहब बहुत तेजी से दावा करते हैं कि वहां सेना पहुंच गई थी लेकिन सेना पहुंचने के बाद भी दंगा नहीं रुक रहा है। ये वहां जाकर शांति मार्च भी कर आये परंतु फिर भी दंगा नहीं रुक रहा है क्या इस विफलता पर भी हम चिंता नहीं करें ? अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए सरकार प्रभावशाली कदम उठाये, क्या इसके भी खिलाफ करेंगे? बाद में दंगा हो जाये, खून-खराबा हो जाये, देश का नाश हो जाये, क्या तब ये लोग इस प्रस्ताव का समर्थन करेंगे ? इन लोगों ने इस प्रस्ताव को पढ़ने का काम भी किया है या नहीं ? या फिर चूंकि विपक्ष ने एकजुट होकर 184 के तहत प्रस्ताव दे दिया है और प्रधान मंत्री जी दंगा रोकने के लिए बैठक नहीं बुला सके लेकिन सरकार बचाने के लिए, एनडीए की बैठक बुलाना, समझाना ये सब तरह के काम किये हैं। हमें समझ में नहीं आ रहा है कि क्या होने वाला है? अभी प्रस्ताव के भी खिलाफ हो रहे हैं। गुजरात में जो लोगों को सजा हो रही है सो तो हो रही है, उनके चलते हम लोगों को इस बहस से क्या सजा हो रही है, यह देखिए। दंगा होने के बाद गृह मंत्री वहां पहुंच गये। एक महीने के बाद प्रधान मंत्री गये और उसके बाद भी दंगा नहीं रुक रहा है। क्यों नहीं रुक रहा है, क्यों वहां पर सेना की मौजूदगी के बावजूद भी मारकाट जारी है? फिर भी रोज 2-4-8-10 लोग मारे जाते हैं। एक दिन खाली नहीं जा रहा है। क्या कारण है? बहस बहुत हो रही है। यह चिंता या दुख का विाय है कि नहीं है? देश कैसे बचेगा? जार्ज साहब ने भााण किया तो हम चकित रह गये। भााण में कह रहे थे कि पहले से देश में दंगा होते रहे हैं, ऐसा ही दंगा पहले हुआ। भूल-चूक बदमाशी हर कौम में हो सकती है, कहीं-कहीं गुंडे हो सकते हैं।

कोई भी दंगे कहीं भी हों।... (व्यवधान)

श्रीमती भावनाबेन देवराजभाई चिखलिया (जूनागढ़) : इस तरीके से ट्रेन में किसी को कभी जिन्दा भी नहीं जलाया गया, जो दंगे हुए हैं, उनका कारण यही है। ...(व्यवधान)

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : ठीक बात है, ट्रेन में लोगों को जिन्दा जलाया। हम अभी तक नहीं जानते कि ट्रेन की जो जली हुई बोगी है, उसे वहां से हटाया गया, उसे मरम्मत के लिए ले जाया गया या नहीं। उस ट्रेन को म्युजियम की तरह रखा गया।... (व्यवधान) वह एक महीने तक वहीं पर थी, पता नहीं उसे वहां से हटाया गया या नहीं। यह दंगे बढ़ाने वाला काम है या नहीं।

महोदय, कोई दुर्घटना हो, कहीं मार-काट हो तो पुलिस वाले जांच-पड़ताल कर लेते हैं। उसके बाद उसे जल्दी से जल्दी वहां से हटा दिया जाता है ताकि उसे देख कर अन्य लोग दुखी न हो और दंगे न भड़कें, लेकिन इस सरकार की तरफ से दंगे भड़काने का काम हुआ है। उस ट्रेन को म्युजियम की तरह, प्रदर्शन के तौर पर रखा गया है। हमें नहीं पता कि उसे अभी तक वहां से हटाया गया या नहीं। ये इसका जवाब दें। किसी रेल की बोगी में इस प्रकार से आग लगे तो उसका कितने दिनों तक प्रदर्शनी करने का कानून है, उसके मैनेजमेंट का क्या सिस्टम है, उसे कितने दिनों तक वहां से हटाया जाएगा। गृह मंत्री, रेल मंत्री, सब उसमें शामिल हैं। इससे पता चलता है कि वहां कैसे शासन चल रहा है।

महोदय, हम लोग जब प्रधानमंत्री जी का बयान सुनते हैं तो सोचते हैं कि यह देश कैसे बचेगा। उड़ीसा असेम्बली पर हमला हुआ। प्रधानमंत्री जी ने बयान दिया। खबर आई थी कि जो हमलावर थे वे प्रधानमंत्री जिन्दाबाद का नारा लगा रहे थे। यह सुन कर इन्होंने कहा कि यदि वे हमारा जिन्दाबाद कर रहे हैं, उन्होंने ऐसा काम किया तो मैं मर जाना पसन्द करूंगा। महोदय, जो प्र ाधानमंत्री हैड ऑफ द स्टेट और हैड ऑफ द कंट्री है, जब इस तरह के दंगाई, इस तरह की कार्य वाही या आपराधिक घटना हो और उस पर प्रधान मंत्री बोलें, यह नहीं कि मैं सख्ती करूंगा, कार्य वाही करूंगा, मैं मर जाना पसंद करूंगा, फिर इस देश को कैसे कोई बचा सकता है। जब प्र ाधानमंत्री जी का इस तरह का बयान था, जिनके पास देश को बचाने का जिम्मा है और सारी पा वर है, वे कह रहे हैं कि हम मर जाना पसंद करेंगे, महोदय, फिर इस देश का क्या होगा।

महोदय, लोग कहते हैं कि नरेन्द्र मोदी जी ने कहा कि एक्शन का रिएक्शन था। 28 तारीख को याद किया जाए, जब यहां यह सवाल उठा कि 27 तारीख को वहां दंगे हुए। गोधरा में लोग जला दिए, मार दिए या खून-खराबा हुआ और जुल्म हुए।... (व्यवधान) हिन्दुस्तान का गृह मंत्री 27वें घंटे में भी कुछ नहीं बता पा रहा है। वह बताएं भी क्या? गोधरा में हिंसा हुई है तो उसकी प्र ातिक्रिया होगी। हाउस में बोला, कोई सुनने वाला, देखने वाला नहीं। हाउस में हिन्दुस्तान के गृह मंत्री जी का बयान होना चाहिए कि चाहे कोई भी दंगाई हो, उसे हम कुचल देंगे, हम देश को बर्बाद नहीं होने देंगे। उस जगह पर प्रधान मंत्री जी का बयान था कि मैं मर जाना पसंद करूंगा । गृह मंत्री जी ने कहा कि गोधरा में जो कांड हुआ है उसकी प्रतिक्रिया होगी। अब प्रतिक्रिया तो जान ही नहीं छोड़ रही है, जब कि आज 63 दिन हो गए हैं। नरेन्द्र मोदी, क्रिया या प्रतिक्रिया के न्यूटन्स लॉ की बात बोलेंगे तो इसे कैसे कोई रोक सकता है। ...(व्यवधान) 27वें घंटे में हिन्दुस्तान का गृह मंत्री तैयार नहीं था।

उनके क्षेत्र में दंगा हुआ। गृह मंत्री से देश में कहीं भी दंगा होने पर तुरंत पहुंचने की अपेक्षा की जाती है लेकिन वे पहुंचे पांचवें दिन और प्रधान मंत्री जी पहुंचे एक महीना बाद। ... (व्यवधान) वहां से आकर के गृह मंत्री जी ने नरेन्द्र मोदी को क्लीन-चिट दे दी कि वहां ठीक काम हो रहा है।

-

-

00.56 hrs. (Mr. Deputy Speaker in the Chair)

उपाध्यक्ष महोदय, आज 63 दिन हो गये, गोधरा कांड को आधार बनाकर सांप्रदायिक दंगे हो रहे हैं, इससे बढ़कर जघन्य अपराध कुछ नहीं हो सकता है। गोधरा कांड कैसे हुआ, क्यों हुआ, अभी तक जांच में बात नहीं आ रही है। प्राइमा-फैसी में कहा गया, सरकार की तरफ से बयान आया, लगता है कि गोधरा कांड में आईएसआई का हाथ है। लेकिन 63 दिन के बाद भी इसका पता क्यों नहीं चल रहा है। सदन और देश जानना चाहता है कि 63 दिन के बाद भी गोधरा कांड क्यों हुआ, कैसे हुआ, क्या कारण थे, कौन लोग थे, इसकी जानकारी क्यों नहीं हो रही है। इसलिए मेरा संदेह है कि गोधरा कांड भी इन लोगों का ाडयंत्र है। जो गणेश को दूध पिला सकता है वह गोधरा कांड भी करवा सकता है। कुछ अन्यायी लोग इस प्रकार करते हैं कि कुछ हिंदुओं को कट वा दो, फिर हिंदू लोग क्रोध में आयेंगे तो फिर मुसलमानों को काटना शुरू कर दो। …(व्यवधान)

श्री विजय गोयल : आप कुछ भी सदन में बोलते जा रहे हैं यह बात तो ठीक नहीं है। आप इल्जाम लगा रहे हैं कि गोधरा के अंदर जो कुछ हुआ वह खुद हिंदुओं ने करवा दिया, राम-सेवकों ने राम-सेवकों को मरवा दिया।

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : माननीय गृह मंत्री जी बैठे हैं, वह बताएं कि यह किसकी जिम्मेदारी है? यह त्यागपत्र दे दें, ये विफल हुए हैं। ये बताएं कि गोधरा कांड तथा उसके बाद के कांड किसकी विफलता हैं तथा गोधरा कांड को रोकने की जिम्मेदारी किसकी थी?

श्री रतिलाल कालीदास वर्मा : बिहार में जो रोज हत्याएं हो रही हैं उनके लिए कौन जिम्मेदार है?

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, हम लोग तो विपक्षी पार्टी के हैं और इसकी आलोचना करेंगे ही, यह बात दुनिया के लोग जानते हैं। नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन के जो शख्स चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया रहे हैं वे आरजेडी के हैं, सीपीएम या कांग्रेस के हैं। उन्होंने कहा कि जो गंभीर मामले हैं उनकी सीबीआई से जांच कराओ, सुप्रीम-कोर्ट के जज से जांच कराओ, स्पेशल कोर्ट्स बनाओ और जब तक दंगाइयों पर सख्त कार्रवाई नहीं होगी, दंगा नहीं रुक सकता है। अब देश-विदेश में हिंदुस्तान की छवि खराब हो रही है लेकिन माननीय जार्ज साहब को परवाह नहीं है, कहते हैं कि पहले भी इस तरह से छवि बहुत खराब हुई है, इसीलिए कोई खास मामला नहीं है। सरकार का कहना है कि बाहर वाले क्यों बोल रहे हैं, यह तो हिंदुस्तान का अंदुरुनी मामला है।

01.00 hrs.

हम लोग सवाल उठाते हैं तो कहते हैं कि यह स्टेट का मामला है । एन.डी.ए. के अंदर सवाल उठाते हैं तो कहते हैं कि भाजपा का मामला है। किसी पार्टी को सुनने के लिये तैयार नहीं है। इसलिये, उपाध्यक्ष महोदय, हिन्दुस्तान के अंदर भाजपा में भी श्री शान्ता कुमार जैसे भले लोग हैं जिन्होंने बयान दिया कि नरेन्द्र मोदी का त्याग पत्र होना चाहिये। खुराना जी भी आर.एस.एस. के बारे में बोले थे। अब आर.एस.एस. ने भी यह कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया कि नरेन्द्र मोदी हटे या रहे, हम नहीं बचायेंगे। इसलिये देशभर के इंटलैक्चुअल्स, नामी-गरामी, कलाकार, विचारक, चिन्तक जितने भी लोग हैं, मैं चुनौती देता हूं कि एक भी व्यक्ति नरेन्द्र मोदी के पक्ष में हो। सब लोगों ने मांग की है और बयान दिया है कि नरेन्द्र मोदी को हटाया जाये क्योंकि बिना उसे हटाये दंगे नहीं रुक सकते। इसलिये हम लोग भी मांग करते हैं कि नरेन्द्र मोदी को बर्खास्त किया जाये, जेल के अंदर बंद किया जाये, गृह मंत्री त्याग-पत्र दें ...(व्यवधान)... (कार्यवाही वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record.

*(Interruptions)**

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : जैसे अफगानिस्तान में तालिबान ने बौद्ध मूर्तियों को तोड़ा, उनका सत्यानाश हो गया। उसी प्रकार साबरमती में महात्मा गांधी आश्रम पर हमला होने पर उन दंगाइयों का सत्यानाश सुनिश्चित है। जो संत-महात्माओं के साथ छेड़खानी करता है, वह बच नहीं पायेगा। इसलिये हिन्दुस्तान के इन तालिबानों का सत्यानाश होना है। ये लोग तालिबानी हुकूमत चलाना चाहते हैं। हमारी मांग है कि नरेन्द्र मोदी हटाये जायें, गृह मंत्री त्याग पत्र दें। यदि नहीं तो प्र ाधानमंत्री हटाओ, देश बचाओ। मैं नियम 184 के तहत लाये गये इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

*Not Recorded.

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, आज इस सर्वोच्च सदन में जो चर्चा हो रही है, वह विाय न केवल गंभीर बल्कि संवेदनशील है। इस विाय पर जिस वातावरण में बहस हो रही है और जिस तनातनी में बहस की जा रही है, उससे जो वातावरण का निर्माण हो रहा है, क्या गुजरात पर उसका कुप्रभाव नहीं पड़ेगा?

उपाध्यक्ष महोदय, मैंने आपको एक पत्र लिखा था कि जिस तरह से इस बहस को जरनलाइज किया जा रहा है. कोई हिन्दुत्व के नाम से जरनलाइज कर रहा है, कोई शुडो सैकुलर हैं और जिस तरह से बहस को घसीटा जा रहा है, इसका प्रभाव करोड़ों लोगों पर पड़ेगा। उपाध्यक्ष

महोदय, मैंने पर्सनली एक पत्र आपको लिखकर टी.वी. के बारे में रिक्वैस्ट की थी कि सदन मे क्या हो रहा है कि सदन का वक्त और असर किस दिशा में जा रहा है? सब बड़े-बड़े नेता लोग तो 40-40 मिनट या एक घंटा बोल चुके हैं, हम छोटे बुद्धि वाले लोगों के लिये समय नहीं है। जब चेयर से नियमन हो गया है तो आपके आदेश का पालन करना ही है। मैंने बोलना तो बहुत था लेकिन अब बोल नहीं पा रहा हूं।

जैसा कि लग रहा है, इसलिए हम नटशैल में दो-तीन बातें कहना चाहते हैं। जॉर्ज साहब हमारे बड़े बुजुर्ग समाजवादी नेता है। मैं उनका बड़ा आदर करता हूं। जब मैं बचपन में दसवीं क्लास में पढ़ता था तो जॉर्ज साहब को सुनने के लिए जाता था। वह कहीं भी आते थे तो हम ट्रेन से चढ़कर दरभंगा पहुंच जाते थे। जहां भी कोई आंदोलन चलता था, कहीं साम्प्रदायिक सद्भाव का मूवमैन्ट चलता था, उस समय श्री कर्पूरी ठाकुर नेता था, वह बहुत पहले से बड़े नेता थे। वह आज से नेता नहीं हैं। 1977 में जब जॉर्ज साहब पटना के गांधी मैदान में आये थे तो मीडिया के लोगों ने कुछ छाप दिया था। उनकी इतनी फोर्सफुल जुबान थी, उनकी जुबान में इतनी ताकत थी और मैं चाहता हूं कि वह ताकत हिन्दुस्तान के सब प्रतिनिधियों को मिले, मैं ऐसी कामना करता हूं। परन्तु जार्ज साहेब के आज के भााण से बडी निराशा मिली है ।

उपाध्यक्ष महोदय, जॉर्ज साहब आज इतिहास की चर्चा कर रहे थे। कु. उमा भारती भी इतिहास की चर्चा कर रही थीं। इतिहास का क्या मतलब है, इसकी बुनियाद क्या है। आज जिस तरह के गुजरात में हालात हैं, यानी देश के किसी भी भाग में इस तरह से यदि दंगा भड़कता है और जिस तरह से दंगा भड़कता है, उसमें इंसानियत का कत्ल हुआ है, उसकी बुनियाद क्या है। उसकी बुनियाद के बहुत सारे कारण हो सकते हैं। लेकिन इतिहास को मिटाने की जब तक किसी को इजाजत दी जाती रहेगी, तब तक यह बुनियाद नहीं मिट सकती। इतिहास से मेरा मतलब यह है कि चाहे सोमनाथ का मंदिर हो, विवादित बाबरी मस्जिद का ढांचा हो, आगरा का ताजमहल हो, लाल किला हो, लोक सभा या संसद हो, चाहे कोई विधान सभा हो - यह किस समय निर्माण हुआ। इतिहास किसी देश का एक घटनाक्रम है, यह किसी कौम का नहीं है, ऐसा मेरा मानना है। बड़े-बड़े नेता इतिहास को अपने ढंग से परिभाातित करते हैं। लेकिन मेरा निवेदन है कि इतिहास हिन्दुस्तान का घटनाक्रम है, यह हिन्दुस्तान की धरोहर है। यह न हिन्दू का है न मुसलमान का है, यह भारत का गौरव है। इसलिए इसे कोई मिटा नहीं सकता है। इसे मिटाने नहीं देना चाहिए और जो इसे मिटाता है, उसे माफ नहीं करना चाहिए, तभी देश में साम्प्रदायिक सद्भाव बढ़ेगा। इस मामले में मेरा नजरिया एकदम साफ और स्पट है। मेरे पास समय कम है नहीं तो मैं इतिहास को पूरी तवज्जह देता।

भारतीय इतिहास में हिन्दू धर्म में उदारवादियों और कट्टरपंथियों के बीच पिछले पांच हजार सालों से लड़ाई चल रही है, लेकिन रक्तपात नहीं हुआ। हिन्दू धर्म में इन दोनों के बीच जो लड़ाई चल रही है उसमें रक्तपात या खूनखराबा नहीं हुआ जबकि और धर्मों में हुआ है। हम उनके बारे में

बताना नहीं चाहते हैं लेकिन शिया-सुन्नी से लेकर कई ऐसे धर्म हैं, जिनमें रक्तपात हुआ है, लेकिन हिन्दू धर्म में उदारपंथियों और कट्टरपंथियों के बीच जो लड़ाई पांच हजार वर्ों से चल रही है, यह कोई नई बात नहीं है, यह आज की बात नहीं है। शेरवानी जी ने बड़ा अच्छा प्रस्ताव किया, लेकिन आज जिस तरह की घटना घटी है, क्योंकि आज तक उदारवादियों और कट्टर वादियों का झगड़ा चला आ रहा है, इसमें कभी एक की जीत होती है और कभी दूसरे की जीत होती है, लेकिन यह मामला समाप्त नहीं हो रहा है। जो भी इस मामले को समाप्त करने के लिए चलता है, वह मारा जाता है, मरता नहीं है। महात्मा गांधी जी ने हिन्दुस्तान और पाकिस्तान के बंटवारे के बाद जो साम्प्रदायिक सद्भाव का रास्ता बताया था, उसमें गांधी जी मरे नहीं थे, मारे गये थे। जो इस बात के लिए लड़ाई और संघर्ा करता है, वह मरता नहीं है। आदमी डरता है, मनुय तो मरता है। लेकिन जो बड़े आदमी होते हैं, बड़ी चीज के लिए लड़ते हैं, वे मारे जाते हैं, मरते नहीं हैं। मैं इस बात को यहीं खत्म करता हूं।

उपाध्यक्ष महोदय, आज गोधरा के संदर्भ में बड़ी जोर से चर्चा हो रही है। आपको याद होगा कि माननीय सदस्य कटियार जी सबसे पहले सदन के आसन तक चले गये थे। मुझे वह दिन याद है, जब हमारे बी.जे.पी. के भाइयों ने कहा था कि आज 27 तारीख है, आज सामान्य बजट है, इसे पास होने दीजिए, यह परम्परा रही है। इसके बाद इस पर चर्चा होगी। सभी पार्टियों ने कमोबेश इसकी निन्दा की। प्रैस के जरिये भी सब लोगों ने इसकी निन्दा की है । लेकिन तिल का ताड़ बनाया गया है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि गुजरात में जो दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई हैं, गोधरा कांड से हमारा साम्प्रदायिक सदभाव कलंकित हुआ है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि गुजरात में जितना साम्प्रदायिक सद्भाव और सामाजिक समरसता का माहौल बिगड़ा है, उसे रिस्टोर करने में वर्ों लग सकते हैं। वहां अभी तक हिंसा थमी नहीं है। इसलिए यह राट्रीय चिंता का विाय है। यह किसी राज्य की कानून-व्यवस्था का सवाल नहीं है।

क्योंकि यहां पर लंबे अर्से तक जो सांप्रदायिक दंगों का सिलसिला चला है, निश्चित रूप से सेक्यूलरिज्म की नींव को झकझोर दिया है। इसे मानना चाहिए। इसमें किसी पक्ष की बात नहीं है। आप भी इसे स्वीकार करते हैं। हरिन पाठक जी अच्छा बोल रहे थे कि यह बिल्कुल गलत हुआ है जो कुछ भी हुआ है। कुछ और भी इस तरह के स्वर आए थे। मैं इसलिए कहना चाहता हूँ कि गोधरा कांड के दोायों को कड़ी से कड़ी सज़ा मिले और जांच आयोग के सामने जो भी तथ्य आप दे रहे हैं, मजबूती से उनको दीजिए ताकि इस प्रकार से इंसानियत को जलाने की कोशिश कभी नहीं हो सके। साबरमती में जो दोाी हैं, वहां इस तरह से जो घटना हुई है और जो दोाी लोग हैं गोधरा के, क्या उनको सरकार चिह्नित कर पाई है? यह कैसे फेल्योर नहीं है? हम जानना चाहते हैं कि गोधरा के जो दोाी लोग हैं, क्या आज तक सभी दोायों को चिह्नित किया गया? संसद पर हमला हुआ विदेशी आतंकवादियों द्वारा और चार दिन में सब पता चल गया लेकिन गोधरा में अभी तक दोायों को चिह्नित नहीं किया गया। कभी 41 की सूची निकलती है, कभी एक आदमी को चिह्नित किया जाता है। खैर, यह तो कमीशन बताएगा। अभी तक लिस्ट ही जारी

हो रही हैं लेकिन दो महीने हो गए, लिस्ट नहीं बन पा रही है। ऐसा कभी नहीं हुआ कि मारे गए लोगों की सूची जारी नहीं होती। जब भी इस तरह की घटना होती है तो मारे गए लोगों की सूची जारी होती है। साबरमती एक्सप्रेस में जो लोग जिन्दा जलाए गए, क्या उनके नाम वाली रेलवे की आरक्षण सूची को प्रकाशित किया गया, सार्वजनिक किया गया ताकि पता चले कि कौन रामभक्त थे और कौन अन्य यात्री जा रहे थे। लेकिन उसकी प्रतिक्रिया हो गई । मैं इसलिए कहना चाहता हूँ कि प्रतिक्रिया हुई बड़े जोर शोर से। मैं कहना चाहता हूँ कि वहां पारदर्शिता का अभाव रहा है। गोधरा कांड के पश्चात् संपूर्ण गुजरात में जो बंद का आह्वान किया गया, हम 1974 में जयप्र ाकाश जी के आंदोलन में थे तो आडवाणी जी, नीतीश जी तथा रामविलास जी भी उसमें थे। उसमें यह था कि जो संगठन बंद का आह्वान करता था उसको सबसे पहले गिरफ्तार किया जाता था। गोधरा के बाद जो प्रतिक्रिया हुई और गुजरात में बंद का काल दिया गया वह किस संगठन ने दिया था? क्या उसके किसी आदमी को गिरफ्तार किया गया?

मैं अपनी बात खत्म करना चाहता हूँ। यदि गोधरा की स्वाभाविक प्रतिक्रिया होती, न्यूटन का लॉ है क्रिया और प्रतिक्रिया - क्रिया के अनुपात में प्रतिक्रिया होती है - यह न्यूटन का थर्ड लॉ है क्योंकि हम साइंस के विद्यार्थी हैं, लेकिन उसका एक और लॉ है लॉ ऑफ ग्रैविटी। जब ये दोनों टकराते हैं तो धरती के नीचे चले आते हैं। लॉ ऑफ ग्रैविटेशन हमने बी.एस.सी. में फिजिक्स में पढ़ा है। पता नहीं उनको, शायद मालूम नहीं था। इस तरह की बात कहना किसी प्रशासक के लिए अच्छी बात नहीं है। गोधरा कांड की स्वाभाविक प्रतिक्रिया नहीं कहें तो ठीक बात है। स्वाभाविक प्र ातिक्रिया होती तो एक दो दिनों में, तीन-चार दिनों में समाप्त हो जाती। दो महीने-तीन तक कांड नहीं चल सकता था। दो माह से ऊपर हो गए हैं। शासन आपके हाथ में है तो जवाबदेही भी आपकी है अन्यथा इस तरह की घटना की जवाबदेही कौन लेगा? मैं इसलिए कहना चाहता हूं कि बहुसंख्यक यदि हमलावर होगा तो न कोई पलटन उसे रोक सकती है, न फौज रोक सकती है, न जार्ज साहब की सेना उसे रोक सकती है। हमारे देश में बहुसंख्यकों को उदारवादी होना पड़ेगा और जो कट्टरपंथी हैं, जो आतंकवादी हैं उनको कुचलना होगा शासन के जरिये। लेकिन बहुसंख्यक अगर हमलावर हो जाएंगे तो क्या होगा।

मैं इसलिए शुरू से आग्रह कर रहा था कि बहस का जो तरीका है, इससे दंगा नहीं रुकेगा। मेरी राय है कि दंगा और बढ़ेगा, जो गुजरात में भी बढ़ सकता है, देश के अन्य भागों में भी बढ़ सकता है। बहुसंख्यक हमलावर हो जाएंगे तो लोकतंत्र में कोई फौज या पलटन या पुलिस उसे रोक पाएगी, हमें तो ऐसा भरोसा नहीं है।

इसलिए इस स्थिति की गंभीरता को स्पट कर देना चाहता हूं। अंत में मैं कहना चाहता हूं कि आज बहुत से लोगों ने वहां 800-900 लोगों की मरने की फिगर दी है। आज जो भी रुख होगा, उसको हम देखेंगे, सुनेंगे लेकिन हम समझते हैं कि आज कुछ पोजीटिव संकेत होगा क्योंकि केन्द्र सरकार शुरू से ही इसमें इंटरेस्टेड है। यह राज्य का मामला नहीं है। केन्द्र सरकार ने शुरू से ही

इसमें रुचि ली है जैसे अभी जार्ज साहब बता रहे थे। केन्द्र सरकार अगर इसमें रुचि नहीं लेती तो यहां से विपक्ष की नेत्री सर्वदलीय डेलीगेशन लेकर न जाती। इसके बाद माननीय प्रधान मंत्री जी के निर्देश पर पहली बार महामहिम राज्यपाल जब गुजरात में, उनकी अध्यक्षता में सर्वदलीय राहत पुनर्वास समिति बनी। हम कैसे कह सकते हैं कि इसमें केन्द्र सरकार ने रुचि नहीं ली। माननीय प्र ाधान मंत्री ने खुद गुजरात जाकर दौरा किया। दौरा करने के बाद भी स्थिति सामान्य नहीं हुई। दौरे के क्रम में माननीय प्रधान मंत्री जी ने वहां के मुख्यमंत्री को राजधर्म की याद दिलाई। यहां तक कहा कि यह बर्बरता बहुत शर्म की बात है। हम बाहर जाकर क्या मुंह दिखायेंगे ? केन्द्र ने इसमें रुचि नहीं ली, ऐसी बात नहीं है। केन्द्र ने जरूर रुचि ली है। फलाफल कुछ नहीं निकला क्योंकि वहां आज तक सामान्य स्थिति नहीं है। आज तक वहां कानून व्यवस्था सामान्य नहीं हुआ है। वहां जनता को विश्वास में लेने की जरूरत है। वहां सामान्य स्थिति बहाल करने की जरूरत है। सबसे ज्यादा जो 800-900 बेगुनाह लोगों का कत्ल हुआ है, उसके लिए कौन जिम्मेदार होगा ? गोधरा में जिन निर्दो़ा 57 आदमियों को जलाया गया, उनके दो़ायों को किस कानून के तहत सजा दी जायेगी। क्या आपने सजा देने के लिए कोई कटघरा निर्धारित किया है ? कानून का कोई मापदंड है। मैं साफ कहना चाहता हूं कि माननीय प्रधान मंत्री जी के दौरे के बाद साबरमती आश्रम पर हमला हुआ। पत्रकारों की पिटाई हुई। वहां हिसा का दौर अभी भी थमा नहीं है। सारे विकल्प केन्द्र सरकार के सामने खुले हैं। बिहार में जब रा़ट्रपति शासन लागू हुआ था, मणिपुर में रा़ट्रपति शासन हुआ, उस समय हमने उसका सपोर्ट किया था कि वहां राज्य प्रशासन या कांस्टीट्यूशनल ब्रेकडाउन है और वहां सामान्य स्थिति नहीं है। क्या वहां गुजरात में धारा 356 लागू नहीं हो सकती ? इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि वहां गुजरात में धारा 356 लागू हो और केन्द्र सरकार वहां का प्रशासन अपने हाथ में लेकर हिंसा का दौर हटाये। यही मेरा निवेदन है।

श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, आज सदन में जो प्रस्ताव आया है, मैं उसके समर्थन में खड़ा हुआ हूं। यह प्रस्ताव इतना वेजीटेरियन है, इतना हल्का प्रस्ताव है कि इससे किसी को कोई डिफर करने की आवश्यकता नहीं थी। मैंने जार्ज साहब और ममता बनर्जी से कहा था कि यह सदन के लिए सबसे अच्छी बात होती कि इस प्रस्ताव को बिना वोटिंग के स र्वसम्मति से पास कर दिया जाये और इस तरह के उदाहरण हैं। यहां अटल जी हैं। गृहमंत्री श्री आडवाणी जी हैं, जार्ज साहब हैं। 1977 में मैं पहली बार जीतकर आया था। उस समय बिहार में बेलछी की घटना घटी थी। वहां रा़ट्रपति शासन था। मैं सरकारी बेंच से नियम 184 का प्रस्ताव लेकर आया। बिजनस एडवाइजरी कमेटी मे इस पर बहुत हल्ला हुआ। बिजनस एडवाइजरी कमेटी ने उस प्रस्ताव को मंजूर कर लिया।

उस समय मोरारजी भाई प्रधान मंत्री थे, होम मिनिस्टर चौधरी साहब थे। उसके बाद सारी डिबेट शुरू हुई जो करीब 12 घंटे तक चली। बेलछी की घटना से ही कांग्रेस की पुनरावृत्ति भी हुई थी। उस समय इंदिरा जी वहां गई थीं। उस समय हाउस में चर्चा और चर्चा के बाद प्रधान मंत्री ने उठकर कहा कि बेलछी में हत्या हुई है, वह पूरे देश शर्म की बात है । यह कोई एक एक पार्टी

का मामला नहीं है, यह पूरे देश का मामला है। सदन इस प्रस्ताव को एडाप्ट करता है। और पूरे सदन ने उसे मान लिया। उससे न तो सरकार की कहीं प्रतिठा गिरी और न ही प्रधान मंत्री की कहीं प्रतिठा गिरी। पूरे देश में एक संदेश गया कि पूरा का पूरा सदन दलितों और कमजोर वर्ग पर हत्या हो रही है या होगी, उसके खिलाफ एक है और कहीं कोई पार्टी पोलिटिक्स नहीं है। सब लोग एक साथ खड़े होंगे । मैं यह समझता था कि वही चीज आज होनी चाहिए थी। अभी भी मौका है, इस प्रस्ताव में क्या लिखा हुआ है, इसमें लिखा है कि "यह सभा देश के विभिन्न भागों में विशोरूप से गुजरात में अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने में प्रशासन की असफलता पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त करती है" । इसमें कहीं केन्द्र सरकार का नाम नहीं है। प्र ाशासन की विफलता को स्वीकार करते सब कोई हैं। ममता जी का अभी भााण हुआ और वे तो इससे भी आगे बढ़ गईं कि यह दंगा स्टेट स्पांसर्ड है। गृह मंत्री जी गए थे और उन्होंने कहा कि यहां का प्रशासन आशा के अनुरूप काम नहीं कर रहा है। प्रधान मंत्री जी गए और रोने लग गए। रोते-रोते उन्होंने कहा कि मैं बाहर किस मुंह से जाऊंगा। यहां राजधर्म का पालन होना चाहिए। यह प्रशासन की असफलता है। प्रस्ताव में केन्द्र सरकार से सिर्फ इतना कहा गया है कि " यह सभा चिंता व्यक्त करती है और सरकार से अनुरोध करती है कि वह अल्पसंख्यक समुदाय में विश्वास बहाल करने में और उनकी रक्षा करने का प्रभावी कदम उठाए सदन आपसे सिर्फ इतनी मांग कर रहा है कि आप ठोस कदम उठावें । यदि हम इतनी बड़ी घटना की निंदा नहीं कर सकते तो फिर हम यहां क्या कर रहे हैं। इसलिए मैंने कहा कि यह मामला किसी पार्टी का नहीं है। सबसे बड़ा राट्र होता है, राट्र के बाद पार्टी होती है और पार्टी के बाद व्यक्ति होता है। नेशनल इंटरेस्ट, फिर पार्टी इंटरेस्ट और फिर इंडीविजुअल इंटरेस्ट। लेकिन देश में जब व्यक्ति और पार्टी का हित देशहित से ऊपर चला जाता है, तो देश पर खतरे के बादल मंडराने लगते ।

मैं दूसरी बात कहना चाहता हूं कि इसमें अल्पसंख्यक शब्द है। हो सकता है कि किसी को इससे आपत्ति हो इसलिए आप अल्पसंख्यक शब्द के बदले साम्प्रदायिक दंगा शब्द कर सकते हैं। इस देश में कौन अल्पसंख्यक है, कौन लोग कहां से आए हैं। इस देश में अल्पसंख्यक की परिभााा क्या है। बहुत लोग कहते हैं कि मुसलमान बाबर की औलाद हैं। इतिहास हमने भी पढ़ा है। बाबर 1526 में आया था। जब बाबर आया था, तो इस देश में इब्राहिम लोधी राज कर रहा था। उसके पहले खिल्जी वंश का राज था। खिल्जी वंश के पहले गुलाम वंश था। गुलाम वंश के पहले मोहम्मद गौरी था। 1100 ईस्वी से इस देश में मुसलमान शासक रहे । बाबर के साथ 1200 लोग आए थे। आज हिन्दुस्तान, पाकिस्तान, बंग्लादेश तीनों को मिला कर 35 करोड़ मुसलमान हैं। ये क्या 1200 की औलाद हैं। कौन बने हैं मुसलमान, इसी परिवार से गए हैं। सबसे ज्यादा गरीब परिवार से गए हैं। सबसे ज्यादा दलित वर्ग के लोग गए हैं। कौन सिख है, गुरू गोविंद सिंह जी ने बिहार में सिख धर्म की स्थापना की। केश, कंघी, कड़ा, कृपाण और कच्छ से सिख धर्म की स्थापना हुई। यहां बूटा सिंह जी हैं, जो दलित वर्ग से हैं। जाट सिख हैं, सब लोग यहीं के हैं। आदिवासी हैं, जो क्रिश्चिएन हैं। ये सब यहीं के हैं। बुद्धिस्ट कौन लोग हैं, क्या कोई जापान के लोग हैं। बाबा साहेब अम्बेडकर के साथ दस लाख लोगों ने बौद्ध धर्म को स्वीकार किया था। ये सब दलित हैं।

कोई विदेशी तो नहीं, यह देश की चौहद्दी है। हमने कभी देश की चौहद्दी को देखा है। ये कौन हैं नार्थ-ईस्ट, मणिपुर, मिजोरम, मेघालय, नागालैंड, त्रिपुरा, असम जाइए, सब क्रिश्चिएन लोग रहते हैं। पंजाब में चले जाइए, जो बोर्डर इलाका है, वहां सिख रहते हैं। कश्मीर जो बोर्डर का इलाका है, वहां मुसलमान रहते हैं। लेह और लद्दाख जो हमारा बोर्डर है वहां बुद्धिस्ट रहते हैं। हम घर को कितना भी मजबूत बना लें, लेकिन बाउंड्री कमजोर रहेगी, तो चोर के घुसने का खतरा रहता है। यह चारों तरफ से हमारी जो बाउंड्री है, यहां अल्पसंख्यक समुदाय के लोग हैं। जो कूछ गुजरात में हो रहा है उससे हर घर में एक एक्सट्रीमिस्ट पैदा होने का खतरा है । हिन्दू मारे जाएं या मुसलमान लेकिन जिसके घर का आदमी मारा जाता है, उसको पता चलता है कि दर्द क्या है। राम विलास पासवान ने इस दर्द को झेला है। 1984 की घटना की सब याद दिला रहे हैं। उस समय मैं 12 राजेन्द्र प्रसाद रोड पर रहता था । प्रधान मंत्री जी उसी रास्ते से सवेरे टहलने जाया करते थे। जब 1984 का दंगा हुआ तो सिखों को बचाने में मेरा पूरा का पूरा घर जलाया गया था। कर्पूरी ठाकुर से लेकर हम सब लोग वहीं थे। किस तरह से हम लोग बचे थे, यह हम ही जानते हैं। बाबरी मस्जिद की जब घटना घटी थी तो हमारा घर जलाया गया था। हमने दलित वर्ग में जन्म लिया है, लेकिन हमने हमेशा इन्सानियत के लिए लडा है। जब मंडल कमीशन का मामला आया था, जितने लोग पिछड़ी जाति के नेता बनते हैं, उस समय किसी का पता नहीं था। उस समय संसद में 1980 से लेकर 1985 तक यही राम विलास पासवान था, जिसने मंडल कमीशन को लागू करने हेतु लड़ने का काम किया था। जब हमारे पास कल्याण मंत्रालय आया, तो किसी को मालूम नहीं था कि मंडल कमीशन की सिफारिश क्या है। सोली सोराबजी थे, उस दिन प्रधान मंत्री जी के सामने कह रहे थे कि राम विलास पासवान क्लास लेते थे। हम क्लास लेते थे और बता देते थे कि मंडल कमीशन कास्ट का नहीं, क्लास का मुद्दा है और मंडल कमीशन की सिफारिश को लागू किया । चाहे बाबा साहेब अम्बेडकर का मामला हो, चाहे महिला का सवाल हो सबके लिए संर्घा कर रहे हैं । बगीचे में हर तरह के फूल हैं। हिन्दू भी हैं, मुसलमान भी हैं, सिख भी हैं, ईसाई भी हैं, दलित भी हैं, ब्राह्मण भी हैं। बगीचे का वही माली अच्छा होता है, जिसके बगीचे में हर तरह का फूल खिलता है। यह देश तब तक मजबूत नहीं होगा, जब तक यहां हर वर्ग के लोग अपनेआप को सुरक्षित महसूस नहीं करेंगे। अल्पसंख्यक हमारे ही कुल के हैं। पांच पीढ़ी, दस पीढ़ी, पन्द्रह पीढ़ी पहले चले जाइए, क्या राम विलास पासवान और शाहनवाज एक ही मां-बाप की संतान नहीं हैं, देश की आजादी के लिए फांसी के फंदे को चूम लिया वह खुदी राम बोस हिन्दू था। फांसी के फंदे को जिसने चूम लिया, सरदार भगत सिंह सिख थे। फांसी के फंदे को जिसने चूम लिया वह अशफाकउल्लाह खां मुसलमान था। उसने बिस्मिल की पंक्ति कही थी कि " सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है, देखना है जोर कितना बाजुए कातिल में है।" यह कहकर वे फांसी के फंदे को चूम लिए थे। बहादुर शाह जफर मुगलों के अंतिम बादशाह थे। उन्हें अंग्रेज पकड़कर रंगून ले गए अंग्रेज ने कहा था " दमदमे में दम नहीं है, खैर मांगो जान की, ऐ जफर बस हो चुकी है तेग हिन्दुस्तान की।" बहादुरशाह जफर को वहीं दफना दिया गया। दो गज जमीं भी न मिली कुए यार में, मैं इतना बदनसीब हूं कि अपनी मातृभूमि में भी दो गज जमीं नहीं

मिली। यदि हम हिन्दू की दृटि से देखेंगे तो मुसलमान दूसरा नजर आएगा, यदि मुसलमान की नजर से देखेंगे तो हिन्दू दूसरा नजर आएगा। लेकिन यदि हम यह देखें कि यह हमारा खून है, हम एक ही परिवार के हैं तो कहीं कोई दूसरा नजर नहीं आएगा। परिवार मे यह नहीं देखा जाता कि छोटा बच्चा क्यों दूध पी रहा है। परिवार में जो कमजोर होता है, उसके लिए विशो व्यवस्था की जाती है, आज चाहे गोधरा की घटना हो या गुजरात की, मुसलमान सड़क पर निकल रहे हैं, सारे के सारे हिन्दू निकल रहे हैं। चाहे वे प्रैस के लोग हों या दूसरे लोग हों। उनमें हिन्दुओं की शिरकत ज्यादा है। जो लोग अलग-अलग संगठन के हैं, जिनको राजनीति से कोई मतलब नहीं है, वे संघा कर रहे हैं। आज गुजरात की घटना गुजरात की नहीं रह गई है। स्वयं प्रधान मंत्री जी जब गुजरात गये थे, पार्लियामेंट्री डैमोक्रेसी में स्विच एक जगह पर होता है। यदि वही स्विच दस जगह पर कर देंगे तो एक व्यक्ति स्विच को ऑन करेगा और दूसरा ऑफ करेगा। हमेशा पॉवर का स्विच एक रहता है। प्रधान मंत्री जी जब वहां गये थे तो लोगों में विश्वास जगा कि जरूर नेतृत्व परिवर्तन होगा लेकिन उसके बाद जब कुछ नहीं हुआ तो लोगों को निराशा हाथ लगी है। मैं चाहता हूं कि जो सदन की एलाईज पार्टी की और आम लोगों की भावना है, उसका आदर किया जाना चाहिए। तर्क दिया जा सकता है। तर्क पक्ष और विपक्ष दोनों में भी दिया जा सकता है। वोट की राजनीति है। प्रधान मंत्री जी की स्वयं की लाइन है कि लाशों के ढ़ेर पर कभी राजनीति नहीं चाहिए । इसलिए मैं आपसे आग्रह करूंगा कि यह प्रस्ताव बहुत ही सादा है। इस प्रस्ताव को सदन के सभी लोगों को स्वीकार करना चाहिए। वहां के नेतृत्व का परिवर्तन किया जाना चाहिए औऱ पार्लियामेंट का डेलीगेशन अलग-अलग बनाइए। आप दस-बीस कमेटी बनाइए। अलग-अलग कमेटी को जिम्मेदारी दीजिए और उन कमेटीज में हर पार्टी के नेता रहने चाहिए। अलग-अलग जिले में जाएं, एक-दो दिन रहें और वहां के लोगों के जो घाव हैं, उन पर मरहम लगाने का काम करें और उनको विश्वास में लेने का काम करें। उसके बाद देखिए कि एक नया माहौल देश में क्रिएट होता है या नहीं अगर सिर्फ यह मानकर चलेंगे कि यह गुजरात का मामला है, यह पार्टी का मामला है, इसका देश से कोई मतलब नहीं है तो ठीक नहीं होगा। मैंने इस्तीफा दिया तो बहुत बड़ा क्रांतिकारी कदम नहीं उठाया। मेरी नीयत यह भी नहीं थी कि हम सरकार को डीस्टेबिलाइज करें लेकिन मुझे संतोा है। जितने देश से टेलीफोन नहीं आ रहे हैं, उतने विदेश से टेलीफोन आ रहे हैं और सब कह रहे हैं कि एक अच्छा काम हुआ है। ये टेलीफोन इसलिए आ रहे हैं कि लोगों के मन में कहीं न कहीं इस बात का दर्द है कि जो कुछ हो रहा है उससे देश का मस्तक विदेश में शर्म से झुक रहा है । मुसलमान अल्पसंख्यक है और विदेश में तो हिन्दू अल्पसंख्यक हैं। वहां भी

दूसरे धर्म के लोग यही कहना शुरू करें कि कौन बहुमत में है और कौन अल्पसंख्यक में है तो हमारे यहां तो पहचानना मुश्किल हो जाता है कि आदमी किस धर्म का है, दाढ़ी बढ़ा ली तो उस व्यक्ति को सिख या मुसलमान भी समझा जा सकता है। लेकिन विदेश में सीधे रंग-भेद के कारण समझा जाएगा कि यह हिन्दू है। वहां अल्पसंख्यक हिन्दू हैं। इसलिए इसको न अल्पसंख्यक के रूप में तौला जाए और न बहुसंख्यक के रूप में देखा इसको इस रूप में देखा जाये कि यह देश कैसे मजबूत होगा। मै समझता हूं कि यह देश तब तक मजबूत नहीं होगा जब तक कि देश में रहने

वाले हर व्यक्ति को देश और नेतृत्व के प्रति विश्वास नहीं होगा। मैं फिर सदन से आग्रह करूंगा कि इस प्रस्ताव में ऐसा कुछ भी नहीं है कि सरकार के ऊपर सेंशर मोशन आ रहा है या भारत सरकार से इस्तीफा मांगा जा रहा है। यह इतना ही है कि इस घटना की हम निंदा करते हैं, प्रशासन का वहां फेलियर रहा है और भारत सरकार वहां कारगर कदम उठाए। लाखों की संख्या में वहां लोग शिविर में हैं, जो लोग पाकिस्तान से हिन्दुस्तान में चले आए, आज तक वे इस घाव को नहीं भूल पाये हैं। जो हिन्दू कश्मीर से चले आये हैं, वे भी घाव को नहीं भूल पाये हैं। तो जो लोग गुजरात से दूसरी जगह पर जाएंगे तो क्या वे घाव को भूल जाएंगे ? हम बाहर वालों से लड़ेंगे या घर में एक नया एक्सट्रीमिस्ट पैदा करेंगे? इसलिए मानवता की दृटि से इसे देखना चाहिए और इस प्रस्ताव के हक में सबको वोट देकर इसे सर्वसम्मति से पास करना चाहिए। ... (व्यवधान)

SHRI OMAR ABDULLAH (SRINAGAR): Mr. Deputy-Speaker Sir, I rise on behalf of the Jammu and Kashmir National Conference to participate in this discussion under Rule 184. By and large over the last almost thirteen and a half hours the minorities in this country have been looking for a discussion not on apportioning blame on what has happened, who has done what, but they are looking towards the future, where we have gone wrong, how we can address the situation, how we can ensure that incidents like Godhra and Gujarat do not take place again, and how we can build confidence in the minorities again.

As Shri Ram Vilas Paswan has rightly said, what is a minority community in one part of the country is a majority community in another. Minorities in Gujarat are the majority community in Jammu and Kashmir. So, you cannot look at a situation in isolation. The State that I belong to, the State of Jammu and Kashmir, had almost an unblemished history of communal harmony until our neighbours across the border did everything to tarnish that history. In 1947 when the rest of the country was burning, it was Mahatma Gandhi who looked at Jammu and Kashmir and said: "While the rest of the country looks dark to me, it is in Jammu and Kashmir that I see a ray of light". My grandfather had one of his slogans in his political campaign which to this day the National Conference follows in their election campaign and otherwise: " इस शेरे कश्मीर का क्या इरशाद, हिन्दू-मुस्लिम-सिख इत्तिहाद। " That is, the unity of Hindu, Muslim, Sikh and all other communities.

Yet, unfortunately today we are deeply pained by the situation that we see prevailing in Gujarat. It is a situation that to this day, more than two months after the initial outbreak of violence, forces the President of India to express his anguish at the continued violence and the continued deaths in that State. A lot has been said about how Godhra justifies or in some way has given rise to violence in Gujarat. Nobody in his right mind can justify what happened in Godhra, the killings of those innocent people being burnt to death in the train. No religion and no individual can justify it. But, then to seek to justify the deaths of – even if you go by the official figures – more than 800 people in riots after riots because of what happened in Godhra is equally reprehensible.

It has been taught to us that an eye for an eye makes the whole world blind. But, we want to forget that; we want to believe that revenge killing is the right way to go about a situation. This is not the way in which we can continue. What is it that has caused this divide between communities; what is it that has caused this violence to erupt between Hindus and Muslims; what is it that gave rise to the killings in Godhra? People have gone into the malaise of economic disparities, the malaise of lack of opportunities for minorities, etc. But, a very large part of it, the way I see it, has to go with the fact that religion and communalism have begun to play a large role in politics today. Minority communities in particular, people belonging to backward castes, Scheduled Castes and Scheduled Tribes are now treated more as vote banks than as genuine community members of India. We appeal to a particular section of a community because we want their votes. Nine out of ten times we get their votes and then we forget about what we have appealed to them for. This is a malaise that has crept into our system and this is a malaise that we really need to work towards removing. This is not something that one political party can do. This is something that all of us together must make a concerted effort to amend and to correct.

It has been suggested that Godhra was the result of foreign hand and that foreign intelligence agencies had a role to play in the massacre in Godhra. I am not going to join that debate even for a moment. It is possible. Investigations are still on. Let us see what is the result. Let us, for a

moment, assume that this assumption is correct that foreign hand had a role to play in the massacre in Godhra, then are we not our worst enemies? Have we not played directly into the hands of those who perpetrated that crime in Godhra? Did we not respond in exactly the same way they wanted us to respond? All they wanted is to play the Hindu-Muslim divide. They wanted to set some part of the country a live wire. It is because diplomatically we were ahead; we were way ahead of our neighbour; we have the moral high ground; we have the traditions of our democracy; we have the traditions of our secularism; and we have the traditions of our plurality. These were the questions that they could not answer. Yes, they could project themselves as being part of the struggle against terrorism. But on the points of secularism and on the points of democracy, our neighbour had no answer. So, if Godhra is a crime that they perpetrated, then today General Musharraf and his Government must be sitting and laughing at us. It is because even they could not have imagined that the response to what they have done could have been as overwhelming in their favour as it is today. Today, unfortunately we are on the defensive. We may not like to admit it. But the fact of the matter is that today India is batting on the back foot. We are constantly having to reaffirm our secular credentials in the face of newspaper reports carrying stories of people dying every day. The fact that terrorists and militant organisations have recognised this weakness of ours, is reflected in the fact that after more than thirteen years of terrorist violence in Jammu and Kashmir, for the first time, a temple, Raghunath Mandir, was attacked in Jammu. If, in thirteen years, a temple has not been attacked in Jammu, why now, in the aftermath of Gujarat, are we beginning to see an attack on the temple in a Muslim majority State? It is because they have found our weakness. They have found our weakness that they are able to exploit. They have seen that India is vulnerable to Hindu-Muslim divide and they are seeking to take advantage of it. Even though they made this effort in Jammu and Kashmir hoping that they could stir up violence, fortunately good sense prevailed on the people and violence did not take place. Is Gujarat and the violence being perpetrated there between the communities, the view of the majority of Indians? No. How can it ever be? If that is the view of majority of Indians, then today we would have had Gujarat in every State in India. Gujarat, unfortunately, is a minority on both the sides. The minority of the

community that was responsible for what happened in Godhra and minority of the Hindu community that was responsible for the violence that followed after that. But it is a sad fact of life that it is always the militant minority that is heard. The silence of the fundamentally secular majority is never recognised. What needs to be done in Gujarat? What can we do to ensure that situation like this does not arise? It is because a lot in the debate has been about pointing blame. You did this in this year. This has happened now. You were responsible for that. This has been the result here. This was never the purpose of this debate. The purpose of this debate, as far as the minority community and as far as this country as a whole is concerned, is to suggest ways and means to ensure that we never have to face this violence. It is shameful that after 55 years of Independence, we have to face the problem that we do. What can we do? Obviously, there is a need to go down even harder on the elements, on both the sides, that are still responsible for the violence. There are still militant elements on both the sides of Hindus as well as Muslims that allow this violence to continue. That must stop.

See the conditions in camps. The conditions under which the migrants, who have been forced to leave their homes, to what I heard, are absolutely tragic.

And things need to be done to improve the conditions they live under. The today's figure I heard was that in a camp of 20,000 people, there are 12 toilets. Sir, 12 toilets are there for 20,000 people. Men are asked to bathe on one day and women on another day. They get half a bucket of water every alternate day. These are unacceptable conditions that need to be addressed.

The Non-Governmental Organisations need to be given a free hand to work there to improve the situation. We need to work more to de-politicise the administration and police. Let the officials, who are doing a good job, remain there. Do not mess around with the officials. The officials get the feeling that they are being punished for doing their work.

We need to reduce the role of communalism in politics. Something in our electoral process has to be done to reduce it. A colleague of mine in the

Government, looking at the U.P. example, said that in Uttar Pradesh you no longer cast your vote but you vote your caste. This is the telling reflection on the situation in our country and the way it is developing.

Administrative reforms are absolutely vital. Non-interference and effective handling must be allowed in our administration without partisanship. There have been longstanding recommendations by the National Police Commission that have been completely ignored. These, we believe, are absolutely essential to be implemented. Reforms are essential in the criminal justice administrative system. These will all have far-reaching effects on ensuring that a situation like the Gujarat is never allowed to happen. We must never discriminate on the basis of religion. No community in this country must be given a feeling that it is a second-class community and its citizens are second-class citizens. To allow a situation wherein a Muslim victim of violence is given rupees one lakh and a Hindu victim of violence is given Rs.2 lakh is unacceptable in a country where the founding fathers of the country laid so much emphasis on the secular credentials and our secular polity. In fact, this is another area where we play directly into the hands of our neighbours across the borders. They have always accused us by saying one thing. Whenever they have tried to inflame passions in Jammu and Kashmir and whenever they take advantage of India's Muslim minority, particularly in the Middle-East and the Arab world they have always said it. They have always said that the Muslims in India are second-class citizens. We have always said that it is not like that and the Muslims in India are equal to everybody else; there is no difference and the law is blind as far as the Hindus, Muslims, Christians, Sikhs, Jains and everybody else are concerned. But, unfortunately, in Gujarat, for a short while, we allowed it to be conveyed that there is one group which is qualified for a higher relief and there is another group which is qualified for less. This, unfortunately, was the situation that caused us a great degree of embarrassment and it should never be allowed to be repeated.

The National Conference is not calling for the resignation of Shri Narendra Modi. In fact, we do disagree with his handling of the situation. We do believe that there was a lot more that the Government in Gujarat could

have done. But we do not believe that it is right for a political party, particularly for a political party like the National Conference that has been in the wrong side of article 356 of the Constitution on so many occasions, to call for the dismissal or the resignation of the Chief Minister of Gujarat. We believe that there are three ways in which he will go. It is either according to his own conscience looking at the situation which will dictate it; or his party will demand his resignation or, finally, we are proud of our democratic credentials that at the end of the day he will face the electorate. Certainly, the electorate will decide whether what he has done in Gujarat is right or not. That is the decision that we cannot make for him.

The National Conference, in all its wisdom, after having looked at the Resolution, having weighed its pros and cons, having looked at the position that we are in today, has decided that it is in the best interest of ourselves and our future to abstain in this vote and that is the decision that we have taken. I will end my brief speech, Mr. Deputy-Speaker, Sir, with a small poem, which is more as a prayer that I have grown up with in my school. It has been written by Rabindranath Tagore. It is a feeling, I believe, that we must all take to our heart because it is a poem, it is a prayer that really will lead to a better India.

He says that:

"Where the mind is without fear and the head is held high;

Where knowledge is free;

Where the world has not been broken up into fragments by narrow

domestic walls;

Where words come out from the depths of truth;

Where tireless striving stretches its arms towards perfection;

Where the clear stream of reason has not lost its ways into the dreary

desert sand of dead habit;

Where the mind is led forward by Thee into ever widening thought and action;

Into that heaven of freedom my Father, let my country awake."

I hope, Mr. Deputy-Speaker, Sir, that after 55 years of Independence, we will awaken to what is expected of us.

With these words, I thank you.

श्री जी.एम.बनातवाला (पोन्नानी) : जनाब डिप्टी स्पीकर साहब, अक्लियत मुखालिफ फसादात और अक्लियतों के गैर महफूज होने पर ईवान में तजवीज पेश हुई है, मैं उस तजवीज की ताइद, हिमायत और सपोर्ट में खड़ा हुआ हूं। यह तजवीज समाजवादी पार्टी के लीडर ने पेश की है। अपोजीशन की मुख्तलिफ तजवीज आई थी, हमारी भी तजवीज थी, लेकिन मुझे जो हैरत है वो इस बात पर है कि इस वक्त जो तजवीज ईवान के सामने है, वह निहायत ही कमजोर, खोखली, बोदी और डिफैक्टिव तजवीज है कि जो सदन के सामने है। इस पर मैं रंज, गम, गुस्से और मायूसी का किस कदर इजहार कर सकता हूं। हैरत है, तजवीज की मैं ताइद कर रहा हूं, लेकिन मुझे तरमीम देनी पड़ी। इसलिए हैरत है कि इस तजवीज में जो इस वक्त ईवान के सामने हैं, न तो गुजरात के साथ इंसाफ किया गया, न तो गुजरात पर कोई शार और मजबूत तरीके से फोकस लिया गया है और न ही इस तजवीज के अंदर इस बात का जो मतालिबा है कि गुजरात की मौजूदा हुकूमत को बर्खास्त कर दिया जाए। इस तजवीज में क्या कहा जा रहा है कि हां, कुछ मुअस्सिर कदम लिये जाएं, कुछ इफैक्टिव स्टैप्स लिये जाएं, कुछ कदम लिये जाएं।

डिप्टी स्पीकर साहब, एक हफ्ते तक लोक सभा मुअत्तल रही, कोई काम नहीं हो सका। क्या मतालिबा था। क्या मतालिबा इतना ही था कि वहां यह हुकूमत उठे और कुछ कदम ले ले। क्या यह मतालिबा था ? आठ दिन तक लोक सभा चल नहीं सकी, मुअत्तल रही और मतालिबा रहा तो यह मतालिबा रहा कि गुजरात की हुकूमत को बर्खास्त करो - इसलिए कि जब तक वह है, तब तक इंसाफ नहीं हो सकेगा, तब तक अमन-शांति नहीं हो सकेगी, तब तक कोई काम नहीं बन पड़ेगा। लेकिन इस तजवीज के अंदर इन जज्बातों का कोई इजहार नहीं है। हां, तकरीरों में कहा गया है, लेकिन तजवीज में सिर्फ इतना कि कदम उठा लो, कुछ कदम उठा लो। अब यह हुकूमत पर छोड़ दिया गया है कि वह क्या कदम उठाये और क्या कदम न उठाये। यह तजवीज, पिछले हफ्ते लोक सभा में जो हालत बनी, उसकी मुखालिफ तजवीज मालूम होती है। इसलिए हमारी भी एक तरमीम वहां पर है, मेरा भी एक अमैन्डमैन्ट वहां है और इस अमैन्डमैन्ट में साफ तौर पर कहा गया है कि दफा 356 दस्तूरे हिंद को आयद की जाए ताकि गुजरात में हुकूमत बर्खास्त हो।

मैं सभी से अपील करूंगा कि गुजरात इंसाफ मांग रहा है, गुजरात अमन चैन और शांति मांग रहा है और इसकी खातिर इस तरमीम की ताईद की जाए, इस अमेन्डमेंट को सपोर्ट किया जाए और खास तौर से अपोजीशन में जो सदस्य बैठे हुए हैं, उनसे अपील करूंगा । हफ्ता भर तक आपकी कुर्सी तक पहुंचकर नारे लगाए गए कि गुजरात की हुकूमत बर्खास्त करो और आज तजवीज पेश की गई कि हां, जो कदम आप मुनासिब समझो वह कदम उठा लो - यह देश के साथ इंसाफ नहीं है। इसमें कोई शक नहीं है कि मुखतलिफ मुकामात पर अकलियत मुखालिफ फसादात हुए। इसके जिम्मेदार जो हैं, जिन्होंने हालात को भड़काया, वो फासिस्ट कम्यूनल एलीमेन्ट्स, हमारे सामने मौजूद हैं। कर्नाटक हो, महाराट्र हो, यूपी हो, राजस्थान हो, कितनी ही रियासतों के नाम मैं लेता चला जाऊं। अगर कर्नाटक की बात मैंने की तो मेरे पास एक लंबी लिस्ट है सारे गांवों की कि पिछले दो-तीन हफ्ते में तमाम गांवों में जो फसादात हुए हैं। मैं इनके नाम कहां कहां तक बताऊं - होदेआलूर, ऊन-होसूर, सोलेभानवी, कोलार, चकबलापुर, बेलगाम सिटी फोर्ट रोड, बीजापुर, कुतूर, जामकडी, ऐसी कितनी जगहें हैं, कहां तक नाम लूं। महाराट्र के लिए कहा गया कि 50 से 60 फसादात हुए। इस साल भी हुए। मालेगांव में मस्जिदें तबाह व बरबाद, इबादतगाहों पर हमले, कितनी जानें हलाक, पावरलूम सेन्टर तबाह और बरबाद, आज भी वहां पर कितनी जगह महाराट्र के अंदर टेन्शन है और इकोनॉमिक बॉयकॉट की भी बात की जाती है। लेकिन जहां मैं यह कह रहा हूँ, गुजरात का फसाद कोई फसाद नहीं था। यह वहां की हुकूमत की सरपरस्ती में कत्ले आम और कार्नेज है। यह गवर्नमेंट की तरफ से और उसकी सरपरस्ती में नस्लकुशी है जिसे जैनोसाइड कहते हैं। लूटमार, आतिशजनी, जिन्दा जला देना, इश्तमाई, असमतजरी, रेप, क्या नहीं वहां पर हुआ, और ये नस्लकुशी, गैस सेलेन्डर, फायर बॉम्ब्स, all kinds of inflammable chemicals का वहां इस्तेमाल हुआ। कैमिकल वारफेयर और जैनोसाइड हमने वहां देखा। फिर इलेक्ट्रिक करंट का प्रयोग हुआ- यहां पर कितने वाकये पेश किये जाएं। अहमदाबाद में मेहसाणा में पाउडर और लिक्विड के पैकेट्स मौजूद थे बड़ी तादाद में हमलावरों के पास और आतिशजनी के वाकये हुए हैं। मेहसाणा, सरदारपुर गांव और कितनी जगहों का कहा जाए। मकानों के आस-पास पानी फेंककर हाई वोल्टेज करंट दौड़ा दिया गया। यह नस्लकुशी नहीं, जैनोसाइड नहीं तो फिर क्या है? अगर मैं अपने ही मुल्क की सबसे बड़ी ऐवान में पहुंचकर यह बात न कहूं तो कहां कहूं? इस बात पर गौर करना होगा। जबर्दस्त माली नुकसान हुआ जिसका कोई अंदाजा नहीं। मैं समझता हूँ कि गुजरात में खास तौर से पिछले चंद बरसों में तिजारत और भी आगे बढ़ गई हैं ।

02.00 hrs.

चाहे वह तिजारत होटल कम्प्यूटर, टेक्सटाइल्स, ट्रांसपोर्ट, आटोमोबाइल, एजेंसीज, बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन में कितने आगे बढ़ गये हों। उनको तबाह और बर्बाद करके रख दिया गया है। इख्तसादी तौर पर कंडेम कर दिया गया है । माइनोरिटीज के विाय में, नैशनल ह्यूमन राइट्स के विाय में मुखतलिफ वफूद यूरोपियन यूनियन तक सब आकर अपनी रिपोर्ट दे चुके हैं। वक्त नहीं है

कि मैं सजेशन्स दे सकूं। इन सबकी रिपोर्ट के अंदर सजेशन मौजूद हैं। पुलिस और एडमिनिस्ट्रेशन जिस तरह से जानिबदार रहा और पार्शल रहा, उसकी दास्तान इस हाउस में मैं पहले भी पेश कर चुका हूं। अदालती इंक्वायरी हो रही है लेकिन इंसाफ की कोई उम्मीद नजर नहीं आती। एक फार्मर पुलिस चीफ मिस्टर रिबेरो क्या कहते हैं ? ... (व्यवधान)

मैं खत्म कर रहा हूं। उनसे पूछा गया कि इस अदालती इंक्वायरी से क्या इंसाफ हो सकेगा? यह एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ पुलिस जो फर्जेशिनासी नहीं थी । क्या उनको सजा हो सकेगी ? He replied: "Not unless the Government goes, and another - which does not have sympathy for rioters – takes their place.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please conclude, Shri Banatwalla.

श्री जी.एम.बनातवाला :यह हालत है। कितनी ही चीजें हैं जो कहने के लिए रह गयी हैं। आप मुझे बैठ जाने के लिए कहते हैं। अभी मुझे गोधरा के बारे में कहना है। अगर उसके ऊपर नहीं कहूंगा तो मुझसे कहा जायेगा कि तुमने उसे कंडम नहीं किया। हम पहले भी कंडेम कर चुके हैं। आज भी कंडेम कर रहे हैं। लेकिन गुजरात गोधरा का रद्देअमल और रिएक्शन होता तो मुल्क के दूसरे हिस्सों में भी होता लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यह गोधरा सिर्फ बहाने के तौर पर इस्तेमाल किया गया है। हम गोधरा के इंसीडेंट को कंडेम करते हैं। यह एक बहाना बनाया गया है। एक मनसूबाबंदी के साथ तबाह और बर्बाद करने की कोशिश की गई है। यहां पर चीफ मिनिस्टर बैठे हुए हैं। चीफ मिनिस्टर कहता है कि ऐसे जजों की फेहरिस्त तैयार की जाए जो हकूमत के खिलाफ फैसले देते हैं, क्या इंसाफ की तवक्को की जाए । वह कहते हैं कि रिलीफ के कैम्पों में आतंकवादी हैं। अब इन कैम्पों के अंदर जहां बुनियादी इंसानियत सहूलियतें नहीं हैं, उन कैम्पों के अंदर उन्हें परेशान किया जा रहा है। पुलिस कैम्पों के अंदर घुसकर उन लोगों पर गोली चलाती है, फायरिंग करती है। कैम्प के अंदर भी फायरिंग होती है। बाहर दुकानें लूटी जाती हैं। ... (व्यवधान) एफ.आई.आर. उनके खिलाफ कर दी जाती है। ...(व्यवधान) यह मासूम, लुटे-पिटे, मजलूम और बर्बाद हैं। इसके बाद यहां पर भी इन हालात को रखना, ह्यूमन राइट्स कमीशन ने, माइनोरिटीज कमीशन ने कहा कि ऐसे पुलिस अफसरान का तबादला किया गया, जो फर्जेशिनास थे। उनको वापिस लाया जाये । लेकिन गुजरात हुकूमत के कान पर जूँ तक नहीं रेंगती। इम्तहान के सिलसिले में क्या कहा गया ? केवल इतना कहा गया कि कुछ इलाके सेंसटिव इलाके हैं। उन इलाकों के बजाय सेफ इलाके लिये जायें लेकिन वे मानने को तैयार नहीं थे। आज कहा गया कि हम सिक्योरिटी देंगे। बसें गई लेकिन सिक्योरिटी नहीं थी। कितनी जगह बसें गई जो लेट थीं ? बच्चों का कितना वक्त बर्बाद हो गया।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri G.M. Banatwalla, please conclude now. Now, Captain Inder Singh.

श्री जी.एम.बनातवाला : मैं एक बात कह कर खत्म करता हूं। अदालत ने कहा है कि इम्तिहान दुबारा होने चाहिए लेकिन वे सेफ जगह पर हों। अगर हम अमन चाहते हैं, शान्ति चाहते हैं, हम कितने भी सजैशन्स दें, मोदी सरकार उस पर अमल करने वाली नहीं है।... (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri G.M. Banatwallah, please conclude now. This is too much.

श्री जी.एम.बनातवाला : हुकुमत को हटाए बिना वहां किसी किस्म का... (व्यवधान)

लिहाजा मैं ऐवान से इस बात की गुजारिश करता हूं कि मेरे अमैंडमैंट को कबूल किया जाए कि गुजरात की सरकार बरखास्त की जाए। शुक्रिया।

कैप्टन (सेवानिवृत्त) इन्द्र सिंह (रोहतक) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने इस चर्चा में नेशनल लोक दल पार्टी की ओर से मुझे बोलने का समय दिया। हमारी पार्टी उस आधार पर टिकी हुई है जिसको हमारे संविधान में धर्मनिर्पेक्षता दी गई है। हमारे नेता ताऊ देवी लाल ने हमें यह शिक्षा दी थी कि जब आप सदन में जाएं तो एक पंचायत के रूप में वहां अपना चरित्र रखें। हमने गांव की पंचायत देखी है, बुजुर्गों की पंचायत भी देखी, जिनके चरित्र में हमने देखा कि वे निपक्ष और निकाम भाव से न्याय करते थे। उसी नेता की शिक्षा के अनुसार हम यह समझते थे कि मैं पहली बार इस सदन में आया। यहां बहुत तजुर्बेकार सदस्य मौजूद हैं। उन्होंने कई सालों तक लगातार इस सदन में तजुर्बा किया है। हम समझते थे कि इस सदन में हम उनसे कोई बढ़िया बात सीखेंगे। लेकिन नहीं, हम ऐसा नहीं देख पा रहे हैं। हम जब अपनी पार्टी की तरफ देखते हैं, अपने प्रदेश की तरफ देखते हैं तो यह देख कर चलते हैं कि हमारी पार्टी हमारे नेता की नीतियों को शत-प्रतिशत लागू करते हुए, धर्मनिर्पेक्षता में पूर्णरूप से विश्वास रखते हुए प्रदेश का संचालन कर रही है और इस प्रकार कर रही है जिसमें प्रदेश में 36 कौम एक साथ चल कर अपने विकास में अग्रसर हैं।

आज एक सदस्य ने हमारी धर्मनिर्पेक्षता पर एक टिप्पणी की। जब से हरियाणा का वजूद हुआ है, हरियाणा के अंदर कोई धार्मिक उन्माद नहीं है, कोई जातिवाद नहीं है, क्षेत्रीयवाद नहीं है, अगर कोई बात है तो केवल यह है कि हम विकास की ओर चल रहे हैं। उन्होंने यहां तक भी बताया कि जो नेशनल डैमोक्रेटिक ऐलायंस के घटक हैं।

उनकी चुनावों में क्या हालत हुई है, यह शायद माननीय सदस्य को पता नहीं है। यमुना नगर के चुनाव में यह कहने वालों की जगह तीसरे नम्बर की थी। इसलिए हमें सोचकर बोलना चाहिए।

यहां हम ऐसे ही नहीं आए हैं। हम 100 करोड़ से ज्यादा जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसलिए हम हिन्दू और मुसलमान के बीच फूट डालकर वोट की राजनीति न करें। हम यहां इसलिए आए हैं कि हम देश से भूख हटा सकें, विकास के काम कर सकें, लोगों को सही दिशा में ले जाए सकें न कि यहां वोट की राजनीति करें। गुजरात की चर्चा जब सुबह शुरू हुई, उससे पहले 11 मार्च को भी इस पर चर्चा हुई थी। फिर 27 और 28 फरवरी को गोधरा और गुजरात के अंदर जो कुछ हुआ, हमारे नेता चौधरी ओम प्रकाश चौटाला जी ने उसकी घोर निंदा की। वाकई में वह निंदनीय बात भी हुई थी। मैं यहां पर यह कहना चाहता हूं कि जो कुछ वहां हुआ, उसको यहां वोट की राजनीति, पार्टी पोलिटिक्स से ऊपर उठकर सोचना चाहिए। हम उस समस्या का निदान नहीं कर सके तो इसके परिणाम अच्छे नहीं होंगे। वहां निंदनीय घटना हुई। लेकिन इसको तूल क्यों दिया गया। इस सदन में बहस से उस आग के अंदर घी डालने का काम किया गया। प्रैस और मीडिया की तरफ से जो कुछ दिखाया गया, उसने भी कोई अच्छा काम वहां नहीं किया। हम लोग आग लगाने के लिए यहां नहीं बैठे हैं। हम देश के अंदर एकता पैदा करने के लिए यहां आए हैं। क्या हम यह नहीं समझते, क्या हम इस बात को भूल गए कि हमारी सशस्त्र सेनाएं किस हाल में बोर्डर पर अपना जीवन व्यतीत कर रही हैं। हमारे ऊपर चारों तरफ से खतरा मंडरा रहा है। हम उन ताकतों का शिकार होना चाहते हैं, जो हमारे अंदर फूट डालकर हमारी दुर्गति करना चाहती हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं सशस्त्र सेनाओं की बात करता हूं तो मेरे मित्रों को यह बात अच्छी नहीं लगती। जब जार्ज साहब के मुंह से सशस्त्र सेना की बात निकली तो एक तरफ से आवाज आई कि वे वहां क्यों बैठी हैं। उनको मालूम नहीं कि हमारे लाल अपनी छाती सामने रखकर वहां खड़े हैं और अपनी जान देकर हमारी सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं। शायद उनको यह पता नहीं जिनके बेटे-पोते नहीं मरते। हमारे हरियाणा में हम रोजाना ऐसे दाह-संस्कार अटेंड करते हैं। आप इस बात को फिरकापरस्ती की तरफ ले जाना चाहते हैं, केवल इसलिए कि आगे चुनाव आने वाले हैं और एक कौम के वोट बटोर कर कुर्सी पर आ सकें। आप कफन का प्रचार करते हैं, यह भी सही नहीं है। आपने कारगिल युद्ध के समय जो प्रचार किया, वह भी नहीं किया जाना चाहिए था। आप हमारी सेनाओं का मनोबल गिराना चाहते हैं, मैं यह स्पट कहना चाहता हूं।

बात वही कहिए जिससे हमारे अंदर सौहाद्र पैदा हो जिससे इस देश के अंदर शांति पैदा हो। मुझे बहुत कम समय दिया गया है। मैं अपनी बात कुछ पंक्तियों के साथ समाप्त करता हूं :

" जल गया घर मेरा, कैसे बताऊं तुमको,

मेरे अपने ही थे घर को जलाने वाले।

आग को न होती अपने पराये की पहचान,

यह बात भूल गये आग लगाने वाले,। "

अगर हम वोट की राजनीति से ऊपर उठेंगे और मैं पार्टी के पक्ष की बात कहूंगा। अगर इस बात को आप अपने मन में डाल लें क्योंकि आप मेरे से तो बुजुर्ग बहुत हैं। मैं अपनी पार्टी की ओर से इस प्रस्ताव का विरोध करता हूं क्योंकि यह प्रस्ताव राजनीति से प्रेरित है। इसके अंदर पूरी वोट की राजनीति है और अगर यह न होता तथा मैं मिसाल अब दूंगा कि प्रियरंजन दास मुंशी जी और सोमनाथ चटर्जी जी, मैं उस बंगाल के हादसे का गवाह हूं, ममता बैनर्जी जी यहां बैठी हुई है, उनकी टांग तोड़ी गई और मुसलमानों के एक गांव को बिल्कुल बर्बाद किया गया। उन लोगों का आज तक पता नहीं है। एक लाख लोग आज भी शिविरों में बैठे हुए हैं, क्या उनकी भर्त्सना करना ये भूल गये थे? इसलिए मुझे इनके प्रस्ताव पर विश्वास नहीं है। इसलिए मैं और मेरी पार्टी इसका विरोध करती है।

श्री जोवाकिम बक्सला (अलीपुरद्वारस) : उपाध्यक्ष महोदय, इस गंभीर विाय पर जो चर्चा हो रही है, उसमें भाग लेने के लिए आपने मुझे मौका दिया, इसके लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। पिछले दो महीने से भी ज्यादा दिन हो गये हैं, गुजरात में जो साम्प्रदायिक घटनाएं हो रही हैं, उन घटनाओं से पूरे देश के लोगों में अस्थिरता पैदा हो गई है। विशोकर गोधरा कांड जो हुआ, गोधरा कांड की निंदा हम लोगों ने पहले भी की है और हमारी पार्टी आरएसपी की ओर से आज गोधरा कांड की निंदा करने के लिए मैं यहां पर खड़ा हुआ हूं।

नियम 184 के तहत बहस करने के लिए जो प्रस्ताव यहां लाया गया है, मैं उसके पक्ष में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। आज गुजरात में जो घटनाएं हो रही हैं, बेगुनाह लोगों को मारा जा रहा है, बच्चों को मां की गोद से छीनकर उनकी हत्याएं की जा रही हैं। दो महीने से भी ज्यादा गुजर गए, लेकिन आज भी स्थिति नियंत्रण में नहीं है। वहां जो प्रदेश की सरकार है और सरकार को नेतृत्व देने वाले जो मुख्य मंत्री हैं, उन्हें मैं इन सब घटनाओं का जिम्मेदार मानता हूं। आज वहां जो घटनाएं और नरसंहार हो रहा है, बेगुनाह लोगों की हत्याएं हो रही हैं,... (व्यवधान) सम्पत्ति की जो लूट हो रही है, उसके लिए वहां के मुख्य मंत्री को मैं दोाी ठहराता हूं। साथ ही साथ केन्द्र में जो सरकार है, भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में जो सरकार केन्द्र में है, उसमें लालकृण आडवाणी जी, गृह मंत्री और प्रधानमंत्री जी ने भी वहां की घटनाओं का सही रूप से आकलन नहीं किया। यही वजह है कि वहां जो घटनाएं हो रही हैं, उन पर केन्द्र का भी कोई नियंत्रण नहीं है।

महोदय, अभी रक्षा मंत्री जी ने टिप्पणी की। उन्होंने कहने की कोशिश की और जस्टीफाई करने की कोशिश की कि इसके पहले भी दंगे एवं अत्याचार हुए हैं, महिलाओं पर बलात्कार हुए हैं, इसलिए अभी जो गुजरात में घटनाएं हो रही हैं, वे स्वाभाविक हैं। जार्ज फर्नान्डीज़ जी, इस तरह की टिप्पणी करके गुजरात के लोगों को आप क्या संदेश देना चाहते हैं, क्या जस्टीफाई करना चाहते हैं कि जो घटनाएं गुजरात में हो रही हैं, नरसंहार, दंगे गुजरात में हो रहे हैं, चूंकि इसके

पहले भी 1984 में इसी तरह की घटनाएं हुईं, इसलिए आज वहां जो घटनाएं हो रही हैं, वे जस्टीफाइड है। हमारे रक्षा मंत्री जी इस देश को क्या संदेश देना चाहते हैं। इस देश में हम लोग जो सम्प्रदायिक सौहार्द बरकरार रखना चाहते हैं, उसे यह नट करने का संदेश भेजना चाहते हैं। रक्षा मंत्री जी देश में आग लगाने की कोशिश करना चाहते हैं। इसलिए मैं चाहता हूं कि यथाशीघ्र कुछ करें, कल का इंतजार नहीं करना चाहिए। समय काफी निकल चुका है, दो महीने से भी ज्यादा समय गुजर चुका है, अब और इंतजार करने का वक्त नहीं है। इसलिए मैं यह गुजारिश करूंगा, मेरी और मेरी पार्टी की ओर से यह मांग है कि वहां के मुख्य मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी को तुरंत बरखास्त किया जाए। इसमें केन्द्र सरकार भी बराबर की दोाी है, इसलिए प्रधानमंत्री जी को भी इस्तीफा दे देना चाहिए, क्योंकि जिस तरह प्रधान मंत्री बयानबाजी कर रहे हैं, ... (व्यवधान) जिस तरह की बयानबाजी प्रधान मंत्री जगह-जगह पर अपने बयानों को परिवर्तित रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश कर रहे हैं, अपने भावों का प्रकटीकरण करने की कोशिश कर रहे हैं। ... (व्य वधान) गुजरात में जो घटनाएं हो रही हैं, वे देश के लिए कलंक हैं। कभी वह कहते हैं कि इस तरह की घटनाएं होने के बाद मैं विदेश किस मुंह से जाऊंगा। ... (व्यवधान) कुछ समय बाद अपने बयान को परिवर्तित करते हुए कहते हैं कि नरेन्द्र मोदी जो कुछ कर रहा है, वहां की स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए भरसक कोशिश कर रहे हैं और उसे शाबाशी देते हैं - इस तरह प्रधान मंत्री जी दो तरह के बयान देना चाहते हैं। ... (व्यवधान) मैं जानना चाहता हूं कि इसके पीछे केन्द्र सरकार की मंशा क्या है? ... (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Joachim Baxla, please resume your seat.

... (*Interruptions*)

श्री जोवाकिम बखला : महोदय, वहां जो घटनाएं हो रही हैं, उन्हें नियंत्रित करने के लिए यह संकल्प आया है। ...(व्यवधान)

केन्द्र सरकार क्या-क्या उपाय करने जा रही है। इन्हीं शब्दों के साथ मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

* श्री रतिलाल कालीदास वर्मा : उपाध्यक्ष महोदय, 184 के अन्तर्गत गुजरात की स्थिति पर आज बहस हो रही है। मुझ से पहले माननीय सदस्यों ने गुजरात की स्थिति पर काफी प्रकाश डाला है लेकिन किसी भी घटना की सही जानकारी के लिए उसके उद्‌गम के कारणों की जानकारी प्राप्त करना अति महत्व का होता है। गोधरा के अंदर 27 फरवरी को साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में जो राम भक्त रामलला के जन्म स्थान के दर्शन कर अपने घर लौट रहे थे और जिनका इंतजार घर वाले बड़ी बेसब्री से कर रहे थे, उस वक्त उन्हें क्या मालूम था कि हमारे मां बाप और भाइ घर आने से पहले ही बीच में जिन्दा जला दिये जायेंगे। सुबह 7.30 बजे गोधरा में आतताइयों ने ट्रेन रोक कर

उनके ऊपर पैट्रोल, केरोसिन डालकर जिन्दा जला दिया। उनमें 26 महिलायें, 21 पुरूा और जो आज का बालक कल का भारत है, ऐसे ही 12 बाल भारत को आग में भून दिया गया।

उपाध्यक्ष महोदय, यहां बैठे हुए बहुत से वरिठ सदस्यों ने, हमारी प्रतिपक्ष नेत्री महोदय ने भी उस जले हुए डिब्बे में मरने वालों की भस्म देखी है। उस डिब्बे में ध्यान से सुनने का प्रयत्न अगर किसी माननीय सदस्य ने किया हो तो वहां मासूम बच्चों की चित्कारें सुनायी देती, बच्चों को बचाने के लिए तड़पती मां दिखायी देती, और परिवार का पालन करने वाले पिता दिखायी देता और जिन्होंने जलाने का जघन्य अपराध किया है, उनकी मारो काटो, जलाओ की गूंज सुनाई देती, लेकिन अफसोस है कि उस डिब्बे को केवल घटना की निशानी के रूप में ही देखा गया। इन जली हुयी लाशों को देखकर पत्थर भी पिघल जाये, कितना ही बेरहम इंसान हो तो उसके भी दिल में रहम आ जाये लेकिन इन गोधरा के आतताईयों ने यह कदम उठाते हुए जरा भी नहीं सोचा। एक दूसरे से जुड़े हुए शव दिखायी दिये तब जनता का आक्रोश जाग उठा और जगह जगह पर हिन्दु समुदाय के द्वारा प्रतिक्रिया हुयी।

सभापति महोदय, अगर यह 27 फरवरी की घटना न होती तो कुछ भी नहीं होता और इसके साथ साथ 27 की घटना की यदि उसी दिन उसके प्रति सर्वपक्षीय और सभी लोगों के द्वारा निन्दा की जाती तो यह आक्रोश कुछ कम हो सकता था। लेकिन जब 28 की घटना घटी जब साम्प्रदायिकता की आग में सब जलने लगा, हाहाकार मच गया तब निन्दा और विरोध प्रदर्शन किया गया। क्या 27 फरवरी के दिन मरने वाले इंसान नहीं थे, क्या वे किसी का परिवार नहीं था, क्यों उस दिन खामोश रहे ? इस बात पर आज सारे

*Laid on the Table.

देश में प्रश्नचिन्ह लगा है। मेरा तो यह कहना है कि 27 तारीख को जो घटा वह भी जघन्य अपराध है और जो 28 तारीख को घटना घटी वह भी उतनी ही खराब है। लेकिन आज इसकी चर्चार् के लिए खासकर कांग्रेस ओर विपक्ष ने 7-7 दिन सदन चलने नहीं दिया अगर चर्चार् का उद्देश्य राजनीतिक लाभ उठाने का नहीं होता तो किसी भी नियम के तहत यह चर्चार् हो सकती थी लेकिन 184 के तहत ही चर्चार् हो , उसके लिए धरना देकर बैठ गये। लेकिन कांग्रेस यह भूल जाती है कि इस घटना का सूत्रधार कांग्रेस का ही पदाधिकारी था, कांग्रेस के ही एक प्रकोठ के सदस्य थे, जिनका नाम है, पंचमहल जिले के हाजीबिलाल, मोहम्मद कलूटा, सलीम शेख, अब्दुल मजीद दांतिया तथा अब्दुल रज्जाक और उसके साथी ही हैं। कांग्रेस के लोगों ने शांतिप्रिय गुजरात, धर्मप्रेमी गुजरात और सद्भाव का प्रचार करने वाले गुजरात, अपने राट्रपिता महात्मा गांधी

के गुजरात को आग की ज्वाला में झोंक दिया। पूरे गुजरात के बारे में बार बार चर्चार् करवा कर पूरे देश में ही नहीं सारे विश्व में बदनाम करने का दुस्साहस किया है।

माननीय सभापति जी, आज गुजरात के अंदर, जहां दंगे हो रहे हैं, उनमें अहमदाबाद और बड़ौदा शहर हैं। लेकिन अहमदाबाद में भी सिर्फ 6-7 वार्डो में ही ये दंगे आज भी जारी हैं, जिनमें दानीलीमड़ा, बहरामपुरा, जमालपुर, रायखड़, गोमतीपुर, राजपुर, शाहपुर, जुहापुरा इत्यादि हैं। आपको सुनकर ताज्जुब होगा कि जिन वार्डों की मैंने गिनती करवायी है,उनमें मुस्लिम समुर्दाय के साथ साथ दलित समुर्दाय के लोग भी रहते हैं। 28 की घटना के बाद 72 घंटों में दंगाइयों पर पूरा नियंत्रण कर लिया गया था लेकिन ये दंगे धार्मिक कट्टरवादी अनिठ तत्वों द्वारा बार बार इन दलित बस्तियों पर हमला आज तक होता आ रहा है। इन हमलों में कहीं इनके घर जलाये गये, इनके घरों को लूटा गया और इनकी हत्यायें हुयी हैं। मेरी जानकारी के मुताबिक अब तक 40 दलितों की हत्या हो चुकी है। मरने वालों में कुछ को जिन्दा जलाया गया, कुछ प्राइवेट फायरिंग में मारे गये कुछ पैट्रोल बम से मारे गये और तलवार जैसे घातक हथियारों को इस्तेमाल किया गया। इसमें अपने ही लोक सभा के माननीय कांग्रेस के सदस्य श्री प्रवीण राट्रपाल के निजी संबंधी एवं पूर्व सांसद महेश कनोडिया जहां रहते थे, वे अपने ही मोहल्ले के दरवाजे से 200 गज की दूरी पर स्कूटर से उतार कर बाप और बेटे पर कातिलाना हमला किया गया, जिसमें 19 र्वाीय नीतिश परमार ने अपनी जान गंवा दी। इन्होंने कोइ गुनाह नहीं किया था। बाप बेटे को विश्वास था कि हम हिन्दू मुस्लिम साथ साथ ही रहते हैं, बचपन में साथ साथ खेले हैं, हम एक दूसरे से परिचित हैं इसलिए वे बाहर निकले लेकिन दंगाईयों ने इनकी जान नहीं बख्शी। ऐसी ही एक दूसरी घटना है, जिसे सुनकर आपका दिल दहल जायेगा। राजपुर-गोमतीपुर के छोटे वणकरवास में रहने वाले सेल टैक्स कर्मचारी श्री देवानंद सोलंकी होली मनाने के लिए अपने घर आये थे। दोनों बस्तियों के बीच में 10 फुट का अंतर है, उन्हें खींच कर ले गये। उसको जान से मार दिया गया। सिर्फ मारा ही नहीं गया बल्कि उसके शरीर के 26 टुकड़े कर दिये गये और टुकड़े भी न पहचाने जायें, इसके लिए उन पर एसिड डाल दियाग या। आठ दिन तक तो मालूम ही नहीं पड़ा कि वे हैं कहां, लेकिन मरने वालों के परिवारों ने जिद ही पकड़ ली कि हमें जिन्दा या मुर्दा हमारे भाइ चाहियें। तब जाकर 8 दिनों के बाद हत्यारे पकड़े गये और वे शवों के टुकड़े, जो कहीं गाड़ दिये गये थे, उसको दंगाइयों ने बाहर निकाल कर दिखाया।

आज इस क्षेत्र की सकराघांची की चाल, सलियावाली चाल, प्रतापनगर, अशोक नगर, छोटा वणकरवास, बड़ा वणकरवास, नरसिंह भगत की चाल आदि पीड़ित क्षेत्रों की मुलाकात यदि दिल्ली से आनेव ले प्रतिनिधिमंडल ने ली होती तो वास्तविकता सामने आ जाती। इस क्षेत्र से ही कांग्रेस के विधायक श्री शैलेस परमार और अहमदाबाद के उप महापौर खेमचंद सोलंकी, दोनों ही कांग्रेस के प्रतिनिधि हैं, जब वे दलित बस्ती में गये तो उन्हें दलित समाज के आक्रोश का सामना करना पड़ा, उन्हें वहां से अपना मुंह छिपा कर भागना पड़ा। आज कांग्रेस के किसी भी समाज के प्र ातिनिधि वहां नहीं जा सकते। दानी लीमड़ा, बहरामपुर और जमालपुर क्षेत्र के पार्ाद, जो कि कांग्रेस

की टिकट से चुने गये हैं, वे भी दलित समाज की बस्ती में घुस नहीं सकते क्योंकि दलित समाज ने यह महसूस किया है कि इनकी शह एवं छत्रछाया में ही ये दंगे हो रहे हैं तथा निर्दो दलित अपनी जान गंवा रहे हैं।

माननीय सभापति महोदय, ये मरने वाले दलित भाइ वाों से इन बस्तियों में रहते थे। यह पहला दंगा नहीं है। इससे पहले भी गुजरात में दंगे होते रहे हैं, 1969, 1970, 1985, 1990, 1992 एवं 2002 में। जब जब हिन्दु मुस्लिम दंगे हुए हैं, दलित लोग अपने घर छोड़कर, अपना मोहल्ला छोड़कर और कहीं जाकर बसने लगे। आज जमालपुर में ऐसे अनेक मोहल्ले हैं, जहां के दलित लोग अपना घर छोड़कर बहरामपुर और दानिलीमड़ा में बसने आ गये तथा स्वर्ण समाज के लोग नदी के उस पार चले गये।

दानीलीमड़ा, जमालपुर, वैजलपुर, राजपुर गोमतीपुर और बहरामपुरा में रहने वाले भयभीत दलित रात रात भर सो ही नहीं पाते हैं। यहां भी उन्हें मुसीबतें झेलनी पड़ रही हैं। पूरी पूरी रात उन्हें दहशत रहती है और अनायास चारों ओर से हमला शुरू हो जाता है। उनके घर जला दिये जाते हैं, उन्हें लूटा जाता है, इसलिए कि दानीलीमड़ा का दलित समाज अपना घर बेचकर जाने लगें और उनके घर सस्ते दामों पर बिकने लगे। लेकिन अल्पसंख्यक समुर्दाय के लोग यह घर खरीद न सकें इसके लिए स्थानीय दलित प्रतिनिधियों ने कलैक्टर के द्वारा आदेश जारी किया कि हिन्दू के मकान की खरीद फरोख्त या रजिस्ट्री नहीं होगी। लेकिन दलित समाज इतना डर गया है कि वे घर छोड़ कर भाग रहे हैं और आज इनकी बस्तियां, जो कि दलित समाज की थीं उजड़ गयी हैं। दानीलीमड़ा में स्वर्ण समाज का पूरा गांव था लेकिन पूरा गांव और उनकी सोसायटियां अल्पसंख्यक समाज ने खरीद लिया है और स्वर्ण समाज अन्य जगह पर चला गया है लेकिन यह दलित समाज जाये तो जाये कहां, अब किसी को किसी पर भी भरोसा नहीं है और न तो उसके पास पैसा ही है। आज मिलें बंद होने के कारण इनका जीना मुश्किल हो गया है और उनकी जो मजदूरी है वह मुस्लिम समुर्दाय के छोटे मोटे उद्योगों के साथ जुड़े हुए हैं। आज उनकी रोजी भी छूट गयी है, उनका घर भी छूट गया, उन्हें जीवन जीना दूभर हो गया है। गुजरात सरकार की ओर से राहत शिविर खोले गये हैं लेकिन यह समाज इतना स्वाभिमानी है कि भूखा मर जायेगा लेकिन हाथ नहीं फैलायेगा। राहत शिविर नहीं जायेगा। ये लोग आज अपने रिश्तेदारों के घर में जा कर रह रहे हैं। इसलिए सरकारी आंकड़ों में उनकी गिनती बहुत ही कम है। सरकार की ओर से जो आर्थिक सहायता देनी चाहिये उनमें इन दलित समाज के प्रति भी ध्यान दिया जाये। सामाजिक संस्थायें, विश्व हिन्दू परिाद और संघ के कार्यकर्ताओं द्वारा जीवनोपयोगी वस्तुयें बांटी गयी हैं, तो कुछ राहत मिली है लेकिन फिर भी गरीब परिवार को जीवन काटना मुश्किल हो गया है। वे राहत शिविरों में नहीं होने के कारण कैशडोल नहीं मिलता, राशन नहीं मिलता। होम गार्डो पर गलत उंगलियां उठाकर होम गार्डो की डयूटी रद्द कर दी। 90 प्रतिशत होमगार्ड दलित समाज के हैं, उनकी डयूटी रद्द होने के कारण उन्हें पैसे नहीं मिलते, आज वे भी परेशान हैं। रिलीफ

" कैम्प में नहीं फिर भी मजबूर हैं, मदद पाने से बहुत दूर हैं,

मुंह पर उनके नहीं नूर है, लेकिन जीवन दुख से भरपूर है।"

मान्यवर, दो दिन पहले अहमदाबाद जिले के वैजलपुर क्षेत्र में बलदेवनगर, विभाग 1 और 2, दयालपार्क, रतनदीप सोसायटी, शांतिनाथ, झलक अपार्टमेंट, बालेश्वर भाग 1 और 2, पी एंड टी आये हुए हैं, जहां मेरे संसदीय क्षेत्र के लोग, दलित समाज के लोगों की सोसायटियां आयी हुयी हैं। जुहापुरा में रात से सुबह 4.00 बजे तक पैट्रोल बम, प्राइवेट फायरिंग, राकेट लांचर, विदेशी बमों के द्वारा आतंक मचाया हुआ था। इतने बड़े पैमाने पर लोगों का हमला होता है कि एकबारगी तो मिलिट्री भी स्तब्ध रह जाती है। आपको जानकार ताज्जुब होगा कि मेरे एक परिचित श्री सिन्धुभाइ मकवाना, जो कांग्रेस के जमालपुरा के पूर्व पार्षद हैं। ये दलित समाज की बस्ती में रहते हैं। नौगजापीर का टेकरा, हाजीबिन का टेकरा, चोर गली, रायखड और उनके चारों ओर मुस्लिम समुर्दाय के लोग रहते हैं। हर रात को हमले होते हैं और रक्षा के लिए पुलिस सहायता के लिए मुझे फोन करते हैं और मुझसे जो संभव होता है, मैं उनको सहायता पहुंचाने का प्रयत्न करता हूं।

आज गुजरात में एक वर्ग विशो के कुछ कटटरपंथियों के द्वारा दलित तथा आदिवासी हिन्दु बंधुओं पर जो अत्याचार हुए उससे उनका जीना मुश्किल हो गया है। माननीय महोदय, ज्यादा न कहते हुए अब तो कहना पड़ रहा है कि कोइ लौटा दे मेरे बीते हुए दिन, मेरे प्यारे प्यारे दिन। जन्म के पहले न कोइ हिन्दू होता है न मुसलमान होता है, जन्म के बाद ही उस पर मुहर लगा दी जाती है। " हिन्दु-मुसलमान की बातें बहुत हो गयी अब तो कहना पड़ेगा कि तू हिन्दू बनेगा न मुसलमान बनेगा, इंसान की औलाद है इंसान बनेगा। " और भगवान से कहता हूं कि हे मालिक तेरे बंदे हम, नेकी पर चले और बदी से टले ताकि हंसते हुए निकले दम। ऐसी हमें शक्ति दे। मैं कांग्रेस और ि वपक्ष से प्रार्थना करता हूं कि - साथी हाथ बढ़ाना, एक अकेला थक जाये तो मिलकर बोझ उठाना। लेकिन आज बोझ बढ़ाने का प्रयत्न किया जा रहा है। अतः शांति स्थापित करने के लिए हम इनका सहयोग चाहते हैं। अगर भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगियों के साथ पूरा ि वपक्ष इमानदारी से अगर हाथ बढ़ाते हैं तो मेरे देश की धरती सोना उगले उगले हीरा-मोती।

आज चारों ओर खून खराबा देखने को मिलता है। उसको रोकने के लिए - संभल कर रहना अपने घर में छुपे हुए गद्दारों से। आखिर में आज जो लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं उनसे भी प्रार्थना करना चाहता हूं कि - आ अब लौट चलें, तुझ को पुकारे गांव तेरा। अब गुजरात राज्य के तथा समग्र भारत के समय की मांग है कि छोड़ो कल की बातें, कल की बात पुरानी, नये दौर से लिखेंगे मिलकर नयी कहानी, हम हिन्दुस्तानी। और यह कहानी होगी, सहृदयता की, एकता की, अस्मिता की, प्राचीन विरासत की और अखण्ड तथा सुदृढ़ भारत के निर्माण की।

दंगों से प्रभावित क्षेत्र निम्नलिखित हैं

राजपुरा गोमतीपुर क्षेत्र

1. छोटा वणकरवास
2. बड़ा वणकरवास
3. हीरालाल की चाल
4. खाडावाली चाल
5. काशीभाइ की चाल
6. सात चाल
7. मगन कुम्हार की चाल
8. सात चाल के पिछले हिस्से का डेहला
9. शकरा घांची की चाल
10. प्रतापनगर
11. मनहरनगर
12. सिल्वर मिल की चाल
13. तुलसी पाक
14. झूलता मिनारा की चाल
15. मगन कुम्हार की चाल
16. नटवर वकील की चाल
17. वीरा भगत की चाल
18. पापटियावड़के पिछले हिस्से की चाल
19. रक्ख्याल क्षेत्र में राजीव नगर
20. अमीधारा सोसायटी
21. मेघधारा सोसायटी
22. रक्ख्याल का वाल्मीकि वास
23. रक्ख्याल चार रस्ता पर की 40 ओरड़ियों (कमरे)

वैजलपुर

1. बलदेव नगर विभाग 1 एवं 2
2. बालेश्वर विभाग 1 एवं 2
3. रतनदीप सोसायटी
4. संत संगम सोसायटी
5. कृण रा हाऊस
6. भागयोदय सोसायटी
7. दयालपार्क

8. शमा सोसायटी
9. सिद्धि सोसायटी
10. शांतिनाथ सोसायटी
11. बृज सोसायटी
12. बैजलपुर का वणकरवास
13. मकरबा रोड पर बने दलितों के छपरे
पाकिस्तान द्वारा आरंभ किया हुआ प्राक्सी वार। उस युद्ध में हम जब धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे थे, और उनके विरुद्ध एक प्रकार से विश्व का जनमत हमने खड़ा कर दिया, एक बार तो उन्होंने कारगिल का युद्ध भी कर लिया। हमारी इन सेनाओं के कारण, जिनके सम्मान को लेकर, जिनके मौराल को लेकर अभी अभी हमारे बीच में विवाद हो गया, उन सेनाओं के कारण हम उस पर शानदार विजय प्राप्त कर पाए, लेकिन प्राक्सी वार में भी, क्रास बार्डर टैररिज्म के मामले में भी, एक ओर तो हम लगातार तीन साल से विदेश मंत्री, रक्षा मंत्री, प्रधान मंत्री, विश्व भर के जनमत को सचेत करते आए हैं कि यह दूसरे प्रकार का युद्ध है, आपको हमेशा चिन्ता रहती है कि कहीं न्यूक्लियर वार न हो जाए लेकिन उससे भी भयंकर यह वार है जिसमें एनिमी दिखेगा नहीं। प्रधान मंत्री ने तो अमेरिकन कांग्रेस में भी जाकर उनको सचेत किया, चेतावनी दी कि ऐसा मत समझिये कि आपकी जो दूरी है बाकी विश्व से वह आपके लिए हमेशा सुरक्षा की गारंटी बनी रहेगी और किसी दिन आपको भी यह भुगतना पड़ सकता है जो हम भुगत रहे हैं। 11 सितम्बर को जब वहां कांड हो गया, न्यूयार्क में और वाशिंगटन में उन्होंने उसको भुगता तो उसके बाद एक जबर्दस्त परिवर्तन आया विश्व जनमत में जिसके कारण हमारा शत्रु जिसने प्राक्सी वार छेड़ रखा था, वह एक प्रकार से कौर्नर हो गया था।

मैं मानता हूँ कि इन दिनों में जो कुछ हुआ गोधरा और गुजरात में, उसके कारण सबसे अधिक किसी को आनन्द प्राप्त हो रहा है तो उन्हीं को हो रहा है, और लगता है कि जैसे श्री उमर ने कहा कि हाई ग्राउंड था भारत का डैमोक्रेसी के मामले में, मौराल के मामले में, कम्युनल हार्मनी के मामले में, हमारा कम्यूनल हार्मोनी के मामले में भी इतना बढ़िया रेकार्ड है, वह सब चौपट करने का मौका मिल गया। मैं विश्लोण करता हूँ, गुजरात की रिपोर्ट पूरी लेता हूँ तो साफ दिखाई देता है कि गोधरा की घटना बहुत निन्दनीय है। उसके बाद जो घटनाएं हुईं जिनमें से चार का उल्लेख बार-बार हुआ है, वह चाहे नरोदा पाटिया की हो, चाहे बैस्ट बेकरी बड़ौदा की हो, चाहे मेहसाणा में सरदारपुरा की हो, गुमानपुरा की हो, गुलबर्गा सोसाइटी की हो, ये सभी के सभी कांड सर्वथा निन्दनीय हैं। यह बात सही है जो प्रधान मंत्री ने कहा कि अगर गोधरा कांड न होता तो संभव है यह कुछ नहीं होता। लेकिन कुछ लोगों का यह कहना कि वह तो होना ही था, इस प्र ाकार की बात कहकर हम किसी का भला नहीं करते, हम शायद अपने शत्रुओं के हाथ में कोई हथियार देते हैं। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि गोधरा की घटना के कारण वह जस्टिफाइ हो गया। Godhra may explain what happened after that, but Godhra cannot

justify either Naroda or Mesana or any other killing. मैं तो यह कहूंगा कि जिस देश में रुल ऑफ ला है वहां पर Even revenge against a wrongdoer can have no justification, can have no place in the rule of law but revenge against an innocent person…. वह इनोसेन्ट हिन्दू हो या मुसलमान हो, रिवेन्ज के लिए किसी सभ्य समाज में स्थान नहीं हो सकता। There can be no place in a civilised society. It can only be deemed as barbaric. और ये बार्रबरिक घटनाएं हमें पिछले दिनों में देखनी पड़ी हैं जो बहुत अफसोस और दुख की बात है। चिन्ता की बात है कि इसको कैसे खत्म किया जाए या बंद किया जाए। मैं कोई लंबी बात इसमें नहीं करूंगा, सिवाय इसके कि अगर हमें जरा सा भी आभास होता कि वहां की सरकार ने जान-बूझकर यह करवाया है जैसा लगातार कहा जाता है, तो शायद वाजपेयी जी और यह सरकार निश्चित रूप से उसके खिलाफ काम करते। मैं मानता हूँ कि कहीं-कहीं पर कुछ कमी रह गई होगी, कहीं-कहीं पर एडमिनिस्ट्रेशन की हो, पुलिस की हो, किसी की कमी ज़रूर रही है, लेकिन यह कहना कि Deliberate carnage, State-engineered mayhem, and State-engineered genocide.

क्षमा कीजिए, कम से कम मैं जितनी जानकारी कर सकता हूं, व्यक्तिगत रूप से और क्या जानकारी से इतना बड़ा अंतर हो गया है--Between the Press outside Gujarat and the Gujarati Press, जिसका उल्लेख अभी हरिन पाठक जी के भााण में हुआ, वह अंतर इस कारण है कि बहुत बार हमारे मन में कुछ इमेज बन जाती है। पोलिटिकल होने के कारण स्वाभाविक रूप से हम चाहते हैं कि उसके कारण कुछ पोलिटिकल परिणाम निकलें ताकि जो भयंकर घटनायें वहां हुई हैं, मुझे अच्छी तरह से याद है जब पिछले साल गुजरात में भूकम्प आया था,उस भूकम्प पर हुई सारी बहस के बाद आपरेटिव पार्ट यही था कि श्री केशू भाई पटेल जी इस्तीफा दें। आज मुझे ताज्जूब नहीं होता कि श्री नरेन्द्र मोदी इस्तीफा दें--यह आपरेटिव पार्ट बन जाता है। हमारी सरकार की यह मान्यता है कि श्री नरेन्द्र मोदी के इस्तीफा देने से समस्या का हल नहीं होता। हम समस्या का हल निकालना चाहते हैं और इस समस्या का हल सिक्योरिटी के लैवल पर, कठोर कदम उठाकर, हर अपराधी के खिलाफ, चाहे वह हिन्दू हो या मुसलमान हो, कार्यवाही हो, इसकी व्यवस्था हम करना चाहते हैं। रिहैबिलिटेशन रिलीफ के स्तर पर ठीक प्रकार की व्यवस्था हो जाये, उसमें किसी प्रकार की कमी न रहे और रिलीफ कैम्प में लोगों को ज्यादा दिन न रहना पड़े, इस बात की व्यवस्था करने की दिशा में जो भी आवश्यक कदम उठाने हैं, वे हम उठायेंगे। उसका कुछ दिग्दर्शन माननीय प्रधान मंत्री जी अपने वक्तव्य में करेंगे।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं सबका आभार मानता हूं कि आपने इस बहस में भाग लेकर एक प्रकार से रात्रि को साढ़े तीन बजे तक इस विाय के महत्व को देखते हुए देश के सामने इसका जिक्र किया है।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : उपाध्यक्ष महोदय, मैं फिर यह स्पट कर देना चाहता हूं कि मैं चर्चा का उत्तर देने के लिए खड़ा नहीं हुआ हूं। चर्चा का उत्तर श्री मुलायम सिंह जी को देना है। प्रस्ताव उनका था इसलिए सदन उन्हें सुनने के लिए तैयार रहे। मैं सिर्फ सदन को सूचित कर रहा हूं। जहां तक मेरा सवाल है, रिहैबिलिटेशन के बारे में पैकेज की घोाणा करने के साथ-साथ मुझे दो बातें और कहनी हैं। एक यह कि इस बहस में मेरे ऊपर आरोप लगाया गया और बार-बार यह आरोप दोहराया गया कि मैं अपने वक्तव्य को बदलता रहता हूं। मैं आज कुछ कहता हूं, कल कुछ कहता था और परसों कुछ और कहूगा। मैं इस आरोप का खंडन करना चाहता हूं। मेरा सार्वजनिक जीवन सबके सामने है। मेरे विचारों से मतभेद हो सकता है लेकिन मैं अपने वक्तव्य को क्यों बदलूंगा ? मैंने किस स्वार्थ को सिद्ध करना है? कौन सा राजनीतिक लक्ष्य पूरा करना है ? कहा जाता है कि आपने गुजरात में कुछ कहा है और गोवा में कुछ कहा है--यह बात सच नहीं है। मैंने जो गुजरात में कहा, वही मैंने गोवा में कहा है। ... (व्यवधान) मेरे सारे भााण टेप किये हुए हैं। पूरी तरह से छपे हुए हैं। उनमें हेरफेर की गुंजाइश नहीं है। मैंने जो कहा, वह मैं उद्धृत करना चाहता हूं। मेरे ऊपर आरोप है कि मैंने इस्लाम का विरोध किया। यह भी मेरे ऊपर आरोप है कि मैंने मुसलमानों का विरोध किया। ऐसा लगता है कि मेरी जिंदगी की सारी कमाई यहीं खत्म होने जा रही है। मेरा कोई विरोधी इस तरह का आरोप मेरे ऊपर लगाये, इसे मैं अपने ऊपर लांछन समझता हूं। जीवन में मैंने कभी भी भेदभाव नहीं किया, न धर्म के आधार पर न जन्म के आधार पर और न जाति के आधार पर, लेकिन आज यह राजनीति का चक्र ऐसा है जो मेरी सारी प्रतिठा को पीस रहा है। मुझे दुख होता है। मैंने जो कुछ कहा ... (व्यवधान) इस्लाम के बारे में मैंने जो कुछ कहा, वह इस प्रकार है।

इस्लाम के दो रूप हैं - एक इस्लाम ऐसा है जो सबको सहन करता है, जो सच्चाई के रास्ते पर चलने की सीख देता है, जो संवेदना और दया सिखाता है। लेकिन आजकल जिस इस्लाम को लेकर मिलिटैंसी अपनाई जा रही है, उसमें सहिणुता के लिए कोई स्थान नहीं है। वह जेहाद के नारे पर चलता है और सारी दुनिया को अपने सांचे में ढालने का सपना देखता है।

मैं अपनी यात्रा की बात कर रहा हूं। मैं सिंगापुर और कम्बोडिया गया था। आपको सुन कर ताज्जुब होगा और मुझे भी वहां ताज्जुब हुआ कि सिंगापुर में अल कायदा के कुछ आतंकवादी पकड़े गए। सिंगापुर के शासक कभी सोच भी नहीं सकते थे कि उनके देश में भी अल कायदा सक्रिय होगी, उनके देश में भी अल कायदा ाडयंत्र रचेगी। वहां 15-16 लोग पकड़े गए और गुप्त जांच चल रही है। इस सच्चाई का पता लगाया जाए। यही इंडोनेशिया में हो रहा है और यही मलेशिया में हो रहा है। जहां-जहां ऐसे मुसलमान हैं, वे मिल कर रहना नहीं चाहते, औरों के साथ घुलना-मिलना नहीं चाहते और शान्तिपूर्ण ढंग से अपना प्रचार करने के बजाए, आतंक से, भय से, डरा-धमका कर अपने मत का प्रचार करना चाहते हैं। दुनिया इस खतरे के प्रति जागरूक हो गई है। इसमें क्या आपत्ति की बात है।

मगर इसके साथ-साथ एक आरोप और जुड़ा हुआ है कि मैं इस्लामिक फंडामैंटलिज़्म की आलोचना करता हूं मगर हिन्दू फंडामैंटलिज़्म की आलोचना नहीं करता। यह भी गलत है। अभी थोड़े दिन पहले श्री मल्कानी द्वारा लिखित ' इंडिया फर्स्ट' किताब का मुझे विमोचन करना पड़ा और उस वक्त मैंने भााण दिया है। उस किताब में हिन्दुत्व का गुणगान है, मगर मैंने कहा कि हिन्दुत्व उदार होना चाहिए, उदात्त होना चाहिए। अगर हम हिन्दुत्व की बात करें तो मुझे वि वेकानन्द का हिन्दुत्व पसन्द है लेकिन संकुचित और संकीर्ण हिन्दुत्व पसन्द नहीं है। मेरे कुछ साथियों ने इसको बुरा माना। उनकी राय अलग हो सकती है। लेकिन मैं आलोचना करने से चूका नहीं और जब कभी कसौटी का वक्त आया है, मैंने ऐसा कदम उठाया है जो इस बात को सिद्ध करे कि देश को उदार रास्ते पर जाना है, सामंजस्य के रास्ते पर जाना है, समन्वय के रास्ते पर जाना है। यही भारतीय संस्कृति का संदेश है। लेकिन आज मेरी छवि को बिगाड़ने के लिए ये आरोप लगाए जा रहे हैं कि जैसे एक दिन में एक भााण ने मुझे समाप्त कर दिया। एक आरोप मानो मेरे लिए ऐसा जहर बन गया जिसका कोई अंत नहीं दिखाई देता।

उपाध्यक्ष महोदय, मैंने एक विाय का उल्लेख किया है। दूसरा विाय है आज के भााण में ...(व्य वधान)

एक माननीय सदस्य : कल के भााण में।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : मैं कह रहा हूं आज के भााण में, आप कह रहे हैं कल के भााण में। ि वरोधी दल की नेत्री ने अपने भााण में मेरा उल्लेख किया था। उन्होंने मुझसे अपील की है कि मैं दलबंदी से ऊपर उठूं और देश के व्यापक हितों का विचार करूं। मैं उनके विचारों की कद्र करता हूं। दलबंदी से हम सबको ऊपर उठना है। मैंने गुजरात में जो कुछ देखा है, सुना है और अनुभव किया है, उससे मुझे भविय के बारे में बड़ी आशंका पैदा होती है। अगर हम मिल कर, जो नया जहर पैदा हो रहा है, उन्माद, उसे मैं पागलपन का नाम दूंगा,

मैं नहीं जानता एक-दो कथाएं प्रचलित हो रही हैं, वे कहां तक सच हैं। लेकिन जिस प्रकार की ज्यादतियों के समाचार मिल रहे हैं, नारी के साथ अपमान की घटनाओं की चर्चा हो रही है, उससे कभी-कभी ऐसा लगता है कि क्या समाज का स्वरूप बदल गया है। दंगा एक चीज है। कटुता और कट्टरता भी मैं समझ सकता हूं, मगर मनुय का इतना गिरना कि बलात्कार हो और बलात्कार करने वाले को लज्जा न हो, शर्म से उसका सिर झुक न जाए और समाज उसके लिए कठोर शब्दों का प्रयोग न करे या अपनी भावनाओं को प्रकट न करे, तो यह समझना चाहिए कि एक ऐसा रोग लग गया है, इसको अगर हमने इलाज नहीं किया तो वह हमारी सारी सभ्यता और संस्कृति को खा जाएगा। यह एक नया संकट है।

मुझे मालूम है मराठी के एक पत्र ने अपना सम्पादकीय लिखा। उन्होंने जो लिखा, कोई गलत न समझे इस समय ऐसी बात कहना, मैं नहीं जानता कहां तक ठीक साबित होगी। उसने लिखा कि

मुसलमान भाइयो, आप क्यों शिकायत करते हैं, क्या आपके साथ ज्यादतियां हो रही हैं, यह तरूण भारत का एडिटोरियल है, आप क्यों शिकायत करते हैं, यह तो हिन्दू समाज ने आपका ही जो पाठ पढ़ा है, अब उसको व्यवहार में ला रहे हैं। जो आचरण हो रहे हैं, वे निंदनीय हैं, गर्हणीय हैं। एक ठसक थी हमारी कि हम कुछ काम नहीं करेंगे, जिनकी मर्यादा चली आ रही है, पुराने जमाने से, लेकिन मैं सुनकर धक रह गया कि अच्छे-अच्छे घर के लोगों ने दुकानें लूटीं। कोई सामान की उनको कमी नहीं थी। यह लूट की प्रवृत्ति कैसे पैदा हो रही है, मैंने यहां तक सुना है कि सामान लूट लिया और घर जाकर देखा कि यह अच्छा नहीं है, फिर वापस उसी कार से ले गए, जिससे लेकर आए थे। जो पसंद नहीं था, उसको छोड़ दिया और दूसरा सामान ले आए। ये घटनाएं अगर सच हैं तो सचमुच में दुख पहुंचाने वाली हैं।

महिलाओं के साथ जो बर्ताव हुआ है, महिलाओं का एक प्रतिनिधिमंडल आया था। उसने महिलाओं से बात की। उन्होंने एक शर्त लगाई कि हमारी आपकी बात तब होगी, जब यहां कोई अखबार वाला नहीं होगा, लाउडस्पीकर नहीं होगा, टी.वी. नहीं होगा और कोई पुरूा भी नहीं होगा। महिलाओं का प्रतिनिधिमंडल आया है तो महिलाओं से बात करेगा। महिलाओं से बातें हुईं। जो बातें करके गईं, उनसे मैंने पूछा कि जो कथाएं प्रचलित हो रही हैं, जो किस्से बता जा रहे हैं, उनमें कहां तक सच्चाई है, तो मुझे बताया गया कि उसमें सच्चाई जरूर है, लेकिन थोड़ी है। उसको बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। यह दुर्भाग्य की बात है। वह एक अलग पहलू है। इस सारे गुजरात के कांड में मीडिया की जो भूमिका रही है, उस पर गम्भीरता से विचार करने की जरूरत है। आप कहेंगे कि यहां मैं मीडिया की आलोचना कर रहा हूं। मीडिया को बलि का बकरा बना रहा हूं, लेकिन हत्या का दृश्य बार-बार दिखाना, आग में जली हुई लोगों की लाशों का प्र ादर्शन करना, केवल समाचार के रूप में नहीं, समाचार तो एक बार दिया जा सकता है, लेकिन उसको लगातार दिखाना,

श्री बसुदेव आचार्य : रोज घटना घट रही है।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : रोजाना घटनाएं घट रही हैं, तो उनको रोकना चाहिए। यह हम सबका काम है कि उनको रोकें।

श्री तरित बरण तोपदार : क्या मीडिया रोकेगा ?

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : मीडिया भी इसमें सहायक हो सकता है।

मीडिया को भी अपनी भूमिका निभानी है। मीडिया को हम नियंत्रित नहीं करना चाहते। मीडिया चलाने वाले स्वयं बैठे हैं और वे सोचें कि उनके लिए क्या आचार संहिता होनी चाहिए। पहले ऐसा तय हुआ था कि साम्प्रदायिक दंगों के समय में लोगों के नाम नहीं दिये जाएंगे, यह नहीं बताया जाएगा कि कितने मुसलमान मरे और कितने हिन्दू मरे। आजकल तो यह कोई मर्यादा नहीं है।

क्या इससे साम्प्रदायिकता नहीं फैलती ? इसके लिए भी कोई आचार की पद्धति हो सकती है और इसको सब मिलकर तय करें।

श्री अमर राय प्रधान (कूचबिहार) : अभी तक तो आप लोगों ने नहीं किया। …(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please do not disturb him.

… (*Interruptions*)

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : सोनिया जी ने अभी अपने भााण में मुझसे कहा कि मैं दलबंदी से ऊपर उठूं। मैं उठना चाहता हूं लेकिन मैं अकेला नहीं उठ सकता। इसके लिए सोनिया जी को भी मेरे साथ उठना पड़ेगा। दलबंदी अगर छोड़नी है तो सब छोड़े। अगर राट्र सर्वोपरि है, इंडिया फर्स्ट है तो फिर आइए।… (व्यवधान)

श्री सोमनाथ चटर्जी : आप लोगों ने क्या किया ? …(व्यवधान) यह सब आपने ही शुरू किया। …(व्यवधान)

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : आपने ही शुरू किया है।… (व्यवधान) जब मैंने यह बात कही कि अगर साबरमती एक्सप्रैस मे जले हुए लोगों के बारे में सदन इकट्ठा होकर एक स्वर से प्रबल शब्दों में निंदा करता तो शायद दूसरे दिन की घटनाएं नहीं होती और यह विचार केवल मेरा नहीं था। आज चन्द्रशेखर जी यहां बैठे हुए हैं, इसलिए मैं उनके सामने कह रहा हूं। उन्होंने ही यह बात उस दिन कही थी कि देखिए हम उसे रोकना चाहते हैं। चन्द्रशेखर जी उस दिन संसद की बैठक जो शोर-शराबे के कारण भंग हो गई थी, उसको चाहते थे कि इकट्ठी रहे और साबरमती एक्सप्रैस की दुर्घटना के बारे में कहें लेकिन सैशन नहीं हो सका। सोनिया जी ने कहा कि आपको सैशन करने से किसने रोका था? मैं तो अकेला सैशन नहीं कर सकता था। …(व्यवधान) बजट होने के बाद जब हम दूसरे दिन मिले तो चन्द्रशेखऱ जी चाहते थे कि सब मिलकर इकट्ठे होकर उसकी निंदा करें। आज हम अलग-अलग कह रहे हैं कि हमने निंदा की थी, हमने निंदा की थी लेकिन सदन का एक समवेत स्वर सारे देश को जगाने वाला, इस बारे में, …(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please do not interrupt him.

… (*Interruptions*)

SHRI RUPCHAND PAL : You are the Leader of the House.

… (*Interruptions*)

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : आपने सैशन नहीं होने दिया।... (व्यवधान)

कुंवर अखिलेश सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, गोधरा की घटना पर हमने कार्य-स्थगन प्रस्ताव दिया था। ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : अखिलेश जी, उनको डिस्टर्ब मत करिए।

... (व्यवधान)

श्री प्रियरंजन दासमुंशी : आपके घर में उस दिन सोनिया जी पहुंची। आपने नहीं बुलाया था।

वह खुद आपके घर गई। ...(व्यवधान)

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : कार्य-स्थगन प्रस्ताव तो सत्ता पक्ष और विपक्ष को बांटता है। ...(व्यवधान)

श्री बसुदेव आचार्य : आपने मीटिंग क्यों नहीं बुलाई?... (व्यवधान)

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : हमने मीटिंग नहीं बुलाई। सदन चल रहा था। आपने उसको चलने नहीं दिया।... (व्यवधान) जो बीत गई, वह बात गई। अब हम भविय की ओर देखें।

... (*Interruptions*)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE (BOLPUR): Did he not say that? I am obliged to know.… (*Interruptions*)

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अच्छा चलो, उसे छोड़िए।... (व्यवधान) जो बीत गई, वह बात गई, अब हम भविय की तरफ देखें। ...(व्यवधान)

श्री प्रियरंजन दासमुंशी : महोदय, 28 तारीख को हाउस चला। ...(व्यवधान) प्रधानमंत्री जी क्या कह रहे हैं।...(व्यवधान)

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : उपाध्यक्ष महोदय, अगर मैं गलती पर था तो मैं अपनी गलती मानता हूं। मुझे और अधिक प्रयत्न करना चाहिए था, लेकिन कहीं न कहीं मन में यह भाव था कि गोधरा की घटना परिणाम के रूप में इतना भयंकर आकार नहीं लेगी। कहीं न कहीं यह भाव मन में था और वह गलत था। उसका कितना गहरा असर हुआ है, यह मुझे बाद में पता लगा। पहली बार जब मैं उसके बारे में बोला तो मैंने उन दोनों को एक साथ रखा था। गोधरा के बदले के रूप में

जो कुछ हुआ है, उसका औचित्य सिद्ध नहीं किया जा सकता, दोनों निन्दनीय हैं। आखिर आज सोनिया जी को कहना पडा कि हमने निन्दा की थी, यह कहने की जरूरत क्यों पड़ी?… (व्यवधान) मैं फिर कहता हूं, उस बात को छोड़ दीजिए वह पुरानी बात थी, आगे हम क्या करना चाहते हैं।… (व्यवधान)

SHRI PRAVIN RASHTRAPAL : Let us accept his Motion. … (*Interruptions*)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : Sir, let there be a Substitute Motion. Let a Substitute Motion be drafted. Let the House, in one voice, express a view. Let us have it. … (*Interruptions*)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : You condemn both Godhra and Gujarat violence. … (*Interruptions*)

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : हम दोनों कंडेम करते हैं।

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : You bring it before the House. … (*Interruptions*)

SHRIMATI SONIA GANDHI (AMETHI): Let us have a unanimous Resolution now. Let us have it now. … (*Interruptions*)

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : मैं इसका स्वागत करता हूं लेकिन जो लोग बेघरबार हो गए हैं, उनके लिए मैं पैकेज की घोाणा कर दूं। …(व्यवधान) तब तक आप चर्चा कर लीजिए कि किस तरह का सदन का अभिमत हो।… (व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय, आप मदद करें। हम नहीं चाहते कि सदन इस सवाल पर बंटे। …(व्यवधान) हमारे वोट कम हैं, हम इसलिए यह बात नहीं कह रहे हैं। हम बहुमत में हैं, लेकिन यह अल्पमत और बहुमत का सवाल नहीं है।… (व्यवधान) आज देश का सम्मान दाव पर लगा है, और यह सदन आगे बढ़ कर कदम बढ़ाए तो वातावरण बदल सकता है। आपकी अनुमति से मैं इसे पढ़ता हूं –

> "Rehabilitation of those who lost their homes, belongings and means of livelihood and immediate revival of normal economic activities in all the riot affected areas now remain primary national task. They need to be addressed with utmost expedition,

understanding and sympathy. The spirit of spontaneous support and brotherhood demonstrated by all sections of the society in Gujarat in the aftermath of the devastating earthquake has to be kindled once again. The rehabilitation package has to be comprehensive and cover all strata of society.

I announce an immediate package of assistance of Rs.150 crore to Government of Gujarat to carry out its implementation. … (*Interruptions*) This package of assistance will primarily include reconstruction and repair of damaged houses and shops, both in rural and urban areas, provision of assistance to all the self-employed categories who lost their earning assets, financial support for re-commencing business commercial and industrial activities ..."

It also includes revival of educational, medical and other institutions in the affected areas and special programmes to benefit widows and children.

This package will be fully supplemented by loans and assistance from banks and financial institutions on liberal and concessional terms as were extended following the earthquake of January 26, 2001.

The active involvement of HUDCO and the National Housing Bank for building and reconstruction of houses and shops would be enlisted. Similarly, financial institutions would be asked to catalyse industrial and economic activities. In this endeavour, the National Minorities Finance and Development Corporation would be enabled to play a supportive role.

Convergence of employment and welfare schemes like *Prime Minister's Rozgar Yojana and Sampurna Gramin Rozgar Yojana* , would be promoted, where necessary, be suitably augmenting the provisions under them. It will be ensured that no one affected by the communal riots is left out of this relief and rehabilitation.

This rehabilitation package is in addition to a comprehensive relief package that I had announced when I visited Ahmedabad on April 4, 2002. Since March, relief in one form or another is already in hand. To enhance

the vital need for immediate rehabilitation, the Government will ensure that this package is implemented within four months. For this, the Cabinet Secretariat has been asked to monitor the work of implementation on a weekly basis.

SHRI KAMAL NATH : Will he report to the House? … (*Interruptions*)

SHRI K. YERRANNAIDU : Sir, the hon. Prime Minister has given his reply. We made four demands. Some demands have been covered by the hon. Prime Minister. The foremost one is this. We have demanded the change in leadership to create faith and harmony among the people of Gujarat and to create normalcy and communal harmony in Gujarat. It has not been covered. So, in protest, we decide to walk out from the House.

03.58 hrs.

(At this stage, Shri K. Yerrannaidu and some other

hon. Members left the House.)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : Sir, the supporting party from outside has walked out from the House. What could be the unanimity now? … (*Interruptions*)

श्री मुलायम सिंह यादव : उपाध्यक्ष महोदय, 16 घंटे की लम्बी बहस हो गयी है। हम आपके समक्ष सबसे पहले इस सदन के सभी माननीय नेताओं का और माननीय सदस्यों का आभार व्यक्त करते हैं।

4.00 hrs.

इस महत्वपूर्ण एवं गंभीर बहस में सभी ने महत्वपूर्ण सुझाव दिये हैं और चिन्ता भी व्यक्त की गई है। विपक्ष एवं सत्ता पक्ष के साथियों ने खुलकर अपने सुझाव दिये हैं। मैं विश्वास करता था कि माननीय प्रधानमंत्री जी और गृह मंत्री जी कुछ ज्यादा कहते । गुजरात के दंगाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करने राट्रीय मानवाधिकार आयोग, अल्पसंख्यक आयोग या विभिन्न गैर-सामाजिक संगठन के सदस्य गये। इसके अलावा सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल और हमारे मोर्चे का प्रतिनिधिमंडल भी गया।

सभी ने यह अहसास किया कि इसमें सरकार की खुल्लम-खुला कमजोरी थी। उस सरकार के बारे में कुछ न कहना और केवल तारीफ कर देना और यह कहना कि प्रशासन की गलती हो सकती है, मुख्यमंत्री की गलती नहीं, इससे हम सहमत नहीं हैं। मुख्यमंत्री के बयान ने आग मे घी डालने का काम किया है। इतना भंयकर दंगा हुआ जिसके बारे में गृह मंत्री जी ने सच्चाई से अपना अफसोस ज़ाहिर किया है। प्रधानमंत्री जी ने कुछ बातें सही मानी लेकिन आप लोगों को जो शक और शुबहा हो रहा है कि बलात्कार की घटनायें सच हैं या नहीं? जैसा बताया गया कि कुछ ऐसी घटनायें हुई हैं लेकिन सच और गम्भीर बात यह है कि यदि उन महिलाओं की चोटें देखें तो वे कहती हैं कि उनके लिये क्या बचा है। हमने कल भी बताया था कि महिलायें अपनी चोटें दिखाने के लिये तैयार हैं और हमने देखी हैं। हमारी मानवता को रौंदा गया है। हम सब को शर्म आनी चाहिये। इससे पूरे देश को शर्मिन्दगी उठानी पड़ रही है। अंतर्राट्रीय स्तर पर हमारी छवि खराब गई है जिसे गृहमंत्री जी ने स्वीकार किया है। हम इस सारी बहस में नहीं जाना चाहते लेकिन मैं इतना कहना चाहता हूं कि यह शंका दूर कीजिये कि हम लोग सदन नहीं चलाने देते हैं। हम तो सदन की कार्यवाही चलाना चाहते हैं। हमारी कोई बड़ी मांग नहीं थी। रक्षा मंत्री जी ने कहा कि मोरारजी दोसाई ने अनशन किया तो उस समय गुजरात के मुख्यमंत्री को हटाया गया। क्या हम लोगों द्वारा अनशन किये जाने के बाद ही वहां के मुख्यमंत्री को हटाया जायेगा? यह कोई अच्छी बात नहीं है। हमें परम्पराओं का पालन करना चाहिये तो अच्छी बात होती। जब मोरारजी भाई ने अनशन किया, उस समय हम यहां नहीं थे लेकिन 1975 की पूरी राजनीति के बारे में सब जानते थे कि क्या हुआ । माननीय रक्षा मंत्री जी को उस मर्यादा का पालन करना चाहिये था। इनकी संस्कृति का रास्ता कैसे बदल गया और क्या हो गया।

उपाध्यक्ष महोदय, केरल में जब पहली सरकार बनी थी, केवल 6-7 मजदूरों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। डा. राम मनोहर लोहिया ने फरुर्खाबाद जेल से टेलीग्राम देकर कहा था कि निर्दो और निहत्थे लोगों पर गोली चलाने के वह पक्षधर नहीं हैं। सरकार को वहां इस्तीफा दे देना चाहिये। वहीं से समाजवादी नेताओं में मतभेद शुरू हुआ । राट्रीय सम्मेलन में इस पर कितनी गम्भीर चर्चा हुई कि कुछ ही वोटों से डा. राम मनोहर लोहिया का प्रस्ताव गिरा था। रक्षा मंत्री जी उसी संस्कृति से हैं और उन्हें उस संस्कृति को निभाना चाहिये था। डा. लोहिया की इन बातों से प्रभावित होकर हम फरुर्खाबाद में विद्यार्थी जीवन में जेल गये थे। इतनी गंभीर चर्चा की परम्परा और संस्कृति से निकलकर आये हैं कि आपको एक मिनट में इस्तीफा दे देना चाहिये था, समर्थन भले ही करते रहते लेकिन रक्षा मंत्री बनकर नही रहते।

अगर उनमें जरा भी समाजवादी संस्कृति बची हो तो आपको गुजरात के मुख्यमंत्री से तत्काल इस्तीफा लेना चाहिए था । इसीलिए हमने आपको नेता माना था, इसीलिए हम आपसे जरूर कह सकते हैं, आप नहीं कह सकते थे कि आपको इस्तीफा मांगना चाहिए था।

उपाध्यक्ष महोदय, जहां तक मीडिया का सवाल है, इस पर हमें आपत्ति है। चूंकि यह दोतरफा है, प्र धान मंत्री जी इसे दोनों तरफ की बातें कहनी चाहिए। श्री हरिन पाठक जी ने जो अखबार पढ़कर सुनाये और दिखाये वे स्थानीय अखबारों की बहुत बड़ी चिंता है। हम वहां गये थे तो हरिन पाठक जी, जो माननीय रक्षा राज्य मंत्री हैं, उन्होंने अखबारों से पढ़कर सुनाया और सब लोगों के सामने दिखाया। उन्होंने हमारे पूरे प्रतिनिधिमंडल को दिखाया। सबका कहना था कि स्थानीय अखबारों ने बहुत जबरदस्त तरीके से इन घटनाओं को लिखकर सरकार का सहयोग दिया । इसकी भी बात करनी चाहिए। ऐसा नहीं है कि बाहर के लोगों ने वहां जाकर देखा है। उनकी मानसिकता यह नहीं थी कि कुछ सच या गलत है। उन्होंने वह सही लिखा है कि वहां के लोगों ने पक्षपात किया है, उसकी बात कहनी चाहिए थी। अगर दोनों तरफ की बात करते तो हमें संतोा होता। हमें जो माननीय गृह मंत्री जी आपसे उम्मीद थी, आपको गहरा धक्का लगा है, लेकिन आपके संघ परि वार के नेता क्या कहते हैं, सबसे पहले मैं आपको बताना चाहता हूं कि शायद ये बातें आप मान लेंगे तो जैसा मैंने कई बार कहा है कि दूरियां कम हो जायेंगी। इसीलिए मैं कहना चाहता हूं कि आपने कुछ एहसास किया है। लेकिन आपका स्वयं सेवक संघ क्या चाहता है - उसने पहले उत्तर प्रदेश में सारे प्रशासन के वरिठ अधिकारियों की बैठक बुलाई और मीटिंग बुलाकर उन्हें प्रोत्साहित किया कि आपको शाखाओं मैं जाना चाहिए। उसमें आई.पी.एस. और आई.ए.एस. अफसरों को बुलाया गया था। लेकिन दो जर्बदस्त विरोध हम लोगों ने किया तथा यह बन्द हुआ । वरना उत्तर प्र देश में भी आग लगा दी गई होती। इस पर आपको रोक लगानी पड़ेगी। दूसरी तरफ मुसलमानों को, उन्होंने यह सच कहा कि अल्पसंख्यकों को बहुसंख्यक हिन्दुओं के कृपाकांक्षी होकर रहने की आदत डालनी पड़ेगी और अगर आदत नहीं डालेंगे तो स्वेच्छा से नहीं तो दबाव से, भय से, आतंक से मजबूर कर दिया जायेगा। ... (व्यवधान) यह पूरे हिन्दुस्तान के मीडिया में है।

श्री प्रमोद महाजन : मुलायम सिंह जी, आगे कभी बोल लीजिए, आज छोड़ दीजिए। आज इन सब पर दया कीजिए।

श्री मुलायम सिंह यादव : सबसे अच्छा यही है कि आप हमारे प्रस्ताव को पास कर दीजिए, हम अभी तुरंत बैठ जाते हैं। आप हमारा प्रस्ताव स्वीकार कर लीजिए। आगे के लिए सारा विवाद खत्म हो जायेगा। हम आपसे विनम्र निवेदन कर रहे हैं कि प्रधान मंत्री जी डेढ़ सौ करोड़ रुपये बहुत मामूली रकम है। गुजरात में कम से कम दस हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। इसलिए वहां आपको और ज्यादा से ज्यादा धनराशि देनी चाहिए। आपने लूट के सच को स्वीकार किया है और वहां की दुकानों का भी आपको पता चल गया होगा जब किसी दुकान पर सामान लेने गये, इससे अच्छा प्रमाण आपको क्या मिलेगा, वहां उनका कितना नुकसान हुआ, उस अनुमान के साथ आप पूरा मुआवजा नहीं दे सकते। हम मानते हैं कि सरकार नहीं दे सकती। लेकिन इतना तो दे दीजिए, चूंकि बरसात आने में दो महीने रह गये हैं और बरसात आने के पहले उनके रहने का इंतजाम हो जाए या उनके रोजगार का और खाने-पीने का इंतजाम हो जाए। चूंकि जिस तरीके से इसकी बुनियाद डाली गई है जिससे आगे चलकर आपको सोचना पड़ेगा कि इसका क्या कारण

है। यह सरकार की जिम्मेदारी है और हम उसमें पूरा सहयोग देने के लिए तैयार हैं। अब वहां संयुक्त बस्तियों में हिन्दू और मुसलमान रहने के लिए तैयार नहीं हैं। ये दूरियां आज इतनी बढ़ गई हैं, आजादी के समय इतनी दूरियां नहीं थीं। भले ही हमारे देश से पाकिस्तान अलग हो गया था, लेकिन यहां के रहने वाले हिन्दू और मुसलमानों में इतनी दूरियां नहीं बढ़ी थीं। वे लोग अब संयुक्त बस्तियों में रहने के लिए तैयार नहीं हैं। हम हिन्दुओं के पास गये तो वे बोलते थे कि हम भी मुस्लिम बस्तियों में नहीं रहेंगे।

मुसलमानों के बीच में तो साफ साफ था कि हम नहीं रह सकते। ये दूरियां जो बढ़ी हैं, जो दिल टूटे हैं, उनको जोड़ने का प्रयास गंभीरता से करें और इसके लिए एक ही उपाय था सबसे बड़ा जिससे उनकी भावनाओं को बहुत संतोा हो जाता अगर प्रधान मंत्री यहीं पर मुख्य मंत्री की बर्खास्तगी और राट्रपति शासन लगाने का ऐलान करते। मैं पुनः सबको धन्यवाद देते हुए कहना चाहता हूँ मेरी पूरे सदन से अपील है कि देश की एकता और लोकतंत्र की रक्षा के लिये हमारे प्रस्ताव का समर्थन करें। हमें उम्मीद है कि प्रधान मंत्री जी और गृह मंत्री जी हमारे भााण के बाद वहां के मुख्य मंत्री को बर्खास्त करेंगे और राट्रपति शासन लागू करेंगे। इन्हीं शब्दों के साथ मैं सदन का आभार व्यक्त करते हुए अपनी बात खत्म करता हूँ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: I shall now put the amendment No.2 moved by Shri G.M. Banatwalla to the vote of the House.

The amendment was put and negatived.

MR. DEPUTY-SPEAKER: I shall now put the amendment moved by Shri Rupchand Pal to the vote of the House.

The amendment was put and negatived.

MR. DEPUTY-SPEAKER: I shall now put the amendment moved by Shri Priya Ranjan Dasmunsi to the vote of the House.

The amendment was put and negatived.

MR. DEPUTY-SPEAKER: I shall now put the motion moved by Shri Mulayam Singh Yadav to the vote of the House.

The question is:

> "That this House expresses its grave concern over the failure of the administration in ensuring the security of minority community in various parts of the country, specially in Gujarat, and urges upon the Government to take effective steps to restore confidence of the minority communities and to protect them."

SOME HON. MEMBERS: Sir, we want a division.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Let the Lobbies be cleared--.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, the Secretary-General to say about the automatic vote recording machine.

SECRETARY-GENERAL: Kind attention of the hon. Members is invited to the following points in the operation of the automatic vote recording system:-

1. Before the Division starts every hon. Member should occupy his or her own seat and operate the system from that seat only.
2. As may kindly be seen that the red bulbs at the display boards on either side of the hon. Speaker's Chair are already glowing. This means that the voting system has been activated.
3. For voting please press the following two buttons simultaneously immediately after sounding of the first gong, viz.,

    1. One red button in front of the Hon. Member on the head phone plate and also
    2. In any of the following buttons fixed on the top of the desk of seats: For Ayes – green colour; for Noes – red colour and for Abstain – yellow colour.

1. It is essential to keep both the buttons pressed till the second gong sound is heard and the red bulbs are off.
2. IMPORTANT : The hon. Members may please note that the vote will not be registered if both buttons are not kept pressed simultaneously till the sounding of the second gong.
3. Please do not press the amber button (P) during Division.

4. Hon. Members can actually "see" their vote on the display boards and on their desk unit.
5. In case vote is not registered, they may call for voting through slips.
6. Hon. Members who have not been allotted seat numbers may record votes of their choice through Division slips provided by the Division clerks. They may indicate their names, identity card number, constituency and State on the slips.

MR. DEPUTY-SPEAKER: The lobbies are cleared.

The question is:

> "That this House expresses its grave concern over the failure of the administration in ensuring the security of minority community in various parts of the country, specially in Gujarat, and urges upon the Government to take effective steps to restore confidence of the minority communities and to protect them."

The Lok Sabha divided:

Division No. 2 AYES 04.16 hrs.

Abdullakutty, Shri A.P.

Acharia, Shri Basu Deb

Ahamed, Shri E.

Aiyar, Shri Mani Shankar

Ajaya Kumar, Shri S.

Alva, Shrimati Margaret

*Ambareesha, Shri

Ambedkar, Shri Prakash Yashwant

Amir Alam, Shri

Athawale, Shri Ramdas

Baghel, Prof. S.P. Singh

Banatwalla, Shri G.M.

Bangarappa, Shri S.

Bansal, Shri Pawan Kumar

Barman, Shri Ranen

Basavanagoud, Shri Kolur

*corrected/recorded through slip.

Basavaraj, Shri G.S.

Basu, Shri Anil

Bauri, Shrimati Sandhya

Baxla, Shri Joachim

Begum Noor Bano

Bhadana, Shri Avtar Singh

Bhagora, Shri Tarachand

Bhatia, Shri R.L.

Bhaura, Shri Bhan Singh

Bhuria, Shri Kantilal

Bind, Shri Ram Rati

Botcha, Shri Satyanarayana

Brar, Shri J.S.

Bundela, Shri Sujan Singh

Chakraborty, Shri Ajoy

Chakraborty, Shri Swadesh

Chandra Shekhar, Shri

*corrected/recorded through slip.

Chatterjee, Shri Somnath

Chaturvedi, Shri Satyavrat

Chaudhary, Shri Ram Raghunath

Chennithala, Shri Ramesh

Choudhary, Col. (Retd.) Sona Ram

Choudhary, Shrimati Reena

Chowdhary, Shri Adhir

Chowdhary, Shrimati Santosh

Chowdhury, Shri Bikash

Choudhury, Shrimati Renuka

Das, Shri Nepal Chandra

Dasmunsi, Shri Priya Ranjan

Deepak Kumar, Shri

*Das, Shri Khagan

Dev, Shri Sontosh Mohan

Deve Gowda, Shri H.D.

Dome, Dr. Ram Chandra

*corrected/recorded through slip.

Dudi, Shri Rameshwar

Dullo, Shri Shamsher Singh

Eden, Shri George

Farook, Shri M.O.H.

Gamang, Shrimati Hema

Gamlin, Shri Jarbom

Gandhi, Shrimati Sonia

Gavit, Shri Manikrao Hodlya

George, Shri K. Francis

Ghatowar, Shri Paban Singh

*Gogoi, Shri Dip

Hamid, Shri Abdul

Handique, Shri Bijoy

Hansda, Shri Thomas

Hassan, Shri Moinul

Jaffer Sharief, Shri C.K.

Jaiswal, Shri Jawahar Lal

*corrected/recorded through slip.

Jaiswal, Shri Shriprakash

Jalappa, Shri R.L.

Jigajinagi, Shri Ramesh C.

Jos, Shri A.C.

Kamal Nath, Shri

Karunakaran, Shri K.

Kaur, Shrimati Preneet

Khan, Shri Abul Hasnat

Khan, Shri Sunil

Krishnadas, Shri N.N.

Kurup, Shri Suresh

Kyndiah, Shri P.R.

Lahiri, Shri Samik

Lepcha, Shri S.P.

Mahale, Shri Haribhau Shankar

Mahant, Dr. Charan Das

Mahato, Shri Bir Singh

*Makwana, Shri Savshibhai

*corrected/recorded through slip.

Mandal, Shri Sanat Kumar

Mandlik, Shri Sadashivrao Dadoba

*Mann, Shri Simranjit Singh

Meena, Shri Bherulal

*Mistry, Shri Madhusudan

Mohan, Shri P.

Mollah, Shri Hannan

Muniyappa, Shri K.H.

Muraleedharan, Shri K.

Murmu, Shri Rupchand

Muttemwar, Shri Vilas

Naik, Shri A. Venkatesh

Narah, Shrimati Ranee

Nishad, Capt. Jai Narain Prasad

Ola, Shri Sis Ram

Osmani, Shri A.F. Golam

Owaisi, Shri Sultan Salahuddin

*corrected/recorded through slip.

Pal, Shri Rupchand

Panda, Shri Prabodh

Paswan, Shri Ram Vilas

Paswan, Shri Ramchandra

Patel, Shri Atmaram Bhai

Patel, Shri Dahyabhai Vallabhbhai

*Patel, Shri Dharm Raj Singh

Patel, Shri Dinsha

Patel, Shri Tarachand Shivaji

Patil, Shri Amarsinh Vasantrao

Patil, Shri Bhaskarao

Patil, Shri Prakash V.

Patil, Shri R.S.

Patil, Shri Shivraj V.

Patil, Shri Uttamrao

Pilot, Shrimati Rama

*corrected/recorded through slip.

Pramanik, Prof. R.R.

Premajam, Prof. A.K.

Puglia, Shri Naresh

Radhakrishnan, Shri Varkala

Rajbangshi, Shri Madhab

Rajendran, Shri P.

Rajukhedi, Shri Gajendra Singh

Ramulu, Shri H.G.

Rashtrapal, Shri Pravin

Rau, Shrimati Prabha

Rawat, Shri Ramsagar

Reddy, Shri N. Janardhana

Reddy, Shri S. Jaipal

Reddy, Shri Y.S. Vivekananda

Riyan, Shri Baju Ban

Rizwan Zahir, Shri

Rongpi, Dr. Jayant

Roy, Shri Subodh

Roy Pradhan, Shri Amar

Saiduzzama, Shri

Sanadi, Prof. I.G.

Sangma, Shri Purno A.

Sangtam, Shri K.A.

Sar, Shri Nikhilananda

Saradgi, Shri Iqbal Ahmed

Saroj, Shri Tufani

Saroj, Shrimati Sushila

*Scindia, Shri Jyotiraditya M.

Sen, Shrimati Minati

Seth, Shri Lakshman

*Shahabuddin, Mohd.

Shakya, Shri Raghuraj Singh

Sharma, Capt. Satish

Shervani, Shri Saleem I.

*Shinde, Shri Sushil Kumar

Shukla, Shri Shyamacharan

Singh Deo, Shri K.P.

Singh, Kunwar Akhilesh

*corrected/recorded through slip.

Singh, Sardar Buta

Singh, Shri Balbir

Singh, Shri C.N.

Singh, Shri Chandra Bhushan

Singh, Shri Charanjit

Singh, Shri Khel Sai

Singh, Shri Lakshman

Singh, Shri Rajo

Singh, Shri Ram Prasad

Singh, Shri Rampal

Singh, Shri Th. Chaoba

Singh, Shri Tilakdhari Prasad

Singh, Shrimati Kanti

Singh, Shrimati Rajkumari Ratna

Singh, Shrimati Shyama

Sivakumar, Shri V.S.

Sorake, Shri Vinay Kumar

Subba, Shri M.K.

Sudarsana Natchiappan, Shri E.M.

Sudheeran, Shri V.M.

Suman, Shri Ramji Lal

Sunil Dutt, Shri

Suresh, Shri Kodikunnil

Tiwari, Shri Sunder lal

Topdar, Shri Tarit Baran

Vaghela, Shri Shankersinh

Verma, Shri Beni Prasad

Verma, Shri Rajesh

Verma, Shri Ram Murti Singh

Verma, Shri Ravi Prakash

Vyas, Dr. Girija

Wadiyar, Shri S.D.N.R.

Wangcha, Shri Rajkumar

Yadav, Shri Akhilesh

Yadav, Shri Balram Singh

Yadav, Shri Devendra Singh

Yadav, Shri Mulayam Singh

Zahedi, Shri Mahboob

NOES

A. Narendra, Shri

Acharya, Shri Prasanna

Adhi Sankar, Shri

Aditya Nath, yogi

Adsul, Shri Anandrao Vithoba

Advani, Shri L.K.

Ahmad, Shri Daud

Alvi, Shri Rashid

Ananth Kumar, Shri

Angle, Shri Ramakant

Argal, Shri Ashok

Arya, Dr. (Shrimati) Anita

Atkinson, Shri Denzil B.

Azad, Shri Kirti Jha

Baalu, Shri T.R.

Babban Rajbhar, Shri

'Bachda', Shri Bachi Singh Rawat

Badnore, Shri Vijayandra Pal

Bainda, Shri Ramchander

Bais, Shri Ramesh

Baitha, Shri Mahendra

Baliram, Dr.

Bandyopadhyay, Shri Sudip

Banerjee, Kumari Mamata

Banerjee, Shrimati Jayashree

Barwala, Shri Surendra Singh

Behera, Shri Padmanava

Bhagat, Prof. Dukha

Bhargava, Shri Girdhari Lal

Bishnoi, Shri Jaswant Singh

Biswas, Shri Ananda Mohan

Bose, Shrimati krishna

Chakravarty, Shrimati Bijoya

Chandel, Shri Suresh

Chaubey, Shri Lal Muni

Chaudhary, Shri Haribhai

Chaudhary, Shri Ram Tahal

Chaudhri, Shri Manibhai Ramjibhai

Chauhan, Shri Bal Krishna

Chauhan, Shri Nandkumar Singh

*Chauhan, Shri Shriram

*Chautala, Shri Ajay Singh

Chikhalia, Shrimati Bhavnaben Devrajbhai

Choudhary, Shri Nikhil Kumar

Choudhry, Shri Padam Sen

Chouhan, Shri Nihal Chand

Chouhan, Shri Shivraj Singh

D’Souza, Dr. (Shrimati) Beatrix

Dahal, Shri Bhim

Dattatreya, Shri Bandaru

Delkar, Shri Mohan S.

Devi, Shrimati Kailasho

Dhikale, Shri uttamrao

*Diler, Shri Kishan Lal

Diwathe, Shri Namdeo Harbaji

Durai, Shri M.

*Corrected/Recorded through slip.

Elangovan, Shri P.D.

Fernandes, Shri George

Gadhavi, Shri P.S.

Gandhi, Shri Dilipkumar Mansukhlal

Gandhi, Shrimati Maneka

Gangwar, Shri Santosh Kumar

Gautam, Shrimati Sheela

Gavit, Shri Ramdas Rupala

Gawali, Kumari Bhavana Pundlikrao

Geete, Shri Anant Gangaram

Gehlot, Shri Thawar Chand

Giluwa, Shri Laxman

Goel, Shri Vijay

Gohain, Shri Rajen

Gudhe, Shri Anant

Gupta, Prof. Chaman Lal

Haque, Mohammad Anwarul

Hussain, Shri Syed Shahnawaz

Indora, Dr. Sushil Kumar

Jadhav, Shri Suresh Ramrao

Jag Mohan, Shri

Jagathrakshakan, Dr. S.

Jain, Shri Pusp

Jaiswal, Dr. M.P.

Jaiswal, Shri Shankar Prasad

Jatiya, Dr. Satyanarayan

Javiya, Shri G.J.

Jayaseelan, Dr. A.D.K.

Jha, Shri Raghunath

Joshi, Dr. Murli Manohar

Joshi, Shri Manohar

Kamble, Shri Shivaji Vithalrao

Kannappan, Shri M.

Kanungo, Shri Trilochan

Kashyap, Shri Bali Ram

Kaswan, Shri Ram Singh

Katara, Shri Babubhai K.

Kataria, Shri Rattan Lal

Kathiria, Dr. Vallabhbhai

Katiyar, Shri Vinay

Kaushal, Shri Raghuvir Singh

Khabri, Shri Brijlal

Khaire, Shri Chandrakant

Khan, Shri Mansoor Ali

Khandelwal, Shri Vijay Kumar

Khandoker, Shri Akbor Ali

Khanduri, Maj. Gen. (Retd.) B.C.

Khanna, Shri Vinod

Khunte, Shri P.R.

Khurana, Shri Madan Lal

Kriplani, Shri Shrichand

Krishnamraju, Shri

Krishnan, Dr. C.

Krishnaswamy, Shri A.

Kulaste, Shri Faggan Singh

Kumar, Shri Arun

Kumar, Shri V. Dhananjaya

Kuppusami, Shri C.

Kusmaria, Dr. Ramkrishna

M. Master Mathan, Shri

Mahajan, Shri Y.G.

Mahajan, Shrimati Sumitra

Maharia, Shri Subhash

Mahtab, Shri Bhartruhari

Mahto, Shrimati Abha

Majhi, Shri Parsuram

Malhotra, Dr. Vijay Kumar

Malik, Shri Jagannath

Malikarjunappa, Shri G.

Mandal, Shri Brahma Nand

Mane, Shri Shivaji

Manjay Lal, Shri

Manjhi, Shri Ramjee

Mann, Shri Zora Singh

Maran, Shri Murasoli

Meena, Shrimati Jas Kaur

Meghwal, Shri Kailash

Mehta, Shrimati Jayawanti

Mishra, Shri Ram Nagina

Mishra, Shri Shyam Bihari

Mohale, Shri Punnu Lal

Mohite, Shri Subodh

Mookherjee, Shri Satya Brata

Moorthy, Shri A.K.

Muni Lall, Shri

Murmu, Shri Salkhan

Nagmani, Shri
Naik, Shri Ram

Naik, Shri Shripad Yasso

Nayak, Shri Ananta

Nitish Kumar, Shri

Oram, Shri Jual

Palanimanickam, Shri S.S.

Pandey, Shri Ravindra Kumar

Pandeya, Dr. Laxminarayan

Panja, Dr. Ranjit Kumar

Panja, Shri Ajit Kumar

Paranjpe, Shri Prakash

Parste, Shri Dalpat Singh

Pasi, Shri Suresh

Passi, Shri Raj Narain

Paswan, Dr. Sanjay

Paswan, Shri Sukdeo

Patasani, Dr. Prasanna Kumar

Patel, Dr. Ashok

Patel, Shri Chandresh

Patel, Shri Deepak

Patel, Shri Mansinh

Patel, Shri Prahlad Singh

Pathak, Shri Harin

Patil, Shri Annasaheb M.K.

Patil, Shri Balasaheb Vikhe

Patil (Yatnal), Shri Basangouda R.

Patil, Shri Danve Raosaheb

Patil, Shri Jaysingrao Gaikwad

Patnaik, Shrimati Kumudini

Patwa, Shri Sundar Lal

Pawaiya, Shri Jaibhan Singh

Ponnuswamy, Shri E.

Potai, Shri Sohan

Prabhu, Shri Suresh

Pradhan, Dr. Debendra

Pradhan, Shri Ashok

Prasad, Shri V. Sreenivasa

Radhakrishnan, Shri C.P.

Radhakrishnan, Shri Pon

Rai, Shri Nawal Kishore

Raja, Shri A.

Raje, Shrimati Vasundhara

Ram Sajivan, Shri

Ram, Shri Braj Mohan

Raman, Dr.

Ramachandran, Shri Gingee N.

Ramshakal, Shri

Rana, Shri Kashiram

Rana, Shri Raju

Rao, Shri Ch. Vidyasagar

Rao, Shri S.B.P.B.K. Satyanarayana

Rathwa, Shri Ramsinh

Ravi, Shri Sheesh Ram Singh

Rawat, Prof. Rasa Singh

Rawat, Shri Pradeep

Ray, Shri Bishnu Pada

Reddy, Shri A.P. Jithender

Renu Kumari, Shrimati

Rudy, Shri Rajiv Pratap

Sahu, Shri Anadi

Sahu, Shri Tarachand

Sai, Shri Vishnudeo

Samantray, Shri Prabhat

Sanghani, Shri Dileep

Sangtam, Shri K.A.

Sankeshwar, Shri Vijay

*Sankhwar, Shri Pyare Lal

Sarkar, Dr. Bikram

Sathi, Shri Harpal Singh

Sengupta, Dr. Nitish

*Corrected/Recorded through slip.

Sethi, Shri Arjun

Shah, Shri Manabendra

Shandil, Col. (Retd.) Dr. Dhani Ram

Shanmugam, Shri N.T.

Shanta Kumar, Shri

Shashi Kumar, Shri

Sikdar, Shri Tapan

Singh Deo, Shrimati Sangeeta

Singh, Capt. (Retd.) Inder

Singh, Ch. Tejveer

Singh, Dr. Ram Lakhan

Singh, Kunwar Sarv Raj

Singh, Shri Ajit

Singh, Shri Bahadur

Singh, Shri Brij Bhushan Sharan

Singh, Shri Chandra Pratap

Singh, Shri Chhattrapal

Singh, Shri Digvijay

Singh, Shri Jai Bhadra

Singh, Shri Maheshwar

Singh, Shri Prabhunath

Singh, Shri Radha Mohan

Singh, Shri Ramanand

Singh, Shri Ramjivan

Singh, Shri Rampal

Singh, Shri Vishvendra

Sinha, Shri Manoj

Sinha, Shri Yashwant

Solanki, Shri Bhupendrasinh

Somaiya, Shri Kirit

Srikantappa, Shri D.C.

Swain, Shri Kharabela

Swami, Shri Chinmayanand

Swami, Shri I.D.

Thakkar, Shrimati Jayaben B.

Thakur, Dr. C.P.

Thakur, Shri Chunni Lal Bhai

Thirunavukkarasar, Shri Su

Thomas, Shri P.C.

Tiwari, Shri Lal Bihari

Tomar, Dr. Ramesh Chand

Tripathee, Shri Ram Naresh

Tripathi, Shri Prakash Mani

Tripathy, Shri Braja, Kishore

Tur, Shri Tarlochan Singh

Uma Bharati, Kumari

Vaiko, Shri

Vajpayee, Shri Atal Bihari

Varma, Sh. Ratilal Kalidas

Vasava, Shri Mansukhbhai D.

Veerappa, Shri Ramchandra

Venkataswamy, Dr. N.

Venugopal, Shri D.

Verma, Dr. Sahib singh

Verma, Prof. Rita

Verma, Shri Rajesh

Vetriselvan, Shri V

Vijayan, Shri A.K.S.

Virendra Kumar, Shri

Wanaga, Shri Chintaman

Yadav, Dr. (Shrimati) Sudha

Yadav, Shri Bhal Chandra

Yadav, Shri Dinesh Chandra

Yadav, Shri Hukumdeo Narayan

Yadav, Shri Jagdambi Prasad

*Yadav, Shri Ramakant

Yadav, Shri Sharad

Zawma, Shri Vanlal

*Corrected/Recorded through slip.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Subject to correction, the result of the division is:

Ayes: 182

Noes: 276

The motion was negatived.

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House stands adjourned to meet again on Thursday, the 2nd May, 2002 at 11 a.m.

04.25 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Thursday, May 2, 2002/Vaisakha 12, 1924 (Saka).

*Ayes : Shri Ram Vilas Paswan, Shri Dharam Raj Singh Patel, Shri Simranjit Singh Mann, Mohd Shahabuddin, Shri Sushil Kumar Shinde, Shri Ambareesna, Shri Ram Rati Bind, Shri Khagan Das, Shri Jyotiraditya Madhavrao Scindia, Shri Dip Gogoi and Shri Madhusudan Mistry.

Corrected/recorded through slips.

*Noes : Shri Kishan Lal Diler, Shri Shriram Chauhan, Shri Ajay Singh Chautala, Shri Pyare lal Sankhwar, Shri Ramakant Yadav corrected/recorded through slips.

–

–

–

–

–